वर्ष : 30 | अंक :178
प्रतापगढ़ | बुधवार , 1 मई-2024
पृष्ठ : 8 | मूल्य : 3 रुपये

दैनिक **लोकमित्र** सच्चाई की जंग


प्रतापगढ़,लखनऊ, कौशाम्बी, एवं प्रयागराज से एक साथ प्रकाशित

R.N.I. No. : 71870/94

संस्थापक : श्रद्धेय स्व. रामनिरंजन भगवन | प्रतिदिन की खबरों के लिए देखें www.dailylokmitra.com

# चुनाव से पहले अरविंद केजरीवाल को क्यों किया गया गिरफ्तार

## सुप्रीम कोर्ट ने ईडी से मांगा जवाब



## याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में 3 मई को अगली सुनवाई

**नई दिल्ली,(हि.स.)।** सुप्रीम कोर्ट में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ दायर याचिका पर आज सुनवाई अधूरी रही। जस्टिस संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली बेंच ने 3 मई को अगली सुनवाई करने का आदेश दिया।आज सुनवाई के दौरान केजरीवाल की ओर से पेश वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने उनके मामले को संजय सिंह के जैसा बताया। सिंघवी ने कहा कि दोनों में बिना बयान लिये गिरफ्तारी की गई। सुप्रीम कोर्ट ने ईडी से पूछा कि मामले में इतनी देर बाद केजरीवाल की गिरफ्तारी क्यों जरूरी लगी। कोर्ट ने ईडी से पूछा कि चुनाव से पहले गिरफ्तारी गलत बताने की दलील पर उसका क्या जवाब है। मनीष सिसोदिया मामले में सुप्रीम कोर्ट ने उनके पक्ष और विपक्ष में बातें दर्ज की थीं। उससे तुलना कर बताएं कि केजरीवाल का केस कहां ठहरता है। उल्लेखनीय है कि 29 अप्रैल को सुनवाई के दौरान केजरीवाल की ओर से पेश वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि उनकी गिरफ्तारी कानून का उल्लंघन कर की गई है। उन्होंने कहा था कि 21 मार्च को केजरीवाल को गिरफ्तार किया गया। ईडी के पास धारा 19 के तहत गिरफ्तार करने के लिए क्या वजहें थीं। ईडी जिन दस्तावेजों की बात कर रही है, उनसे केजरीवाल का कोई लेना-देना नहीं है।सिंघवी ने कहा था कि जब ईडी ने ईसीआईआर दाखिल किया, उसके बाद से केजरीवाल की 18 महीनों में कभी गिरफ्तारी नहीं हुई। तब कोर्ट ने कहा था कि क्या आपका नाम सीबीआई के मामले में है। तब सिंघवी ने कहा था कि उसमें इनका नाम नहीं है। उन्होंने कोर्ट को बताया था कि केजरीवाल की गिरफ्तारी से डेढ़ साल पहले मामला शुरू हुआ। उस दौरान तीन चार्जशीट दाखिल हुई। सीबीआई ने भी इस मामले में चार्जशीट दाखिल की, जिसमें केजरीवाल का नाम नहीं है।सीबीआई और ईडी ने दिसंबर 2023 तक 10 दस्तावेज कोर्ट में पेश किये।

उनमें से एक में भी केजरीवाल का नाम नहीं था। सिंघवी ने कहा था कि मामले में राघव मगुंटा, बुची बाबू, बोइनपल्ली, शरत चंद्र रेड्डी के बयान दर्ज हुए लेकिन किसी में भी केजरीवाल के अपराध में शामिल होने की बात नहीं आई। सिंघवी ने कहा था कि ईडी ने केजरीवाल को लंबे समय तक गिरफ्तार न करने के बावजूद आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद गिरफ्तार किया है। जिन बयानों के आधार पर उनकी गिरफ्तारी हुई है, वह साथ आठ महीने पुराने हैं। तब कोर्ट ने पूछा था कि क्या आपके खिलाफ कोई आरोप पत्र दाखिल हुआ है। तब सिंघवी ने कहा था कि नहीं।उन्होंने आगे कहा कि राघव मगुंटा ने चार बयान दिये। सभी बयानों पर भरोसा नहीं किया जा सकता है। जस्टिस संजीव खन्ना ने पूछा था कि ईडी ने केजरीवाल को नोटिस भेजा और वो पेश नहीं हुए। सिंघवी ने अपने जवाब में कहा था कि जब भी सीबीआई ने बुलाया तो वो गए और केजरीवाल ने ईडी के हर नोटिस का विस्तार से जवाब भी दिया लेकिन आज ईडी यह कहकर गिरफ्तार नहीं कर सकती कि आप नहीं आए। इसलिए हमने गिरफ्तार किया। उन्होंने कहा था कि ईडी के सामने ना जाना मेरा अधिकार है। इस पर अलग से मुकदमा चलाया जा रहा है। यह गिरफ्तारी का आधार या कारण नहीं हो सकता है।इस मामले पर केजरीवाल ने अपने जवाब में कहा है कि उनकी गिरफ्तारी सुप्रीम कोर्ट द्वारा दी गई व्यवस्था को नजरअंदाज करके की गई है। उन्होंने कहा कि ईडी सिर्फ जांच में सहयोग ना करने का हवाला देकर गिरफ्तार नहीं कर सकता। इस मामले पर सुप्रीम कोर्ट 29 अप्रैल को सुनवाई करने वाली है। केजरीवाल ने कहा है कि जिन बयानों और सबूतों के आधार पर उनकी गिरफ्तारी हुई है, वो 7 दिसंबर 2022 से लेकर 27 जुलाई 2023 तक के बीच लिये गए हैं। उसके बाद से कोई भी सबूत केजरीवाल के खिलाफ ईडी के पास नहीं हैं। ऐसे में यह समझ से परे है कि उन पुराने तथ्यों के आधार पर 21 मार्च को गिरफ्तारी की क्या जरूरत थी। इसके अलावा 21 मार्च को गिरफ्तारी से पहले इन पुराने सबूतों पर सफाई को लेकर केजरीवाल का कोई बयान भी दर्ज नहीं किया गया।इस मामले में ईडी ने अपने जवाब में कहा है कि केजरीवाल से पूछताछ के लिए उन्हें 9 बार समन जारी किया था परन्तु वो पूछताछ के लिए हाजिर नहीं हुए । ईडी ने कहा है कि केजरीवाल ने जांच से बचने की कोशिश की। हाई कोर्ट से जब अरविंद केजरीवाल गिरफ्तारी से संरक्षण जैसी राहत नहीं ले पाए, उसके बाद ही 21 मार्च को उनकी गिरफ्तारी हुई। ईडी ने कहा है कि केजरीवाल की ये दलील ठीक नहीं है कि चुनाव से पहले उनकी गिरफ्तारी स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव के सिद्धांत के खिलाफ है। कोई भी शख्स चाहे उसका राजनीतिक रसूख कितना भी बड़ा हो, अगर पर्याप्त सबूत के चलते उसकी गिरफ्तारी होती है तो इससे चुनाव प्रक्रिया की स्वतंत्रता या निष्पक्षता प्रभावित नहीं होती। अगर उनकी दलील मान ली जाए तो फिर तो आपराधिक पृष्ठभूमि के सारे राजनेता गिरफ्तार होने से बच जाएंगे।सुप्रीम कोर्ट ने 15 अप्रैल को केजरीवाल की याचिका पर ईडी को नोटिस जारी किया था। केजरीवाल ने दिल्ली हाई कोर्ट के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है।9 अप्रैल को दिल्ली हाई कोर्ट ने अरविंद केजरीवाल की याचिका खारिज कर दी थी। जस्टिस स्वर्णकांता शर्मा की अध्यक्षता वाली बेंच ने याचिका खारिज करने का आदेश दिया था।

# सुप्रीम कोर्ट ने बाबा रामदेव और बालकृष्ण के माफीनामा की भाषा पर संतोष जताया

## वकीलों की तरफ से अखबार का पूरा पन्ना रिकॉर्ड पर न रखने पर नाराजगी जताई



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** सुप्रीम कोर्ट ने दवाओं के भ्रामक विज्ञापन के मामले पर सुनवाई करते हुए बाबा रामदेव और बालकृष्ण की तरफ से प्रकाशित माफीनामा की भाषा पर संतोष जताया है लेकिन उनके वकीलों की तरफ से अखबार का पूरा पन्ना रिकॉर्ड पर न रखने पर नाराजगी जताई। जस्टिस हीमा कोहली की अध्यक्षता वाली बेंच ने अखबार का पूरा पन्ना दाखिल करने का निर्देश दिया। कोर्ट ने बाबा रामदेव और बालकृष्ण को अगली सुनवाई में व्यक्तिगत पेशी से छूट दे दी। मामले की अगली सुनवाई 14 मई को होगी।पतंजलि के वकील मुकुल रोहतगी ने बताया कि इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के अध्यक्ष ने इंटरव्यू देकर पिछली सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट की तरफ से एलोपैथी डॉक्टरों के बारे में की गई टिप्पणी की आलोचना की है। जजों ने इसे रिकॉर्ड पर रखने को कहा। उन्होंने कहा कि वह इस विषय को सख्ती से देखेंगे। सुनवाई के दौरान उत्तराखंड औषधि विभाग के लाइसेंस प्राधिकरण ने सूचित किया कि उसने पतंजलि के 14 प्रोडक्टस के लाइसेंस तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने उत्तराखंड आयुष विभाग के लाइसेंसिंग ऑथोरिटी के हलफनामे पर असंतोष जाहिर करते हुए कहा की इस तरह का ढीला रवैया उचित नहीं है। आपको हलफनामा दाखिल करते वक्त चीजों का ध्यान रखना चाहिए। कोर्ट ने कहा कि हम आपका हलफनामा अस्वीकार करते हैं।सुप्रीम कोर्ट ने 23 अप्रैल को पतंजलि को विज्ञापन का साइज बड़ा करने और माफीनामे को हाइलाइट करने के लिए कहा, ताकि लोगों को समझ में आए। सुनवाई के दौरान पतंजलि के वकील ने सुप्रीम कोर्ट में कहा था कि हमने 67 अखबारों में माफीनामा दिया है। तब सुप्रीम कोर्ट ने पूछा था कि क्या माफीनामा उतने ही साइज का है, जितना बड़ा आप विज्ञापन देते हैं।आज सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई का दायरा बड़ा करते हुए कहा कि मामला सिर्फ एक संस्था (पतंजलि) तक सीमित नहीं रखा जाएगा। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र से पूछा कि भ्रामक विज्ञापन के जरिए उत्पाद बेच कर लोगों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ करने वाली बाकी कंपनियों के खिलाफ उसने क्या कार्रवाई की है। कोर्ट ने इंडियन मेडिकल एसोसिएशन से पूछा कि एलोपैथी डॉक्टर खास ब्रांड की महंगी दवाइयां अपने पर्चे में क्यों लिखते हैं।सुप्रीम कोर्ट ने नेशनल मेडिकल कमीशन से पूछा कि क्या जानबूझकर महंगी दवा लिखने वाले डॉक्टरों का रजिस्ट्रेशन रद्द करने का प्रावधान है। सुप्रीम कोर्ट ने हर राज्य की दवा लाइसेंसिंग ऑथोरिटी को भी मामले में पक्षकार बनाया है। सुप्रीम कोर्ट ने 10 अप्रैल को भी माफीनामा अस्वीकार कर दिया था।सुप्रीम कोर्ट ने 2 अप्रैल को आचार्य बालकृष्ण और बाबा रामदेव के माफीनामा को अस्वीकार कर दिया था। जस्टिस हीमा कोहली की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा था कि आपकी ओर से आश्वासन दिया गया और उसके बाद उल्लंघन किया गया। यह देश की सबसे बड़ी अदालत की तौहीन है और अब आप माफी मांग रहे हैं। यह हमें स्वीकार नहीं है। आप बेहतर हलफनामा दाखिल करें।

# मुठभेड़ में 3 महिला नक्सली समेत 10 नक्सली ढेर



**नारायणपुर, (हि.स.)।** छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले के अबूझमाड़ में मंगलवार सुबह हुई चार घंटे की मुठभेड़ के बाद घटनास्थल पर चलाए गए तलाशी अभियान में तीन महिला नक्सली समेत 10 नक्सलियों के शव बरामद किए गए। इसके साथ ही एके 47, इंसास राइफल समेत भारी मात्रा में हथियार व गोला-बारूद की बरामदगी हुई है।बस्तर आईजी सुददराज पी. ने मुठभेड़ में 10 नक्सलियों के शव बरामद होने की पुष्टि करते हुए बताया कि मुठभेड़ में शामिल सभी जवान सुरक्षित हैं।आज सुबह करीब छह बजे ग्राम टेकमेटा एवं काकूर के मध्य जंगल में डीआरजी एवं एसटीएफ जवानों के साथ नक्सलियों की मुठभेड़ जो लगभग चार घंटे चली। मुठभेड़ के बाद घटनास्थल पर चलाए गए तलाशी अभियान में नक्सलियों के शव और हथियार मिले हैं।इसस पहले पुलिस को सूचना मिली थी कि अबूझमाड़ के ग्राम टेकामेटा इलाके में बड़ी संख्या में नक्सलियों के बड़े कैडर की मौजूदगी है। सूचना के आधार पर सोमवार देर रात डीआरजी और एसटीएफ की संयुक्त टीम को सर्चिंग अभियान के लिए रवाना किया गया था। जवान मंगलवार की सुबह जब टेकमेटा एवं काकूर के मध्य जंगल में पहुंचे तो यहां नक्सलियों ने उन्हें देखते ही फायर खोल दिया। जवानों ने जवाबी कार्यवाही में 02 महिला नक्सली सहित कुल 07 नक्सलियों को ढेर कर दिया है।

# एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी ने नए नौसेना प्रमुख का प्रभार संभाला



**नयी दिल्ली।** संचार और इलेक्ट्रॉनिक युद्ध विशेषज्ञ एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी ने मंगलवार को देश के 26वें नौसेना अध्यक्ष का प्रभार संभाल लिया। उन्होंने आर हरि कुमार के सेवानिवृत्त होने पर नौसेना प्रमुख का कार्यभार संभाला है। रीवा के सैनिक स्कूल के भूतपूर्व छात्र एडमिरल त्रिपाठी इससे पहले नौसेना के उप प्रमुख का पद संभाल रहे थे। एडमिरल त्रिपाठी का 15 मई 1964 को जन्म हुआ था और एक जुलाई 1985 में वह भारतीय नौसेना में शामिल हुए थे।

# मोहब्बत की दुकान में फेक वीडियो बिकने लगे हैं- प्रधानमंत्री



**लातूर ,एजेंसियॉ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महाराष्ट्र के लातूर में विशाल जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि मोदी आपका जीवन बदलने के लिए दिन रात एक कर रहा है। कांग्रेस पार्टी को पराजय का भय इतना सता रहा है कि,ढ्ढ के द्वारा हमारे चेहरे का उपयोग करके उनकी %मोहब्बत की दुकान% में फेक वीडियो बिकने लगे हैं। वो मोदी की आवाज को और मोदी के भाषण का उपयोग करके नई-नई चीजें गढ़ रहे हैं। मोदी आपका जीवन बदलने के लिए दिन रात एक कर रहा है और ये इंडी अघाड़ी वाले मोदी को बदलने के लिए पूरी शक्ति लगा रहे हैं। जिनके घोटाले मैंने रोके हैं, वो मोदी पर गुस्सा करेंगे, ये बहुत स्वाभाविक है। आजकल ये दिन रात मोदी को गाली देने में लगे हैं। हमारे देश के लोग हमेशा मेहनती और प्रतिभाशाली रहे हैं, लेकिन कांग्रेस पार्टी ने उनके सपनों को कुचलने का पाप किया! कांग्रेस ने सिर्फ एक परिवार के बारे में सोचा, लेकिन मोदी भारत के हर परिवार के बारे में सोचते हैं।2014 और 2019 में आपने हमें भारी जनादेश दिया। हमने उसी जनादेश का उपयोग किसी से कुछ छीनने के लिए नहीं, बल्कि लाभ पहुंचाने और कल्याण सुनिश्चित करने के लिए किया। हमारी सरकार सही मायनों में सामाजिक न्याय को ताकत देने वाली सरकार है। ये चुनाव भारत के स्वाभिमान का है। आपने 10 साल पहले का समय देखा है और आप आज का भी समय देख रहे हैं। आज दुनिया उस भारत को जानती है, जो दुनिया के विकास को गति दे रहा है। 2014 के पहले का समय याद कीजिए... किसी मेले में या कहीं भी अगर भीड़ जमा हो रही होती थी, तो अनाउंस होता था कि लावारिस चीजों से दूर रहो और पुलिस को जानकारी दो, क्योंकि उसमें बम हो सकता है। पूरे देश में 24 घंटे हर महत्वपूर्ण जगह पर ये सूचना दी जाती थी। मोदी के आने के बाद कहां गई ये लावारिस चीजें?पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस की नजर सिर्फ आपकी वर्तमान कमाई पर ही नहीं है, आप जो संपत्ति अपने बच्चों के लिए जोड़ रहे हैं, उस पर भी कांग्रेस गिद्ध नजर लगाकर बैठी हुई है। मैं जब एक भारत श्रेष्ठ भारत की बात करता हूं तो कांग्रेस के शाहजादे को बुखार चढ़ जाता है। वो लोग कहते हैं कि मोदी एक भारत की बात क्यों करता है, भारत को खंड-खंड में देखने वाले लोग पीएम पद को भी खंड-खंड में बांटना चाहते हैं। 5 साल में 5 पीएम का इनकी योजना है यानी बारी-बारी देश को लूटना की योजना।

# सेक्स स्कैंडल मामले में कर्नाटक के सांसद प्रज्वल रेवन्ना को जेडीएस से किया गया निलंबित




**नई दिल्ली, एजेंसियॉ।**जद (एस) ने मंगलवार को हासन के सांसद और पार्टी के लोकसभा उम्मीदवार प्रज्वल रेवन्ना को कथित तौर पर उनसे जुड़े स्पष्ट वीडियो क्लिप के मामले में निलंबित कर दिया। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म और मैसेजिंग एप्लिकेशन पर क्लिप व्यापक रूप से साझा किए जाने के बाद इस घटिया वीडियो प्रकरण ने कर्नाटक की राजनीति को हिलाकर रख दिया। हुबली में आयोजित जनता दल (सेक्युलर) कोर कमेटी की बैठक के बाद यह निर्णय लिया गया।मीडियाकर्मियों को संबोधित करते हुए, जद (एस) के प्रदेश अध्यक्ष एचडी कुमारस्वामी ने कहा कि निलंबन की अवधि ÷विशेष जांच दल (एसआईटी) द्वारा जांच पूरी होने तक थी। अगर उनके खिलाफ आरोप साबित हो गए तो उन्हें स्थायी रूप से निलंबित कर दिया जाएगा।कुमारस्वामी राज्य महिला आयोग की प्रमुख की याचिका के आधार पर 33 वर्षीय प्रज्वल रेवन्ना से जुड़े कथित सेक्स स्कैंडल की जांच के लिए एसआईटी गठित करने के कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के फैसले का जिक्र कर रहे थे।

## चुनावी चकल्लस

**नामांकन का दौर चल रहा नेता सब चौकन्ने**
**आरोपों की झड़ी लग रही खुलते पिछले पन्ने**
**होते खूब प्रहार धकाधक एक दूजे के ऊपर**
**जाकर जनता बीच कहें खुद को सबसे सुपर**
**झूठी बैशाखी पर बैठे अपनी साख गिनायें**
**जीते नेता जी गर तो जनता को मूर्ख बतायें ।**



डा .श्याम शंकर शुक्ल श्याम
वरिष्ठ साहित्यकार, पत्रकार




# टी20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम घोषित

## पंत–सैमसन को मौका, केएल राहुल बाहर





**नई दिल्ली(हि.स.)।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने मंगलवार को आगामी आईसीसी पुरुष टी 20 विश्व कप 2024 के लिए भारत की 15 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है। विश्व कप का आयोजन 1 जून से वेस्टइंडीज और यूएसए में किया जाएगा।रोहित शर्मा इस टूर्नामेंट में भारत की कप्तानी करेंगे, जबकि हार्दिक पांड्या उनके डिप्टी होंगे। भारत ने ऋषभ पंत और संजू सैमसन सहित दो विकेटकीपरों को अपनी टीम में शामिल किया है।स्टार बल्लेबाज विराट कोहली, जो मौजूदा आईपीएल 2024 में रन बना रहे हैं, को भी टीम में शामिल किया गया है। पंत 2022 में उत्तराखंड में दिल्ली-देहरादून राजमार्ग पर कार दुर्घटना के लगभग 16 महीने बाद टीम इंडिया में वापसी करने के लिए तैयार हैं।भारत ने अपनी टीम में चार स्पिनरों रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव और युजवेंद्र चहल को चुना है। चहल को पहली बार टी20 विश्व कप के लिए टीम में चुना गया है।भारत इस टूर्नामेंट में जसप्रीत बुमराह की अगुआई में दमदार तेज गेंदबाजी आक्रमण के साथ उतरेगा, जिसमें अर्शदीप सिंह और मोहम्मद सिराज भी शामिल हैं। सैमसन को 15 सदस्यीय टीम में जगह मिली है, जबकि चयनकर्ताओं ने विकेटकीपर बल्लेबाज केएल राहुल को नजरअंदाज किया है। शुभमन गिल, रिंकू सिंह, खलील अहमद और आवेश खान को रिजर्व खिलाड़ियों में रखा गया है।भारत अपना विश्व कप अभियान 5 जून 2024 को आयरलैंड के खिलाफ नासाउ काउंटी इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम, न्यूयॉर्क में शुरू करेगा, इसके बाद 9 जून 2024 को उसी स्थान पर पाकिस्तान के खिलाफ मैच खेलेगा। इसके बाद भारत 12 और 15 जून को क्रमशः यूएसए और कनाडा से खेलेगा।

भारत को टूर्नामेंट के ग्रुप ए में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान, आयरलैंड, कनाडा और सह-मेजबान यूएसए के साथ रखा गया है।आईसीसी टी-20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम- रोहित शर्मा (कप्तान), हार्दिक पांड्या (उप कप्तान), यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, ऋषभ पंत (विकेट कीपर), संजू सैमसन (विकेट कीपर), शिवम दुबे, रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, युजवेंद्र चहल, अर्शदीप सिंह, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद. सिराज।

**रिजर्व- शुभमन गिल, रिंकू सिंह, खलील अहमद और आवेश खान।**

# मनीष सिसोदिया की ईडी और सीबीआई मामले में दूसरी जमानत याचिका खारिज



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट की स्पेशल जज कावेरी बावेजा ने मंगलवार को दिल्ली के पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की ईडी और सीबीआई के मामले में दूसरी जमानत याचिका खारिज कर दी है। कोर्ट ने 20 अप्रैल को फैसला सुरक्षित रख लिया था।सुनवाई के दौरान ईडी ने सिसोदिया की जमानत याचिका का विरोध करते हुए कहा था कि प्रॉफिट मार्जिन को सात फीसदी से बढ़ा कर 12 फीसदी करने को सही ठहराने को लेकर कोई बैठक या चर्चा नहीं की गई। ये नीति कुछ थोक विक्रेताओं के पक्ष में थी। सुनवाई के दौरान ईडी ने कहा था कि सिसोदिया के वकील सिर्फ ट्रायल में देरी को लेकर जमानत के लिए दबाव बना रहे हैं। उसके लिए उनको हलफनामा दाखिल करना चाहिए क्योंकि इस मामले मे बड़ी संख्या में अलग-अलग अर्जियां दाखिल की गई थीं। इसलिए यह नहीं कहा जा सकता कि मुकदमा धीमी गति से चल रहा है।ईडी ने कहा कि पॉलिसी वापस लेने की एकमात्र वजह जांच थी और शराब की नई नीति का मतलब अवैध लाभ प्राप्त करने का जरिया था। ईडी ने कहा था कि विशेषज्ञ समिति की रिपोर्ट में कहा गया था कि थोक कारोबार का हिस्सा सरकार को दिया जाए। इस बात पर कोई चर्चा नहीं की गई और थोक कारोबार निजी कंपनियों को क्यों दे दिया गया। ईडी ने कहा था कि साउथ ग्रुप के साथ ओबेरॉय होटल में मीटिंग हुई थी, जहां सभी सह आरोपित मीटिंग में उपस्थित थे। उनमें से कुछ अब सरकारी गवाह बन गए हैं।

# दंगाइयों को उल्टा लटका देता, सात पीढ़ियां याद करतीं -योगी आदित्यनाथ



**कोलकाता, (हि.स.)।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को पश्चिम बंगाल के बहरमपुर लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में जनसभा को सम्बोधित करते हुए ममता बनर्जी सरकार पर जमकर हमला बोला।उन्होंने कहा कि क्या कारण है कि उत्तर प्रदेश में हर त्योहार शांति व उल्लास से मनाया जाता है और यहां बंगाल में रामनवमी पर दंगा हो जाता है। संदेशखाली जैसी घटना होती है। उन्होंने कहा कि यदि वे होते तो अभीतक दंगाइयों को उल्टा लटका कर सीधा कर चुके होते। उन्होंने कहा कि रामनवमी के अवसर पर आपकी आस्था से खिलवाड़ करने वालों को मोदी सरकार सबक सिखाएगी।

उन्होंने कहा कि ममता सरकार केंद्र की योजनाओं को जमीन पर उतरने ही नहीं देती। आज, मैं यहां पश्चिम बंगाल सरकार से पूछने आया हूं कि जिस राज्य ने हमें दुर्गा पूजा का संदेश दिया, वहां संदेशखाली जैसी घटनाएं कैसे हो रही हैं ? आज का बंगाल सोनार बांग्ला नहीं है, जिसकी कल्पना हमारे स्वतंत्रता सेनानियों ने की थी। पश्चिम बंगाल को दंगों में धकेलने की कोशिश की जा रही है। चाहे कांग्रेस हो या तृणमूल कांग्रेस-दोनों पार्टियां राज्य को लूटने और भारत के खिलाफ साजिश रचने के लिए एकजुट हैं। सात साल पहले यही स्थिति उत्तर प्रदेश में थी, आज उत्तर प्रदेश में बेटियां और व्यापारी-कारोबारी सुरक्षित हैं।

# प्रयागराज में 2304 गरीब परिवार की बेटियों के हाथ हुए पीले

## निर्धन कन्याओं के हाथ पीले कराने में मददगार साबित हो रही है मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना




### पिछले वर्ष से दो गुना अधिक बेटियो के हुए हाथ पीले

**प्रयागराज।** प्रदेश सरकार निर्धन परिवार की बेटियों के सामूहिक विवाह के आयोजन में शामिल होने वाले जोड़ों को लेकर लगातार अपने लक्ष्य का दायरा बढ़ा रही है। प्रयागराज की जिला समाज कल्याण अधिकारी प्रज्ञा पांडेय बताती हैं कि इस बार पिछले वर्ष के सामूहिक विवाह के लक्ष्य से दो गुना का लक्ष्य उन्हे शासन की तरफ से प्राप्त हुआ था जिसे प्राप्त कर लिया गया है। इस वर्ष 2406 निर्धन परिवार की कन्याओं के हाथ पीले होंगे जो पिछले साल के दुगने के आसपास है। गौरतलब है कि पिछले वर्ष प्रयागराज में 1265 जोड़ो के सामूहिक विवाह का लक्ष्य मिला था। आवेदन कम आने की वजह से पिछले वित्तीय वर्ष में 651 जोड़ों का सामूहिक विवाह ही संपन्न हो सका था लेकिन इस बार पहले से इसकी प्रक्रिया शुरू कर दी गई है ताकि लक्ष्य को हासिल किया जा सके। मुख्यमंत्री सामूहिक योजना के लिए पिछले बार 3 करोड़ 32 लाख रुपये आबंटित किये गए थे।

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश सरकार आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग की कन्याओं का विवाह और उनका कन्यादान करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। हर साल मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के लाभ का दायरा बढ़ रहा है। प्रयागराज में साल 2023 में योजना का सौ फीसदी लक्ष्य हासिल हुआ है। लोकसभा चुनाव के बाद इस वर्ष का लक्ष्य भी जारी कर दिया जायेगा।

यूपी में निर्धन परिवारों को उनकी बेटियो का विवाह संपन्न कराने के लिए शुरू की गई मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत प्रयागराज में लक्ष्य का सौ फीसदी हासिल हुआ है। प्रयागराज की जिला समाज कल्याण अधिकारी प्रज्ञा पांडेय बताती हैं कि इसके अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2023-2024 के लिए प्रयागराज में 2406 जोड़ों के सामूहिक विवाह का लक्ष्य रखा गया था जिसे पूरा किया जा चुका है। इसके लिए 1394.34 लाख का बजट जारी किया गया था। उन्होंने यह भी बताया है की जिन 2406 कन्याओं का कन्यादान किया गया उसमे अनुसूचित जाति की 1772 बेटियां, अन्य पिछड़ा वर्ग की 568, अल्पसंख्यक वर्ग की 28 और सामान्य वर्ग की 38 बेटियां शामिल हैं।

# भूमिधरी जमीन में निर्माण कार्य में बाधा बन रहे हैं दबंग

**उतराव ।** उतराव क्षेत्र के बरेठी गांव में एक पीड़ित अपनी ही भूमिधरी जमीन में निर्माण कार्य कर रहा है। वही दबंगों द्वारा निर्माण कार्य में बाधा बन कर परेशान किया जा रहा है। दबंगों द्वारा स्थानीय प्रशासन को भी स्थगन का हवाला देकर बार-बार गुमराह भी कर रहे है।बरेठी गांव निवासी नागेंद्र उर्फ चच्चू ने बताया अपनी पुस्तैनी भूमिधरी जमीन में निर्माण कार्य कर रहे हैं। यहां तक की चार कमरे का निर्माण कार्य भी लगभग पूरा हो चुका है। बावजूद इसके पड़ोस के दबंगों द्वारा निर्माण कार्य में बाधा बन रहे है तथा प्रशासन को भी फर्जी रूप से स्थगन आदेश का हवाले देते हुए गुमराह किया जा रहा है। जिससे पीड़ित का आर्थिक रूप से नुकसान झेलना पड़ रहा है।वही दबंगों द्वारा पीड़ित पक्ष को जान से मारने की धमकी भी मिल रही है। जिसको लेकर पीड़ित ने उप जिला अधिकारी समेत उच्च अधिकारियों को लिखित पत्र के माध्यम से अवगत कराया है।

# पत्रकारिता के उच्च मेयार थे ज़फ़र आग़ा- प्रो फातमी




**प्रयागराज।** कौमी आवाज, नेशनल हेराल्ड जैसे अखबारों के संपादक रहे जर्नलिस्ट जफर आग़ा की स्मृति में करेली के एम ऑक्सफोर्ड कालेजके प्रांगण में प्रगतिशील लेखक संघ, जनवादी लेखक संघ और जन संस्कृति मंच के साझा बैनर तले आयोजित की गई। स्मृति सभा की अध्यक्षता जन संस्कृति मंच के पूर्व महासचिव और विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग के अध्यक्ष प्रणय कृष्ण और संचालन प्रलेस की सचिव संध्या नवोदिता ने की।

ज़फ़र आग़ा को याद करते हुए प्रोफेसर अली अहमद फातमी ने उनके साथ अपने स्कूल के दिनों को याद किया और कहा कि वह जितने अच्छे पत्रकार थे उतने ही बेहतर इंसान भी थे। इलाहाबाद छात्रसंघ के पूर्व अध्यक्ष अभय अवस्थी ने इलाहाबाद के पत्रकारों की परंपरा को याद करते हुए कहा की जफर आगा को जब भी याद किया जाएगा तब इलाहाबाद की धरती के पत्रकारिता के चमकीले सूरज के रूप में देखे जाएंगे। शाहिद असकरी ने अपने बचपन के साथ बिताए दिनों को याद करके साथ-साथ उनकी तार्किक और भविष्यदृष्टि की चर्चा की। जनमत के संपादक के के पांडेय ने उनके कामों की चर्चा करते हुए कहा कि वह पत्रकारिता के आदर्श प्रतिमान की तरह उभरते हुए महान जर्नलिस्ट थे। उनकी रुखसती पत्रकारिता के बुरे दौर में धक्के के रूप में आई है।मुमताज ने उन्हे सेकुलर और नागरिक अधिकारों पर सचेत मनुष्य और प्रतिबद्ध पत्रकार बताया।

प्रसिद्ध पत्रकार व ज़फ़र आग़ा के भाई कमर आगा ने कहा कि जफर इलाहाबाद में जो आजादी के आंदोलन के वैल्यू थे उन मूल्यों के भीतर से पैदा होते हैं। जफर पर 1415 मुकदमे थे। स्मृति सभा की सदारत कर रहे प्रणय कृष्ण ने फिलस्तीन के कवि महमूद दरवेश के हवाले से उन्हें नाउम्मीदी में उम्मीद पैदा करने वाले इंसान के रुप में याद किया।

सभा में प्रो बसंत त्रिपाठी, अविनाश मिश्र, एडवोकेट सुलेमान, असगर नियाजी, गायत्री गांगुली, शिवानी, शायर अनवर अब्बास, मुश्ताक क़ाज़मी, जुलक़रनैन आब्दी, शाहिद अस्करी, मक़सूद रिज़्वी, स्व ज़फ़र आग़ा के परिवार जनो समेत बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे। अंत में दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

# हज यात्रा पर जाने वाले 462 यात्रियों का हुआ टीकाकरण

## आज दी जाएगी हज यात्रियों को अन्तिम ट्रेनिंग



**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** खुद्दामे हज कमेटी व स्वास्थ्य विभाग की ओर से नूरउल्लाह रोड स्थित आरनेलाज हायर सेकंडरी स्कूल में 274 रौशन बाग़ स्थित मदरसा इमामिया अनवारुल उलूम में 145 और हण्डिया स्थित मदरसा खदीजतुल कुबरा लिलबनात में 43 लोगों का टीकाकरण किया गया।

मदरसा इमामिया अनवारुल उलूम में टीकाकरण शिविर में मौलाना जवादुल हैदर रिज़वी , मौलाना रज़ी हैदर रिज़वी, मौलाना मोहम्मद अब्बास, खुशनूद रज़ा, मोहम्मद कमाल, क़मर अब्बास आदि की उपस्थिति में डॉ आमिर फारुकी चिकित्सा अधिकारी, डॉ राशिद अली चिकित्सा अधिकारी, डॉ सुधांशु शुक्ला के नेतृत्व में कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी की ओर से टीकाकरण के तीनों शिविर में लग भग 32 डाक्टर व स्टाफ ने हज यात्रियों का टीकाकरण किया।

उम्मुल बनींन सोसायटी के महासचिव सैय्यद मोहम्मद अस्करी के मुताबिक़ खुद्दामे हज कमेटी के अध्यक्ष अल्तमश अंसारी डॉ मोईन अहमद खान व उप सचिव हाजी शाह सऊद (ज़िला हज ट्रेनर) की देख रेख में पन्द्रह फरवरी व सत्राह अप्रैल को दो बार हज यात्रियों को ट्रेनिंग दी जा चुकी है अब अन्तिम ट्रेनिंग 1 मई बुधवार को सांय सात बजे नूर उल्ला रोड स्थित पालकी गेस्ट हाउस में दी जाएगी।

# पॉलीथिन की जांच करने पहुंचे सचल दस्ते पर लगा लूट का आरोप




**लोकमित्र ब्यूरो**

**झूंसी।** नगर निगम झूंसी जोन 8 के जोनल अधिकारी मंगलवार को जीटी रोड पर अतिक्रमण दस्ते के साथ पॉलिथीन की जांच करने गोविंद बल्लभ पंत संस्थान के सामने एक डेरी पर पहुंचे तो दुकान से 5 किलो पॉलिथीन बरामद हुआ। पॉलिथीन और गन्दगी देखकर 2 हजार रुपए जुर्माना मांगा गया। दुकानदार ने जुर्माना नही दिया तो दुकान में रखा तराजू, काउंटर उठा ले गए। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे डेरी मालिक ने 2 लाख नकद लूटने का गंभीर आरोप लगाते हुए घटना की सूचना पुलिस को दिया।

बताते चलें कि राजेश शुद्ध देशी डेरी के संचालक राजेश प्रताप सिंह निवासी छिवैया ने गोविंद बल्लभ पंत संस्थान के सामने दुकान खोल रखा है। दुकानदार ने आरोप लगाया है कि विधायक प्रवीण पटेल के नामांकन कार्यक्रम के लिए लंच पैकेट का आर्डर लिया था जिसके लिए काउंटर में 2 लाख रखा हुआ था।

आरोप है कि दुकान पर पहुंचे 4-5 लोगों ने पहुंचकर काउंटर में रखा पैसा और लंच का समान लूट ले गए। जोनल अधिकारी सुदर्शन चंद्रा ने बताया कि दुकान की जांच करने पर 5 किलो पॉलिथीन बरामद हुआ था। दुकान के आस पास गन्दगी फैला हुआ जिसके लिए 2 हजार जुर्माना मांगा जा रहा था किंतु दुकानदार ने जुर्माना देने से इंकार कर दिया। जुर्माना नही मिलने पर दुकान रखा काउंटर, तराजू जब्त कर लिया गया। दुकानदार द्वारा लगाए आरोप पूरी तरह निराधार है। जुर्माना राशि दिए जाने के बाद समान वापस कर दिया जायेगा।

# आकाशवाणी के सहायक निदेशक लोकेश कुमार शुक्ल हुए सेवानिवृत्त



**प्रयागराज।** आकाशवाणी प्रयागराज केन्द्र में सहायक निदेशक (कार्यक्रम) के पद पर कार्यरत लोकेश कुमार शुक्ल आज मंगलवार को सेवानिवृत्त हो गए।। श्री शुक्ल इलाहाबाद जनपद से लगा हुआ प्रतापगढ़ के रहने वाले हैं और आपकी प्रारंभिक शिक्षा वहीं पर हुई है।आकाशवाणी की सेवाएं में आप कार्यक्रम अधिशासी (संगीत) के पद पर पहली बार आकाशवाणी आगरा केन्द्र में 3 मई 1993 को ज्वाइन कर जुड़े थे। काफ़ी लंबे समय तक आगरा केन्द्र में कार्यरत रहे, फिर आपका ट्रांसफर आकाशवाणी रामपुर केन्द्र में हो गया। जहां पर आपने वर्ष 2000 में वहां ज्वाइन किए।आकाशवाणी रामपुर केन्द्र के बाद आपका ट्रांसफर आकाशवाणी ओबरा, फिर इलाहाबाद केन्द्र, नजीबाबाद केन्द्र, फैजाबाद केन्द्र, वाराणसी केन्द्र, इलाहाबाद केन्द्र के बाद आपका प्रमोशन सहायक निदेशक (कार्यक्रम) होने के बाद फिर 2016 में नजीबाबाद केन्द्र में हो गया। फिर वर्ष 2017 में आपका स्थानांतरण प्रयागराज केन्द्र में हो गया, जहां पर सेवाएं देते हुए आज सेवानिवृत्त हुए।आकाशवाणी महानिदेशालय ने सुगम संगीत के कलाकारों को गत वर्ष ग्रेड प्रदान किया। जिसके तारतम्य में लोकेश कुमार शुक्ल को गत वर्ष (2023) सितंबर माह में सुगम संगीत (गीत भजन) में 'ए' ग्रेड प्रदान किया गया था।

# सनातन सोच व संस्कार को मैंने जिया है-नीरज त्रिपाठी

## पेशे से मिली जन सेवा की सीख व विरासत में मिली राजनीति

### विकसित राष्ट्र संकल्प की सिद्धि के लिए चाहिए जन आशीर्वाद



### आज होगा नामांकन

भाजपा प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के सानिध्य में 1 मई को नामांकन करेंगे।इसमे पार्टी के कई स्थानीय नेता,स्थानीय संगठन के पदाधिकारी और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और समर्थक मौजूद रहेंगे।उनका नामांकन जुलूस बुधवार सुबह दस बजे चन्द्र शेखर आजाद पार्क से कलक्ट्रेट के लिए निकलेगा।

**लोकमित्र ब्यूरो**

**मेजा प्रयागराज।** भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष,पूर्व विधान सभा अध्यक्ष के साथ पश्चिम बंगाल,बिहार सहित पांच राज्यों के राज्यपाल एवं वरिष्ठ अधिवक्ता पँ केशरी नाथ के सुपुत्र विधिवेत्ता व शासकीय अपर महाधिवक्ता उच्च न्यायालय इलाहाबाद पँ नीरज त्रिपाठी जिन्हें पिता से राजनीतिक विरासत मिली और पेशे से उनमें जन सेवा के भाव जगे।भाजपा ने उन्हें इलाहाबाद संसदीय सीट पर अपना चेहरा बनाया है।

भाजपा के संस्थापक सदस्य रहे पँ केशरी नाथ त्रिपाठी का बहुआयामी व्यक्तित्व और उनके संस्कार और संस्कृति में पले और बढ़े उनके पुत्र नीरज त्रिपाठी ने उनके पद चिन्हों पर चलकर अपने लिए एक मुकाम बनाया और न्याय क्षेत्र को जन सेवा का माध्यम बना लिया है।गरीबों और बेबस लोगों को न्याय दिलाना उनकी कार्यशैली की प्राथमिकता बन गयी।भाषा और व्यवहार से उन्होने लोगों का दिल जीता और लोगों के बीच उनके कार्य व्यवहार की चर्चा होने लगी।उनकी पत्नी कविता त्रिपाठी जो भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश मंत्री हैं ,उनके सानिध्य नीरज त्रिपाठी ने सक्रिय राजनीति में आने का निश्चय किया।उन्होने इलाहाबाद सीट से चुनाव लड़ने का मन बनाया तो मुख्यमंत्री योगी और पीएम मोदी के आशीर्वाद से पार्टी ने वरीयता देकर प्रत्याशी घोषित कर दिया है।

श्री त्रिपाठी का रुझान आरम्भ से ही राष्ट्र, धर्म, संस्कृति और सभ्यता के प्रति रहा है। संघ और भाजपा उनके खून में है। उन्होंने कभी भी पिता की भांति वैचारिक समझौते नहीं किए। इसीलिए उनको हर कोई अपना मानता है। श्री त्रिपाठी इलाहाबाद विश्वविद्यालय से विधि की पढ़ाई करते हुए पिता जी के कार्यों में निरंतर हाथ बटाते रहे।

उनका कार्य क्षेत्र हमेशा से कला, संस्कृति, समाज सेवा, राजनीति, विधि और न्याय तथा शिक्षा रहा है। उन्होंने जीवन में प्रत्येक कार्य क्षेत्र में पहचान बनाई है।वह विलक्षण प्रतिभा के धनी हैं।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सपनों के भारत की परमवैभव यात्रा और विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए उन्हें जन आशीर्वाद चाहिए।

# इलाके में दहशत फैलाने वाले को पुलिस ने दबोचकर भेजा जेल

**हंडिया।** सराय ममरेज पुलिस ने इलाके में दहशत फैलाने वाले एक अपराधी को पकड़कर जेल भेज दिया। काफी दिनों से पुलिस को इसकी तलाश थी। इसके खिलाफ चार मुकदमे दर्ज होने की पुलिस ने बात कही है। आपको बता दे की क्षेत्र के मर्रो गाँव निवासी नीरज गुप्ता उर्फ राका जो राका गैंग बनाकर आए दिन सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल करना लोगों से मारपीट गुंडई करना इसकी आदत बन गई थी। इसके द्वारा एक सिंगर के साथ पिछले महीने मारपीट करना भारी पड़ गया। सिंगर की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर इसकी तलाश कर रही थी। मंगलवार को नीरज गुप्ता तिलकट बाजार में पुलिस के हत्थे चढ़ गया। पुलिस ने तलाशी ली तो इसके पास एक तमंचा और कारतूस बरामद हुआ। मामले में पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपित अभियुक्त को जेल भेज दिया।

# शिवसेना ने हिन्दू हित मे किया भाजपा समर्थन

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष से मिलकर दिया समर्थन पत्र



**लोकमित्र ब्यूरो**

**मेजा प्रयागराज।** शिवसेना (शिंदे गुट ) उत्तर प्रदेश की प्रदेश कार्यकारिणी ने मंगलवार को प्रदेश संगठन के साथ भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी से मुलाकात कर चल रहे लोकसभा चुनाव हेतु प्रदेश में समर्थन की घोषणा की है।यह जानकारी प्रदेश संगठन मंत्री अरबिंद तिवारी ने दी है।

शिवसेना के शीर्ष संगठन के निर्देश पर पार्टी की प्रदेश इकाई ने प्रदेश संगठन मंत्री की अगुआई में प्रदेश भाजपा कार्यालय लखनऊ में प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी से मिलकर अपना लिखित समर्थन पत्र सौंपा है।श्री तिवारी ने बताया कि पार्टी के शीर्ष नेतृत्व द्वारा भाजपा नेतृत्व से वार्ता क्रम में उत्तर प्रदेश में समर्थन पर सहमति बनी है।भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के बुलावे पर शिवसेना प्रदेश इकाई के पदाधिकारियों की शिष्टाचार भेंट कर समर्थन पर सहमति के साथ चुनावी चर्चा हुई है।

शिवसेना के प्रदेश संगठन मंत्री अरबिंद तिवारी ने जानकारी दी है कि शिष्टाचार भेंट में पार्टी के प्रदेश प्रमुख, प्रदेश संगठन मंत्री, प्रदेश संयोजक, प्रदेश महामंत्री, प्रदेश सचिव, सभी मण्डल प्रमुख,जिला प्रमुख एवं प्रदेश कार्यकारिणी सदस्यों ने एकमत से भाजपा समर्थन पर मुहर लगाई है।कहा गया कि मोदी और योगी के नेतृत्व में हिन्दू हित के लिए यह फैसला लिया गया है।समर्थन पर फैसले के बाद शिवसेना नेताओं ने जय शिवा जी,जय शिव सेना के नारे लगाए हैं।

# सेवानिवृत्ति पर होमगार्ड जवान को दी गई विदाई, थाना अध्यक्ष ने की प्रशंसा



**लोकमित्र ब्यूरो**

**उतराव ।** उतराव थाना परिसर में होमगार्ड जवान के सेवा निवृती होने पर थाना अध्यक्ष पंकज कुमार त्रिपाठी की अध्यक्षता में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। मौके पर थाना अध्यक्ष ने कहा कि उनके साथ कार्य करने के दौरान काफी कुछ सीखने को मिला। हर सरकारी कर्मी के जीवन में यह क्षण आता है।

सभी सरकारी कर्मी को कभी ना कभी सेवा निवृती होना है। वही सेवा सेवा निवृती होमगार्ड जवान राजेंद्र प्रसाद ने कहा कि अपने कार्यकाल के दौरान हमें भी काफी कुछ सीखने को मिला।यह तो परंपरा है कि 60 साल के बाद हर किसी को सेवा निवृती होना है। इस दौरान राजेंद्र प्रसाद को पाग फूल माला बुके साल अंगवस्त्र आदि देकर सम्मानित किया गया। उक्त अवसर पर थाना अध्यक्ष पंकज त्रिपाठी,संजीव मुंशी,मनीष यादव,मच्छु यादव, हरिश्चंद्र शर्मा,अजय सिंह,अर्चना, राजकुमार एचजी आदि पुलिसकर्मियों ने होमगार्ड जवान की विदाई की।

# विवादित जमीन को लेकर आए दिन मारपीट पर है आमादा



**लोकमित्र ब्यूरो**

**हंडिया।** हंडिया तहसील के उतरांव थाना अंतर्गत मोहम्मदपुर गांव में आबादी की विवादित जमीन को लेकर आए दिन कब्जेंदार से मारपीट पर ग्रामीण आमादा है। पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। मोहम्मदपुर गांव निवासी अमृत लाल पटेल के घर के पास आबादी की जमीन है जिस पर वह पुस्तैनी कब्जा है। ग्राम प्रधान और ग्रामीणों के द्वारा आए दिन घूर गड्ढा पर कब्जा करने की शिकायत की जाती थी। जिसकी कई बार राजस्व टीम द्वारा पैमाइश की गई। जिसकी राजस्व टीम द्वारा रिपोर्ट भी एसडीएम हंडिया को सौंपी गई है। राजस्व निरीक्षक दिनेश दुबे और लेखपाल अविनाश यादव ने बताया कि अमृतलाल का घूर गड्डु पर कब्जा नहीं है। बताते चले कि अमृतलाल द्वारा आबादी की जमीन पर पुश्तैनी कब्जा है जिस पर पड़ोसियों को नागवार गुजरता है। आबादी की जमीन पर अमृतलाल द्वारा दीवार बनाकर टीन सेड रखा गया था। जिसे ग्रामीणों ने लाम बंद होकर 15 अप्रैल को ध्वज कर दिया गया था। जिसका वीडियो वायरल होने पर मामले में थाने में एफआईआर दर्ज किया गया है। वही इस घटना से इतर अब ग्रामीणों द्वारा एक जनप्रतिनिधि के इशारे पर अमृतलाल द्वारा की गई आबादी की कब्जा जमीन से ध्वस्त किए गए मलवा को हटाना चाहते हैं और जमीन पर कब्जा करना चाहते हैं। साथ ही साथ मुकदमे में वांछित लोग आए दिन अमृतलाल और उसके परिवार वालों को जान मारने की धमकी देने के साथ मारपीट पर आमादा है। मामले में पीड़ित ने मंगलवार को थाने पर पहुंचकर तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है। बताते चलें कि एक जन प्रतिनिधि के हस्तक्षेप के बाद गांव में कभी भी खूनी संघर्ष हो सकता है।

# कोहडार में आज से होगी श्रीमद्भागवत कथा

## कथा व्यास पीठ पर होंगे आचार्य बृज विहारी दास



**लोकमित्र ब्यूरो**

**मेजा प्रयागराज।** क्षेत्र के सिद्धेस्वर नाथ पहाड़ी महादेव पीठ के आचार्य बृज विहारी दास द्वारा सनातन धर्म के प्रवाह बनाए रखने के लिए मन्दिर परिसर से लेकर क्षेत्र में कथा,प्रवचन और बाबा के अभिषेक के जरिए लोगों को जागृत करते रहे हैं।आचार्य द्वारा कोहडार बाजार में श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का साप्ताहिक आयोजन इसी कड़ीं का हिस्सा है।

कोहडार पुलिस चौकी के सामने श्रीराम अक्षयवट मुखिया संस्कृत उ0 मा0 विद्यालय में बुधवार 1 मई से श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आगाज शोभायात्रा के साथ होगा।गुरुवार 2 मई को कथा प्रारम्भ होगी और समापन 8 मई को होगा।9 मई को कथा स्थल पर विशाल भंडारे का आयोजन होगा।कथा का आयोजन सिद्धेस्वर नाथ पहाड़ी महादेव पीठ द्वारा किया जा रहा है।कथा वाचक चित्रकूट के आचार्य बृज विहारी दास महराज होंगे।पीठ से जुड़े संतों,महन्थों ने लोगों से कथा श्रवण के लिए अपील की है।

# नौकरी दिलाने के नाम पर की ठगी, मुकदमा दर्ज

**प्रयागराज।** थरवई में नौकरी के नाम पर लाखों रुपए का ठगी करने का मामला सामने आया है। खुद को इलाहाबाद यूनिवर्सिटी का छात्रनेता कहने वाले गांव पहाड़ीपुर सरायइनायत का रहने वाला राहुल कुमार ने नौकरी दिलाने के नाम पर 2 लाख रुपए की ठगी किया है। भुक्तभोगी मदन सरोज का कहना है कि खुद को इलाहाबाद यूनिवर्सिटी का छात्र नेता बताने वाला राहुल कुमार ने सितंबर 2022 में उनके घर पर आकर बताया कि उसकी काफी बड़ी टीम है जो कि अच्छी राजनीतिक पकड़ वाले हैं और लोगो की सरकारी नौकरी लगवाने का कार्य करते हैं। अब तक हम लोगों ने सैकड़ों लोगो की विभिन्न विभागों में सरकारी नौकरी लगवा चुके हैं। इस प्रकार नौकरी का झांसा देकर राहुल कुमार ने 2 लाख रुपए ले लिए और बाद मे न तो कही नौकरी लगवाया और न ही पीड़ित को पैसे वापस किया। पीड़ित द्वारा राहुल से अपने पैसे वापस मांगने पर पैसे देने से मना करते हुए धमकियां देना शुरू कर दिया। जिसकी शिकायत पीड़ित ने थाना थरवई में किया तो जांच के दौरान मामला सही पाए जाने के बाद थरवई पुलिस ने आरोपी राहुल और उसके भाई रोहित के ऊपर मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

# एसआरएन अस्पताल में वाहन स्टैंड वालों की दबंगई



**प्रयागराज।** एसआरएन अस्पताल में स्थित साइकिल स्टैंड के कर्मचारियों द्वारा एक महिला के साथ मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि हाथों में लाठी डंडा लिए साइकिल स्टैंड कर्मचारी महिला के साथ हाथापाई कर रहे हैं और उसके साथ आए व्यक्ति के साथ गाली गलौज कर रहे हैं।

यह एसआरएन अस्पताल का पहला मामला नहीं है। अक्सर ही एसआरएन में साइकिल स्टैंड कर्मियों की गुंडागर्दी देखने को मिलती है। बगल में पुलिस चौकी होने के बावजूद इनका हौसला इतना बुलंद है कि हर किसी के साथ मारपीट करने पर उतारू रहते हैं। कोई भी अगर इनसे बात करने की कोशिश करता है तो यह चारों तरफ से घेरकर गाली गलौज और मारपीट पर उतारू हो जाते हैं। वहाँ पर मौजूद पुलिस सिर्फ मुकदर्शक बनकर देखती रहती है। अभी तक एसआरएन में तीमारदार जूनियर डॉक्टरों की मारपीट से ही परेशान थे अब साइकिल स्टैंड वालों की गुंडागर्दी से भी परेशान है।

# सूदखोरों से तंग आकर एजी ऑफिस कर्मी ने की आत्महत्या

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** कैंट थाना अंतर्गत सदर बाजार में एजी ऑफिस के चतुर्थ श्रेणी कर्मी ने सूदखोरों से तंग आकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कैन्ट थाना अंतर्गत सदर बाजार निवासी सुनील पुत्र स्वर्गीय श्याम लाल एजी ऑफिस में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी है। उनकी इकलौती बेटी नंदिनी इंटर मीडिएट की छात्रा है और पत्नी मधु कुमारी हाउस वाइफ है। परिजनों ने बताया कि सुनील कई दिनों से परेशान रहते थे और उन्होंने बताया कि सूदखोर के चक्कर में वह बुरे फंस गए हैं। उन्होंने अपनी पत्नी और बेटी को बताया कि एजी ऑफिस में ही नीरज पासी नाम का व्यक्ति लोगों को ब्याज पर पैसा देकर गलत कागजों में हस्ताक्षर करा कर उनके नाम से लोन ले लेता है। सुनील के साथ भी उसने ऐसा ही किया एक लाख रुपए जरूरत पर पैसा दिया।

उसने सादे कागज पर हस्ताक्षर कराकर एसबीआई और नैनी के एक बैंक से उसने 35 लाख का सुनील के नाम से लोन ले लिया और सुनील का एटीएम कार्ड, पासबुक सब अपने पास रख लिया। आए दिन बैंक वालों के फोन से वह परेशान हो गया है। सुनील सोमवार की रात परिवार के साथ खाना खाने के बाद अपने कमरे में सोने के लिए चले गए। सुबह पत्नी मधु कुमारी ने चाय देने के लिए जब कमरे में देखा तो सुनील नायलॉन के रस्सी के सहारे फंदे से लटक रहे थे। ये देखकर उनके मुंह से चीख निकल गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। परिवार वालों ने सूदखोर के खिलाफ कैंट थाने में तहरीर दी है।

# वोटर जागरूकता अभियान के साथ-साथ कांस्य पदक विजेता सुनीता सरोज का हुआ स्वागत

**लोकमित्र ब्यूरो**
**कौशाम्बी।** दुबई में भारत का परचम लहरा कर वापस सुनीता मंगलवार को अपने गृह जनपद लौटी जनपद के बरई बंधवा के चुन्नी लाल सरोज की सुपुत्री सुनीता के इस प्रदर्शन के बाद से ही अपनी बिटिया के लिए पलके बिछाए बैठे थे। सुनीता के आगमन के लिए जनपद में कौशाम्बी प्रेस क्लब ने भव्य स्वागत की करी थी । सुनीता दुबई से दिल्ली होते हुए आज दिन मंगलवार दोपहर 12:30 प्रयागराज हवाई अड्डे पर पहुंची एयरपोर्ट पे ही समाज के ढेरो पदाधिकारी ने स्वागत किया महिलाओ ने सुनीता को आशीर्वाद दिया ।




दुबई में आयोजित हुए 21वीं एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप में कौशाम्बी की बेटी सुनीता ने देश का मान बढ़ाया है। सुनीता ने अंडर 20 के 5000 मीटर दौड़ में कांस्य पदक जीता है। सुनीता की इस कामयाबी पर कौशाम्बी वासी फूले नहीं समा रहे हैं। सुनीता के आगमन की खबर से ही जनपद में खेल प्रेमियों के बीच अपनी बिटिया को बधाई देने वालों का तांता लग गया है। सोशल मीडिया से लेकर सुनीता के घर तक लोग बधाई देने पहुंच बीरेंद्र फौजी, रिंकू मौर्या कैलाश केशरवानी संतोष केशरवाणी अंशुल गुड्डू,व्यापार मण्डल से रमेश आग्रहरी प्रवेश केशरवानी,प्रमोद केशरवानी पंकज जायसवाल, तनु, सूरज गोपी, मुकुंदी, सुशील गोलू, राजेश केशरवानी, विपिन केशरवानी । मंगलवार को घर वापिस आने के खबर के आते ही सुनीता के स्वागत की तैयारियां शुरू कर दी गई थी एयर पोर्ट से निकलते ही पुष्प वर्षा की गयी रास्ते रास्ते व्यापार मण्डल ने स्वागत किया।

कौशांबी प्रेस क्लब इस पूरे स्वागत कार्यक्रम को आयोजित करने की मुख्य भूमिका में रही। सुनीता मंगलवार को प्रयागराज हवाई अड्डे पर उतरने के बाद सड़क मार्ग से बम्हरौली, पुरामुफ्ती, काजीपुर, महगांव, मुरतगंज, रोही चौराहा, होते हुए घर पहुंची । कौशांबी जनपद के लिए ये एक गौरव की बात है कि उनकी बेटी देश के लिए मेडल ले कर आ रही हैं।

सुनीता देवी कौशाम्बी जनपद की रहने वाली हैं और इसके पहले भी अपने देश के लिए मेडल लाने का काम कर चुकी हैं। 2022 में कुवैत में आयोजित हुए यूथ चैंपियनशिप में भी सुनीता ने देश को सिल्वर मेडल ला कर दिया था।

# ट्यूबवेल में कनेक्शन न देने पर छेड़खानी व मारपीट की धमकी

**लोकमित्र ब्यूरो**
**सैनी, कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली एक महिला द्वारा ट्यूबवेल में बिजली का कनेक्शन न देने पर गांव के तीन लोगो ने छेड़खानी करते हुए मारपीट व जान से मारने की धमकी दी है। महिला ने तीन लोगो पर आरोप लगाते हुए पुलिस को शिकायती पत्र देकर कार्यवाही की मांग की है।

सैनी कोतवाली क्षेत्र के लोहन्दा गांव की रहने वाली कमलेश कुमारी पत्नी बुद्धिमान सिंह ने मंगलवार को सैनी पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया की अपने ट्यूबवेल से बिजली का कनेक्शन न देने पर गांव के तीन लोग रात में जबरन कनेक्शन कर लिया । पीड़िता का आरोप है की विरोध करने पर तीनो लोग छेड़खानी कर कपड़े फाड़ दिए और जबर्जस्ती करने का प्रयास करते हुए मारपीट व जान से मारने की धमकी देने लगे । पीड़िता ने अनहोनी की आशंका जताते हुए मामले में पुलिस से कार्यवाही की मांग की है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है।

# पूर्व सपा प्रत्याशी सहित डेढ़ दर्जन बड़े पार्टी नेताओं ने पार्टी से किया किनारा



**लोकमित्र ब्यूरो**
**कौशाम्बी।** समाजवादी पार्टी के चायल विधानसभा क्षेत्र से उम्मीदवार रहे चंद्रबली सिंह पटेल सहित पार्टी के तकरीबन डेढ़ दर्जन नेताओं ने पार्टी से किनारा कर लिया है। मंगलवार को मुख्यालय में पत्रकार से रूबरू होते हुए पूर्व पार्टी प्रत्याशी ने यह जानकारी दी है।

बताया जाता है कि मौजूदा हालात में समाजवादी पार्टी के अंदर जबरदस्त घमासान मचा हुआ है। आज मुख्यालय में समाजवादी पार्टी के चायल विधानसभा क्षेत्र से उम्मीदवार रहे चंद्रबली पटेल ने पत्रकारों से रूबरू होते हुए कहा कि पार्टी के संस्थापक मुलायम सिंह यादव के नेतृत्व में उन्होंने काम किया। पिछड़ों दलित व कमजोर वर्ग के किसानों के हितैषी होने की उनसे हमेशा प्रेरणा मिली। चंद्रबली पटेल ने आरोप लगाया कि उनके निधन के बाद पार्टी की कमान संभालने वाले राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव पार्टी की नीतियों भटक गए हैं।

जिले के अंदर पार्टी के नेताओं से अब राय सुमारी तक नहीं की जाती है। जिसके बदौलत पार्टी के जुझारू और कर्मठ कार्यकर्ताओं के अंदर प्रभावित हो गई है। चंद्रबली सिंह पटेल ने कहां की वह अपने साथियों विजमा दिवाकर पूर्व प्रत्याशी अध्यक्ष जिला पंचायत, साधना सिंह पटेल सदस्य जिला पंचायत, भानु प्रताप यादव पूर्व विधानसभा सचिव चायल, सुभाष सिंह पटेल पूर्व जिला अध्यक्ष चायल, विनय सिंह पटेल पूर्व जिला अध्यक्ष सपा लोहिया वाहिनी, रणविजय सिंह पूर्व जिला सचिव विधानसभा चायल, अभिषेक यादव सेक्टर अध्यक्ष नूरपुर चायल, संतोष सिंह पटेल प्रधान धर्मपुर, कविता सिंह प्रधान, कनैली, तीर्थराज सिंह बसुहार चायल प्रधान, विनय सिंह नेवादा, उमेश दिवाकर सपा नेता, महेंद्र सिंह पटेल तथा अवधेश सिंह प्रधान भकन्दा ने पार्टी से किनारा कर लिया है।

# कौशाम्बी की बेटी सुनीता सरोज ने दुबई में भारत का परचम लहराया



**लोकमित्र ब्यूरो**
**मनौरी, कौशाम्बी।** कौशाम्बी की बेटी सुनीता सरोज ने दुबई में भारत का परचम लहराया एथलेटिक्स चौंपियनशिप में 5 हजार मीटर दौड़ में कांस्य पदक जीतकर भारत का मान बढ़ाया इसी परिपेक्ष्य में आज मनौरी व्यापार मण्डल के बैनर तले सैकड़ों व्यापारियों ने पुरामुफ्ती थाना चौराहा पर उड़ान परी सुनीता सरोज का भव्य स्वागत किया गया और फूलमाला पहनाया। स्वागत समारोह में मुख्यरूप से राधेश्याम वरिष्ठ उपाध्यक्ष कौशाम्बी,सुधीर कुमार नगर अध्यक्ष मनौरी,नरोत्तम दास प्रांतीय मंत्री , उमेश कुमार उर्फदीपू केसरवानी महामंत्री,प्रदीप कुमार महामंत्री,अंकित केसरवानी युवा नगर अध्यक्ष मनौरी,शरद केसरवानी,अंकुश केसरवानी युवा महामंत्री, रवि गौतम आदि सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# साहब ! सौतेले बहू बेटे घर में रहने नही देते

**लोकमित्र ब्यूरो**
**सिराथू, कौशाम्बी।** सिराथू तहसील क्षेत्र के एक गांव में पीड़िता ने सौतेले बहू बेटे पर मारपीट कर घर से भगाने का आरोप लगाते हुए मामले की शिकायत एसडीएम सिराथू से करते हुए न्याय की गुहार लगाई है।

पंईसा थाना क्षेत्र के अनेठा गांव की रहने वाली राजकली पत्नि प्यारे ने मंगलवार को एसडीएम सिराथू को शिकायती पत्र देकर बताया की शादी के बाद उसके कोई संतान नहीं हुई , पीड़िता का आरोप है की उसका एक सौतेला बेटा दुर्गा अपनी पत्नी के साथ मिलकर आएदीन मारपीट कर घर में रहने नही देते। गांव के किनारे अकेली रहती है तो बहू बेटे परेशान करते है । पीड़िता ने मामले में एसडीएम से न्याय की गुहार लगाई है । मामले में एसडीएम ने थानाध्यक्ष पईसा को जांचकर कार्यवाही का आदेश दिया है।

# महिला बीट आरक्षियों ने बालिकाओं को बताया आत्मरक्षा के गुण



**लोकमित्र ब्यूरो**
**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी के निर्देशन में जनपद के महिला थाना की महिला बीट आरक्षियों द्वारा भ्रमण कर बच्चियों छात्राओं महिलाओं को नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलम्बन के सम्बन्ध में जागरूक किया गया तथा उनके प्रति होने वाले किसी भी अपराध एवं संबंधित अपराधियों के बारे में तत्काल थाना पुलिस एवं महिला पुलिसकर्मियों को सूचना देने के लिए जागरूक किया गया।

महिलाओं एवं बच्चियों को पम्पलेट वितरित कर विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों के बारे में जैसे- (1) 1076 मा0 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, (2) 1090 वीमन पावर हेल्पलाइन, (3) 1930 साइबर अपराध हेल्पलाइन, (4) 102 स्वास्थ सेवा, (5)108 एंबुलेंस सेवा, (6) 1098 चाइल्ड हेल्प लाइन तथा 1078, 181, 112 आदि के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया एवं महिला अपराध आदि की जानकारी देते हुए उनके अधिकारों के प्रति जागरुक किया गया।

# मार-पीट कर गम्भीर चोंट पहुचाने वाले तीन आरोपियों को तीन वर्ष की दिलाई गई कारावास की सजा



**लोकमित्र ब्यूरो**
**कौशाम्बी।** 27 मई, 2017 को थाना सैनी पर वादी द्वारा सूचना दी गयी कि आरोपियों द्वारा एकराय होकर वादी के साथ गाली-गलौज व मार-पीट कर गम्भीर चोट पहुचायी गयी। जिसके सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर अभियोग पंजीकृत किया गया था। जिससे सम्बन्धित तीन आरोपियों हरिहर, सिटिन्कू, बब्लू नि0गण शीतलाधाम कड़ा थाना कड़ाधाम को न्यायालय जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वारा शासन की प्राथमिकता के आधार पर गम्भीर एवं जघन्य अपराधों में पैरवी कर आरोपियों को सजा दिलाने के क्रम में पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में मानिटरिंग सेल के माध्यम से प्रभावी पैरवी कराते हुए प्रत्येक आरोपियों को 03-03 वर्ष कारावास तथा 9,000-9,000 रूपए के अर्थ दण्ड से दण्डित किया गया।

# द्वाबा विकास एवं उत्थान समिति के तत्वाधान में विश्व टीकाकरण सप्ताह का हुआ समापन




**लोकमित्र ब्यूरो**
**करारी, कौशाम्बी।** द्वाबा विकास एवं उत्थान समिति करारी कौशाम्बी तथा जिला प्रशासन के स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त प्रयास से पांच ब्लॉक सिराथू, मंझनपुर, सरसवां , कौशाम्बी तथा मूरतगंज के 60 गाँवों में 24 से 30 अप्रैल तक विश्व टीकाकरण सप्ताह अभियान के जरिये जागरूकता के लिए जिला प्रशासन स्वस्थ्य विभाग और संस्था के संयुक्त प्रयास से कार्यक्रम आयोजित किया गया। आज विश्व टीकाकरण सप्ताह का मंझनपुर ब्लॉक के फरीदपुर सँवरो (महमदपुर ) गाँव में समापन करते हुए समुदाय की गर्भवती महिलाओं, धात्री माताओं, किशोरी बालिका तथा बच्चो के सम्पूर्ण टीकाकरण कराने के बारे में जानकारी दी गई। बच्चों की स्वास्थ्य सुरक्षा के लिए कार्यक्रम की शुरुआत 24 अप्रैल को मंझनपुर ब्लॉक के महेंद्र गांव में मूरतगंज विकास खंड में मलाक भारत, सिरकुंडा तथा सिराथू ब्लॉक के इचौली, सरसवां ब्लॉक के लोधौरा, मछौली आदि गांवों में द्वाबा विकास एवं उत्थान समिति के द्वारा कार्यकम आयोजित कर शुरुआत की गई थी ।

संस्था सचिव तैय्यबा तहसीन ने बताया कि गर्भवती महिलाओं को टीकाकरण और प्रसव पूर्व तथा धात्री माताओं को प्रसव पश्चात जांच कराने और बच्चों को जन्म से लेकर 1 वर्ष के मध्य लगने वाले सभी टीकों के महत्व के बारे में जानकारी दी । संस्था के निदेशक परवेज रिजवी ने कहा कि यदि हम अपने बच्चे को स्वस्थ और सुरक्षित रखना चाहते हैं तो उन्हें सम्पूर्ण टीकाकरण की प्रक्रिया में बच्चे को शामिल कराना चाहिए । सभी टीका नियमित रूप से समय से लगाना चाहिए वर्ष भर में लगाए जाने वाले टीके से हम अपने बच्चों को टीबी, टिटनेस, काली खांसी, निमोनिया, डायरिया, दिपथेरिया, दिमागी बुखार जैसी गंभीर बीमारियों से बहुत हद तक बचा सकते हैं । बैठक के बाद बच्चों और किशोरियों और महिलाओं के साथ जागरूकता रैली का आयोजन कर समापन किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में आशा बहु मीना देवी, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता कमला देवी संस्था कॉर्डिनेटर मुकेश राव, कार्यकर्ता साथी दिलीप कुमार, हीरालाल, वसी अहमद श्रीश्याम, चंद्रकली, अंशिका यादव, वीरेंद्रसिंह शिवप्रकाश फूलपति आदि लोग मौजूद रहे।

# पुलिस अधीक्षक ने सुनी जनशिकायत



**लोकमित्र ब्यूरो**
**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी द्वारा पुलिस कार्यालय में जनसुनवाई की गयी। इस दौरान पुलिस कार्यालय में आने वाले फरियादियों की समस्याओं को सुना गया तथा उनकी समस्याओं के समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु संबन्धित को आवश्यक आदेश-निर्देश दिए गये।

# शिक्षा जगत के महान तपस्वीर स्वा0 इंद्रभान दादापाटील डांगे सर 'दादाजी' को भावपूर्ण अर्पित की गई श्रद्धांजलि

**लोकमित्र ब्यूरो**
**कौशाम्बी।** शिक्षा जगत के पुरोधा इंद्रभान दादापाटील डांगे सर 'दादाजी' का 27 अप्रैल, 2024, दिन शनिवार को अचानक निम्ना रक्तधचाप के कारण स्वंर्गवास हो गया। 28 अप्रैल, 2024 दिन रविवार को उनके कर्मभूमि राहाता एवं शैक्षणिक संस्थान के प्रागंण में उनके पार्थिव शरीर का अंतिम संस्कादर किया गया। आज शिक्षा जगत के पुरोधा प्रीतिसुधाजी इंटरनेशनल स्कूेल राहता महाराष्ट्र के संस्थायपक एवं पूर्व प्राचार्य स्व0 इंद्रभान दादापाटील डांगे सर 'दादाजी' कोभावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर महात्मीा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वतविद्यालय, वर्धा के क्षेत्रीय केंद्र, प्रयागराज के निदेशक प्रो.(डॉ.) दिगबंर तंगलवाड़ ने दादाजी को स्मटरण करते हुए कहा कि दादाजी विद्यार्थियों को उत्तदम संस्का सिखाने वाले चलते-फिरते विश्वलविद्यालय की भांति रहे। उन्होंने महाराष्ट्र में वारकरी सम्प्रदाय के प्रचार प्रसार में बड़ा



योगदान दिया और स्कूमल के बच्चोंा में शैक्षिक संस्कारों के साथ साथ धार्मिक संस्काकर भी विकसित करने के उद्देश्य से अपने संस्थासनों में निरंतर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन करते रहें। दादाजी हमारे बीच नहीं है पर उनकी बातें,उनके किस्से तथा उनकी यादें शेष हैं। दुनिया में बहुत लोग आते और जाते हैं पर कुछ लोग कुछ ऐसा कर जाते हैं कि उनको भूलपाना मुमकिन नहीं होता। दादा जी बच्चों से इतना स्नेसह करते थे कि बच्चेछ सब कुछ भूलकर बस दादाजी के ही हो जाते। दादाजी को पशु-पक्षियों से भी बहुत स्नेदह था। दादा जी भावपूर्ण श्रद्धाजंलि अर्पित करते हुए केशव माधव सेवा संस्थातन के सह-व्य वस्था पक डॉ0 अनूप कुमार ने कहा कि दादाजी सदैव समाज के लिए प्रेरणा स्रोत रहेंगे। यद्यपि दादाजी से मेरी भेंट आभासी माध्यवम से ही एक कार्यक्रम में हुई थी । लेकिन उनकी कर्मठता उनके चेहरे पर साफझलकती थी और अपनी इसी निष्ठाभ के बल पर उन्होंहने महाराष्ट्र में बीस से अधिक स्तीरीय विद्यालयों की स्थाझपना की। उनके गुरूकुल में भारत के अनेम राज्योंा से विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण करते हैं। 'कोई चलता पद्चिन्होंय पर कोई पद्चिन्ही बनाता है। पद चिन्हा बनाने वाला दुनिया में अक्सिर पूजा जाता है। हमारे परम् दादाजी सदैव पूज्यिनीय रहेंगे। इस कार्यक्रम के अवसर पर डॉ0 अनुप कुमार, जितेंद्र एडवोकेट, सेवानिवृत्तथ प्रधानाचार्य भानु प्रसाद तिवारी,संदीप मिश्र, डॉ. मानवेंद्र तिवारी, विवेक पाण्डेय, हिमांशु आदि लोग उपस्थित रहे।

# 1962 मोबाइल वेटरनरी यूनिट एम्बुलेंस जानवरों का कर रही इलाज



**लोकमित्र ब्यूरो**
**सरसवां, कौशाम्बी।** पशुओं के इलाज के लिए सरसवां ब्लाक के पशु अस्पताल में एंबुलेंस के प्रभारी डॉ अजय सिंह एमटीपी देवेंद्र पांडे सहयोगी विपिन सिंह, वेद प्रकाश सहित एंबुलेंस में चार लोग पूरे दिन पशुओं का इलाज करने में लगे हैं पशु इलाज में लगी एंबुलेंस टीम के कर्मचारी पूरे दिन गांव-गांव घूमकर पशुपालक के पशुओं का इलाज कर रहे हैं सरसवां ब्लाक की एम्बुलेंस मोबाइल वेटरिनरी यूनिट के जिम्मे सरसावा ब्लाक के 56 गांव है जब गांव में जानवर बीमार होता है तो पीड़ित के द्वारा जानवर बीमार की सूचना मिलने पर तत्काल टीम एंबुलेंस लेकर पहुंचते हैं और निशुल्क इलाज करते हैं बताया जाता है कि 1962 मोबाइल वेटरनरी यूनिट एम्बुलेंस दर्जनों गांव में प्रतिदिन पशुओं के इलाज के लिए पहुंच रही है महेवा घाट शाहपुर बैरागीपुर हिनौता बैरमपुर देवारी आदि गांव में टीम जांच करने के लिए पहुंचते हैं जिससे पशुपालकों को पशुओं के इलाज में सुविधा मिल रही हैं।

# हीट वेव और रोकथाम - जीवन की सुरक्षा में नए मानदंड




रवि शंकर द्विवेदी, डीपीआरओ कौशांबी

**कौशांबी।** विगत दिवसों में बढ़ते तापमान के कारण हीट वेव का प्रकोप उत्तर भारत एवं मध्य भारत में तेजी से बढ़ा है। आइये जानते हैं हीट वेव क्या है और उससे बचाव के लिए हमें क्या करना चाहिए।

हीट वेव एक सामान्य प्राकृतिक प्रक्रिया है जिसमें तापमान असामान्य रूप से उच्च हो जाता है, जिससे स्थानीय और समूह के स्तर पर समस्याएं पैदा हो सकती हैं। इसमें हवा में तापमान का अचानक और असामान्य रूप से बढ़ जाता है, जिससे जीवों के लिए स्वास्थ्य संकट उत्पन्न हो सकता है। यह घटना कई दिनों तक चल सकती है और उच्च तापमान के साथ अधिकतम चिंताजनक परिणाम होते हैं।जब वायुमंडल में ऊर्जा की चाल परिवर्तित होती है और धूप के कारण सतह पर तापमान बढ़ जाता है, तो ऐसी स्थिति हीट वेव के रूप में परिणाम देती है।हीट वेव का असामान्य बढ़ना कई कारणों से हो सकता है। पहले तो, जलवायु परिवर्तन के कारण धरती पर असामान्य उच्च तापमान के प्राकृतिक संघटक बढ़ रहे हैं। ग्लोबल वार्मिंग के कारण, जलवायु में बदलाव हो रहे हैं और इसका सीधा परिणाम है जलवायु परिवर्तन की स्थिति में तापमान में वृद्धि।दूसरे, ऊर्जा उत्पन्न करने की वाणिज्यिक गतिविधियों के कारण भी हीट वेव की घटना हो सकती है। इसमें उदाहरण के रूप में शहरों में उच्च अंतर्द्रावण के कारण तापमान की वृद्धि होती है जो हीट वेव का कारण बन सकती है।तीसरे, अनुपातिक विकास और शहरीकरण के कारण भी हीट वेव की घटना में वृद्धि देखी जा रही है। शहरी क्षेत्रों में बढ़ते वाहनों की संख्या, उद्योग और इन्फ्रास्ट्रक्चर की वृद्धि, वायु प्रदूषण, और बिल्डिंगों की बढ़ती संख्या आदि के कारण भी तापमान में वृद्धि देखी जा रही है।

इससे अनेकों समस्याओं का सामना करना पड़ता है जैसे कि दर्द, थकान, उबाऊपन, ज्वर, दिल की बीमारियाँ, लू, और त्वचा के अन्य संक्रमण। यह स्थिति विशेष रूप से बच्चों, बूढ़े और बीमार लोगों के लिए खतरनाक हो सकती है।

**हीट-वेव से बचाव-** हीट वेव के दौरान लोगों को धूप से बचना, पेट को ठंडा रखना, पानी का अधिक सेवन करना, ऊर्जा संरक्षण करना, खानपान को सावधानीपूर्वक चुनना, और साफ-सुथरा माहौल बनाए रखना चाहिए।इस समय यह विशेष ध्यान रखा जाना चाहिए कि अनावश्यक रूप से कड़ी धूप में बाहर न निकलें तथा ढीले ढाले सूती कपड़ों का प्रयोग किया जाए। धूप में सर को ढक कर निकलना चाहिए। पर्याप्त और नियमित अन्तराल पर पानी का सेवन अवश्य करना चाहिए। इसके अतिरिक्त नारियल का पानी, लस्सी, चावल का पानी, नीबू का पानी, छांछ, आदि का प्रयोग भी किया जा सकता है। उपलब्ध माध्यमों से स्थानीय मौसम एवं तापमान की जानकारी रखना चाहिए। कमजोरी, चक्कर आने या बीमार महसूस होने पर तुरन्त डाक्टर से सम्पर्क करें। अपने घर को ठंडा रखें, पर्दे आदि का प्रयोग करें । लू लगे व्यक्ति को छायादार ठण्डे स्थान पर पंखा/कूलर आदि के सामने लिटा कर समान्य करने का प्रयास करें। बच्चों एवं पालतू जानवरों को बिना निगरानी के पार्क की गयी कार में



अकेला नहीं छोड़ना चाहिए क्योंकि वाहन जल्दी गर्म होकर खतरनाक तापमान पैदा कर सकते है जो बच्चों के लिये घातक हो सकता है। भीषण गर्मी में दोपहर के समय अधिक श्रम वाली गतिविधियों से बचना चाहिए। साथ ही यह भी ध्यान रखना चाहिए कि ताजा एवं हल्का भोजन लें और बासी भोजन से दूरी बनाए रखें।इस प्रकार, हीट वेव की घटना का बढ़ना संकेतित करता है कि हमें जलवायु परिवर्तन, अस्तित्व की संरक्षा, और स्वास्थ्य संरक्षण के लिए सावधानी बरतनी चाहिए। हमें इस प्राकृतिक घटना के प्रति जागरूकता बढ़ानी चाहिए ताकि हम स्वास्थ्य संकटों से बच सकें और अपने जीवन को सुरक्षित बना सकें।

# कूड़े में लगी आग, मची अफरा तफरी

**बेनीराम कटरा, कौशाम्बी।** बेनी राम कटरा चौराहे पर गोमती के पीछे कूडे मे लगी आग को बुझा रहा है। बताया जाता है कि बेनी राम कटरा चौराहे पर सडक किनारे लगी गोमती के पीछे पडे कूडे करकटो के अँबार मे किसी ने आग लगा दी थी वही आग देख कर मौसम के तहत सूखे पडे हुए करकटो मे आग अपना रूप दिखाने लगी थी कि आस पास के लोगों मे हडकम्प मचने लगा था कि पास के घर से बालटी मे पानी मे भर कर बुझाने का परयास करने लगे और अन्त मे आग पर काबू पा कर लोगों ने राहत की साँस ली दूसरी ओर इसी तरह का नजारा मेयोहर गांव मे भी सडक किनारे लगे कूड़ा करकट का अँबार मे भी किसी ने चूल्हे का राख फेंक दिया था तथा उक्त कूडे से धुआं का गुबार उड रहा था इस पर आस पास के लोगों ने ध्यान देना मुनासिब नहीं समझा तथा यदि समय रहते इस पर लोग ध्यान नही देते तो लोगों को काफी परेशानियो का सामना करना पड़ता है।

# व्यय प्रेक्षक ने उड़न दस्ता टीम, स्थैतिक निगरानी टीम, वीडियो अवलोकन टीम, वीडियो सर्विलान्स टीम तथा व्यय अनुवीक्षण टीम के प्रभारी/सदस्यों के साथ की बैठक



**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को निष्पक्ष, पारदर्शी व शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिये निर्वाचन आयोग द्वारा द्वारा नियुक्त माननीय व्यय प्रेक्षक सुब्रत धर (आई0आर0एस0) ने आज विकास भवन सभागार में अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) त्रिभुवन विश्वकर्मा, अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी दुर्गेश कुमार सिंह, वरिष्ठ कोषाधिकारी अनामिका सिंह के साथ निर्वाचन को लेकर गठित उड़न दस्ता टीम, स्थैतिक निगरानी टीम, वीडियो अवलोकन टीम, वीडियो सर्विलान्स टीम तथा व्यय अनुवीक्षण टीम के सदस्यों के साथ बैठक कर अब तक किये गये कार्यो की जानकारी ली एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिये। बैठक में व्यय प्रेक्षक ने अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी को निर्देशित किया कि जनपद प्रतापगढ़ से सटे जो बार्डर वहां पर वैरीकेडिंग, चेकिंग प्वाइन्ट बनाकर आने जाने वाहनों की गहनता से चेकिंग करायी जाये, उड़नदस्ता टीमें क्षेत्रों में भ्रमण कर आकस्मिक वाहनों की जांच करायी जाये, चेकिंग के दौरान नकदी, शराब, पैसा, आभूषण तथा अन्य सामग्री पाये जाने पर निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन के अनुसार कार्य करें। उन्होने कहा कि जिस टीम को जिस प्वाइन्ट पर लगाया है वह टीम वहां पर उपस्थित रहे। हमारे द्वारा भी समय-समय पर चेकिंग प्वाइन्ट का निरीक्षण किया जायेगा। उन्होने सहायक व्यय प्रेक्षक को निर्देशित किया कि अपने अपने क्षेत्रों के अन्तर्गत प्रत्याशियों द्वारा किये जा रहे खर्च को लेखा जोखा रखा जाये। बैठक में अपर जिलाधिकारी ने व्यय प्रेक्षक का आभार व्यक्त किया और कहा कि आपके द्वारा जो भी निर्देश दिये गये है

उसके सम्बन्ध में अधिकारियों अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित कराया जायेगा। बैठक जिला आयकर अधिकारी, उपायुक्त जी0एस0टी0, जिला आबकारी अधिकारी, लीड बैंक मैनेजर व अन्य सम्बन्धित उपस्थित रहे।

## जिला निर्वाचन अधिकारी ने ईवीएम वेयरहाउस का किया निरीक्षण



**प्रतापगढ़।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को सकुशल, निष्पक्ष, शान्तिपूर्ण, पारदर्शी ढंग से सम्पन्न कराने हेतु जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी संजीव रंजन, मुख्य विकास अधिकारी नवनीत सेहारा, अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) त्रिभुवन विश्वकर्मा ने संयुक्त रूप से पूरेकेशवराय गायघाट स्थित ईवीएम वेयर हाउस का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान ईवीएम प्रभारी सुजीत कुमार राय ने बताया कि ईवीएम और वीवीपैट का पहला रेंडमाइजेशन का कार्य पूर्ण कर लिया गया है एवं सभी विधानसभावार ईवीएम एवं वीवीपैट मशीनों को आवंटित कर दिया गया है। जिलाधिकारी ने सुव्यवस्थित ढंग से रखे गये ईवीएम एवं वीवीपैट का अवलोकन किया। उन्होने सुरक्षा कर्मियों को ईवीएम वेयरहाउस की कड़ी निगरानी करने हेतु निर्देशित किया।

# खाकी की दबंगई के चलते पट्टाधारक को, नही मिल रहा कब्जा

**पट्टाधारक को नही मिला कब्जा, न्याय के लिए दर-दर भटक रहा पीड़ित**

**पीड़ित ने मुख्यमंत्री से की फरियाद, लगाई न्याय की गुहार**

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लीलापुर-प्रतापगढ़** । योगीराज में पट्टाधारक को खाकी की सरहंगई के चलते न्याय नही मिल पा रहा है। पीड़ित लगातार शिकायती प्रार्थना पत्र के जरिए पट्टे की भूमि पर कब्जा पाने की कोशिश में लगा है, लेकिन शिकायती प्रार्थना पत्र के निस्तारण में पीड़ित को ही गलत ठहराया जा रहा है।जिस कारण पीड़ित मानसिक रुप से परेशान हो चला है। स्थानीय थाना लीलापुर क्षेत्र के सगरासुंदरपुर बाजार (पहाड़पुर मोड़ के पास) में स्थित नवीन परती गाटा संख्या 585 मे सगरासुंदरपुर निवासी मदनलाल जायसवाल पुत्र मिश्रीलाल जायसवाल को सन् 2013 में ग्राम पंचायत के प्रस्ताव पर राजस्व विभाग ने 19 धूर भूमि आवासीय पट्टा हेतु आवंटित किया। मदनलाल ने कई बार आवास निर्माण की कोशिश की, किंतु अन्य हिस्सेदारों के विवाद करने के कारण आवास का निर्माण नही हो सका। सन 2023 में गाटा संख्या 585 में ही राजस्व विभाग ने चार विस्वा भूमि पुलिस चौकी के निर्माण के लिए आवंटित कर दिया। लीलापुर थाने के पुलिस कर्मी जब पुलिस चौकी का निर्माण कराने लगे तो पट्टाधारक मदनलाल जायसवाल के पुत्र आशुतोष जायसवाल ने पट्टे की भूमि को पैमाइश कर अलग करने के लिए उपजिलाधिकारी लालगंज से मांग की, लेकिन पैमाइश होने के बाद भी पट्टाधारक को भूमि पर कब्जा नही मिला। पुलिस चौकी का निर्माण धड़ल्ले से हो रहा है और पीड़ित का पुत्र न्याय की आस में उच्चाधिकारियों के यहां न्याय के लिए चक्कर लगा रहा है।पट्टाधारक के पुत्र आशुतोष जायसवाल का आरोप है कि पुलिस अधीक्षक से मुलाकात कर न्याय की उम्मीद जताई, लेकिन कोई सुनवाई नही हुई। आशुतोष के मुताबिक उक्त गाटा संख्या में भूमि अवशेष है, किन्तु पुलिस कहती है कि यह सब भूमि पुलिस चौकी की है।पुलिस महकमें के रवैये से पीड़ित को न्याय मिलने की उम्मीद नही रह गयी है। आशुतोष का कहना है कि राजस्व विभाग भी पुलिस की मदद कर रहा है। आशुतोष के अनुसार उसके पिता भूमिहीन है।सात फिट के चौड़े मकान में पूरा परिवार गुज़र बसर कर रहा है। पीड़ित का कहना है कि भाजपा की योगी सरकार में पुलिस महकमा मनमानी कर रहा है और गरीब की भूमि हथियाने का प्रयास किया गया है। पीड़ित ने मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी से शिकायत कर न्याय की उम्मीद जतायी है। फिलहाल अब देखना है कि पीड़ित को पट्टे की भूमि पर कब्जा मिल पाता है या खाकी के भय से पीड़ित को चुप्पी साध लेनी होगी।

## घर में घुसकर किशोरी से हुई छेडछाड में आरोपी पर केस दर्ज

**लालगंज, प्रतापगढ़।** किशोरी से छेडछाड के आरोप में पडोसी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है। लालगंज कोतवाली के बबुरी सराय जानमती निवासी एक महिला ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती इक्कीस अप्रैल को गांव के जीशान पुत्र जमील ने उसकी सोलह वर्षीया पुत्री के साथ घर में घुसकर छेडछाड की। आरोपी ने किशोरी का जबरन कपड़ा उतारने का भी प्रयास किया। प्रभारी निरीक्षक अवन दीक्षित ने बताया कि शिकायत पर केस दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

# धूमधाम संग मना सम्राट पृथ्वीराज चौहान का जन्मोत्सव



**लोकमित्र ब्यूरो**

**रानीगंज/प्रतापगढ़**-शब्द भेदी बाण के ज्ञाता अंतिम हिन्दू क्षत्रिय कुल भूषण सम्राट पृथ्वीराज चौहान अपने देश हिंदुस्तान की सुरक्षा सम्मान के लिए विदेशी आक्रमण कारियों के जुल्म अत्याचार से विरुद्ध जीवन पर्यन्त तक मोहम्मद गोरी जैसे विदेशी आत्ताइयों से लड़ते हुए अपने प्राणों को न्योछावर कर दिए।उक्त बातें समाजसेवी लव सिंह गहलौत एडवोकेट ने के पी सिंह हाई स्कूल कसेरुआ (चौवनगढ़)में अंतिम हिंदू क्षत्रिय कुल भूषण सम्राट पृथ्वीराज चौहान के जयंती समारोह पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कही। श्री गहलौत ने आगे कहा कि अब देश की सुरक्षा व सम्मान के लिए कलम और तलवार दोनों की जरूरत है। ऐसे महान देश भक्त प्रजा रक्षक और महान योद्धा को देश के प्रत्येक व्यक्ति को ,सरकार को,और हर धर्म के लोगों को सम्राट पृथ्वीराज चौहान को श्रद्धाभाव से याद करना चाहिए और उनके पद चिन्हों पर चलना चाहिए।कार्यक्रम की शुरुआत सम्राट पृथ्वीराज चौहान की मूर्ति पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित करके किया गया। कार्यक्रम में विजय सिंह वत्स, पूर्व जिला पंचायत सदस्य लल्लन सिंह परिहार, डा0 गुलाब सिंह परिहार, सचिन सिंह, नवाब सिंह, बंकालाल सिंह, अमरनाथ पटेल, शिव प्रसाद पटेल, नन्हेंलाल श्रीवास्तव, जगनारायन सिंह, बीपी सिंह, जबर सिंह, दिनेश सिंह, भीम सिंह, पप्पू सिंह, बेचन सिंह, छोटे सिंह, अध्यापक रामआसरे मिश्र, कुश सिंह, सुमन सिंह, एपी सिंह और विद्यालय के सैकड़ों विद्यार्थी मौजूद रहे और श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

## अपना दल एस की बैठक आज

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** अपना दल एस की संगठनात्मक बैठक कमफार्ड इन होटल प्रताप वाशनी पैलेस निकट कटरा चौराहा सांसद कार्यालय के निकट आगामी 1 मई को शाम पांच बजे आयोजित होगी।बैठक में जनपद के सभी राष्ट्रीय, प्रदेश, जिला, विधान सभा, जोन, सेक्टर, बूथ और विंगो से सभी पदाधिकारी और अपना दल एस के सभी सक्रीय सदस्य और कार्यकर्ता साथियों की उपस्थिति प्रार्थनीय है । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आशीष पटेल कैबिनेट मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार और लोक सभा प्रभारी दुर्गा प्रसाद पटेल प्रदेश सचिव अपना दल एस और एनडीए प्रत्याशी सांसद संगम लाल गुप्ता और अपना दल एस जिला अध्यक्ष बृजेश पटेल जी रहेंगे। यह जानकारी जिला मीडिया सचिन अरविंद कुमार मौर्य ने दी।

# इग्नू परिचय सभा का हुआ आयोजन

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** एमडीपीजी कॉलेज स्थित इग्नू अध्ययन केंद्र प्रतापगढ़ द्वारा आज एक इंडक्शन मीटिंग का आयोजन किया गया। इस सभा के मुख्य अतिथि एमडीपीजी कॉलेज के प्राचार्य प्रोफ़ेसर मनोज मिश्र एवं विशिष्ठ अतिथि के तौर पर प्रोफ़ेसर किरण मिश्रा और प्रोफ़ेसर राधाकृष्ण दूबे उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया।मुख्य अतिथि प्रोफ़ेसर मनोज मिश्र ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान में इग्नू के अन्तर्गत 250 पाठ्यक्रम संचालित हो रहे हैं और 30 लाख से भी अधिक विद्यार्थी अध्ययनरत हैं। उन्होंने बताया कि इग्नू के माध्यम से विद्यार्थी रोज़गारपरक शिक्षा में संलग्न हो सकते हैं। प्रो किरण मिश्रा ने कहा कि इग्नू को देश का सर्वोच्च नैक ए प्लस प्लस ग्रेड प्राप्त है और इसकी गुणवत्ता की वजह से विभिन्न परीक्षाओं की तैयारी करने वाले विद्यार्थी इग्नू अध्ययन



सामग्री द्वारा अध्ययन करते हैं। प्रो राधाकृष्ण दुबे ने नई शिक्षा नीति में इग्नू की महत्ता के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि दूरस्थ माध्यम से शिक्षा देने में इग्नू ने विश्व में पहला स्थान प्राप्त किया है। ज्ञान दर्शन, ज्ञान वाणी और स्वयंप्रभा चैनलों के माध्यम से इग्नू देश के कोने कोने तक शिक्षा का दीप जला रहा है।इग्नू प्रतापगढ़ के समन्वयक डॉ अभिषेक सिंह ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि इग्नू एक केंद्रीय विश्वविद्यालय है, जो न केवल भारत में बल्कि भारत के बाहर भी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करता है। प्रतापगढ़ अध्ययन केंद्र पर वर्तमान में 40 से अधिक कोर्स मौजूद हैं जिनमें किसी भी उम्र का व्यक्ति प्रवेश ले सकता है। उन्होंने प्रवेश लिए छात्रों को इग्नू के असाइनमेंट, एग्जाम, डिजिटल लाइब्रेरी, स्कालरशिप और प्लेसमेंट के बारे में विस्तारपूर्वक बताया। इग्नू के शिक्षा शास्त्र के काउन्सलर डा संजय कुमार दुबे ने इग्नू के परीक्षा प्रणाली और असाइनमेंट लिखने के तरीको को बताया। उन्होंने छात्रों से इग्नू के साथ अपने अनुभव को साझा किया। काउन्सलर डॉ छवि नारायण पांडेय ने इग्नू के शिक्षार्थियों को विभिन्न पीजी, यूजी, पीजी डिप्लोमा, डिप्लोमा और सर्टिफिकेट कोर्स के बारे में जानकारी दी। उन्होंने इग्नू के रोज़गार परक कोर्स के महत्व को साझा किया। अंत में समन्वयक द्वारा सभी प्रवेशार्थियों के प्रश्नों का निदान किया गया। सभा का संचालन इग्नू छात्रा दीक्षा जैन ने किया। सभा में काउन्सेलर डा शैलेश पांडेय, डा अरुण कुमार मिश्र, सुश्री कोमल मिश्रा, हिफ्ज़ा अंसारी, विजय पांडेय, रोहन सिंह, अयूब ख़ान उपस्थित रहे।

# एम एम डी पब्लिक स्कूल का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कुंडा प्रतापगढ़।**मंगलवार को कुंडा के कोटिला अख्तियारी स्थित एम एम डी पब्लिक स्कूल ने वार्षिक परीक्षा का परिणाम घोषित कर बच्चों को आशीर्वाद और सम्मान से नवाजा। इस अवसर पर बच्चों ने अपने परिणाम पत्रों के अतिरिक्त विद्यालय प्रबंधन द्वारा बच्चों को प्रदान किए गए मेडल्स को गर्व से गले में धारण किए। समारोह में, विद्यालय के प्रमुख प्रबंधक बीना रानी और भूतपूर्व चेयरमैन आई आर एस मोहन लाल सर ने सभी छात्रों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। समारोह में शिक्षकों को अभिभावकों का भरपूर सहयोग भी मिला,जो बच्चों की सफलता में महत्वपूर्ण योगदान करते हैं।विद्यालय में प्रधानाचार्य शुभांक्षा जोशी , उप प्रधानाचार्य विपिन यादव , अमित पांडे , अजय शुक्ला , आशुतोष मिश्र , अनुज ओझा , गोविंद सर , और हिमांशु सर आदि मौजूद रहे, जिन्होंने बच्चो को आशीर्वाद दिया कि विद्यालय के सभी मेधावी छात्र/ छात्रा ऐसे ही हर कदम पर सफलता को चूमते रहें और अपने माता पिता और विद्यालय का नाम इसी तरह रोशन करते रहें।

# रूक्मणी विवाह व सुदामा चरित्र की कथा सुनकर भाव विभोर हुए श्रद्धालु

## लालगंज के अझारा वार्ड में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में जुटी भीड़

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** नगर पंचायत के अझारा वार्ड में हो रही श्रीमदभागवत कथा में मंगलवार को रूक्मणी विवाह की कथा सुनकर श्रद्धालु भावविभोर दिखे। कथाव्यास आचार्य करूणाशंकर दुबे ने कहा कि विदर्भ के राजा भीष्मक के घर रूक्मणी का जन्म हुआ। बाल्यावस्था से ही भगवान श्रीकृष्ण को सच्चे हृदय से रूक्मणी पति के रूप में चाहती थी लेकिन उसका भाई रूक्मणी का विवाह शिशुपाल के साथ करना चाहता था। यह जानकर रूक्मणी को बड़ा दुख हुआ। कथाव्यास ने कहा कि इसकी जानकारी जब प्रभु श्रीकृष्ण को हुई तो उन्होनें रूक्मणी का हरण कर लिया। बाद में रूक्मणी के पिता ने रीतिरिवाज के साथ दोनों का विवाह किया। इससे पहले कथाव्यास करूणाशंकर दुबे ने सुदामा चरित्र प्रसंग पर श्रद्धालुओं को समझाया। उन्होनें कहा कि मित्रता धन व बल नहीं देखती। यह वह रिश्ता है जो एक दूसरे के अर्न्तमन से मजबूत



होता है। कथा के दौरान यज्ञाचार्य पं. शिवानंद मिश्र ने भागवत कथा की महत्ता बताते हुए श्रद्धालुओं से कहा कि इस कथा के श्रवण मात्र से मनुष्य सभी प्रकार के पापों से मुक्त हो जाया करता है। मुख्य यजमान प्रवीण मिश्र व किरन मिश्र ने व्यासपीठ का पूजन किया। श्रवण कुमार मिश्र व अर्चना मिश्र ने रोली चंदन से कथाव्यास का अभिषेक किया। इस मौके पर देवानंद मिश्र, अटल बिहारी मिश्र, आनन्द मिश्र, श्रीश पाण्डेय, हरिशंकर मिश्र, दुर्गा प्रसाद त्रिपाठी, विशालमूर्ति मिश्र, रामअभिलाष, मोहन मुरारी मिश्र, शैलेन्द्र शुक्ल, शिवम मिश्र, सत्यम मिश्र, अभिनव आदि मौजूद रहे।


## मुखबिर की सूचना पर हत्या के प्रयास का आरोपी धराया, गया जेल

**लालगंज, प्रतापगढ़।** सांगीपुर पुलिस ने हत्या के प्रयास के मामले मे वांछित चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। उप निरीक्षक मुसाफिर यादव मंगलवार को गश्त पर निकले थे। इस दौरान मुखबिर ने सूचना देकर बताया कि सांगीपुर के कटरा तिराहे के पास हत्या के प्रयास के मामले मे वांछित चल रहा आरोपी मौजूद है। सूचना पर पुलिस ने घेराबंदी कर उसे धर दबोचा। पूछताछ मे आरोपी की पहचान मानवेंद्र सिंह उर्फ मिंटू पुत्र अवधेश सिंह निवासी पूरे नंदावैस राजमतीपुर के रूप में हुई। सांगीपुर थानाध्यक्ष मनीष कुमार ने बताया कि आरोपी हत्या के प्रयास के एक मामले में वांछित चल रहा था। पुलिस टीम ने गिरफ्तार कर उसे जेल भेज दिया।

# युवक अपने ही भूमिधरी जमीन में नहीं बनाने पा रहा मकान

**लोकमित्र ब्यूरो**

**कुंडा प्रतापगढ़।** बेंती निवासी राजकुमार पुत्र शिवरतन ने वर्ष 2022 में कुंडा क्षेत्र के रजनपुर में एक प्लाट गाटा संख्या 948 घ 20/40 वर्ग फिट का बैनामा निसार अहमद पुत्र मोहम्मद अहमद से लिया था। बैनामा का दाखिल खारिज भी हो चुकी है । खसरा खतौनी में नाम दर्ज होने के बाद भी पीड़ित मकान नहीं बना पा रहा है। वह न्याय को लेकर दर दर की ठोकरे खाने को मजबूर हैं। मंगलवार को पीड़ित राजकुमार ने उप जिलाधिकारी कुंडा को प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि महमूद अली पुत्र अली, तनवीर मिल्की, निवासी ताज पुर सरियावा कान्ती देवी निवासी रजनपुर अपने अन्य सहयोगियों की मदद से दबंगई दिखाते हुए हल्का लेखपाल राजस्व कर्मचारियों को मिलाकर जबरन पीड़ित राजकुमार का मकान निर्माण कार्य रोक रहे हैं। मना करने पर गालियां व जान से मार डालने की



धमकी दे रहे है। जबकि पीड़ित राजकुमार का कहना है कि चौहद्दी सुदा बैनामा सुदा दाखिल खारिज सुदा भूमि पर निर्माण कार्य किया जा रहा है। जिसके सम्बन्ध में किसी भी न्यायालय में स्थगनादेश पारित नहीं है। उप जिलाधिकारी ने मामले को संज्ञान में लेते हुए कोतवाल कुंडा को बैनामा सुदा भूमि पर अवैध हस्तक्षेप रोके जाने के लिए निर्देश दिए हैं।

# धूमधाम संग मना हजरत गालिब शहीद शाह बाबा का सालाना उर्स

## अकीददमंदो ने चादरपोसी कर मांगी दुआएं



**लोकमित्र ब्यूरो**

**देल्हूपुर प्रतापगढ़** -हर वर्ष की भलिभांति इस वर्ष भी रानीगंज क्षेत्र के मुआर आधारगंज गांव में स्थित दरगाह हजरत गालिब शहीद शाह रहमतुल्ला का 75वा सालाना उर्स सोमवार की देर शाम बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। स्थानीय तथा दूर-दराज से आए जायरीनों ने बाबा के मजार पर चादरपोशी व गुलपोशी कर मुल्क में अमन की दुआख्वानी की। उर्स मुबारक के मौके पर पहुंचे जायरीनों ने चल रहे लंगर में बाबा का प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर बाबा की शान में आयोजित कव्वाली का भी जायरीनों ने भरपूर लुत्फ उठाया। मजार के मुजावर पप्पू बाबा ने बताया कि हर साल होने वाले बाबा के उर्स मुबारक के मौके पर क्षेत्र ही नहीं बल्कि आसपास के जिलों के जायरीनों की भीड़ लगती है। उर्ष को सफल बनाने में हाजी ननकु, मंसूर अली, मासूक अली,सबलू, नफीस अहमद, तफज्जुल हुसैन, शेर अली, सुल्तान, काजी आदिल, रसीद अहमद,समीर अहमद,अब्दुल कय्यूम, ईमाम सिद्दीकी सहित आदि लोगों का योगदान रहा।

# पुलिस के लिए राजनीतिक पार्टियों द्वारा दीवारों में की गई वाल पेंटिंग बनी सरदर्द



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कुंडा प्रतापगढ़।** बाबागंज विधानसभा क्षेत्र में दीवालों पर पार्टी के द्वारा प्रचार संबंधित लेख को मिटाने का कार्य लगातार अभी भी चल रहा है। आचार संहिता लागू होते ही राजनीतिक बैनर पोस्टर दीवारों पर वाल पेंटिंग्स को मिटाने का कार्य जोरशोर से प्रारम्भ किया गया। बैनर पोस्टरों से ढके चौक चौराहे से हटा कर रौनक प्रदान की गई, परन्तु चुनाव महज 20 दिन रह गया है परन्तु दिवालों पर वाल पेंटिंग की शिकायत अभी भी प्राप्त हो रही। जिसका निस्तारण महेशगंज पुलिस व उड़नदस्ते की टीम के लिए सरदर्द बना हुआ है।

# बुनियादी बच्चों में किताबी ज्ञान के साथ-साथ सामाजिकता भी जरूरी

## उच्च प्राथमिक विद्यालय मरुआन में समाजसेवी ने बांटा बैग



**लोकमित्र ब्यूरो**

**रखहा, प्रतापगढ़ ।** आज की आज की बुनियादी शिक्षा में बच्चों में किताबी ज्ञान होने के साथ-साथ उनमें सामाजिकता का कभी ज्ञान होना जरूरी है तभी यह बच्चे समाज में कुछ कर सकते हैं ।यह बातें बेलखरनाथ धाम के उच्च प्राथमिक विद्यालय मरुआन में गांव के समाजसेवी दीपक सिंह ने बच्चों के बीच कहीं । उन्होंने कहा कि कभी इस विद्यालय मेंने भी शिक्षा पाई है, किंतु आज की शिक्षा में यह अंतर नजर आ रहा है कि बच्चे किताबी ज्ञान प्राप्त करने के साथ-साथ समाज के बारे में भी सोचते रहते हैं । इस मौके पर समाजसेवी दीपक सिंह ने विद्यालय के कक्षा 1 से 8 तक के 185 बच्चों को बैग कॉपी तथा पेंसिल वितरित किया ।इस दौरान प्रधानाध्यापक कौशलेंद्र कुमार, सहायक अध्यापक धर्मेंद्र कुमार, शेराब अहमद अंसारी, मनीषा मिश्रा, रश्मि मिश्रा, अर्पणा मिश्रा, तस्नीम फातिमा, आभा खंडेलवाल मौजूद रहे ।

# तेज रफ्तार डंपर की टक्कर से प्रधान प्रतिनिधि का भाई जख्मी , चचेरे भाई की मौत

**लोकमित्र ब्यूरो**
**सिराथू, कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के सिराथू कस्बे में स्थित रेलवे ओवरब्रिज पर बीती रात तेज रफ्तार डंपर की टक्कर से बाइक सवार प्रधान प्रतिनिधि का भाई जख्मी हो गया व चचेरे भाई की मौत हो गई , घटना की जानकारी पर पहुंची पुलिस ने घायल को अस्पताल में भर्ती करा औपचारिकता पूरी कर मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा एवं ग्राम प्रधान प्रतिनिधि की तहरीर पर डंपर को कब्जे में लेते हुए चालक के विरुद्ध केस दर्ज कर कार्यवाही में जुट गई है ।हादसे की खबर पर घर में कोहराम मच गया।

सैनी कोतवाली क्षेत्र के थुलगुला का मजरा चक जमीन महजूबा काजीपुर निवासी संतोष कुमार पुत्र स्व राम खेलावन 32 वर्ष अपने चचेरे भाई सर्वेश कुमार पुत्र राम भजन 25 वर्ष के साथ सोमवार की रात लगभग दस बजे बाइक से सिराथू कस्बे गया था ।

युवक सिराथू से बाइक से वापस घर लौट रहा था जैसे ही वह कोतवाली क्षेत्र के सिराथू कस्बे में स्थित रेलवे ओवरब्रिज के पास पहुंचा तभी तेज रफ्तार डंपर ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दिया हादसे में बाइक सवार दोनो लोग गिर गए इस दौरान बाइक चालक संतोष कुमार गंभीर रूप से जख्मी हो गया और पीछे बैठे सर्वेश कुमार की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई । हादसे की खबर पर पहुंची पुलिस ने घायल को सिराथू के सरकारी अस्पताल ले गए जहां चिकित्सको ने सर्वेश को मृत घोषित कर संतोष को रेफर कर दिया । हादसे की खबर पर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि लवलेश कुमार ने मामले की तहरीर पुलिस को दी जिसके बाद पुलिस ने औपचारिकता पूरी कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज डंपर को कब्जे में लेते हुए चालक के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर कार्यवाही में जुट गई है। वही हादसे वाले घर में रोना पीटना मच गया।

## बाईक सवार ने महिला से अभद्रता कर दी जान से मारने की धमकी

**सिराथू, कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली एक महिला ने एक बाइक सवार युवक पर अभद्रता व जान से मारने की धमकी का आरोप लगाते हुए मामले की शिकायत पुलिस से करते हुए कार्यवाही की मांग की है।सैनी कोतवाली क्षेत्र के लुकीया गांव की रहने वाली सोनम पत्नी महेंद्र सिंह ने मंगलवार को सैनी पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया की दोपहर को वह डोरमा में स्थित बैंक से वापस घर लौट रही थी । महिला की आरोप है की जैसे ही वह गांव के पास पहुंची तभी एक बाइक सवार बदनीयती से उसको टक्कर मार दिया जिसके बाद महिला गिर गई और विरोध किया तो युवक गाली गलौच करते हुए अभद्रता करने लगा

# धार्मिक स्थल पर लगा आरो प्लांट फांक रहा धूल



**लोकमित्र ब्यूरो**
**सैनी, कौशाम्बी।** शक्तिपीठ कड़ा धाम में स्थित शीतला धाम मंदिर से हजारों लोगों की आस्था जुड़ी है। देवी मां के पूजन व दर्शन के लिए यहां पर भक्तों का आना-जाना लगा रहता है। श्रद्धालुओं को शुद्ध पानी मिले, इसके मद्देनजर पर्यटन विभाग की ओर से लगभग 7 साल पहले आरओ प्लांट लगाया गया था। छह माह बाद ही आरओ प्लांट खराब हो गया है। शिकायत के बाद भी आरओ प्लांट को ठीक नहीं कराया गया है। जिसकी वजह से आने वाले श्रद्धालुओं व स्थानीय लोगों को शुद्ध पानी नहीं मिल पा रहा है। 51 शक्तिपीठों में से एक धार्मिक नगरी कड़ाधाम मां शीतला का धाम है। यहां पर पहुंचने वाले भक्तों व स्थानीय लोगों को शुद्ध पेय जल की आपूर्ति के लिए मंदिर के कपाट के पास पर्यटन विभाग की ओर से 7 वर्ष पूर्व आरओ प्लांट लगाया गया। इसमें पांच लाख रुपये खर्च भी हुए थे। आरओ प्लांट से लगने के बाद मंदिर में आने वाले भक्तों व स्थानीय लोगों को स्वच्छ पानी मिलता था। कड़ाधाम के पिंटू कुमार, शंभू व अमन पंडा का कहना कि आरओ प्लांट लगाने के छह महीने के बाद लगा प्लांट खराब हो गया, जिसकी वजह से आपूर्ति बंद हो गई। इसकी शिकायत पर्यटन विभाग व नगर पंचायत प्रशासन से की , लेकिन इस ओर ध्यान नहीं दिया गया है। विभागीय लापरवाही से लाखों रुपये की परियोजना धूल फांक रही है। धाम पहुंचे लोगों को पीने के लिए शुद्ध पानी नहीं मिल पा रहा है। मां शीतला के दर्शन के लिए हजारों श्रद्धालु रोजाना धाम पहुंचते हैं। आरओ प्लांट खराब होने से धाम में आने वाले श्रद्धालुओं को शुद्ध पानी नहीं मिल पा रहा है।

# जानकीपुर में शत प्रतिशत उपस्थित रहने वाले बच्चे होंगे पुरस्कृत



**लोकमित्र ब्यूरो**
**सिराथू, कौशाम्बी।** विकास खंड सिराथू के जानकीपुर में स्थित प्राथमिक विद्यालय में शिक्षिका शालिनी सिंह ने बच्चों की उपस्थिति के लिए एक नवाचार के प्रयोग की शुरुआत की है। जिससे बच्चों की स्कूल में उपस्थित बढ़ सके। कक्षा चार की कक्षाध्यापक होने के नाते उन्होंने माह अप्रैल के अंतिम दिवस पर इस माह पूरे दिन स्कूल में उपस्थिति रहने वाले छात्र विख्यात को उपस्थिति पुरस्कार के रूप में एक पेन और ई सर्टिफिक्रेट दिया गया। विख्यात को अटेंडेंस अवार्ड पाता देख स्कूल के अन्य बच्चे भी बोले की अब हम भी प्रतिदिन स्कूल आएंगे। शिक्षिका शालिनी सिंह ने बताया की यह हमने एक नया नवाचार किया है। इसमें जो छात्र या छात्रा पूरे माह स्कूल में उपस्थित रहेगा और आवश्यक कार्य पड़ने पर स्कूल न आने पर प्रार्थना पत्र के माध्यम से सूचना देगा। उसे माह के अंतिम दिवस पर अटेंडेंस अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा। यह छोटा सा प्रयास किया जा रहा है जिससे स्कूल में बच्चों की उपस्थित शत प्रतिशत हो सके।

# कादिलपुर स्कूल के छात्र छात्राओं ने निकाला मतदाता जागरूकता रैली




**लोकमित्र ब्यूरो**
**कसेंदा, कौशाम्बी।** प्राथमिक विद्यालय कादिलपुर के छात्र-छात्राओं ने मंगलवार को मतदाता जागरूकता को लेकर रैली निकाली। रैली विद्यालय परिसर से निकाली गई जो गांव के कई मुहल्लों से होते हुए विद्यालय परिसर पहुंची। इस दौरान छात्र-छात्राएं हाथों में वोट देने की अपील की तख्तियां लेकर चल रहे थे। जिसमें पहले मतदान फिर जलपान, चाहे नर हो या नारी मतदान सब की जिम्मेवारी, वोट डालने जाना है अपना फर्ज निभाना है, सत्य और ईमान से सरकार बनाएंगे मतदान से, अब जागो प्यारे, मतदाता वोट हमारा अधिकार, कभी ना करें इसका बहिष्कार जैसी स्लोगन लिखा था। अध्यापिका श्रीमती कृष्णा देवी ने कहा कि भारत एक मजबूत लोकतांत्रिक देश है। भारत के नागरिकों को शत प्रतिशत मतदान देकर एक सशक्त सरकार का निर्माण करने में अहम भूमिका निभाना चाहिए। देश के हर नागरिक जिनकी उम्र 18 वर्ष या उससे अधिक हो गया हो वे सभी 25 मई को अपना मतदान जरूर करें। मतदाता जागरूकता को लेकर रैली सहायक अध्यापिका मो.रेशाल सिद्दीकी, भावना श्रीवास्तव, वैशाली कुमारी, प्रियंका सिंह और बिलकिस फात्मा आदि सभी लोग मौजूद रहे।

## छत पर चढ़कर गलत हरकत करने के विरोध पर युवक को दी धमकी

**चायल, कौशाम्बी।** पिपरी कोतवाली क्षेत्र के निजामपुर पुरैनी गांव में मंगलवार की सुबह एक युवक ने पड़ोसी के छत पर चढ़कर गंदी हरकतें की। विरोध करने पर उसने मकान मालिक को मारपीट की धमकी दी। पीड़ित ने पुलिस चौकी जाकर युवक के खिलाफ मामले की तहरीर दी। तहरीर पाकर पुलिस शिकायत की जांच में जुट गई है।पुलिस चौकी चायल क्षेत्र के निजामपुर पुरैनी गांव निवासी रामबरन पुत्र कल्लू के अनुसार मंगलवार की सुबह उसके छत पर चढ़कर एक युवक ने पेशाब करने के साथ-साथ गलत हरकतें की। यह देखकर उसके होश उड़ गए। उसने युवक को ऐसा करने से मना किया। आरोप है कि विरोध करने पर युवक गाली गलौज कर उसके साथ मारपीट पर आमादा हो गया।

## शेफर्ड टाइगर फोर्स कौशाम्बी के तत्वाधान पाल समाज की हुई बैठक



**लोकमित्र ब्यूरो**
**कौशाम्बी।** आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर शेफर्ड टाइगर फोर्स कौशांबी के तत्वाधान में पाल समाज की एक बहुत बड़ी बैठक समाजसेवी पाल समाज के अगुवा बलराम पाल जी के आवास में हुई बैठक का मुख्य उद्देश्य लोकसभा चुनाव में जो पार्टी पाल समाज का सम्मान करेगी पाल समाज को भागीदारी देगी पाल समाज के साथ हर सुख दुख में खड़ी रहेगी कौशांबी का पाल समाज उस पार्टी को वोट और सपोर्ट तन मन से करेगा। आज की बैठक में मुख्य रूप से रमेश पाल पूर्व प्रधान भैया लाल पाल, वेद प्रकाश पाल, बलराम पाल, डॉक्टर सुनील पाल , बिंदेश्वरी पाल , श्याम सिंह पाल, दिनेश पाल, अनिल पाल, विष्णु पाल, रामप्रकाश पाल, विजयपाल, मनीष पाल, अजय पाल, एडवोकेट धर्मेंद्र पाल, धर्मराज पाल, हरिश्चंद्र पाल, मानसिंह पाल, उमेश पाल, शिवपूजन पाल, बच्चन पाल, लालता पाल रामचंद्र पाल, कार्यक्रम संचालक एडवोकेट सचिन पाल जी सहित सैकड़ो पाल समाज के लोग मौजूद रहे।

# जिला बदर आरोपी को किया गया गिरफ्तार

**लोकमित्र ब्यूरो**
**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी द्वारा आरोपी मोहन पासी निवासी मैदहाई थाना मोहब्बतपुर पइंसा को जिलाबदर का आदेश किया गया था।मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि अभियुक्त जनपद में आया है। जिलाधिकारी के आदेश के उल्लंघन करने परथाना मोहब्बतपुर पइंसा पुलिस उ0नि0 सन्तोष कुमार चौरसिया मय हमराह पुलिस बल द्वारा आरोपी मोहन पासी उपरोक्त को घर से गिरफ्तार कर थाना स्थानीय पर अभियोग पंजीकृत किया गया।



## 01 किलो 510 ग्राम गांजा के साथ आरोपी गिरफ्तार

कौशाम्बी। अपराध एवं अपराधियो के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना संदीपनघाट पुलिस उपनिरीक्षक योगेश सिंहमय हमराह पुलिस बल द्वारा गस्त चेकिंग के दौरान मुखबिर खास की सूचना पर आरोपी बलवन्त यादव उर्फ मास्टर निवासी कन्हईपुर न्याय नगर थाना धूमनगंज जनपद प्रयागराज को हड्डी गोदाम, कोइलहा के पास से 01 किलो 510 ग्राम नाजायज गांजा के साथ गिरफ्तार किया गया।

## अवैध तमंचा व कारतूस के साथ आरोपी गिरफ्तार

कौशाम्बी। अपराध एवं अपराधियो के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना करारी पुलिस उपनिरीक्षक सियाकान्त चौरसिया मय हमराह पुलिस बल द्वारा गस्त चेकिंग के दौरान मुखबिर खास की सूचना पर नत्थू पाल नि0 म्योहर थाना करारी जनपद कौशाम्बी को बल्लूपुर सचवारा नहर मार्ग के पास से 01 अदद तमंचा 315 बोर व 01 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर के साथ गिरफ्तार किया गया।

## वांछित आरोपी गिरफ्तार

कौशाम्बी। जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना पिपरी पुलिस उ0नि0 लाल साहब यादव मय हमराह पुलिस बल द्वारा वांछित मो0 साबिर नि0 अरई सुमेरपुर थाना चरवा जनपद कौशाम्बीको भैला नहर के पास से गिरफ्तार किया गया।

## अवैध शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

कौशाम्बह। थाना सैनी पुलिस उपनिरीक्षक अरुण कुमार मौर्यमय हमराह पुलिस बल द्वारा सीमा देवी निवासी बरीपुर थाना सैनीजनपद कौशाम्बी को 24लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया।

## स्वच्छ सर्वेक्षण हेतु डोर टू डोर कूड़ा के लिए पांच सभासदों का हुआ चयन

**लोकमित्र ब्यूरो**
**अजुहा, कौशाम्बी।** स्वच्छ भारत मिशन के तहत स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के लिए नगर पंचायत ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी के तहत अब शासन के निर्देश पर नगर पंचायत आत्म निर्भर वार्डो में डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन के लिए एक ब्रांड एंबेसडर के रूप में नगर पंचायत के पांच सभासद का चयन किया गया है।

स्वच्छ भारत मिशन के तहत स्वच्छ सर्वेक्षण हेतु नगर पंचायत अजुहा के वार्ड नं एक भौतर , वार्ड नं चार मढियामई, वार्ड नं पांच अजमतपुर , वार्ड नं सात मौलाना आजाद नगर में सूखे और गीले कचरे को अलग-अलग इकट्ठा करवाने और कूड़ा कलेक्शन करवाने के लिए ब्रांड एंबेसडर के रूप में नगर पंचायत के सभासद ओमप्रकाश कुशवाहा , फूलचंद्र केसरवानी , मनोज कुमार त्रिपाठी , रामबाबू मोदनवाल , सुघर सिंह का चयन किया गया है।

# ससुरालियों ने दहेज की खातिर महिला को पीटकर घर से निकाला

## पति बाइक और एक लाख रुपए की कर रहा है मांग

**लोकमित्र ब्यूरो**
**कसेंदा, कौशाम्बी।** एयरपोर्ट थानाक्षेत्र के भगवतपुर गांव की एक महिला को ससुरालियों ने दहेज की मांग पूरी न होने पर पीटकर घर से निकाल दिया। विवाहिता रोती बिलखती अपने मायके पहुंची और परिजनों को मामले की जानकारी दी।पीड़िता ने थाने जाकर आरोपियों के खिलाफ मामले की तहरीर दी। तहरीर पाकर पुलिस शिकायत की जांच में जुट गई है।

एयरपोर्ट क्षेत्र के भगवतपुर गांव की सुहानी के अनुसार उसने दो वर्ष पूर्व गांव के ही आसान कुमार पुत्र शिव कुमार के साथ प्रेम विवाह किया था। दोनों राजी खुशी जीवन यापन कर रहे थे। इसी दौरान उसको एक पुत्र पैदा हुआ जो इस समय नौ माह का है।एक वर्ष बाद पति समेत सभी ससुरालीजन दहेज में बाइक और 1लाख रुपए की मांग करने लगे। उन्होंने यह दोनों मांगें पूरी न होने पर उसके साथ मारपीट करना शुरू कर दिया। आरोप है कि एक सप्ताह पूर्व मांगें पूरी न होने पर पति ने ससुर, सास,जेठ और देवरों के साथ मिलकर उसकी जमकर पिटाई कर दी और धक्के मार कर बच्चे संग घर से बाहर निकाल दिया। वह रोती बिलखती अपने मायके पहुंची और परिजनों को मामले की जानकारी दी।बेटी की आपबीती सुनकर परिजनों के होश उड़ गए।पीड़िता ने थाने जाकर आरोपियों के खिलाफमामले की तहरीर दी। तहरीर पाकर पुलिस शिकायत की जांच में जुट गई है।

## प्रधान पर बाउंड्रीवाल के अंदर हैंडपंप रिबोर कराने का लगा आरोप

**लोकमित्र ब्यूरो**
**चायल, कौशाम्बी।** स्थानीय ब्लाक के जलालपुर शाना गांव के एक युवक ने ग्राम प्रधान पर रुपये लेकर बाउंड्रीवाल के अंदर हैंडपंप रिबोर कराने का आरोप लगाया गया है। उसने उपजिलाधिकारी से शिकायत कर आवश्यक कार्रवाई करने की गुहार लगाई है।

समदा मजरा जलालपुर शाना गांव निवासी पुरषोत्तम पुत्र सरजू ने बताया कि उसके घर के सामने एक हैंडपंप लगा था। जिससे मोहल्ले भर के लोग पानी भरते थे। इधर बीच काफी दिनों से हैंडपंप ने पानी देना बंद कर दिया। आरोप है कि ग्राम प्रधान बगैर मोहल्ले वालों की रजामंदी के पड़ोसी से 10 हजार रुपये लेकर उसके बाउंड्रीवाल के अंदर हैंडपंप का रिबोर करवा रहा है। घर के बाउंड्रीवाल के भीतर हैंडपंप लगने से लोगों को पानी के लिए परेशानी उठानी पड़ेगी। युवक ने उपजिलाधिकारी से मामले की शिकायत कर हैंडपंप बाउंड्रीवाल के बाहर लगावाने की मांग की है। उपजिलाधिकारी योगेश कुमार गौड़ ने शिकायत की जांच कराकर आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# दबंग ने उधार दिये पैसे मांगने पर महिला को दी धमकी, शिकायत

**लोकमित्र ब्यूरो**
**चरवा, कौशाम्बी।** चरवा थानाक्षेत्र के अरई सुमेरपुर गांव में मंगलवार को उधारी का पैसा वापस मांगने पर दबंग ने महिला के साथ गाली-गलौच कर उसे जान से मारने की धमकी दी। लोगों ने बीच-बचाव कर मामले को शांत कराया। पीड़ित महिला ने थाने जाकर आरोपी के खिलाफ मामले की तहरीर दी। तहरीर पाकर पुलिस शिकायत की जांच में जुट गई है।अरई सुमेरपुर गांव की विमला देवी पत्नी संतोष कुमार के अनुसार उसने तीन वर्ष पूर्व नरवर पट्टी गांव के एक रिश्तेदार को 15 हजार रुपए उधार दिया था।उसने जल्द ही पैसे वापस करने का वादा किया था।तीन साल बीत जाने के बावजूद वह पैसे नहीं दे रहा है।अपने इलाज के लिए पैसे मांगने पर वह उसके साथ गाली-गलौच कर मारपीट की धमकी देता है। मंगलवार की सुबह पैसा मांगने पर वह तैश में आ गया। आरोप है कि उसने महिला के साथ गाली-गलौच कर उसे जान से मार की धमकी दी।साथ ही पैसे देने से इंकार कर दिया।लोगों ने बीच-बचाव कर मामले को शांत कराया।पीड़ित महिला ने थाने जाकर आरोपी के खिलाफ मामले की तहरीर दी। तहरीर पाकर पुलिस शिकायत की जांच में जुट गई है।

# करारी के अपना दल एस कार्यालय पंहुचे ट्रस्ट प्रबन्धक का हुआ स्वागत

**लोकमित्र ब्यूरो**
**कौशाम्बी।** नगर पंचायत नेता नगर करारी जिला कार्यालय अपना दल(एस) एवं ट्रेड यूनियन मनरेगा मजदूर संघ कार्यालय में सब जन सेवा (ट्रस्ट)के प्रबंधक छोटा भीम जी से औपचारिक भेंट हुई जिसमें जिला उपाध्यक्ष विजय कुमार सिंह पटेल शिवभूषण गौतम ट्रेड यूनियन जिला प्रचार मंत्री रमेश कुमार सरोज जिला सचिव राजेश कुमार कुशवाहा कार्यकारिणी सदस्य सुरेंद्र कुमार श्रीवास्तव शिवम मिश्रा की उपस्तिथि में छोटा भीम जी को फूलों की माला महनाकर स्वागत किया गया इस अवसर पर ट्रेड यूनियन और मजदूरों के विषय में विस्तार पूर्वक चर्चा हुई।



## वाहन चेकिंग के दौरान की गई कार्यवाही

कौशाम्बी। जनपद में चलाये जा रहे यातायात से सम्बन्धित अभियान के क्रम में जनपद स्तर पर विभिन्न थानों व यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग की गई,

चेकिंग के दौरान दो-पहियाध्चार पहिया वाहनों को चेक किया गया। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 79 वाहनों का ई-चालान किया गया तथा 02 वाहनों को सीज किया गये।

## दहेज की मांग पूरी न होने पर ससुरालिजनो ने मारपीट कर विवाहिता को निकाला

**लोकमित्र ब्यूरो**
**कौशाम्बी।** सदर कोतवाली क्षेत्र के एदिलपुर निवासी राजपाल ने अपनी पुत्री अनीता देवी की शादी 13 फरवरी 2023 को करारी थाना के लहना गांव के हुबलाल पुत्र जगलाल के साथ हिंदू रीति रिवाज के किया था। शादी में उसने अपनी हैसियत के अनुसार दान दहेज भी दिया था। शादी के बाद से ससुराल वाले अतिरिक्त दहेज की मांग करते हुए अनीता को प्रताड़ित करना शुरू कर दिए। अनीता का आरोप है की पति , ससुर , सास , नन्द सभी लोग एकराय होकर एक बुलट गाड़ी व एक सोने की चौन लाने की बराबर मांग कर रहे है। दहेज की मांग न पूरी होने पर ससुरालीजन बराबर मारपीट और गाली गलौज करते रहे है। कई बार इसको लेकर रिश्तेदार आदि लोगों ने समझाने का प्रयास किया लेकिन ससुरालीजन नही माने । 21 अप्रैल की रात 10 बजे सभी ससूरालीजन मिलकर जमकर मारपीट कर घर से भगा दिया और यह कहा की अब तभी आना जब दहेज का सामान हो। ऐसे आओगी तो मारकर फेंक देंगे। पीड़िता ने इसकी शिकायत मंझनपुर पुलिस से की है।

# दुबई में जीत का परचम लहराकर वापस लौटी एथलेटिक्स सुनीता का भरवारी में हुआ स्वागत



**लोकमित्र ब्यूरो**
**भरवारी, कौशाम्बी।** जिले की शान एथलेटिक्स सुनीता ने दुबई में आयोजित अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में 5 हजार मीटर रेस में ब्रॉंज मेडल जीतकर देश का और जनपद का नाम रोशन किया है। मंगलवार को मंझनपुर में आयोजित सम्मान समारोह में शामिल होने के लिए जा रही सुनीता का भरवारी कस्बे में जोरदार स्वागत किया गया।भरवारी कस्बे में पूर्व चेयरमैन और सपा के प्रदेश सचिव कैलाश चंद्र केसरवानी , व्यापार मंडल जिला अध्यक्ष प्रवेश केसरवानी अपने अपने समर्थको के साथ सुनीता का माला पहनाकर भव्य स्वागत किया हैं। इस दौरान ब्यापार सभा के जिलाध्यक्ष प्रवेश कुमार केसरवानी ,,व्यापार सभा जिलाध्यक्ष संतोष केसरवानी ,तुषार केसरवानी पंकज जायसवाल राजू गुलाटी गौरव वैश्य सियाराम केसरवानी प्रकाश केसरवानी विपिन केसरवानी चंचल केसरवानी गुड्डू ठाकुर सहित समेत तमाम व्यापारी मौजूद रहे।

## अपर पुलिस अधीक्षक ने परेड की ली सलामी



**लोकमित्र ब्यूरो**
**कौशाम्बी।** अपर पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी अशोक कुमार वर्मा द्वारा पुलिस लाइन कौशाम्बी में मंगलवार की परेड की सलामी ली गयी तथा परेड का टोली बार निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के दौरान महोदय द्वारा परेड में उपस्थित समस्त पुलिसकर्मियों के टर्नआउट का अवलोकन कर बेहतर टर्नआउट मेंटेन करने हेतु निर्देशित किया गया। पुलिस कर्मियों को फिट रहने हेतु दौड़ लगवाई गई एवं ड्रिल कराई गई। परेड के उपरान्त भोजनालय, विभिन्न शाखाओं एवं पुलिस लाइन परिसर का निरीक्षण कर संबंधित को साफ-सफाई हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

# मामूली बात को लेकर युवकों ने की मौलवी की पिटाई

## मौलवी की पिटाई को लेकर गांव में हो रही तरह-तरह की चर्चाएं

**लोकमित्र ब्यूरो**
**पश्चिम शरीरा, कौशाम्बी।** पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के गढ़ी बाजार में सोमवार की रात मामूली बात को लेकर मस्जिद में रहे मौलवी की तीन युवकों ने मिलकर जमकर पिटाई कर दी युवकों की पिटाई से मौलवी गंभीर रूप से घायल हो गए मौलवी द्वारा शोर मचाने पर पास पड़ोस के लोग मौके में पहुंच गए घटना को अंजाम देकर भाग रहे आरोपियों में से एक आरोपी को ग्रामीणों ने पकड़ लिया सूचना पर पहुंची पश्चिम सरीरा पुलिस ने आरोपी को अपने कस्टडी में लेते हुए घायल मौलवी को नजदीक के अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कर दिया जहां मौलवी की हालत सामान्य बताई जा रही हैं मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के मवई केवट निवासी तारिक पुत्र अफाक पिछले 5 वर्षो से पश्चिम शरीरा के गढ़ी बाजार स्थित मस्जिद के पास एक कमरे में रहकर मुस्लिम बच्चों को पढाने का काम करता है सोमवार की रात करारी थाना क्षेत्र के मेउहर गांव का रहने वाला एक युवक अपने दो साथियों के साथ मौलवी के कमरे में जाकर मौलवी की जमकर पिटाई कर दी मौलवी द्वारा शोर मचाने पर पास पड़ोस के लोग मौके में पहुंच गए मौके से भाग रहे तीनों युवकों में से एक युवक को ग्रामीणों ने पकड़ लिया सूचना पर पहुंची स्थानी पुलिस ने पकड़े गए आरोपी को अपनी कस्टडी में लेते हुए घायल मौलवी को इलाज के लिए नजदीक अस्पताल में भर्ती कर दिया जहां मौलवी की हालात सामान्य बताई जा रही है वही मौलवी की पिटाई को लेकर गांव में तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं चर्चाओं पर गौर करें तो मालवी का गांव की एक रहने वाली शादीशुदा महिला से प्रेम प्रपंच चल रहा था उस महिला का मेउहर गांव के रहने वाले युवक से भी पिछले कई माह से प्रेम संबंध बन गया था बताते हैं कि इसी मामले को लेकर सोमवार की रात तीन युवकों द्वारा मौलवी की जमकर पिटाई की गई है बहरहाल मौलवी द्वारा दी गई तहरीर पर तीनों आरोपियों के खिलाफ थाना पश्चिम शरीरा में मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# सम्पादकीय

## भारत से रिश्तों में खटास बढ़ने का अंदेशा

मालदीव में हुए चुनाव में मोहम्मद मोइज्जू के दल ने 71 सीटों पर जीत हासिल की है। राष्ट्रपति मोइज्जू के नेतृत्व वाली पीपुल्स नेशनल कांग्रेस (पीएनसी) ने बीसवी पीपुल्स मजलिस यानी संसद में कुल 93 में से 68 सीटें जीतीं।इसके गठबंधन साझेदारों मालदीव नेशनल पार्टी व मालदीव डेवलपमेंट एलायंस ने क्रमशः एक व दो सीट जीती। जो संसद के दो तिहाई बहुमत से अधिक है।पिछले साल चुनाव जीतने के बाद यह चुनाव उनकी सबसे बड़ी राजनीतिक परीक्षा की तरह देखा जा रहा था। मुइज्जू की प्रचंड कही जा रही यह जीत चीन समर्थक व भारत विरोधी नीतियों के तौर पर देखी जा रही है।मौजूदा मजलिस में पूर्व राष्ट्रपति मोहम्मद सोलीह को भारत समर्थक माना जाता है। अब तक बहुमत में रहे उनके दल मालदीवियन डेमोक्रेटिक पार्टी ने पिछले दिनों मुइज्जू सरकार के मंत्रियों की नियुक्ति रोक दी थी।ताजा चुनाव में उन्हें भारी हार का सामना करना पड़ा। मालदीव की आर्थिक स्थिति बेहद चिंतनीय है। उस पर पहले ही भारी कर्ज है, जिस पर अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष चेतावनी भी दे चुका है।मुइज्जू के सत्ता में आने के बाद भारत से रिश्तों में आई खटास बढ़ने का अंदेशा व्यक्त किया जा रहा है। कहा जा रहा है भारतीय सैनिकों की वापसी के फैसले के कारण ही उन पर मतदाताओं का भरोसा बढ़ा है।चीन इसका लाभ उठाने की संभावनाओं की तलाश में पहले ही है। वह करोड़ों डॉलर कर्ज दे चुका है। चीन के निमंत्रण पर वहां दौरा कर मुइज्जू भारत को स्पष्ट संकेत दे चुके हैं। वे यूएई व तुर्की भी गए पर भारत नहीं आए, जबकि इससे पहले अब तक वहां के राष्ट्रपति यहां आते रहे हैं। हम छोटे देश हैं, उसका मतलब यह नहीं कि हमें धौंस दिखाने का अधिकार है, मुइज्जू ने यह बयान भारत का नाम लिये बगैर दिया था।बल्कि उन्होंने अपनी रैली में साफतौर पर कहा कि चीन उन्हें नॉन लीथल हथियार मुफ्त देने को राजी है। इससे पहले ही चीन के साथ मालदीव सरकार के सैन्य समझौतों को लेकर भारत की चिंताएं बढ़ चुकी हैं।भारतीय पर्यटकों की पसंदीदा जगह होने के साथ ही मालदीव हम पर खाद्य व निर्माण सामग्री के लिए निर्भर होने के चलते रिश्तों को इतना बिगाड़ने से पहले सोचेगा जरूर। चीन से नजदीकी व लाभ के बावजूद दोनों देशों को शांतिपूर्ण संबंधों के भरसक प्रयास करने चाहिए। जो विश्व शांति व भाईचारे के लिहाज से भी समय की मांग हैं।

# कांग्रेस क्यों नहीं रख पा रही है अपने लोगों पर कंट्रोल



**अशोक भाटिया**

लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा हैट्रिक की तैयारी में जुटी है। वहीं विपक्षी पार्टियों की एक के बाद एक मुश्किलें बढ़ती दिख रही हैं।'इंडिया 'गठबंधन को मजबूत करने में जुटी कांग्रेस अब खुद कमजोर ही नजर आ रही है। कांग्रेस के नेता लगातार पार्टी से छिटकते जा रहे हैं, कांग्रेस नॉर्थ से लेकर ईस्ट तक संकट में घिरी नजर आ रही है। यहां के कई राज्यों में पिछले दो दिनों में इस्तीफों का सिलसिला देखने को मिला है।पहले भारत जोड़ो यात्रा और अब भारत जोड़ो न्याय यात्रा के जरिए खोई साख हासिल करने में जुटी कांग्रेस अपने ही नेताओं को जोड़े रखने में विफल नजर आ रही है। फिर चाहे बात हिमाचल-बिहार की हो या फिर बंगाल-असम की। कांग्रेस के कद्दावर नेता पार्टी छोड़कर भाजपा का दामन थाम रहे हैं। नेताओं के पार्टी छोड़ने के सवाल पर राहुल गांधी कह चुके हैं कि जो भी जाना चाहता है, वह जा सकता है। उधर, जो नेता पार्टी छोड़ रहे हैं वह कांग्रेस पर अनदेखी और जैसे आरोप लगा रहे हैं।इस्तीफों का सिलसिला इन चार राज्यों में ही सिमित नहीं है। इससे पहले महाराष्ट्र और झारखंड जैसे राज्यों में भी दलबदल का खेला देखने को मिला था। यहां कांग्रेस के कई कद्दावर नेताओं ने पार्टी छोड़कर भाजपा जॉइन कर ली। महाराष्ट्र में अशोक चव्हाण और बासवराज पाटिल जैसे बड़े नेताओं का पाला बदलना कांग्रेस के लिए किसी बड़े झटके से कम नहीं है। वहीं झारखंड में भी पार्टी की एकलौती सांसद गीता कोड़ा ने भी भाजपा का दामन थाम लिया। इसके बाद भी इस्तीफों का सिलसिला जारी है।

अब हद तो तब हो गई जब देश के चुनाव में दो चरण बीत चुके हैं और तब कांग्रेस के भीतर रण छोड़ने का अलग ही चरण चल रहा है। कांग्रेस में कोई प्रदेश अध्यक्ष पद छोड़ रहा है। कोई उम्मीदवारी छोड़ रहा है। और कोई गढ़ माने जाने वाली सीट पर उम्मीदवारी का पत्ता ही नहीं खोल रहा है। अब सोमवार को दस्तक देती खबर मध्य प्रदेश की बड़ी लोकसभा सीट इंदौर से आई, जहां बारात तैयारी थी, बाराती तैयार थे, लेकिन अचानक दूल्हा पलट गया। यानी इंदौर में कांग्रेस प्रत्याशी ने नामांकन वापसी के आखिरी दिन खुद ही अपना पर्चा वापस लेकर कांग्रेस को स्वच्छता में टॉप रहने वाले शहर इंदौर से चुनाव में साफ कर दिया।400 पार का नारा देती भाजपा देश में एक सीट निर्विरोध जीत चुकी है, दो पर जीत पहले से तय मानी जा रही है। क्योंकि मध्य प्रदेश की खजुराहो सीट पर'इंडिया 'गठबंधन की प्रत्याशी मीरा यादव का पर्चा दस्तखत ना होने से खारिज हो गया। यहां बाद में'इंडिया 'गठबंधन ने अपना प्रत्याशी न रहने पर ऑल इंडिया फॉरवर्ड ब्लॉक के कैंडिडेट को समर्थन दे दिया है। फिर गुजरात के सूरत में कांग्रेस के अधिकृत और डमी, दोनों प्रत्याशी का पर्चा खारिज हो गया था। बाकी बसपा समेत निर्दलीय प्रत्याशियों ने पर्चा वापस से लिया।

भाजपा के प्रत्याशी निर्विरोध जीत गए। अब मध्य प्रदेश के प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के गृह जिले इंदौर की सीट पर कांग्रेस के प्रत्याशी अक्षय बम ने अपना पर्चा वापस ले लिया। है। इतना ही नहीं, जब इंदौर में कांग्रेस प्रत्याशी नामांकन वापस लेने पहुंचे तो उनके साथ कलेक्टर ऑफिस में भाजपा विधायक रमेश मेंदोला देखे गए। और फिर भाजपा में शामिल होने के लिए मध्य प्रदेश के बड़े नेता कैलाश विजयवर्गीय के साथ अक्षय कांति बम निकल पड़े। अब सवाल उठता है कि आखिर क्यों कांग्रेस प्रत्याशी ने ऐसा किया? कहीं सरकार पलटे या विधायक। तुरंत ऑपरेशन लोटस के आरोप लगते हैं। इंदौर में कांग्रेस प्रत्याशी के पर्चा लेकर पलटने पर भी आरोप लगाया जा रहा है कि कांग्रेस प्रत्याशी की कोई कमजोर नस दबाई गई है।इंदौर में कांग्रेस की शहर कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव को कलेक्टर दफ्तर के बाहर फोन पर कांग्रेस के किसी नेता को कॉल करके गुस्सा निकालते देखा गया। इस दौरान वह फोन पर कह रहे थे, ÷मैं शुरु से कह रहा था कि नाम वापस लेगा, पैसा देखकर टिकट दिया क्या योगदाना था? क्या संघर्ष किया? पार्टी हाईकमान को देखना चाहिए हमारे जैसे कार्यकर्ता को मार रही है। अकेले खड़े हैं, वो निकल गया। पार्टी क्यों देती है पैसा देखकर, काम को आधार नहीं बनाते हो?यानी कांग्रेस के ही स्थानीय नेता अपने ही प्रत्याशी पर पहले से सवाल उठाते आए। उन्हें डर था कि ये पार्टी पाला पर्चा सब बदलेंगे। हुआ वही जो कांग्रेस के नेताओ को डर था। अब सवाल है कि खजुराहो, सूरत और इंदौर में जो हुआ, क्या आगे मध्य प्रदेश में और भी किसी सीट पर हो सकता है? जवाब में मुख्यमंत्री मोहन यादव कहते हैं कि हमारा दर खुला है, खुला ही रहेगा, तुम्हारे लिए। उन्होंने कहा, ÷करीब ढाई लाख लोग ज्वाइन कर रह हैं, हमको सेलेक्शन करना पड़ता है किस को आने दें। 179 पूर्व विधायक पार्टी ज्वाइन कर चुके हैं, पार्टी का बढ़ता ग्राफ है। छतरी में अधिकांश लोग समाहित हो रहे हैं। कांग्रेस सोचे उनके लोग पार्टी क्यों छोड़ रहे हैं।बता दें कि हर चरण के चुनाव से पहले भाजपा के खाते में एक अच्छी खबर आ रही है। फर्स्ट फेज से पहले खजुराहो में सपा प्रत्याशी का पर्चा खारिज हुआ। दूसरे फेज से पहले सूरत में कांग्रेस प्रत्याशी का पर्चा खारिज हुआ। तीसरे फेज से पहले अब इंदौर में कांग्रेस प्रत्याशी ने अपना पर्चा वापिस ले लिया। और अब उस सीट की दस्तक के बारे में बात करते हैं, जहां 2014 में हारी भाजपा प्रत्याशी ने फिर हार नहीं मानी। उसी सीट को अपना घर बनाया। 2019 में जीत हासिल की। ये सीट है उत्तर प्रदेश की अमेठी की। जहां आज स्मृति इरानी ने ने नामांकन किया। हलफनामे में दिल्ली नहीं अमेठी में बनवाए गए घर को ही अपना पता दिखाया। इसी अमेठी को राहुल गांधी भी अपना घर आंगन कहते थे। लेकिन अमेठी से राहुल के लड़ने को लेकर असमंजस अब तक बना हुआ है।भारतीय जनता पार्टी शासित राज्य में ' इंडिया ' के सीट बंटवारे के तहत कांग्रेस ने खजुराहो सीट सपा के लिए छोड़ दी थी। भाजपा ने इस सीट पर अपने प्रदेश अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा को इस सीट से मैदान में उतारा है। रिटर्निंग अधिकारी ने सपा प्रत्याशी मीरा यादव के नामांकन पत्र में दो कमियां निकाल दीं। पहला, फॉर्म के साथ लगी मतदाता सूची प्रमाणित नहीं है या पुरानी है। दूसरी- दो जगह हस्ताक्षर कराना था, लेकिन केवल एक ही स्थान पर साइन किया गया है। यहां सपा का पर्चा खारिज होने के बाद'इंडिया 'गठबंधन ने ऑल इंडिया फॉरवर्ड ब्लॉक के कैंडिडेट को समर्थन दे दिया है। सूरत लोकसभा सीट से भाजपा के मुकेश दलाल को निर्विरोध विजेता घोषित किया गया था। इस सीट पर कांग्रेस के उम्मीदवार निलेश कुम्भानी का नामांकन रिटर्निंग ऑफिसर ने रद्द कर दिया था। उनके प्रस्तावकों के हस्ताक्षर में गड़बड़ियों का हवाला देकर नामांकन रद्द किया गया था। कांग्रेस के उम्मीदवारों का नामांकन रद्द होने के बाद बाकी बचे 8 उम्मीदवारों ने भी अपनी उम्मीदवारी वापिस ले ली। ऐसे में भाजपा उम्मीदवार मुकेश दलाल निर्विरोध चुन लिए गए। चुनाव आयोग ने उन्हें जीत का सर्टिफिकेट भी जारी कर दिया है। यह पहली बार है जब लोकसभा चुनाव में भाजपा का कोई सांसद निर्विरोध चुना गया हो।**वरिष्ठ स्वतंत्र पत्रकार ,लेखक, एवं टिप्पणीकार**




**मेष राशि :** आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहने वाला है। राजनीति में हाथ आजमा रहे लोगों को सावधान रहने की आवश्यकता है, विरोधी आपकी छवि खराब करने की कोशिश कर सकते हैं। आपके धन में वृद्धि होने से आप प्रसन्न रहेंगे। आज आपको अपने बिजनेस तथा अन्य कार्यों पर पूरी नजर रखने की जरूरत है। लोगों के साथ मेल-मिलाप के लिए भी समय जरूर निकालें और अपने संपर्क का दायरा बढ़ाएं। आज जीवनसाथी आपसे किसी उपहार की मांग कर सकते हैं।

**वृष राशि :** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आपके बच्चे बिजनेस में आपका पूरा स्पोर्ट करेंगे। पूंजी के उचित निवेश के लिए आपको किसी अनुभवी व्यक्ति से सलाह लेनी चाहिए। सिनेमा जगत के कलाकारों के लिए दिन विशेष रूप से अच्छा है। आज खुद की गलती की जिम्मेदारी न लेने से आप अच्छा महसूस नहीं करेंगे। आज आप बच्चों के करियर संबंधी सलाह लेंगे। आज किसी विशेष स्थिति में अपने जीवनसाथी का सहयोग जरूर करें।

**मिथुन राशि :** आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। यदि आप घर मकान या दुकान, खरीदने की कोशिश कर रहे हैं, तो आज का दिन आपके लिए बहुत अच्छा रहेगा। आज आप अपने अहम् पर काबू करके परिस्थिति को ठीक से समझने की कोशिश करेंगे तो आपको आसानी से हल मिल जाएगा। आज आपका कोई महत्वपूर्ण कार्य संपन्न होने वाला है। आज आपको कुछ खास जानकारियां भी मिलेंगी। आज आपके बेहतरीन प्रयासों से आय के स्रोत बढ़ेंगे।

**कर्क राशि:** आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। आज आपके तय किए काम समय से पूरे होते हुए नजर आ रहे हैं साथ ही कुछ काम वक्त से पहले पूरा होने से प्रसन्नता मिलेगी। इस राशि के स्टूडेंट आज अपनी पढ़ाई को लेकर उत्साहित रहेंगे और ज्यादा समय पढ़ाई में बीतेगा, यह देखकर आपके घरवालों को भी खुशी होगी। आज आपके सामाजिक दायरे में बढ़ोत्तरी होगी, सोशल मीडिया पर भी लोग आपसे जुड़ेंगे।

**सिंह राशि :** आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। आज का दिन तरक्की देने वाला रहेगा। अपने आस पास की सफाई का पूरा ध्यान रखेंगे। हॉकी खेल रहे खिलाड़ियों को आज अपने कोच के द्वारा प्रोत्साहित किया जाएगा, जिससे वह खेल के मैदान में अच्छा प्रदर्शन कर सकें। किसी भी विपरीत परिस्थिति में अपना धैर्य ना खोएं और किसी भी कार्य को शांतिपूर्ण तरीके से व सोच-विचार करके ही पूरा करें। आर्ट्स स्टूडेंट्स के लिए दिन बेहतर रहेगा।

**कन्या राशि:** आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। किसी बुजुर्ग की सहायता करने पर आपको अच्छा महसूस होगा। आज अच्छाईयों को अपनाएं जिससे आपका जीवन और अधिक सुंदर बनेगा। छात्रों को आज सफलता मिलने के योग बने हुए हैं। साइंस के अध्यापको का दिन आज काफी व्यस्त रहेगा। आज आर्थिक क्षेत्र में स्थिरता रहेगी। परिवार में सुखद वातावरण का माहौल रहेगा। सेहत पहले की अपेक्षा अच्छी रहेगी।

**तुला राशि :** आज का दिन आपके लिए उमंग से भरा रहने वाला है। आज कारोबार सम्बन्धी योजनाओं को अपरिचित लोगों के सामने जाहिर न करें, कोई इसकी नकल कर सकता है। इस राशि की वर्किंग महिलाएं कामकाज की वजह से व्यस्त रहेगी। आप कोई जरूरत का सामान खरीदने मार्किट जाएंगे जहां आपकी मुलाकात किसी परिचित से होगी। दाम्पत्य जीवन में नई-नई खुशियां आने से आपका मन खुशहाल रहेगा। छात्रों के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है।

**वृश्चिक राशि:** आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। छात्रों को सीनियर्स से कुछ नया सीखने को मिलेगा। किसी काम को लेकर आज भागदौड़ करनी पड़ सकती है। ऑफिस में आपके काम की तारीफ होगी। दांपत्य रिश्ते में अनबन दूर होगी, रिश्ते की नई शुरुआत करेंगे। आज बुजुर्गों के साथ समय बिताएं, उन्हें काफी अच्छा लगेगा। परिवार में आपनी जिम्मेदारियां पूरी कर लेने से मन उत्साह से भरा रहेगा। भविष्य की योजनाएं बनाने में पिता का सहयोग मिलेगा।

**धनु राशि :** आज का दिन आपके लिए ख़ास होने वाला है। आपके माता-पिता आपके करियर को बेहतर बनाने के लिए आपके गुरुजनों से विचार विमर्श करेंगे। आज आपके व्यवहार में आये सकारात्मक बदलाव से जीवनसाथी आपसे प्रसन्न रहेंगे। व्यापार करने वाले लोगों के लिए दिन ठीक-ठाक रहेगा। आज ऑफिस के कार्यों को पूरा करने में थोडा समय लग सकता है। लवमेट आज एक दूसरे को उपहार देंगे, रिश्ते में मधुरता बढ़ेगी। लोन के लिए किया गया आवेदन आज स्वीकृत हो जाएगा।

**मकर राशि:** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। अपने परिवार के किसी सदस्य की सेहत को लेकर आप किसी अच्छे डॉक्टर से संपर्क करेंगे। ईश्वर आज आपकी सभी मनोकामनाएं पूरी करेंगे। संतान पक्ष से आपको सुख मिलेगा। किसी अनजान व्यक्ति से अपने निजी समस्याओं को शेयर करने से बचना चाहिए। किसी काम में उचित परिणाम मिलने से आज आपके चेहरे पर मुस्कान बनी रहेगी।

**कुंभ राशि :** आज का दिन आपके लिए कॉन्फिडेंस से भरा रहने वाला है। आप अपने परिवार के सदस्यों के साथ किसी धार्मिक कार्यक्रम में शामिल हो सकते हैं। यदि आप अपने व्यापार में किसी प्रकार का नया काम बढ़ाना चाहते हैं, तो आप किसी विशेष सलाहकार से सलाह लेकर ही नया काम शुरू करें। लवमेट के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा, पहले से चल रही अनबन आज समाप्त हो जाएगी।


**मीन राशि :** आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आपकी मकान, दुकान की परेशानी हल हो सकती है। नौकरी करने वाले लोगों के लिए दिन बेहतरीन रहेगा। सैलरी इन्क्रीमेंट के साथ पदोन्नति भी होगी। आज आप अपने घर में किसी प्रकार का कोई धार्मिक कार्य कर सकते हैं, जिसमें आप अपने विशेष अतिथियों को भी आमंत्रित करने का विचार करेंगे।

# भारतीय मूल के लोग पूरी दुनियां में अपना जलवा बिखेर रहे हैं




**किशन सनमुखदास**

वैश्विक स्तरपर भारत को आदि अनादि काल से सोने की खान कहा जाता है ,इसका कारण यह है कि यहां न केवल प्राकृतिक संसाधनों,सांस्कृतिक विरासत, संस्कारों का खजाना सहित अनेक संसाधन भरपूर मात्रा में है, बल्कि सबसे बड़ी प्लस पॉइंट भारतीय बौद्धिक क्षमता का अपार खजाना है। जहां राजा राम,श्री कृष्णा,पवन पुत्र हनुमान, श्रवण सहित ऐसे अनेक व्यक्तित्वोका जन्म हुआ है जिन्होंने अपनी बौद्धिक क्षमता का परिचय देने के साथ-साथ संस्कारों का भी सटीक उदाहरण दिया है, यही कारण है कि सैकड़ो वर्ष पूर्व अंग्रेजों की नजरभारत पर पड़ी और उन्होंने भारत पर कब्जा कर सैकड़ो वर्षो तक राज किया।खैर यह बातें तो हमने बहुत बार चर्चा में लाई है परंतु दिनांक 26 अप्रैल 2024 को अमेरिका के भारत में राजदूत ने इसी भारतीय बौद्धिक क्षमता का संज्ञान लेकर एक इंटरव्यू में कहा कि,एक जमाना था जब कहा जाता था कि बाहर से आए भारतीय हैं तो, अमेरिका में किसी कंपनी का सीईओ नहीं बन सकते परंतु यह चुटकुला आज ठीक उल्टा हो गया है कि यदि आपके पास भारतीय पासपोर्ट है या आप भारतीय हैं तो वही सीईओ बनने को प्रायोरिटी शर्तो में से एक है यानी एक भारतीय ही अमेरिकी कंपनी का सीईओ बन सकता है। जैसे ही यह खबर मीडिया में आई तो आज की सुर्खियां बन गई और मैं भी आज इसी विषय पर आर्टिकल लिखने के लिए यह विषय चुना। वैसे देखा जाए तो अमेरिका के राजदूत द्वारा कही बातें सटीक सिद्ध होती है क्योंकि यदि हम आज विश्व की दिग्गज कंपनियों पर नजर डालें तो इनके सीईओ मूल भारतीय ही हैं जैसे, विश्व की कई दिग्गज कंपनियां जैसे गूगल, यूट्यूब, माइक्रोसॉफ्ट, स्टारबक्स, नोवार्टिस, आईबीएम और एडोब आदि के सीईओ भारतीय मूल के हैं। अमेरिका की कई टॉप कंपनियों के मुख्य कार्यकारी अधिकारी भारतीय मूल के हैं। ऐसे में लोग अमेरिका में मजाक में कहते हैं कि अमेरिकी कंपनी का सीईओ बनने के लिए भारतीय होना आवश्यक है। इस चुटकुले को अमेरिकी राजदूत ने 26 अप्रैल को अमेरिका में रह रहे भारतीय मूल के लोगों की प्रशंसा करते हुए कहा कि अमेरिकी कंपनी का सीईओ बनने के लिए भारतीय मूल का होना आवश्यक है। भारतीय मूल के लोग पूरी दुनियां में अपना जलवा बिखेर रहे हैं इसीलिए ही अमेरिकी राजदूत ने बताया कि, राष्ट्रपति जो बाइडेन ने उन्हें भारत में अमेरिकी वीजा के लिए इंतजार के वक्त को कम करने का निर्देश दिया है। यह पहली बार है जब किसी अमेरिकी राष्ट्रपति ने किसी देश के राजदूत को



ऐसा निर्देश दिया है। अमेरिकी वीजा के लिए भारत में वेटिंग टाइम 250 दिन है।उन्होंने भारतीय छात्रों के लिए अमेरिका को बेहद सुरक्षित देश बताया है। उन्होंने कहा अमेरिका भारतीय छात्रों के लिए बेहद सुरक्षित देश है और अमेरिका भारतीय छात्रों की परवाह करता है। उन्होंने माता-पिता को आश्वासन देते हुए कहा कि आप हमेशा यह समझें कि भारतीय बच्चे हमारे हैं।

उन्होंने कहा कि अमेरिका में रिसोर्सेस की कमी नहीं है और हम छात्रों की हर तरह से मदद करने के लिए तैयार रहते हैं। चूंकि राजदूत ने भारतीय प्रतिभाओं का लोहा माना है इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे,अमेरिका में किसी कंपनी का सीईओ होने के लिए भारतीय होना जरूरी है, यह अमेरिकी राजदूत के विचार सराहनीय हैं।साथियों बात अगर हम दिनांक 26 अप्रैल 2024 को भारत में अमेरिका के राजदूत द्वारा एक इंटरव्यू में दिए गए बयान की करें तो, भारतीय मूल के लोग पूरी दुनिया में अपना जलवा बिखेर रहे है।

अमेरिका में तो जितनी भी दिग्गज कंपनियां हैं, उसकी कमान भारतीय मूल के सीईओ के पास ही है। यही वजह है कि अब अमेरिका में एक चुटकुला अमेरिका में किसी कंपनी का सीईओ होने के लिए भारतीय होना जरूरी है, खूब चल रहा है। इस बात का खुलासा भारत में अमेरिका के राजदूत ने किया है। उन्होंने कहा कि पहले यूएसए में कहा जाता था कि अगर आप भारतीय हैं तो अमेरिका में किसी कंपनी के सीईओ नहीं बन सकते पर अब मामला उल्टा हो गया है।न्यूज एजेंसी एएनआई को दिए इंटरव्यू में राजदूत ने अमेरिका में रहने वाले भारतीय प्रवासियों की खूब प्रशंसा की और अमेरिका के विकास में उनके योगदान को सराहा। उन्होने कहा कि भारतीयों ने अमेरिका में जाकर बड़ा बदलाव किया है।फॉर्च्यून 500 कंपनियों में हर दस में से एक में भारतीय प्रवासी हैं, जिन्होंने अमेरिका में पढ़ाई की है। वैसे अमेरिका में भारतीयों को लेकर वर्तमान में चल रहा चुटकुला गलत भी नहीं है।क्योंकि, गूगल से लेकर माइक्रोसॉफ्ट तक की कमान भारतीय मूल के व्यक्तियों के हाथ में ही है। गूगल यानि अल्फाबेट की कमान सुंदर पिचाई के पास है। माइक्रोसॉफ्ट के सीईओ सत्या नडेला हैं। एडोबी के सीईओ भी भारतीय मूल के शांतनु नारायण हैं।यूट्यूब का जिम्मेदारी भी भारतीय मूल के नील मोहन के हाथों में है। आईबीएम के सीईओ भीभारतीय मूल के अरविंद कृष्णा हैं।दिग्गज अमेरिकी फार्मा कंपनी नोवार्टिस के सीईओ भी भारतीय मूल के वसंत नरसिम्हन हैं।स्टारबक्स की कमान लक्ष्मण नरसिम्हन हैं तो गुजरात में सेमीकंडक्टर प्लांट लगा रही अमेरिकी कंपनी माइक्रॉन टेक्नोलॉजी के सीईओ संजय मेहरोत्रा हैं।

हनीवेल भारतीय मूल के विमल कपूर लीड कर रहे हैं।अमेरिकी कंपनी नेटऐप के सीईओ भी भारतीय मूल के जॉर्ज कुरियन हैं। निश्चित रूप से, उन्होने जिस स्थिति के बारे में बात की, वह तमाम क्षेत्रों में बड़ी संख्या मेंउम्मीदवारों और अमेरिकी विश्वविद्यालयों में सभी तरह की हाइयर स्टडीज करने वाले छात्रों के लिए आधार बनती है। सिर्फ 2023 में, कुल मिलाकर भारतीय नागरिकों को रिकॉर्ड 1.4 मिलियन अमेरिकी वीजा दिया गया।एक दिन पहले ही जब राजदूत से पूछा गया कि क्या उन्हें 2024 में वीजा एप्लीकेशन्स की तादाद में और बढ़ोतरी की उम्मीद है, तो उन्होंने इस पर कहा कि यह संख्या हर साल बढ़ रही है। उन्होने ने कहा कि अमेरिकी यूनिवर्सिटीज पढ़ाई करने के लिए शानदार जगहें हैं।मुझे लगता है कि यह युवा आबादी, बढ़ती आबादी और दुनिया की सबसे बड़ी आबादी के लिए अच्छा विकल्प बना रहेगा। मुझे नहीं लगता कि हमारी जिंदगी में छात्रों की संख्या में कमी आएगी।

साथियों बात अगर हम अमेरिकी राजदूत द्वारा भारतीय मूल के लोगों की तारीफ की करें तो, भारतीय मूल के लोग पूरी दुनिया में अपना जलवा बिखेर रहे हैं।

अमेरिका में तो जितनी भी दिग्गज कंपनियां हैं, उसकी कमान भारतीय मूल के सीईओ के पास ही है।यही वजह है कि अब अमेरिका में एक चुटकुला अमेरिका में किसी कंपनी का सीईओ होने के लिए भारतीय होना जरूरी है, खूब चल रहा है। इस बात का खुलासा भारत में अमेरिका के राजदूत ने किया है।न्यूज एजेंसी एएनआई को दिए इंटरव्यू में अमेरिका में रहने वाले भारतीय प्रवासियों की खूब प्रशंसा की और अमेरिका के विकास में उनके योगदान को सराहा हैं। अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि भारतीय मूल के लोग पूरी दुनियां में अपना जलवा बिखेर रहे हैं।भारत में अमेरिकी राजदूत ने भारतीय प्रतिभाओं का लोहा माना-अमेरिकी कंपनियों में भारतीयों की भरमार।अमेरिका में किसी कंपनी का सीईओ होने के लिए भारतीय होना जरूरी अमेरिकी राजदूत का सराहनीय विचार है।

# लोकमित्र का रंग कवियों के संग

## तेरा साथ

साथ तेरा पा में मुस्कुराने लगी
हाथ थाम तेरा गुनगुनाने लगी।
हसीन वादियों का मंजर सुहाना बड़ा।
दिल को बहुत लुभाने लगा।
चेहरे पर हमारे एक मुस्कान थी
दोनों के प्यार की इक बात थी
हैय्या से मेरे गाल लाल थे
अनोखे से हमारे हालात थे।
साथ पा दोनों खुश थे बड़े
मौसम के भी बदले हालात थे।
समय की न कोई खबर थी
सुहाना सा लगे जिंदगी का सफर।
कभी जुल्फे सवारूँ कभी तुझको निहारूँ।
जमीन पर नहीं पड रहे पाँव थे।
मदहोशी का आलम हुआ हम पर
ना संभले धड़कन के जज्बात थे
प्यार भरी वह प्यारी डगर
साथ था मेरा हमसफ़र।

**रचनाकार**
**मधु अरोरा**



## लोकतंत्र हैं भाग्य विधाता

लोकतंत्र हैं भाग्य विधाता
होता जागरूक मत दाता
एक एक वोट कीमत रखता
एक वोट से कोई जीता जाता
कोई चुनाव यहां हार है जाता ।
आओ अपने इस अधिकार का
हम स्वयं भी तो सम्मान करें,
देकर वोट हम भारी संख्या मैं
हम खुद अपनी सरकार चुनें।।
न सोचे की जो होगा देखा जाएगा
यदि चयन नही हुआ सही तो ,
आम आदमी फिर से पछताएगा
पांच साल बाद ही ये अवसर आएगा
।।
राष्ट हित में हम सबको ही अब
आज मिलकर आगे आना होगा ,
देकर वोट हमको लोकतंत्र की खातिर
जागरूक अभियान ये चलाना होगा ।।

**आशी प्रतिभा ( स्वतंत्र लेखिका)**
**मध्य प्रदेश, ग्वालियर**
**समाज सेवी, साहित्यकार**




## मैं हुई मालामाल

जबसे तेरा पग पड़ा,अन्तरात्मा में मेरा।
भागा पाप छोड़के, देख कर चरण तेरा।
हे कृष्ण बिराजे रहिए,मेरे मन मन्दर में।
बैर भाव आ,ना पाए,हृदय के अन्दर में।
कृष्ण तुझे देखके हो गई हूँ,मालामाल।
हृदय में कदम रख,कर दिया खुशहाल।
भरी जगत में मुझे, भाग्यशाली बनाया।
धर्म पालन करने का,हमें पाठ पढ़ाया।
अंधकार से भरी थी,मेरी भीतर आत्मा।
आप ज्ञान दीप जला दिएं ,हे परमात्मा।
अब दुख,लाचारी खत्म होवेगी हमारी।
देवन्ती पर जब कृपा बरसेगी, तुम्हारी।
हे कृष्ण रोग,शोक,पीड़ा सब हर लेना।
निकट यमराज ना आवे,उसे कह देना।
तुम्हीं आत्मा हो,तुझमें है हमारी प्राण।
अब मुक्ति देकर ले चलना,अपने धाम।
मैं नाचूँ ,गाऊँ, खुशी से हो गई निहाल।
हृदय में पग देखके,मैं हुई मालामाल

**श्रीमती देवन्ती देवी चंद्रवंशी**
**धनबाद झारखंड**



## सूर्य पर केंद्रित छंद

दिव्य दिवाकर,नाथ प्रभाकर,देव आपको,नमन करूँ।
धूप-ताप तुम,नित्य जाप तुम,करुणाकर हे!,तुम्हें वरूँ।।
नियमित फेरे,पालक मेरे,उजियारा दो,पीर हरो।
दर्द लड़ रहा,पाप अड़ रहा,नेह करो हे!,शक्ति भरो।।
सबको वरते,जगमग करते,हे ! स्वामी तुम,सकल धरा।
मन है गाया,जीवन पाया,नवल ताज़गी,लोक वरा।।
तुम भाते हो,मुस्काते हो,जीव सभी ही,प्राण वरें।
धूप लुभाती,मौसम लाती,किरणें सबका,शोक हरें।।
शक्तिमान तुम,धैर्यवान तुम,,गति साधे हो,तेज बढ़ो।
दिखता काला ,वहाँ उजाला ,बिखराओ अब,नेह मढ़ो।।
दुर्बल काया,बिखरी माया,अर्ज़ करूँ मैं,नाथ सुनो।
हे! नभस्वामी,अंतर्यामी,देव प्रखरतम,फूल बुनो।।
है अँधियारा,दो उजियारा ,लिए दिव्यता,मान चुनो।
दयासिंधु हो,दीनबंधु हो,हे! जगपालक,गान गुनो ।।
कितना दुख है,रोता सुख है,घबराया नर,भोर करो।
दया करो अब,नेह झरोअब,देव दिवाकर,शोर हरो।।
उजियारे पल,हारे हर छल,देव दिवाकर,हाथ गहो।
कर्मठ शाही,नभपथराही ,प्रीत बढ़ाओ,रोज़ बहो।।
खुशियाँ रचते,नीती सृजते,गहन तिमिर को,मात करो।
चुप ना रहना,सदा विहँसना,होकर मुखरित, बात करो।

**--प्रो(डॉ)शरद नारायण खरे**
**प्राचार्य**
**शासकीय जेएमसी महिला महाविद्यालय**
**मंडला(मप्र)-481661**





# सांसद विनोद सोनकर ने समर्थन के लिए किया क्षेत्र भ्रमण

## कुण्डा दीवानी न्यायालय एवं कचेहरी में अधिवक्ताओं से मांगा समर्थन



लोकमित्र ब्यूरो

**कुण्डा प्रतापगढ़।** कौशाम्बी सांसद विनोद सोनकर मंगलवार को दीवानी न्यायालय कुण्डा पहुंच कर अधिवक्ताओं से मिलकर अपने पक्ष में समर्थन मांगा। इसके बाद कुण्डा कचेहरी पहुंच कर अधिवक्ताओं एवं वादकारियों से मिलकर मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिये समर्थन मांगते हुए कहा कि 2014 के पहले एक ऐसी सरकार थी। जिनके कार्यकाल में देश की सीमाएं सुरक्षित नही थी। देश भर में आये दिन घटनाएं होती थी। कभी मन्दिर के बाहर तो कभी गुरुद्वारा के बाहर। 2014 में जब देश की बागडोर नरेन्द्र मोदी ने संभाली तो आज कही भी ऐसी घटनाएं नही हो रही है। आज की सरकार ईट का जवाब पत्थर से देना जानती है। 2014 के पहले कुण्डा बाबागंज में न तो अच्छी सड़के थी। न ही दूर दराज के गांवों में लाईट। पिछले दस वर्षों में क्षेत्र में अच्छी गुणवत्ता पूर्ण सड़क बनाई गई। आजादी के बाद 55 वर्ष बीतने के बाद जिन गांवों में बिजली नही पहुंच पाई थी। वहां पर भाजपा की सरकार में बिजली पहुंचाई गई। यही नही गर्मियों में बिलजी कटने की अक्सर शिकायत आती थी। मेरे प्रस्ताव पर खुले तार को हटा कर केबिल वाला तार लगाया जा रहा है। कुण्डा के जीर्णशीर्ण रोड़बेज बस अड्डा को 40 लाख की लागत से पुनः बनावाया गया।

रेलवे स्टेशन का सौंदर्यीकरण कराया गया। बकुलाही नदी पर कई पुल बनाये गए। जिससे कई गांवों की दूरी कम हुई। दुअर नदी पर भी पुल बनवाये गए। क्षेत्र का सर्वांगीण विकास ही मेरी प्राथमिकता में है। सांसद विनोद सोनकर ने बताया कि पिछले 20 दिनों से बराबर क्षेत्र का भ्रमण चल रहा है। इस दौरान क्षेत्र की जनता जनार्दन का अपार जन समर्थन मिल रहा है। चौरास मन्दिर में दर्शन पूजन करने के बाद बुढियापुर,लाला का पुरवा, ढिंगौसी,ढिंगवस,कल्यानपुर भगौती गंज बाजार,बीरबल मोड़,रामगढ़ खास,हुलासगढ़, रामगढ़ रैला,केशवपुर,भेभौरा,सरांय राजीव,पूरे फत्ते सिंह,पूरे गजई,कन्हैया दुल्लापुर,महमदपुर चारपुरा, जसमेढा, अनेहरा,काशीपुर,रायपुर भटनी,वीरभद्रपुर एवं करमाईन में जन समर्थन मांगा। कार्यक्रम में भाजपा नेता शिव प्रकाश मिश्र सेनानी, जिला उपाध्यक्ष राजन मिश्र, सांसद मीडिया प्रभारी एवं कौशाम्बी लोकसभा मीडिया प्रभारी भूपेन्द्र पाण्डेय, कमलेश सोनकर,भाजपा नेता अखिलेश द्विवेदी,पुंडरीक मिश्र, भाजपा नेता अभय प्रताप सिंह पप्पन, चेयरमैन प्रतिनिधि उदय शंकर पांडेय, आशुतोष जायसवाल,योगेन्द्र नाथ मिश्र मौला, सन्तोष पाण्डेय, डॉ सुमन साहू, गोलू शुक्ल, महेश सिंह फौजी, धीरेंद्र मौर्य,बबलू मिश्र, ज्ञान चन्द्र यादव, सूरज शुक्ल, विजय मिश्र, हिमांशु मिश्र, सिद्दार्थ शंकर श्रीवास्तव, अनिल पटेल, सौरभ, बृज किशोर त्रिपाठी सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# चुनाव के लिए वाहनों की धर-पकड़ में जुटा एआरटीओ कार्यालय

**सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी बीके सिंह ने समय से पहले जरूरी वाहनों की व्यवस्था करने का रखा लक्ष्य**



लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़।** सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी का कार्यालय इस समय आसन्न लोकसभा चुनाव से संबंधित वाहनों की व्यवस्था करने में जुटा है। जिले में छोटे-बड़े मिलाकर लगभग 1800 वाहनों की जरूरत है। एआरटीओ प्रशासन बीके सिंह का लक्ष्य है कि समय से काफी पहले वाहनों की व्यवस्था कर ली जाए। जिले की दो लोकसभाओं प्रतापगढ़ और कौशाम्बी (आंशिक) में चुनाव संपन्न कराने के लिए 1095 छोटे और 684 बड़े वाहनों की जरूरत है। इनमें बसें, मैजिक और अन्य वाहन शामिल हैं। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन) बीके सिंह ने अनौपचारिक बातचीत में बताया कि ज्यादातर वाहनों की व्यवस्था हो गई है। बाकी की धर-पकड़ की जा रही है। उन्होंने बताया कि जो वाहन अटैच किए जा रहे हैं उनकी फिटनेस भी जांची जा रही है। इसके पीछे मंशा यह है कि ऐन वक्त पर कोई वाहन तकनीकी कारण से धोखा न दे सकें। चुनाव का मामला है। इसलिए फूंक-फूंककर कदम रखा जा रहा है।

उन्होंने बताया कि इस समय विभाग ने इसी काम को प्राथमिकता से लिया है। ज्यादातर कर्मचारी प्रतिदिन इसी काम के लिए निकलकर वाहनों को अटैच करने में जुटे हैं। उन्होंने बताया कि सिर्फ वाहनों का पंजीकरण देखकर ही यह काम संभव नहीं है।

पंजीकृत वाहनों में से तमाम ऐसे होते हैं जो चालू हालत में होते ही नहीं। इसलिए चुनाव के लिए उन्हीं वाहनों को अटैच करने में प्राथमिकता दी जाती है जो सड़क पर चल रहे होते हैं। विभाग के सभी लोग पूरी ईमानदारी के साथ इस काम में जुटे हैं। कोशिश है कि जरूरत से ज्यादा वाहन अपने कब्जे में आ जाएं।

# अम्बेडकर प्रवेश द्वार का किया गया शुभारंभ



लोकमित्र ब्यूरो

**कुंडा प्रतापगढ़।** बाबागंज विकास खंड की ग्राम पंचायत उतरार के लोदीपुर मजरे में बनी नवनिर्मित सीसी सड़क को बाबा साहब भीमराव अंबेडकर मार्ग का नाम देकर व प्रवेश द्वार बनाकर मंगलवार को उसका उद्घाटन किया गया।जनसत्ता दल लोकतांत्रिक पार्टी के सक्रिय सदस्य,व्यापार मंडल अध्यक्ष नगर पंचायत हीरागंज ग्राम प्रधान प्रतिनिधि विनोद यादव ने प्रवेश द्वार का फीता काटकर उद्घाटन करते हुए कहाकि प्रवेश द्वार का निर्माण महापुरुषों को श्रद्धांजलि देने का प्रयास है। उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायत में शीघ्र ही अंबेडकर पार्क का निर्माण कार्य प्रस्तावित है।इस दौरान ग्राम विकास अधिकारी संदीप कुमार, सुनील सरोज, सुरेंद्र सरोज, शिव बहादुर सरोज, अमित सरोज, शैलेंद्र सरोज, सोनू, शैलेंद्र, सूरज, विनीत, अंकित, शनि, विकास, राज व दर्जनों युवा व ग्रामीण उपस्थित रहे।

# जनमानस के लिए 108 एंबुलेंस साबित हो रही वरदान

## मूर्छित अवस्था में महिला को हायर सेंटर में कराया भर्ती



लोकमित्र ब्यूरो

**कुंडा प्रतापगढ़।** प्रदेश भर में चलाई जा रही 108 एंबुलेंस आम जनमानस के इलाज के लीए वरदान साबित हो रही है। मंगलवार को दोपहर में महेशगंज में एक मूर्छित महिला सुषमा पटेल 23 वर्ष जो की पुरानी ट्यूबरक्लोसिस की शिकार थी। उसको हायर सेंटर रेफर किया गया, जिसको अत्यंत जटिल सास की बीमारी थी। जिसके कारण उसका ऑक्सीजन लेवल 68त्न था ।

इस कठिन अवस्था में महेशगंज से एमटी अजीत व चालक राकेश कुमार को इस मूर्छित महिला को टीवी सप्रू प्रयागराज अस्पताल के लिए रेफर किया गया जो अपने आप में एक बहुत चुनौती था क्योंकि पेशेंट को सांस लेने में दिक्कत वा ऑक्सीजन लेवल बहुत कम था । प्रशिक्षित इएमटी अजीत ने अपनी सूझबूझ और ज्ञान का मिश्रण करते हुए पहले पेशेंट को ड्रिप चढ़ाते हुए अपने 108 के सेंटर डॉक्टर से परामर्श लेकर उसको 10 लीटर प्रति मिनट ऑक्सीजन चढ़ाया गया। साथ में उसे जीवन रक्षक दवाइयां भी दी गई। जिसके कारण पेशेंट को जब टीवी सप्रू अस्पताल में भर्ती कराया गया तो उसका ऑक्सीजन लेवल 96त्न देखा गया। इस कठिन परिश्रम , बुद्धिमता एवं साहसिक कार्य के लिए जिला अधिकारी जिला प्रोग्राम अधिकारी ,कुंडा अधीक्षक राजीव त्रिपाठी ने सराहना की।

# घर में घुसकर हुई मारपीट पर दो आरोपियों के खिलाफ मुकदमा

**लालगंज, प्रतापगढ़।** घर में घुसकर हुई मारपीट के मामले मे दो आरोपियो के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है। लालगंज कोतवाली के परसपुर निवासी अवधेश पाल की पत्नी मिथलेश पाल ने पुलिस को दी गई तहरीर में आरोप लगाया है कि बीती पचीस अप्रैल को सुबह दस बजे गांव के अभय सिंह पुत्र कृष्ण कुमार व कृष्ण कुमार सिंह पुत्र रामलखन ने रंजिश के चलते घर में घुसकर उसे पीटने लगे। बीचबचाव करने पर पति व सास को भी मारपीट कर अधमरा कर दिया। प्रभारी निरीक्षक अवन दीक्षित ने बताया कि केस दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

# कड़ी धूप में मां चंद्रिका देवी धाम पर श्रद्धालुओं को शरबत वितरण



लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़।**जनपद के पौराणिक दिव्य स्थल मां चंद्रिका देवी धाम पर समाजसेवी (पत्रकार) अतुल शुक्ला द्वारा दर्शन करने के लिए पहुंच रहे श्रद्धालुओं को भीषड़ गर्मी को देखते हुए शरबत वितरण के कार्यक्रम आयोजन किया ग भीषड़ गर्मी और कड़ी धूप में शरबत पीकर श्रद्धालुओं को गर्मी से थोड़ी राहत मिली । शरबत पी रहे लोगों ने इस सराहनीय कार्य की प्रशंसा किया। कार्यक्रम में मंदिर के पुजारी अनिल तिवारी जी भाजयुमो पिरथीगंज मण्डल अध्यक्ष विकल पांडेय, नगर किसान मोर्चा अध्यक्ष आशुतोष तिवारी, पत्रकार जतिन चतुर्वेदी, पत्रकार सूरज शर्मा, पत्रकार बलराम दूबे, राम शुक्ला (शुक्ला ट्रांसपोर्ट) आकाश शुक्ला, गोपाल सिंह सहित कई सम्मानित लोग शामिल रहे।

# नामांकन के दूसरे दिन 1 प्रत्याशी द्वारा नामांकन पत्र दाखिल किया गया

## 13 लोगों ने 20 सेट खरीदा नामांकनपत्र



लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत कलेक्टेऊ्रट में बनाये गये नामांकन स्थल पर आज दूसरे दिन 01 प्रत्याशी द्वारा नामांकन पत्र दाखिल किया गया जिसका विवरण निम्नवत् है जोखू सुत जगन्नाथ निवासी ग्राम नेवादा पो0-बहुता, तहसील पट्टी-सरदार पटेल सिद्धान्त पार्टी-01 सेट दाखिल किया। नामांकन के दूसरे दिन 13 लोगों ने 20 सेट में नामांकन पत्र प्राप्त किये।दूसरे दिन 13 लोगों ने 20 सेट में नामांकन पत्र प्राप्त किये गये जिनका विवरण निम्नवत् है-1-हरिकेश बहादुर पाण्डेय सुत राजेन्द्र प्रसाद पाण्डेय-निर्दलीय-01 सेट 2-विजय सिंह सुत अर्जुन सिंह-सनातन संस्कृति रक्षा दल-02 सेट 3-धनंजय गौरीशंकर सिंह सुत गौरशंकर सिंह-निर्दलीय-02 सेट 4-जयराम पटेल सुत जवाहर लाल-अपना दल (कमेरावादी)-03 सेट5-सुनील कुमार शुक्ला सुत राम सकल शुक्ला-निर्दलीय-01 सेट 6-मनीष कुमार पाल सुत विरेन्द्र कुमार पाल-राष्ट्र उदय पार्टी-01 सेट 7-मनीष कुमार पाल सुत विरेन्द्र कुमार पाल-निर्दलीय-01 सेट8-सुनील कुमार मिश्र सुत जगत नारायण मिश्र-निर्दलीय-01 सेट 9-विष्णु तिवारी सुत दिनेश तिवारी-निर्दलीय-01 सेट10-संदीप सिंह सुत जयकेश सिंह-नेशनल जनदल-02 सेट 11-कौशलेन्द्र सिंह सुत स्व0 सुरेन्द्र प्रताप सिंह-निर्दलीय-01 सेट 12-फूलचन्द्र सोनी सुत राम अंजोर-निर्दलीय-02 सेट 13-अरूण कुमार पाण्डेय सुत यमुना प्रसाद पाण्डेय-हिन्दुस्तान समाज पार्टी-02 सेट खारीदा।

# हत्या के प्रयास का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

लोकमित्र ब्यूरो

**सांगीपुर,प्रतापगढ़।** पुलिस ने हत्या के प्रयास के वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया है।पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ श्री सतपाल अंतिल के कुशल निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाने हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में जनपद के थाना सांगीपुर के उ0नि0 श्री मुसाफिर यादव मय हमराह हे0का0 कमलाशंकर दूबे, का0 सर्वेन्द्र सिंह चौहान द्वारा देखभाल क्षेत्र, तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त, संदिग्ध व्यक्तियों, वाहनों की चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर थाना सांगीपुर में पंजीकृत मु0अ0सं 075,2024 धारा 307, 504, 506 भादवि में वांछित 01 अभियुक्त मानेन्द्र सिंह उर्फ मिन्टू सिंह पुत्र अवधेश बहादुर सिंह निवासी ग्राम पूरे नन्दा वैश राजमतिपुर थाना सांगीपुर, जनपद प्रतापगढ़ को थानाक्षेत्र सांगीपुर के कटरा तिराहे के पास से गिरफ्तार किया गया ।

# विद्यालयों में सडक सुरक्षा शपथ आयोजित

लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी,जिला निर्वाचन अधिकारी प्रतापगढ़ संजीव रंजन व मुख्य विकास अधिकारी,प्रभारी अधिकारी कार्मिक नवनीत सेहारा के आदेशानुसार अपर जिलाधिकारी,उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रतापगढ़ त्रिभुवन विश्वकर्मा व उप शिक्षा निदेशक,जिला विद्यालय निरीक्षकध्नोडल अधिकारी स्वीप प्रतापगढ़ सरदार सिंह के निर्देशन व प्रधानाचार्य राजकीय इंटर कालेज रामपुर कांपा प्रतापगढ़ डॉ विंध्याचल सिंह के संयोजन में जनपद प्रतापगढ़ के सभी शिक्षण संस्थाओं में मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत जन जागरूकता अभियान व संचारी रोग नियंत्रण अभियान के अंतर्गत शिक्षकों,कर्मचारियों,विद्यार्थियों,अभिभावकों के बीच परिचर्चा एवम् अन्य गतिविधियां तथा सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के अंतर्गत सड़क सुरक्षा शपथ का आयोजन किया तथा विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया।.



अवधेश इंटर कालेज धारूपुर में उप जिलाधिकारी नैंसी सिंह व प्रधानाचार्य सौरभ सिंह के नेतृत्व में मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई तथा विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया।.इसी प्रकार राजकीय बालिका इंटर कालेज मानिकपुर प्रतापगढ़ में प्रधानाचार्य ऋचा श्रीवास्तव के निर्देशन में,पीबी इंटर कालेज प्रतापगढ़ सिटी प्रतापगढ़ के प्रधानाचार्य डॉ अनूप सिंह के निर्देशन में, एपीएस इंटर कालेज भदोही एमपी मिश्रा के निर्देशन में,शंकर विद्यालय इंटर कालेज कटैया प्रतापगढ़ में प्रधानाचार्य डॉ राघवेंद्र कुमार पांडेय के निर्देशन में, तुलसी इंटर कालेज बाबूगंज जमेठी कुंडा प्रतापगढ़ में प्रधानाचार्य अनुपम ओझा के निर्देशन में, रामराज इंटर कालेज पट्टी प्रतापगढ़ में प्रधानाचार्य रमेश मिश्रा के निर्देशन में,इस्लामिया इंटर कालेज रामपुर बजहा प्रतापगढ़ में प्रधानाचार्य अंसार अहमद के निर्देशन में,अमर जनता इंटर कालेज कटरा गुलाब सिंह प्रतापगढ़ में प्रधानाचार्य डॉ स्निग्धा पांडेय के निर्देशन में,राजकीय उमावि रसूलपुर प्रतापगढ़ में प्रधानाचार्य अशोक कुमार के निर्देशन में, अबुल कलाम आजाद इंटर कालेज प्रतापगढ़ में प्रधानाचार्य मो आजाद अहमद के निर्देशन में, पीपीएस इंटर कालेज दाउदपुर प्रतापगढ़ में प्रधानाचार्य राहुल कुमार सिंह के निर्देशन में, आरआरकेआईसी दिलीपपुर प्रतापगढ़ में प्रधानाचार्य कौशलेंद्र पति त्रिपाठी के निर्देशन में, पंडीडीयू जीएमआई महुली में प्रधानाचार्य राहुल कुमार सिंह के निर्देशन में, राजकीय इंटर कालेज चंडीगोविंदपुर प्रतापगढ़ में प्रधानाचार्य शशांक कुमार सिंह के निर्देशन में, पंडीडीयूजीएम इंटर कालेज कुराडीह प्रतापगढ़ में प्रधानाचार्य विशाल वर्मा के निर्देशन में, राजकीय उमावि पुरैला में प्रधानाचार्य सीमा तिवारी के निर्देशन में,

राजकीय उमावि दमदम प्रतापगढ़ में प्रधानाचार्य कहकशा सफी के निर्देशन में कार्यक्रम आयोजित किए गए.इसी प्रकार राजकीय बालिका इंटर कालेज विहार प्रतापगढ़,राजकीय बालिका इंटर कालेज बरहदा प्रतापगढ़,राजकीय बालिका इंटर कालेज आसपुर देवसरा में प्रधानाचार्यो के निर्देशन में कार्यक्रम आयोजित किए गए।

# ग्राम प्रधान एवं विघालय परिवार ने मेधावी छात्रा का किया उत्साहवर्धन



लोकमित्र ब्यूरो

**बाबा बेलखरनाथ धाम-** बेसिक शिक्षा, उत्तर प्रदेश के छात्र- छात्रायें राष्ट्रीय विकास के साथ साथ शैक्षिक विकास के सहभागी और संवाहक बन रहे हैं! राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित परीक्षा में संविलित उच्च प्राथमिक विद्यालय , गहरी चक की छात्रा समरीन बानो का हुआ चयन! सर्टिफ़िकेट, पुस्तक एवं कलम देकर विद्यालय में प्रतिभा सम्मान समारोह के माध्यम से मेधावी छात्रा को सम्मानित किया गया! यह विचार प्रधानाध्यापिका गिरिजा शुक्ला ने विघालय, गहरी चक में ब्यक्त किया! जिसमें ग्राम प्रधान सलमान खान, प्र0 अ0 गिरिजा शुक्ला, शिक्षकों में जितेंद्र बहादुर यादव, श्याम शंकर तिवारी, देवदास यादव, सुरेश कुमार, धर्मेंद्र कुमार , मनोज उपाध्याय,राकेश कुमार, विद्यालय प्रबंध समिति अध्यक्ष राम लवट प्रजापति, प्रदीप शुक्ला शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं मौजूद रही

# सोने से पहले बच्चे जरूर करें ब्रश - डा. अवंतिका पाण्डेय

## आत्रेय एकेडमी में आईडीए ने लगाया डेंटल चेकअप कैंप



लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़।** मंगलवार को शहर स्थित आत्रेय अकादमी में आईडीए के बैनरतले हुआ डेंटल चेकअप जिसमे शहर के प्रमुख चिकित्सक डॉ अवन्तिका पांडे, डॉ जया सरोज, डॉ हिमांशु, डॉ शिय शंकर, डॉ दीपक, डो अनवर अहमद, डॉ अजय कुमार सिंह, डॉ समसूदोहा समशेर, डॉ सीमा खंडेलवाल, डॉ सर्वेश, डॉ इम्तियाज अली, डॉ एकता द्विवेदी और डॉ विवेक पांडे अपने सभी कुशल साथियो के साथ किया बर्चा का डेंटल चेकअप तथा बच्चों को अपने दांत और मुख को कैसे सुरक्षित और मजबूत रखा जाए यह जानकारी दी उन्होंने बताया की हमे सुबह और रात में सोने से पहले 5 मिनट तक अच्छे से ब्रश करना चाहिए और दत चिकित्सक ने विशेष रूप से बच्चों को मीठा, चाकलेट तथा आइसक्रीम आदि काम खाने की सलाह दी तथा साथ ही साथ बताया की अपने दांत की देखभाल की जितनी जरूरत है उतनी ही जरूरत हमे अपने मसूड़ो के देखभाल की भी होती है जिससे दांत उतने ही मजबूत रहते है। इस मौके पर विद्यालय के प्रिंसिपल अनिय शंकर प्रबंधक संदीप श्रीवास्तव प्रधानाद्यापिका आरती द्विवेदी, अमिता शुक्ल, और समस्त अध्यापक-अध्यापिका व अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

# हनुमान जी के भंडारे में भक्तों ने ग्रहण किया प्रसाद



**रखहा, ।** विकास खंड बाबा बेलखरनाथ धाम के गनईडीह चौराहे पर मंगलवार को भाजयुमो के जिला उपाध्यक्ष छत्रिय सिंह ने हनुमान जी का विशाल भंडारा आयोजित किया, जिसमें पहुंचे भक्तों ने प्रसाद ग्रहण करते हुये बजरंगबली की जय जयकार की ।इस दौरान भाजपा नेता के के शर्मा ,अनूप सिंह, सुनील त्रिपाठी, कुलदीप प्रजापति आदि मौजूद रहे ।

# मतदाता शपथ एवं जागरूकता रैली आयोजित



**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी,जिला निर्वाचन अधिकारी प्रतापगढ़ संजीव रंजन व मुख्य विकास अधिकारी,प्रभारी अधिकारी कार्मिक नवनीत सेहारा के आदेशानुसार अपर जिलाधिकारी,उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रतापगढ़ त्रिभुवन विश्वकर्मा व उप शिक्षा निदेशक,जिला विद्यालय निरीक्षक,नोडल अधिकारी स्वीप प्रतापगढ़ सरदार सिंह व उप जिलाधिकारी पट्टी देश दीपक सिंह के निर्देशन व प्रधानाचार्य राजकीय इंटर कालेज रामपुर कांपा प्रतापगढ़ डॉ विंध्याचल सिंह,विधानसभा पट्टी के नोडल अधिकारी स्वीप डॉ सालिक राम प्रजापति व प्रधानाचार्य रामराज इंटर कालेज पट्टी रमेश मिश्रा के संयोजन में एक विशाल मतदाता शपथ एवम् मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन रामराज इंटर कालेज पट्टी प्रतापगढ़ में संपन्न हुआ। उप जिलाधिकारी पट्टी ने मतदाता शपथ दिलाई तथा मतदाता जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।इस अवसर पर डॉ मोहम्मद अनीस नोडल अधिकारी विधानसभा सदर प्रतापगढ़,तहसीलदार पट्टी मनोज राय,नायब तहसीलदार पट्टी पवन सिंह, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली पट्टी आलोक कुमार सिंह,विद्यालय के समस्त स्टाफ,विद्यार्थी और एनसीसी कैडेट्स उपस्थित रहे।

# धनुष यज्ञ के प्रसंग सुन भक्त हुए अल्हादित

## रामपुर भेड़ियानी में आयोजित नौ दिवसीय श्री राम कथा का पंचम दिवस



**लोकमित्र ब्यूरो**

**सगरा सुन्दरपुर,प्रतापगढ़।** मानव कल्याण सेवा संस्थान परिवार द्वारा आयोजित नववदिवसीय श्री राम कथा के पंचम दिवस पर बोलते हुऐ कथा व्यास पूज्य श्री संजय कृष्ण जी महाराज ने धनुष यज्ञ का वर्णन करते हुऐ बताया कि प्रभु श्री राम ने महर्षि विश्वामित्र के साथ जनक पुर जाते समय अहिल्या का उद्धार करते हैं और जनकपुरी मे प्रवेश करते हैं प्रभु दोनो भाईयो की मनमोहक छबि पूरे जनकपुर वासियों को आनंदित करती है महर्षि विश्वामित्र आऐ हैं ऐसा जानकर राजा जनक ने द्वार पर आकर स्वागत किया और बडे आदर सहित राजमहल ले जाकर आदर सत्कार एवम् ठहरने का उत्तम प्रबंध करवाया प्रभु श्री राम ने गुरु जी से यह कहकर आदेश लिया कि लक्षमण जी नगर देखना चाहते है और जाकर दोनों भाई नगर घूमने जाते है और फिर सुबह गुरु जी के पूजा के लिए पुष्प लेने वाटिका जाते हैं जहा पर माता जानकी सखियों सहित माता गौरी की पूजा करने आई होती हैं जहा पर सखियों की नजर प्रभु श्री राम पर पड़ती और जाकर माता जानकी को बताती हैं और वही पर प्रभु श्री राम और माता जानकी एक दूसरे का दीदार करते हैऔर कुछ क्षण के लिए सबकुछ भूल कर एक दूसरे को अपने मन मे विठा लेते है और फिर धनुष यज्ञ मे आते हैं सारे योद्धा राजे महाराजे जब हार जाते है और यहा तक कि सब एक साथ मिलकर उठाना चाहते हैं पर धनुष हिला तक नही राजा जनक निराश होकर कहने लगे कि सब अपने घर जाओ अगर मै जानता धरती वीरो से खाली है तो मै ऐसा प्रण कभी न करता इस पर महर्षि विश्वामित्र जी के आदेश पर प्रभु श्री राम ने पलक झपकते ही धनुष को तोड दिया और प्रभु श्री राम की जय जय कार होने लगी और माता सीता ने वरमाला डालकर वरण किया पूरे जनकपुर मे उत्सव होने लगा कथा मे पधारे बाबा गंज विधान सभा प्रभारी पं चंद्र कांत मिश्र गाना महाराज ने व्यास जी व साथी आचार्यो का अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया

कथा मे मुख्य रूप से शिवनारायण पांडेय शिवपवन दुबे प्रशांत त्रिपाठी शाशकीय अधिवक्ता पूर्व प्रमुख सजय तिवारी बड़े रामलखन मिश्र शिवपूजन पांडेय अनिल मिश्र उमेश पांडेय रविशंकर पांडेय जय भगवान पांडेय संजय शुकल आशू शुकल आदि सैकड़ो रामभक्त रहे आभार संयोजक पं श्याम शंकर पांडेय ने किया।

## महिला को परिवार के लोग कर रहे प्रताड़ित थाने पर की गई शिकायत

**आसपुर देवसरा,प्रतापगढ़।** बीमार पति व तीन बेटियों का पालन कर रही महिला को परिवार के लोग प्रताड़ित कर रहे हैं। जिसकी शिकायत पीड़िता ने थाने पर की है।

आसपुर देवसरा थाना क्षेत्र के इब्राहिमपुर गांव की रहने वाली वंदना सिंह पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि उसका पति राजेंद्र प्रताप सिंह बीमार रहता है। उसे तीन बेटियां हैं। बड़ी बेटी की उसने शादी कर दी है। उसके देवर जेठ आदि उसे लगातार प्रताड़ित कर रहे हैं। घर पर उसका रहना मुश्किल कर रखा है। वह अपनी बेटियों के नहाने के लिए नहावनी बनवा रही थी। वह लोग नहीं बनाने दिए और उसके साथ मारपीट की। पीड़ित महिला ने थाने पर बेटियों के साथ पहुंचकर प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। थाना अध्यक्ष संतोष सिंह ने बताया कि प्रार्थना पत्र मिला है जांच की जा रही है।

# मतदाता जागरूकता को एनसीसी कैडेटों ने निकाली रैली

**लोकमित्र ब्यूरो**

**पटटी,प्रतापगढ़।** स्थानीय विद्यालय रामराज इंटरमीडिएट कॉलेज पट्टी प्रतापगढ़ द्वारा मतदाता जागरूकता को लेकर होने वाले 25 मई के लोकसभा चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान करने के लिए एनसीसी कैडेट्स एवं स्काउट के कैडेटों एवं छात्र-छात्राओं को उप जिला अधिकारी पट्टी देश दीपक सिंह ने शपथ दिलाते हुए अपने संबोधन में कहा कि 25 मई के मतदान महापर्व के प्रतिशत बढ़ाने के लिए अपना योगदान देने और अपने गांव अपने शहर तथा अपने आसपास के मतदाताओं को शत-प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित करें ताकि कोई मताधिकार से वंचित न रह जाए ।विद्यालय के प्रधानाचार्य रमेश चंद्र मिश्र ने आए हुए अतिथियों के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि हर भारतीय को मतदान करने के अधिकार पर गर्व होना चाहिए

मतदाता भविष्य का विधाता होता है एक जिम्मेदार मतदाता ही सभी में जागरूकता ला सकता है ।मतदाता जागरूकता रैली को उप



जिला अधिकारी देश दीपक सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना करते हुए पूरे नगर में छात्र-छात्राओं के मनोबल को बढ़ाते हुए भ्रमण किये। कार्यक्रम में मनोज राय तहसीलदार पट्टी पवन सिंह नायब तहसीलदार पट्टी आलोक कुमार सिंह प्रभारी निरीक्षक पट्टी विंध्याचल सिंह प्रधानाचार्य अनीस अहमद प्रवक्ता प्रजापति नोडल अधिकारी नीलम मिश्रा सतीश पाण्डेय रमेश तिवारी राजेश दुबे प्रशस्त तिवारी पंकज तिवारी जयप्रकाश मिश्रा वेद प्रकाश उपाध्याय अमित पांडे वरुण कुमार पटेल संजय तिवारी प्रमोद दुबे नीलाभ मिश्र देवी प्रसाद तिवारी अवलेश कुमार उमापतिपाल इंद्र केश सिंह सिद्धेश शुक्ला जगन्नाथ यादव प्रफुल्ल रावत संदीप पांडे हरिश्चंद्र मिश्र साधुराम यादव लालमनि मिश्र पदनाभम दूबे तिवारी विनोद मिश्र प्रदीप पांडे शेषमनि पांडे जितेंद्र मिश्र अमित बरनवाल बलवंत सिंह शिवम आदि लोग उपस्थित रहे कार्यक्रम का संचालन अरुण मिश्र ने किया।

# इंडी गठबंधन के प्रत्याशी एसपी सिंह पटेल का नामांकन आज



**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** समाजवादी पार्टी के नेता और इंडी गठबंधन के प्रत्याशी एसपी सिंह पटेल कल एक मई बुधवार को अपना नामांकन पत्र दाखिल करेंगे। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं और समर्थकों से बड़ी संख्या में उपस्थित होने की अपील की गई है।बता दें कि इंडी गठबंधन के सीट बंटवारे में प्रतापगढ़ संसदीय सीट समाजवादी पार्टी के खाते में गई है। पार्टी ने यहां से एरसपी सिंह पटेल को अपना प्रत्याशी बनाया है। एकजुटता का परिचय देते हुए गठबंधन के सभी नेता और कार्यकर्ता उनके साथ खड़े हैं। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी तो उनके समर्थन में जगह-जगह सभाएं आयोजित कर उन्हें जिताने की अपील कर रहे हैं। आम आदमी पार्टी का भी पटेल को समर्थन प्राप्त है।पार्टी कार्यकर्ताओं के मुताबिक नामांकन से पहले विशाल जनसभा होगी। इसके बाद जुलूस पार्ट्टी कार्यालय से रवाना होकर कलेक्ट्रेट पहुंचेगा। इसमें वाहनों का लंबा काफिला होगा। पार्टी और गठबंधन दोनों की कोशिश होगी कि जनसमूह के माध्यम से विपक्षियों को अपनी ताकत का एहसास कराएं।

## पुरानी रंजिश में महिला की पिटाई

**पट्टी,प्रतापगढ़।** पुरानी रंजिश को लेकर घर पर अकेली महिला को पड़ोसियों ने मारपीट कर घायल कर दिया। महिला ने थाने पर प्रार्थना पत्र दिया है।कोतवाली क्षेत्र के लाखीपुर कपसा गांव की रहने वाली गीता देवी ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि मंगलवार को वह घर पर अकेली थी। इस दौरान पड़ोसी एक राय होकर लाठी डंडा, धारदार हथियार लेकर गालियां देते हुए घर पर आए। उसे मारपीट कर घायल कर दिया। जिससे उसके सर में गंभीर चोटे आ गई। घायल महिला ने थाने पर प्रार्थना पत्र दिया है। घायल महिला का पुलिस मेडिकल परीक्षण करा कर अग्रिम कार्रवाई में जुटी हुई है।

# 450 लीटर अवैध शराब बरामद,महिलाओं समेत तीन गिरफ्तार

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लीलापुर,प्रतापगढ़।** पुलिस ने 450 लीटर अवैध शराब बदामद कर महिलाओं समेत तीन को गिरफ्तार किया है।जनपद के थाना लीलापुर से उ0नि0 श्री प्रशान्त कुमार मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र, तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त, संदिग्ध व्यक्ति, वाहनों की चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर थानाक्षेत्र लीलापुर के ग्राम तिना चितरी से 01 अभियुक्त विनोज सरोज पुत्र रामफल निवासी तिना चितरी थाना लीलापुर जनपद प्रतापगढ़ को 140 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। उक्त बरामदगी के संबंध में थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 172,2024 धारा 60(2) आबकारी अधि0 का अभियोग पंजीकृत किया गया है।जनपद के थाना लीलापुर से उ0नि0 श्री राजानाती मय हमराह म0का0 पारूल यादव द्वारा देखभाल क्षेत्रध् तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त, संदिग्ध व्यक्ति, वाहनों की चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर थानाक्षेत्र लीलापुर के ग्राम तिना चितरी से 01 अभियुक्ता संजू देवी पत्नी विनोद सरोज निवासी तिना चितरी थाना लीलापुर जनपद प्रतापगढ़ को 160 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया।

उक्त बरामदगी के संबंध में थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 173,2024 धारा 60(2) आबकारी अधि0 का अभियोग पंजीकृत किया गया है।जनपद के थाना लीलापुर से उ0नि0 श्री अमरेश कुमार यादव मय हमराह म0का0 आरती यादव द्वारा देखभाल क्षेत्रध् तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त, संदिग्ध व्यक्ति, वाहनों की चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर थानाक्षेत्र लीलापुर के ग्राम तिना चितरी से 01 अभियुक्ता मीना पत्नी श्रवण कुमार निवासी तिना चितरी थाना लीलापुर जनपद प्रतापगढ़ को 150 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया।

उक्त बरामदगी के संबंध में थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 174,2024 धारा 60(2) आबकारी अधि0 का अभियोग पंजीकृत किया गया है।

# भाजपा ही देश का विकास करने में सक्षम- पंकज मिश्रा



**लोकमित्र ब्यूरो**

**बीरापुर ,प्रतापगढ़।** रानीगंज तहसील क्षेत्र के बीरापुर,जगदीशपुर,धनऊ पुर सांसद संगम लाल गुप्त को विजई बनाने के लिए हरिशंकर तिवारी के संयोजन में पंकज मिश्रा समाजसेवी घर घर जाकर संगम लाल गुप्त विकास कार्यो के बारे में बताते हुए वोट देने की अपील की पंकज मिश्रा ने कहा मोदी के नेतृत्व में सरकार बनेगी तभी देश का विकास होगा भाजपा ही एक ऐसी पार्टी है जो देश का सर्वांगीण विकास करने में सक्षम है इस अवसर पर मुख्य रूप से प्रधान दिनेश पांडे,बीरपुर प्रधान ईश्वर चंद्र जायसवाल प्रधान दिनेश कुमार मिश्रा विक्कू मिश्रा सही तमाम लोग मौजूद रहे।

## श्रीमद्भागवत कथा में श्रीकृष्ण के रास लीला का किया वर्णन, उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



**लोक मित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़ ।** सदर क्षेत्र के पूरे माधोसिंह में अधिवक्ता पंडित रमा कान्त त्रिपाठी के आयोजकत्व चल रहे संगीतमई श्रीमद्भागवत कथा के छठवें दिन सोमवार को कथा व्यास ओम नंद महाराज ने कथा का रसपान कराया। व्यास ने कहा कि सर्वेश्वर भगवान श्रीकृष्ण ने ब्रज में अनेकानेक बाल लीलाएं कीं, जो वात्सल्य भाव के उपासकों के चित्त को अनायास ही आकर्षित करती हैं। जो भक्तों के पापों का हरण कर लेते हैं।महाराज द्वारा भगवान श्रीकृष्ण की रासलीला का वर्णन करते हुए बताया कि भगावन की अनेकतम लीलाओ में श्रीकृष्ण की रासलीला से श्रेष्ठतम है। कथा व्यास ओम नन्द महाराज ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने बांसुरी बजाकर गोपियों का आह्वान किया और महारास लीला के द्वारा ही जीवात्मा परमात्मा का ही मिलन हुआ। जीव और ब्रह्म के मिलने को ही महारास कहते है।कथा के साथ साथ भजन सुन श्रोता भाव विभोर हो उठे। महाराज ने कहा कि आस्था और विश्वास के साथ भगवत प्राप्ति आवश्यक है।

## अनियंत्रित मैजिक ने कार में मारी जोरदार टक्कर, सभी लोग बाल-बाल बचे



**सुवंसा,प्रतापगढ़।** नगर पंचायत सुवंसा क्षेत्र के अंतर्गत लखनऊ वाराणसी राजमार्ग पर आज मंगलवार को शाम करीब 4,30 बजे मुंगरा बादशाहपुर की ओर से आ रही माल वाहक मैजिक ने सामने से आ रही कार में टक्कर मार दी जिसमें दोनों गाड़ियों के पर खच्चे उड़ गए । मैजिक चालक हीरालाल यादव पुत्र रणजीत सिंह यादव गांव घूरीपुर थाना फत्तनपुर जनपद प्रतापगढ़ का निवासी है जबकि कार चालक अमन सुत ताज गोसाईपुर थाना चोलापुर जनपद वाराणसी का रहने वाला है। मौके पर थाना फत्तनपुर पुलिस पहुंच गई दोनों गाड़ियों को हटाकर के रास्ता बहाल कराई। दोनों चालकों को थाने ले जाकर पूछताछ जारी है।

# हज यात्रियों का हुआ टीकाकरण



**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा हज यात्रियों के टीकाकरण का उद्घाटन शेख मस्जिद पंजाबी मार्केट प्रतापगढ़ में किया गया। इस अवसर पर डॉ ए एन राय जिला प्रतिरक्षण अधिकारी, डॉ संदीप सक्सेना अर्बन नोडल अधिकारी, डॉ आजाद अहमद उपमुख्य चिकित्सा अधिकारी,श्री राजशेखर जिला कार्यक्रम प्रबंधक एनएचएम. श्री महेश कुमार सिंह जिला सहायक प्रतिरक्षण अधिकारी श्री देव आनंद श्रीवास्तव वैक्सीन कोड चेंज मैनेजर डॉ सुष्मिताडीएमसी यूनिसेफ श्री चंद्रचूड़ सिंह एपिडेमियोलॉजी एवं जिला स्तर के अन्य अधिकारी के साथ-साथ हज यात्रा करने वाले यात्री टीकाकरण के लिए बड़ी उत्साह के साथ उपस्थित होकर टीकाकरण करवाया।

# रंगदारी मामले में 2 अभियुक्त गिरफ्तार, 50000 रुपये बरामद

**लोकमित्र ब्यूरो**

**रखहा,प्रतापगढ़।** पुलिस ने रंगदारी मामले में दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है साथ ही 50000 रूपया बरामद किया है तथा घटना में प्रयुक्त वैगनार गाड़ी बरामद की है।

दिनांक 24.04.2024 को थाना कंधई क्षेत्रान्तर्गत ग्राम कोनी में वैगनार सवार 03 अज्ञात व्यक्तियों द्वारा क्राइम ब्रांच शाखा लखनऊ बताते हुए 01 व्यक्ति के घर में घुसकर परिवार के सदस्यों को बंधक बनाकर रंगदारी मांगने के प्रकरण में थाना कंधई में प्राप्त तहरीर के आधार पर दिनांक 29.04.2024 को मु0अ0सं0 110,2024 धारा 365, 342, 386, 420, 504, 506 भादवि बनाम वैगनार 1869) सवार 03 अज्ञात व्यक्तियों का अभियोग पंजीकृत किया गया था । पुलिस अधीक्षक, प्रतापगढ़ श्री सतपाल अंतिल के निर्देशन में आज दिनांक 30.04.2024 को जनपद के थाना कंधई के उ0नि0 श्री मिथलेश चौरसिया मय हमराह उ0नि0 श्री रज्जन राव, हे0का0 ऋषिकेश तिवारी, का0 रामजी कुशवाहा द्वारा देखभाल क्षेत्र,तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त, संदिग्ध व्यक्तियों, वाहनों की चेकिंग एवं विवेचना के दौरान मुखबिर की सूचना पर थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 110,2024 धारा 365, 342, 386, 420, 504, 506 भादवि से संबंधित 02 अभियुक्तों 01. सुनील कुमार मिश्रा पुत्र जय प्रकाश मिश्रा निवासी पूरे हनुमान मिश्र (ककवा) थाना अमेठी जनपद अमेठी 02. विशाल मिश्रा पुत्र अनुग्रह नारायण मिश्रा निवासी दादूपुर थाना दिलीपपुर, जनपद प्रतापगढ़ को थाना क्षेत्र कोतवाली नगर के मौर्या चौराहा चिलबिला के पास से घटना में प्रयुक्त वैगनार गाड़ी एवं रंगदारी के 50000 रुपये के साथ गिरफ्तार किया गया ।

## हत्या के प्रयास के अभियोग में बाल अपचारी गिरफ्तार

**कुण्डा,प्रतापगढ़।**पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ श्री सतपाल अंतिल के निर्देशन में जनपद के थाना हथिगवां के उ0नि0 श्री श्याम बिहारी सिंह मय हमराह उ0नि0 श्री अमित कुमार चौहान का0 मानवेन्द्र सिंह द्वारा देखभाल क्षेत्र, तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर थाना हथिगवां में पंजीकृत मु0अ0सं 22,2024 धारा 307,504 भादवि में वांछित 01 बाल अपचारी को थानाक्षेत्र हथिगवां के बैंती चौराहे के पास से गिरफ्तार किया गया

## सूचना/बेदखली

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी दूसरी पत्नी हाजरा बेगम पत्नी मो0 शरीफ खाँ व उसका लड़का मो0 फारूख सुत मो0 शरीफ खाँ निवासी गड़वारी रामपुर थाना अन्तू, प्रतापगढ़ वारिद हाल ग्राम प्यारेपुर थाना जेठवारा जिला प्रतापगढ़ हमारे कहने सुनने में नही है। अराजक तत्वों के साथ मिलकर हमें व मेरे घर परिवार वालों से विवाद करते रहते है। मना करने पर अमादा फौजदारी हो जाते हैं। जिसके चलते मैंने अपनी पत्नी हाजरा बेगम व पुत्र मो0 फारूख उपरोक्त को अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। उनके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य के जिम्मेदार वे लोग स्वयं होंगे। हमसे अथवा हमारे परिवार आदि से कोई वास्ता सरोकार नहीं होगा।

मो0 शरीफ खाँ
सुत स्व0 मो0 फिराज
निवासी रामपुर रजवाड़े थाना अन्तू
जिला प्रतापगढ़

## सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा इकलौता पुत्र इरफान अहमद के क्रिया कलाप ठीक नही है। वह मेरे कहने सुनने में भी नही है। उनके द्वारा किए गए किसी भी वैद्य अथवा अवैद्य कार्यो का वह खुद जिम्मेदार होगें। उसके आचरण को देखते हुए अपनी सम्पूर्ण चल अचल संपत्ति से बेदखल कर रहा हूं ।

मकसूद हसन पुत्र महबूब हसन
निवासी- थोन, थाना मोहब्बतपुर पईसा
तहसील - सिराथू, जनपद-कौशाम्बी

(फार्म नं0 2 ए)

न्यायालय श्रीमान सिविल जज (जू0डि0) सदर महोदय प्रतापगढ़
मु0नं0 1597/22
अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0
नाम फरीकेन मोहम्मद सिराज बनाम मोहम्मद सिरताज आदि
बनाम
1. मोहम्मद सिरताज उम्र लगभग 58 वर्ष सुत मोहम्मद यासीन 2. मोहम्मद नईम उम्र लगभग 55 वर्ष 3. मोहम्मद मोईन उम्र लगभग 45 वर्ष 4. मोहम्मद कलीम उम्र लगभग 35 वर्ष सुतगण मो0 अमीन समस्त निवासीगण मकान नं0 पुराना 238/नया 270 वार्ड नं0 2 श्याम बिहारी गली मोहल्ला बेगम वार्ड पर0 व तह0 सदर जिला प्रतापगढ़ 5. मो0 अकरम उर्फअरकम उम्र लगभग 25 वर्ष सुत मो0 यासीन निवासी 84 बेगमवार्ड पर0 व तह0 सदर जिला प्रतापगढ़ 6. मो0 इस्लाम उम्र लगभग 30 वर्ष सुत अब्दुल सलाम निवासी अजीत नगर ठकुरइया पर0 व तह0 सदर जिला प्रतापगढ़
तारीख पेशी 01.05.2024

यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 01.05.2024 को समय 07.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया ।

न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम

(फार्म नं0 2 ए)

न्यायालय श्रीमान अपर सिविल जज (जू0डि0) सदर महोदय प्रतापगढ़
इजराय वाद संख्या 41/1986
अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0
नाम फरीकेन गुरूदयाल आदि बनाम बुद्धू आदि
बनाम
1. बुद्धू सुत सियम्बर मृतक दौरान मुकदमा 1/1. लखराजी उम्र 63 वर्ष विधवा बुद्धू 1/2. राम आसरे उम्र 43 वर्ष 1/3. राम दुलार उम्र 35 वर्ष सुतगण बुद्धू नि0गण सदर बाजार त0 सदर प्रतापगढ़
तारीख पेशी 17.05.2024

यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 17.05.2024 को समय 07.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया ।

न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम

# पीड़ित अधिवक्ता ने एसपी से लगाई सुरक्षा की गुहार, किया मुकदमा दर्ज करने की मांग

**लोकमित्र ब्यूरो**

**कुंडा प्रतापगढ़।** थाना से न्याय न मिलने पर पीड़ित अधिवक्ता ने पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल से मिलकर अपने ऊपर हो रहे अत्याचार तथा प्रताड़ना से तंग आकर न्याय की गुहार लगाई। एसओ को फटकार लगाते हुए घटना की जांच कराने व सुरक्षा का आदेश दिया है। बता दें कि संग्रामगढ़ थाना क्षेत्र के कोड़री गांव निवासी अधिवक्ता रामसिंह यादव ने बाबागंज-हीरागंज रोड पर पुरैली मखदुमपुर गांव में बैनामा की जमीन लेकर अपनी ऑफिस व दुकान मकान बनाया था। महेशगंज थाना क्षेत्र के गुजवर गांव निवासी व्यवसाई मूलचंद जायसवाल ने उसी जमीन के पास सड़क के किनारे किसी व्यक्ति से जमीन खरीद कर अधिवक्ता की जमीन पर बने घर को भी अपनी जमीन बताने लगा। पुलिस के शह पर दबंगई दिखाते हुए मूलचंद जायसवाल दर्जनों गुंड़ो के साथ जेसीबी मशीन लेकर पहुंचा। देखते ही देखते योगेश जेसीबी से पूरे मकान को गिराकर ध्वस्त कर दिया। बोलने पर गाली गलौज करते हुए जानसे मारने की धमकी भी देने लगा। पीड़ित अधिवक्ता ने संग्रामगढ़ थाना में नामजद तहरीर देकर विधिक कार्रवाई की मांग की लेकिन पुलिस ने अधिवक्ता की बात को अनसुनी करते हुए लीपा पोती में लग गई। पीड़ित अधिवक्ता राम सिंह यादव ने भी सोमवार को पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल से मिलकर घटना से अवगत कराते तथा संग्रामगढ़ पुलिस पर निष्क्रियता का आरोप लगाते हुए दबंग भू माफिया से अपनी सुरक्षा की गुहार लगाई। एसपी ने मामले की गंभीरता को देखते हुए न्याय का भरोसा दिलाया है। पीड़ित अधिवक्ता रामसिंह यादव ने राष्टीय सहारा प्रतिनिधि को बताया कि हमारी मांग है कि मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तत्काल गिरफ्तारी सुरक्षा के साथ ध्वस्त मकान की क्षतिपूर्ति दिलाई जाए।

## बाइक की टक्कर से वृद्ध घायल, अस्पताल ले जाते समय रास्ते में हुई मौत

**बीरापुर प्रतापगढ़** – दिलीपपुर थाना क्षेत्र के मऊ गांव निवासी राम प्रताप दुबे 75 वर्ष मंगलवार की दोपहर बाइक से जामताली बाजार जा रहा था। अभी वह मऊ गांव के मोड़ के पास रानीगंज पट्टी मुख्य मार्ग पर पहुंचा था कि पट्टी से रानीगंज की तरफ जा रहा तेज रफ्तार बाइक सवार ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे राम प्रताप दुबे के सर हाथ पैर में गंभीर चोटें आई। सर में गंभीर चोट आने से वह बेहोश हो गया। और बाइक भी चकनाचूर हो गई। सूचना मिलते ही वृद्ध को परिजन आनन फानन में मेडिकल कॉलेज प्रतापगढ़ ले भागे। जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद वृद्ध की हालत गंभीर देखते हुए डॉक्टरो ने उसे एस आर एन मेडिकल कॉलेज प्रयागराज रेफर कर दिया। परिजन घायल वृद्ध को लेकर मेडिकल कॉलेज प्रयागराज जा रहे थे कि रास्ते में ही वृद्ध की मौत हो गई। मृतक के एक बेटा और एक बेटी है। पल भर में बेटा और बेटी के सर से पिता का साया उजड़ गया। अचानक की मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम

## आग लगने से छप्पर जलकर राख

**बिहार प्रतापगढ़** स्थानीय थाना क्षेत्र के तिवारी महमद्पुर गांव निवासी शिवलाल सरोज उर्फ शुभई के घर से सटे हुए फूस के छप्पर में अचानक आग लगने से फूस का छप्पर जल कर राख हो गया। आग लगने के कारणों का पता नही लग पाया। गनीमत तो यह रही कि जब आग थोड़ा धीमी थी तभी स्थानीय ग्रामीणों के पहुंचने से आग पर काबू कर लिया गया,जिससे ज्यादा नुकसान होने बच गया।

# सफाई कर्मी की फर्जी नियुक्ति की शिकायत

**लोकमित्र**

**प्रतापगढ़ (ब्यूरो)।** कुण्डा कोतवाली अंतर्गत ग्राम जयचन्दपुर निवासी सुमित्रा देवी पत्नी रामामल सरोज ने फर्जी सफाई कर्मी की नियुक्ति करने का आरोप प्रधान पर लगाया है। साथ ही मामले की शिकायत जिलाधिकारी से करके कार्रवाई की मांग की है। इस सम्बंध में पीड़िता का आरोप है कि उसके पास जीवकोपार्जन का कोई साधन नहीं है। वह काफी दिनो से ग्राम सभा में निर्मित शौचालय की सफाई कर रही है। वर्तमान प्रधान ने रंजिशन उसके स्थान पर दूसरे की नियुक्ति कर दिया है। उसने डीएम से कार्रवाई की मांग की है।

## जमीनी विवाद में महिला को लाठी डंडों से पीटा, मुकदमा दर्ज

**बिहार /प्रतापगढ़** बाघराय थाना क्षेत्र के कोटवा गांव निवासिनी अन्नूदेवी 40 वर्ष पत्नी राजेंद्र गौतम बीते 28 अप्रैल को अपने खेत में दिन में साढ़े ग्यारह बजे गई हुई थी तभी गांव के फूलचंद व मुकेश व गुड्डन आदि लोगों ने पहुंचकर लाठी डंडों से मारना पीटना शुरू कर दिया व जान से मारने की धमकी दी व कहा कि यह मेरा खेत है,चली जाओ नही खून की नदी बहा देंगे । तब तक आस पास के लोग आ गए। तब वहां से धमकी देते हुए भाग निकले। घायल अन्नूदेवी का इलाज सीएचसी बाघराय में चल रहा है। अन्नूदेवी पत्नी राजेंद्र गौतम की तहरीर पर पुलिस ने कोटवा गांव निवासी,फूलचंद्र ,मुकेश,गुड्डन अमृतलाल,जियालाल,सचिन, कमल,सविता,जमलहिन, दुरतहिन व लौगहिंन समेत ग्यारह लोगों के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## पाक्सो न्यायालय में पैरवी हेतु अधिवक्ता रंजय मिश्र नामित

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** पाक्सो न्यायालय में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं बाल कल्याण समिति की तरफ से पीड़ितों को निःशुल्क विधिक सहायता व अवश्यक पैरवी प्रदान करने हेतु माह मई 2024 के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के प्रभारी सचिव सुमित कुमार द्वितीय ने अधिवक्ता रंजय कुमार मिश्र को पैनल अधिवक्ता नामित किया है। अधिवक्ता रंजय कुमार मिश्र विशेष न्यायालय,लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण (पाक्सो एक्ट) अपर सत्र न्यायालय में लम्बित मामलों की प्रभावी पैरवी हेतु पीड़ितों को विधिक सहायता प्रदान करेंगे।

9452526750, 9839665450,8565970115

दैनिक लोकमित्र

121, विवेक नगर प्रतापगढ़

सम्मन प्रकाशन दर 1000 रू0 एक नाम तक अतिरिक्त प्रति व्यक्ति 10.00 रूपया पैनल विज्ञापन 5 से.मी. प्रति कालम 500/–प्रतिमाह

प्रथम पृष्ठ पर 100% अतिरिक्त

E-mail-lokmitra2005@gmail.com

प्रकाशक,मुद्रक एवं स्वत्वाधिकारी संतोष भगवन द्वारा रामा मुद्रणालय, विवेक नगर, प्रतापगढ़ से मुद्रित एवं लोकमित्र कार्यालय पल्टन बाजार प्रतापगढ़ से प्रकाशित

8738029050 सम्पादकः संतोष भगवन

# प्रदेश में कानून का राज, अपराधी पहुंचे जेल- बृजेश पाठक

## डिप्टी सीएम ने शिवपुरा में बूथ अध्यक्ष एवं कार्यकर्ता सम्मेलन में हुए शामिल

**बलरामपुर ।** मोहनलाल रामलाल इण्टर कालेज शिवपुरा प्रांगण में बूथ अध्यक्ष सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने अपने सम्बोधन में कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता व बूथ अध्यक्ष पार्टी के रीढ होते है उनके ही मेहनत से हमारा बूथ काफी मजबूत होता है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस व समाजवादी सरकार में भ्रष्टाचार चरम पर थी बहन बेटियां सड़कों पर चलने में भय खाती थी। आज उत्तर प्रदेश सरकार में कानून का बोलबाला है अपराधी या तो प्रदेश छोड़कर चले गए हैं और जो है वह जेल के सलाखों के पीछे हो गए हैं उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार में कोयला घोटाला, सेना के सामानों में घोटाला, खेल के संसाधनों में घोटाला जमकर किया गया जिसमें तत्कालीन संबंधित एक मंत्री को जेल भी जाना पड़ा था उन्होंने कहा कि केंद्र में मोदी सरकार बनने के बाद भ्रष्टाचार को समाप्त किया गया वहीं विभिन्न



योजनाओं का लाभ पात्र लोगों को मिला है जिससे पात्र लाभार्थियों के परिवार में खुशियां लाने का काम भाजपा सरकार ने किया है ,प्रत्येक घर में शौचालय, आवास, बिजली, पानी, सड़क समेत चौमुखी विकास कराया गया है, घर घर में शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के लिए जल जीवन मिशन के तहत गांव-गांव में पानी टंकी बनाई गयी है, सौभाग्य योजना से प्रत्येक गांव में लोगों को निशुल्क बिजली कनेक्शन दिए गए। किसानों के सिंचाई का बिल माफ किया गया है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी बिना भेदभाव के काम कर रही है जबकि समाजवादी पार्टी में परिवार वाद चल रहा है। उन्होंने कहा कि भगवान श्री राम वर्षो से टेंट के नीचे रहे लेकिन मोदी सरकार के प्रयास से आज अयोध्या में भव्य मंदिर का निर्माण हो गया है जिसमें श्री राम लला विराजमान हो गये है। उन्होंने कहा कि श्रावस्ती व बलरामपुर में हवाई सेवा की व्यवस्था की गई है जो श्रावस्ती एयरपोर्ट से उड़ान चालू है। भाजपा प्रत्याशी साकेत मिश्र को उन्होने भारी मतो से जिताने की अपील किया है। बीजेपी प्रत्याशी साकेत मिश्र ने अपने सम्बोधन कहा कि आने वाले चुनाव में कमल का बटन दबाकर मोदी जी के हाथों को मजबूत करने का काम करें। कार्यक्रम का संचालन भाजपा जिला महामंत्री वरुण सिंह मोनू ने किया। इस मौके पर तुलसीपुर विधायक कैलाश नाथ शुक्ल, सदर विधायक पलटूराम, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंह, श्रावस्ती लोकसभा संयोजक शंकर दयाल पाण्डेय, श्रावस्ती लोकसभा प्रभारी अवधेश श्रीवास्तव जिला महामंत्री रवि कुमार मिश्रा ने कार्यक्रम को संबोधित किया। इस मौके पर जिलामंत्री अवधेश त्रिपाठी महिला मोर्चा अध्यक्ष ललिता तिवारी, बिंदु विश्वकर्मा, मंडल अध्यक्ष ओम प्रकाश शुक्ल, बुद्धसागर अवस्थी, जगदीश पासवान, जनार्दन मिश्रा, बृज गोपाल पांडेय, अरविंद अवस्थी, विपुल कुमार मिश्रा, जनार्दन पांडेय, तरुण तिवारी जनार्दन पांडेय अमरीश पांडेय आदि लोग मौजूद रहे।

## आम जनमानस के लिए बीएसपी ने हमेशा काम किया और हमेशा काम करती रहेगी

**अयोध्या।** फैजाबाद लोकसभा से बसपा प्रत्याशी सच्चिदानंद पाण्डेय ने भी किया नामांकन, नामांकन के दौरान प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल भी रहे मौजूद।नामांकन के बाद बोले सच्चिदानंद पांडेय कहा, मेरे मुद्दे बिलकुल साफ, अयोध्या की जनता अब तक सबका शासन देख चुकी है, इस शासन में आम जनता जो एक मिडिल क्लास वर्किंग क्लास जनता है वो भाजपा सरकार से खुश नहीं है, उसको लाभ नहीं मिल पाया है, जो बेसिक मूलभूत सुविधाएं हैं उसमें लोग अपने आप को ठगा महसूस कर रहे हैं, जो यहां का नवयुवक है जो छात्र हैं कहीं ना कहीं वह अपने आप को ठगा महसूस कर रहे हैं, एक अच्छी शिक्षा प्रणाली भी यहां नहीं है, शिक्षा सुरक्षा और स्वास्थ्य तीनों में यह सरकार फेल हुई है,बसपा के प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल ने कहा बहुजन समाज पार्टी का मुद्दा गरीबों की पढ़ाई, बहन जी ने मुफ्त दे रखी थी, वे शिक्षा दे रही थी, रोजगार दे रही थी, नौकरी दे रही थी, आम जनमानस के लिए बीएसपी ने हमेशा काम किया

# बीएड छात्रों के गतिविधियों का हुआ आकलन

## बी. एड. विभाग में संपन्न हुईं विभिन्न प्रायोगिक गतिविधियां

**बलरामपुर।** एम एल के पीजी कॉलेज प्राचार्य प्रो जे पी पांडेय के निर्देशन में बी एड विभाग में विभिन्न शैक्षिक गतिविधियां संपन्न हुई । गतिविधियों में योग, माइक्रो टीचिंग, चाइल्डहुड शेयरिंग, रीडिंग रिफ्लेक्टिंग ऑन टेक्स्ट, पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन, म्यूजिक, टी एल एम एग्जिबिशन, वॉल पेंटिंग, पोस्टर और रैली प्रमुख थीं।




महाविद्यालय प्रबंध समिति सचिव सेवानिवृत्ति लेफ्टिनेंट कर्नल आर. के. मोहंता की उपस्थिति में 6 निर्णायक टीम डॉ. आशीष कुमार लाल, डॉ. एस. के. त्रिपाठी, साधना पांडेय, डॉ. रामानंद तिवारी, श्री संत शरण पांडेय तथा श्री लवकुश पांडेय ने सभी कार्यक्रमों का मूल्यांकन किया । विभागाध्यक्ष प्रोफेसर राघवेंद्र सिंह ने सभी अतिथियों का स्वागत किया । डॉ. राम रहीस ने सभी कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार करने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। अविनाश मिश्रा व सीमा सिन्हा ने कार्यक्रम के संचालन में आवश्यक सहयोग प्रदान किया। योग गुरु वीरेंद्र विक्रम सिंह ने विद्यार्थियों को योग के विभिन्न आयाम सिखाए। इस अवसर पर महाविद्यालय के मुख्य नियंता प्रोफेसर पी के सिंह, प्रोफेसर एम अंसारी, प्रोफेसर बीना सिंह, विश्वविद्यालय शिक्षक संघ के अध्यक्ष प्रोफेसर विमल प्रकाश वर्मा, प्रोफेसर अशोक कुमार, डॉ. दिनेश कुमार मौर्य, डॉ. अरुण कुमार सिंह, पंकज श्रीवास्तव, विशाल गुप्ता, डॉ. भानू प्रताप सिंह, डॉ. सुनील कुमार शुक्ला आदि उपस्थित रहकर विद्यार्थियों के कार्य की सराहना की। इस कार्यक्रम में एमपीपी इंटर कॉलेज, डीएवी इंटर कॉलेज, भगवती आदर्श इंटर कॉलेज, मॉडर्न इंटर कॉलेज, एमडीके इंटर कॉलेज व सरस्वती लघु माध्यमिक विद्यालय बलरामपुर के प्रधानाचार्यो ने भी के विद्यार्थियों के कार्यो की सराहना करते हुए उन्हें अपना आशीर्वाद प्रदान किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों के साथ अभिभावक भी उपस्थित रहे।

# दरियाबाद विधानसभा जीतने के बाद ही सजता रहा सांसद का ताज

**रामसनेहीघाट बाराबंकी ।** फैजाबाद लोकसभा सदस्य के चुनाव में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली दरियाबाद विधानसभा क्षेत्र में458 बूथों पर 418894 मतदाता आगामी 20 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

ज्ञात हो कि फैजाबाद लोकसभा सदस्य के चुनाव में दरियाबाद विधानसभा के मतदाता अपना महत्वपूर्ण योगदान निभाते आए हैं इतिहास गवाह है कि दरियाबाद विधानसभा से बढ़त लेने वाले प्रत्याशी के सिर पर फैजाबाद लोकसभा सदस्य का सेहरा बांध बता रहा है। वर्ष 2009 में हुए चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी डॉक्टर निर्मल खत्री यहां से बढ़त सांसद चुने के इसी क्रम में 2014 में व 2019 मैं दरियाबाद विधानसभा के मतदाताओं ने सांसद लल्लू सिंह को दरियाबाद के मतदाताओं ने भारी समर्थन दिया था। जिसके चलते एक बार फिर इतिहास दोहराते



हुए लल्लू सिंह ही सांसद बने थे।अब एक बार फिर यहां के मतदाताओं को सांसद निर्वाचित करने का अवसर मिला है। विधानसभा क्षेत्र के 220257 पुरषो व 198627 महिला मतदाताओं के मतदान करने के लिए प्रशासन द्वारा 295 मतदान केदो पर 458 बूथ बनाए गए हैं। महिला मतदाताओं को मतदान के प्रति आकर्षित करने के लिए जहा पटेल पंचायती इंटर कॉलेज मालनपुर तथा गोरपुर मैं पिक बूथ बनाए जाएंगे वही 10 आदर्श मतदान केंद्र भी बनाए गए हैं यही नहीं सुरक्षा की लिहाज से बसंतपुर मतदान केंद्र को बनरेबिल तथा 54 क्रिटिकल बूथ बनाए गए हैं। एसडीएम राम आसरे वर्मा के मुताबिक सभी मतदान केदो पर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करा दी गई है उन्होंने क्षेत्र के मतदाताओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर मतदान करने की अपील की है।

# पैसा नहीं लौटाना प्रेमिका को पड़ा भारी, प्रमी ने गला दबाकर की हत्या

**सुल्तानपुर।** सुनीता हत्याकांड में पांचवें दिन उसके प्रेमी डब्लू को हलियापुर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अभिरक्षा में आरोपी डब्लू ने बताया मैने सुनीता को अपने कुछ रुपए रखने को दिया था। वापस मांगने पर वो झगड़े पर आमादा हो गई। तब हमने गला दबाकर हत्या कर दी थी। घटना की चश्मदीद गवाह मृतका की बड़ी बेटी लक्ष्मी है।

दरअस्ल हलियापुर के जरईकला में 25 अप्रैल की रात सुनीता पासी पत्नी दिनेश पासी की गला दबाकर हत्या की गई थी। सुबह गांव वालों को इसकी सूचना मिली थी। पति दिनेश घर पर नहीं था वो अयोध्या अपने मामा के घर गया हुआ था। मृतका की बेटी लक्ष्मी ने पूरे घटना क्रम को अपनी आंखों से देखा था। उसने पुलिस व पिता को आंखों देखी बताया भी था। जिसके आधार पर दिनेश की तहरीर पर गांव के डब्लू पासी के विरुद्ध हत्या का केस दर्ज किया गया था। पुलिस




तभी से डब्लू को तलाश कर रही थी। आज उसे हलियापुर पुलिस ने आम घाट पुल के पास से गिरफ्तार किया है। आरोपी डब्लू ने पुलिस को बताया कि मैने सुनीता को कुछ रुपए अपने दे रखा था। उससे मेरा प्रेम प्रंसग भी चल रहा था। कई बार मांगने पर भी वो पैसे नहीं लौटा रही थी। 25 अप्रैल की रात मैने शराब पी और उसके घर पहुंच गया और पैसे मांगे। जब वो आनाकानी करने लगी तो हम दोनों के मध्य हाथापाई भी भी हुई। इस दौरान गुस्से में आने पर मैने उसका गला दबाया जब वो मर गई तो मैं मौके से भाग निकला। लेकिन उसकी पुत्री ने मुझे ये सब करते देख लिया था। आपको बता दें कि दिनेश और सरिता की चौदह वर्ष पूर्व लव मैरिज हुई थी। उसके तीन बच्चे हैं। बड़ी लड़की लक्ष्मी (12), पुत्र दुर्गा प्रसाद (7) व आयुषमान (6) अब बिन मां के हो गए हैं।

## पर्यवेक्षकों की कड़ी निगरानी में अवध विवि की पीएचडी प्रवेश परीक्षा सकुशल सम्पन्न

**अयोध्या।** डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की पीएचडी प्रवेश परीक्षा पर्यवेक्षकों एवं केन्द्राध्यक्षों की कड़ी निगरानी में सकुशल सम्पन्न हुई। 28 विषयों की इस परीक्षा में मंगलवार को 1498 पंजीकृत परीक्षार्थियों के सापेक्ष 955 की उपस्थिति रही। इसके अलावा लगभग 350 परीक्षार्थियों को यूजीसी पीएचडी गाइड लाइंस के अनुरूप परीक्षा से औपबंधित छूट प्रदान की गई है। पीएचडी प्रवेश परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए मंगलवार को कुलपति प्रो0 प्रतिभा गोयल के निर्देश पर कुलसचिव डॉ0 अंजनी कुमार मिश्र व पीएचडी प्रवेश समन्वयक प्रो0 फर्रूख जमाल द्वारा केन्द्रों का औचक निरीक्षण कर परीक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया।

# सारे प्रशासन को मालूम है आपकी सांसद शेरनी की तरह लड़ती है- मेनका गांधी



**सुल्तानपुर।** सांसद मेनका गांधी शेरनी से कम नहीं। ये किसी उनके वर्कर या मीडिया कर्मी के शब्द नहीं बल्कि स्वयं उनके शब्द हैं।

कुड़वार के बेला पश्चिम में नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा सारे प्रशासन को हिंदुस्तान में मालूम है कि मेनका गांधी अपने क्षेत्र के लिए शेरनी की तरह लड़ती हैं।

मेनका गांधी ने अपने संबोधन में एक गांव का जिक्र करते हुए कहा गांव वालों ने हमसे शिकायत किया कि टोल टैक्स वालों ने गांव की सड़क पर बड़े बड़े पत्थर रखे हैं ताकि गांव वाले टोल टैक्स की सड़क से निकलें और पैसा दें। एसएचओ को मैने बुलाया और कहा कल तक ये पत्थर हट जाए। पत्थर आधे घंटे में उठके चले गए। मेनका ने कहा ये जो ताकत है आप लोगों ने मुझे दिया है और ये ताकत मैं रोज इस्तेमाल करती हूं। इसके बाद मेनका गांधी ने सुल्तानपुर के अपने चुनावी नतीजों की बात किया। उन्होंने कहा ये कौन सी ताकत है ? ये 14 हजार की जीत की ताकत है।

उन्होंने कहा सोचो अगर चार लाख की होती तो कितना मजा आता। फिर हंसते हुए मेनका ने कहा मैं मज़ाक कर रही थी। 14 हजार मिले या चार लाख मैं आपको क्या बोलना चाहती हूं। ताकत मेरी है और ताकत से बढ़के सारे प्रशासन को हिंदुस्तान में मालूम है कि मेनका गांधी अपने क्षेत्र के लिए शेरनी की तरह लड़ती हैं।

## आरक्षण जैसे है वैसे ही रहेगा- मेनका गांधी

### चुनाव खत्म होने के बाद देखा जाएगा वरुण का राजनीतिक भविष्य

**सुल्तानपुर।** पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद मेनका गांधी सुल्तानपुर सीट से दोबारा मैदान में हैं। मंगलवार को गुरू अर्जुन देव के जन्मदिन के अवसर पर गुरुद्वारा पहुंचकर उन्होंने मत्था टेका। विपक्ष के आरक्षण समाप्त वाले आरोप पर मीडिया से बात करते हुए मेनका गांधी ने कहा इस पर मैं कुछ नहीं कहूंगी। ये आरक्षण जैसे है वैसे ही रहेगा।

अर्जन देव को उन्होंने अपना गुरू बताया। बुधवार को होने वाले अपने नामांकन पर वो काफी प्रसन्न दिखी। उन्होंने कहा पार्टी तैयारी कर रही है, जोर शोर से नामांकन होगा।

उनसे मीडिया ने सवाल किया, विपक्ष कह रहा है मोदी की तीसरी बार सरकार आई तो संविधान ही बदल जाएगा। उन्होंने कहा अब उन्हें कुछ कहना तो है ही, क्या किया जा सकता है। मेनका ने अपने पुत्रवरुण गांधी के राजनीतिक भविष्य पर कहा है कि लोकसभा चुनाव खत्म होने के बाद इस दिशा में



देखा जाएगा। बता दें कि मेनका गांधी को मार्च के अंत में पुनः भाजपा ने अपना सुल्तानपुर से प्रत्याशी बनाया। वे एक अप्रैल से दस अप्रैल तक यहां सवा सौ नुक्कड़ सभाएं करके वापस दिल्ली लौटी थी।

मेनका दुबारा 16 अप्रैल से अपने संसदीय क्षेत्र के दौरे पर हैं। इस बीच वो प्रतिदिन सुबह अपने अस्थायी आवास पर जनता दरबार में सैकड़ों लोगों की फरियाद सुनने के बाद अलग-अलग विधानसभाओं में करीब दर्जन भर मीटिंग करके शाम को लौटती हैं। जिले की पांचों विधानसभाओं की पगडंडियों पर जाकर वो अपने लिए वोट मांग रही। उनके सामने गठबंधन से सपा प्रत्याशी के रूप में पूर्व मंत्री रामभुआल निषाद और बसपा से जिला पंचायत सदस्य उदराज वर्मा मैदान में हैं।

# लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 हेतु नामांकन के दूसरे दिन समाज विकास क्रान्ति पार्टी के प्रत्याशी के द्वारा किया गया नामांकन



**जौनपुर।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के लिए समाज विकास क्रान्ति पार्टी के प्रत्याशी श्री अशोक सिंह के द्वारा 73-जौनपुर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र हेतु 01 सेट में अपना नामांकन पत्र दाखिल किया गया।

73-जौनपुर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र हेतु एआईएमआईएम के प्रत्याशी मो0 नौशाद ने 01 सेट में, मौलिक अधिकार पार्टी के प्रत्याशी फूलचन्द्र बिन्द के द्वारा 02 सेट में, निर्दल प्रत्याशी चन्द्रमणि सी पाण्डेय ने 01 सेट में, समाज विकास क्रान्ति पार्टी के प्रत्याशी अशोक सिंह के द्वारा 02 सेट में, राष्ट्रीय साम्यवादी पार्टी के प्रत्याशी गोविन्द लाल पटेल के द्वारा 02 सेट में, भारतीय समता समाजपार्टी के प्रत्याशी के प्रत्याशी संजीव कुमार प्रजापति के द्वारा 01 सेट में, सुहेलदेव पार्टी के प्रत्याशी राकेश कुमार सिंह के द्वारा 01 सेट में, निर्दल प्रत्याशी कृपाशंकर सी पाण्डेय के द्वारा 01 सेट, सोशलिस्ट यूनिटी सेन्टर आफ इन्डिया कम्युनिस्ट के प्रत्याशी राम प्यारे ने 01 सेट में, निर्दल प्रत्याशी अमित कुमार सिंह ने 01 सेट में, निर्दल प्रत्याशी हरिशचन्द्र शुक्ला ने 01 सेट में, निर्दल प्रत्याशी शिवम कुमार ने 01 सेट में पर्चा खरीदा।

74-मछलीशहर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र हेतु निर्दल प्रत्याशी रंगबहादुर ने 02 सेट में, समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी प्रिया सरोज ने 01 सेट में, बहुजन मुक्ति पार्टी से नवनीत ने 01 सेट में पर्चा पर्चा खरीदा।

# स्टेट लेवल की टीम ने कायाकल्प योजना का किया निरीक्षण



**सुल्तानपुर।** स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर मंगलवार को स्टेट लेवल एवं जनपद स्तरीय कार्यकाल टीम ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर के सभी बिंदुओं का बारीकी से निरीक्षण किया ।जो कि संतोषजनक पाई गई।

जयसिंहपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर मंगलवार को स्टेट लेवल एवं जनपद स्तरीय कायाकल्प टीम में एआरजी फाउंडेशन मैनेजर डॉ. जितेंद्र कुमार पांडेय, डॉ.हसनैन अहमद, डॉ.वैभव आनंद की टीम ने अस्पताल पहुंचकर कायाकल्प कार्यक्रम के अंतर्गत असेसमेंट किया। जिसमें साफ सफाई, सामानों के रखरखाव, पोस्टर, बैनर, महिला वार्ड, प्रसव कक्ष, ऑक्सीजन, ऑपरेशन थिएटर का बारीकी से निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मौजूद स्वास्थ्य कर्मियों को कायाकल्प योजना के विषय मे प्रशिक्षित किया। निरीक्षण के दौरान अस्पताल की सभी व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गई।

निरीक्षण में चिकित्सा अधीक्षक डॉ. सुरेंद्र पटेल, नोडल ऑफिसर चिकित्सा अधिकारी डॉ. दिग्विजय सिंह ने टीम का सहयोग किया।

इस मौके पर डॉ सभाराम पाल, देवी प्रसाद तिवारी, डॉ.गिरीश चंद्र सत्य प्रकाश, रामसरन, स्टाफ नर्स ममता, साधना, नम्रता, प्रमिला आदि लोग मौजूद रहे।

# प्रख्यात पत्रकार स्व.शीतला सिंह की बहन का निधन

**सुल्तानपुर।** 'यशभारती' से नवाजे जा चुके भारतीय प्रेस परिषद के पूर्व सदस्य व अयोध्या से प्रकाशित एक प्रमुख हिंदी दैनिक के संस्थापक वरिष्ठ पत्रकार शीतला सिंह की बहन शंकरावती सिंह(90) पत्नी स्व. इंजीनियर चंद्रशेखर सिंह का सोमवार की सुबह निधन हो गया है। परिवारीजनों के मुताबिक, वृद्धावस्थाजन्य बीमारियों के कारण वे शहर के ही एक निजी अस्पताल में कुछ समय से भर्ती थीं। जहां पर उन्होंने आखिरी सांस ली। उनके तीन पुत्र हैं। ज्येष्ठ पुत्र चिकित्सक डा.राजकिशोर सिंह भी सुल्तानपुर में मान्यताप्राप्त पत्रकार हैं।

डा. सिंह ने बताया कि मां का अंतिम संस्कार उनकी इच्छानुरूप पैतृक गांव रामनगर कोट में आदिगंगा गोमती के तट पर शाम को किया गया। जिन्हें शुभचिंतकों व परिवारीजनों ने अंतिम विदाई दी।



फाइल फोटो

# धर्मेंद्र बने भाजपा आयुष्मान भारत अभियान के लोकसभा सह प्रभारी

**सुलतानपुर ।** पूर्व जिला पंचायत सदस्य धर्मेंद्र सिंह को भारतीय जनता पार्टी ने बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है। धर्मेंद्र सिंह को भारतीय जनता पार्टी ने आयुष्मान भारत अभियान का सुल्तानपुर लोकसभा का सह प्रभारी नियुक्त किया है। धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि पार्टी द्वारा जो भी जिम्मेदारी सौंपी गई है उसका इमानदारी से निर्वाहन करुंगा और पार्टी का जो आयुष्मान भारत अभियान है इसके सुल्तानपुर जिले के हर घर तक पहुंचाने का प्रयास है। जिससे एक भी लाभार्थी वंचित न हो




इस अभियान में जो 70 साल कि आयु पूर्ण कर चुके हैं, उनका फार्म भरकर आयुष्मान कार्ड बनाया जाएगा। जिससे उनको सरकार द्वारा दी जाने वाली 5 लाख की मदद का लाभ मिल सके। अभियान को तेजी देने के लिए भाजपा के 26 मण्डलों में अभियान के मण्डल प्रभारी नियुक्त कर दिए गए हैं। जो इस अभियान को गति प्रदान करेंगे। धर्मेंद्र सिंह ने कहा कि हमारी पार्टी का एक ही लक्ष्य है विकास और विकसित भारत इसलिए कोई भी पात्र व्यक्ति किसी भी योजना के लाभ से वंचित नहीं रहेगा।

# आढ़ती के यहां पड़ा छापा 26 हजार का लगा जुर्माना

**रामसनेहीघाट बाराबंकी।** संभागीय खाद्य नियंत्रक अशोक कुमार पाल ने मंगलवार को जनपद में अधिकारियों के साथ अभियान चलाकर एमएसपी से कम खरीद करने पर भिटरिया स्थित सुरेश ट्रेडिंग कंपनी पर 26000 रुपए से अधिक का जुर्माना वसूला।

मंगलवार को खाद्य नियंत्रक ने जिला खाद्य विपणन अधिकारी एवं क्षेत्र के विपणन अधिकारियों के साथ भिटरिया, दरियाबाद सनौली सफदरगंज खजूरी सहित विभिन्न जगहों पर धान खरीदने वाली दुकानों का निरीक्षण किया। इस दौरान भिटरिया स्थित सुरेश ट्रेडिंग कंपनी पर किसानों का धान खरीदा हुआ पाया गया लेकिन दुकानदार किसानों से धान खरीद करने की कोई रसीद नहीं दिखा सका ना ही उनके पास सिक्स आर की रसीद ही मिली। इस पर खाद्य नियंत्रक ने मंडी सचिव को बुलाकर उसकी जांच कराई जिसके बाद मंडी सचिव ने सुरेश ट्रेडिंग पर 26119 रुपए का जुर्माना लगा दिया जिसे दुकानदार द्वारा तत्काल जमा किया गया। इसी क्रम में टीम सनौली स्थित अंकित तिवारी की फर्म का भी निरीक्षण किया। खाद्य नियंत्रक ने स्पष्ट




किया है कि कोई भी दुकानदार किसानों का धान एमएसपी से कम मूल पर ना खरीदे तथा किसानों को आर सिक्स की रसीद जरूर उपलब्ध करावे। इस मौके पर उनके साथ संभागीय विपणन अधिकारी सत्येंद्र नाथ, जिला खाद्य वितरण अधिकारी रमेश कुमार,भिटरिया के विपणन अधिकारी आलोक श्रीवास्तव,गायत्री मौर्य,अभिषेक श्रीवास्तव, अनिल कुमार मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# डीएम ने ली बाढ़ नियंत्रण के सम्बन्ध में स्टेयरिंग कमेटी की बैठक



**चित्रकूट:** जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में मंगलवार को बाढ़ नियंत्रण के सम्बन्ध में स्टेयरिंग कमेटी की बैठक जिला कलेक्टरेट सभागार में हुई।

जिलाधिकारी ने बाढ़ के पूर्व व बाढ़ के बाद के विभिन्न बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि बाढ़ के बाद पशुओं का चारें व टीकाकरण सुनिश्चित कराएं। उन्होंने कहा कि यमुना नदी के किनारे पूर्व में आई बाढ़ों की लिस्ट बनाकर चिन्हित करें व नाविको की सूची भी तैयार रखें। उन्होंने कहा कि बाढ़ के समय कटान रोकने के लिए बोरों व अन्य संसाधन पर्याप्त तैयार रखें। साथ ही जिन ग्राम सभाओं में पानी से घिरे थे उन्हें भी चिन्हित करें। उन्होंने कहा कि बरसात से पूर्व बाढ़ वाले क्षेत्रों में ऊंचे स्थलों का भी चिन्हकन करें। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि जनपद में ओहन बांध, बरुआ बांध, गुंता बांध पर वायरलेस सेट स्थापित भी सुनिश्चित कराएं।

उन्होंने जिला पूर्ति अधिकारी को निर्देशित किया कि आपदा सम्बन्धित राहत का टेंडर एक महीने के अंदर सुनिश्चित कराएं। साथ ही बाढ़ के समय आवश्यक सामग्री की व्यवस्था भी सुनिश्चित कराएं। उन्होंने मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में आवश्यक दावाओं की उपलब्धता सुनिश्चित कराएं।

बांधों पर चल रहे सभी प्री मानसून सत्र से पहले निरीक्षण कर मरम्मत कार्य पूर्ण कराएं। जिलाधिकारी ने कहा कि बाढ़ नियंत्रण कक्ष की स्थापना जनपद तहसील पर प्रशासनिक विभाग द्वारा तथा सिंचाई विभाग द्वारा कर्मचारियों की ड्यूटी एवं दूरभाष नंबर की सूची भी तैयार कराएं। साथ ही कहा कि सभी तहसीलों में नायब तहसीलदार को नोडल अधिकारी बनाएं। उन्होंने पुलिस क्षेत्राधिकारी राजापुर निष्ठा उपाध्याय को निर्देशित किया कि बाढ़ के समय सुरक्षा के लिए आवश्यकता पड़ने पर पीएसी एवं पुलिस, होमगार्ड एवं पेट्रोलियम की भी व्यवस्था सुनिश्चित कराएं। उन्होंने अधिशासी अभियन्ता विद्युत को निर्देशित किया कि यमुना किनारे ट्रांसफार्मर का लोड अगर कम है तो उसे बढ़ाएं। जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारियों को निर्देशित किया कि बरसात से पूर्व सभी कूपों में ब्लीचिंग पाउडर का धोल डालना सुनिश्चित करें। उन्होंने उपस्थित सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिन विभागों को जो कार्य दिया गया है वह कार्य समय से पूर्ण कराएं।

इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व उमेश चंद्र निगम, पुलिस क्षेत्राधिकारी राजापुर निष्ठा उपाध्याय, उप जिलाधिकारी राजापुर प्रमोद कुमार झा, जिला विकास अधिकारी राजकुमार त्रिपाठी, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी सुभाष चंद्र, जिला कृषि अधिकारी आरपी शुक्ला, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी लव प्रकाश यादव, अधिशासी अभियंता विद्युत दीपक सिंह आदि मौजूद रहे।

## अवैध शराब के साथ तीन कारोबारी गिरफ्तार

**चित्रकूट:** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर लोकसभा चुनाव-2024 के दृष्टिगत अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम के लिए चलाये जा रहे अभियान के क्रम में चित्रकूट पुलिस ने 3 आरोपियों को 87 लीटर कच्ची शराब, 1 क्विंटल लहन व शराब बनाने के उपकरण के साथ गिरफ्तार किया। प्रभारी निरीक्षक बरगढ़ राकेश मौर्य तथा उप निरीक्षक यूटी अनुराग, मुख्य आरक्षी रमेशचन्द्र, आरक्षी अखिलेश, आकाश, संजीव, रोहित, महिला आरक्षी रुचि वर्मा, सरिता ओझा द्वारा कुसुम कली निवासी कुरियाडीह सुरगवां को 35 लीटर कच्ची शराब, 1 क्विंटल लहन व शराब बनाने के उपकरणों के साथ गिरफ्तार किया गया। बरामद लहन को मौके पर नष्ट किया गया। इसी क्रम में सरोज देवी निवासी कुरियाडीह सुरगवां को 42 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। इसी प्रकार मऊ थाना प्रभारी निरीक्षक अजीत कुमार पाण्डेय ने बताया कि उप निरीक्षक विनय विक्रम सिंह तथा आरक्षी प्रवीण कुमार पाण्डेय द्वारा दिनेश कुमार विश्वकर्मा उर्फ बब्बू निवासी नेवरा थाना मऊ को 10 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया।

# परिश्रम करने वालों ने ही उन्नति और ख्याति प्राप्त की है - ऊषा जैन



चित्रकूटः परमहंस संत श्री रणछोड़दास महाराज की प्रेरणा से संचालित श्री सदगुरु शिक्षा समिति के तत्त्वावधान में चल रहे शैक्षणिक संस्थानों के वार्षिक गृह परीक्षा परिणाम सदगुरु सभागार जानकीकुंड में घोषित किये गए।

शिक्षा समिति कि अध्यक्ष उषा जैन ने छात्रों, शिक्षकों तथा अभिभावकों को उनके कुशल परिणाम के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह परीक्षा परिणाम से हमें सीख लेने कि आवश्यकता है। जिससे आगामी वर्ष में और अधिक अच्छे अंकों से छात्र उत्तीर्ण हो सके, जो छात्र किसी कारण से कम अंक प्राप्त किये हैं वो मेधावी छात्रों एवं गुरुजनों से मार्गदर्शन प्राप्त कर और अधिक परिश्रम करें। उन्होंने शिक्षकों को उनके कुशल मार्गदर्शन तथा विद्यालय प्राचार्य को उनके अनुशासन के लिए साधुवाद प्रदान करते हुए कहा कि परिश्रम करने वालों का परिश्रम कभी बेकार नहीं जाता, जिसने परिश्रम किया है वही एक दिन उन्नति और ख्याति प्राप्त किया है। उन्होंने कहा कि हम चाहते हैं, कि हमारे छात्र शैक्षणिक गतिविधियों के साथ स्पोर्ट्स एवं अन्य बौद्धिक विकास की गतिविधियों में भी अव्वल स्थान प्राप्त करें। जिससे उनका समुचित विकास संभव हो सके। अनुशासन से हर बाधा पर विजय प्राप्त करी जा सकती है। एक विद्यार्थी के जीवन में अनुशासन का सर्वाधिक महत्त्व होता है। एक अनुशासित छात्र ही अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकता है। इसलिए अनुशासन का पालन सभी के लिए परम आवश्यक है। इसके बाद नर्सरी से ग्यारहवी तक की कक्षाओं के गृह परीक्षा परिणाम प्राचार्यो ने घोषित किये। साथ ही प्रत्येक कक्षा में प्रथम और द्वितीय स्थान अर्जित करने वालें छात्रों को पुरुस्कृत किया।

इस मौके पर ट्रस्टी डॉ. बी.के. जैन, उपाध्यक्ष अनुभा अग्रवाल, सचिव आर बी सिंह चौहान, प्राचार्य शंकर दयाल पाण्डेय, राकेश तिवारी, सुरेन्द्र तिवारी आदि मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी ने किया निर्वाचन सामग्री की पैकेटिंग का निरीक्षण



**चित्रकूट:** जिलाधिकारी जिला निर्वाचन अधिकारी अभिषेक आनन्द ने मंगलवार को लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को पारदर्शी, शांतिपूर्ण एवं सकुशल संपन्न कराए जाने को लेकर कृषि भवन में निर्वाचन सामग्री की पैकेटिंग का निरीक्षण किया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने पैकेटिंग में विभिन्न प्रपत्र, लिफाफा, स्टेशनरी, बैग, स्टेशनरी, पीठासीन अधिकारी डायरी, मतदाता पर्ची आदि को देखा। उन्होंने अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व से कहा कि निर्वाचन सामग्री पैकेटिंग के साथ प्रत्येक बैग में यह अवश्य देख लिया जाए की कोई भी निर्वाचन सामग्री छूट तो नहीं गई है। उन्होंने अपर जिलाधिकारी से कहा कि मतगणना स्थल राष्ट्रीय रामायण मेला परिसर सीतापुर चित्रकूट में बनाए गए स्ट्रांग रूम में ईवीएम मशीनों के जमा कराए जाने के साथ जो स्टेशनरी जमा होनी है, उसकी भी व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाए। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व उमेश चन्द्र निगम, उपनिदेशक कृषि राजकुमार, बन्दोबस्त अधिकारी चकबंदी एम एल धर्मान, जिला कृषि अधिकारी आर पी शुक्ला आदि मौजूद रहे।

## 4 आरोपियों के विरुद्ध मिनी गुण्डा एक्ट की कार्यवाही

**चित्रकूट:** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर लोकसभा चुनाव-2024 के दृष्टिगत अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में प्रभारी निरीक्षक बरगढ़ राकेश मौर्या द्वारा जनता में भय आतंक फैलाकर गुण्ड-गर्दी करने वाले छोटेलाल निवासी किटहाई खोहर, बुद्धनारायण निवासी मुरका, देवलाल पाल निवासी केचुहट, रमाकान्त उर्फ दहचाली निवासी बिलरा रैपुरा के विरुद्ध मिनी गुण्डा एक्ट की कार्यवाही की गयी।

## 16 अन्तर्राज्यीय, अन्तर्जनपदीय जुआरी जुआ खेलते हुये गिरफ्तार

**चित्रकूट:** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर लोकसभा निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत अपराध एवं अपराधियों की रोकथाम के लिए अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी एवं क्षेत्राधिकारी राजापुर निष्ठा उपाध्याय के पर्यवेक्षण में पहाड़ी पुलिस टीम ने 16 अन्तर्राज्जीय जुआरियों को जुआ खेलते हुये गिरफ्तार किया।

प्रभारी निरीक्षक पहाड़ी श्याम प्रताप पटेल तथा उनकी टीम द्वारा बीती रात ताश के पत्तों पर हार-जीत की बाजी लगाकर जुआ खेलते हुये लवलेश कुमार निवासी भौरी, राजेन्द्र प्रसाद निवासी कौबरा, योगेन्द्र कुमार निवासी रामपुर, मिथलेश कुमार निवासी जरिहा, रामबहोरी निवासी नयांगाव हनुमानधार, प्रेमबाबू सिंह निवासी बडोखर खुर्द, जय प्रकाश निवासी जरिहा, नरेश निवासी डिलौरा, निर्भय प्रताप सिंह निवासी इन्दिरा नगर, रघुवीर सिंह निवासी जरैली कोठी कोतवाली नगर बांदा, राम मिलन सिंह निवासी पल्हरी जनपद बांदा, कृपा शंकर निवासी जरिहा, ज्ञानचन्द्र गुप्ता निवासी अतर्रा चुंगी बांदा, राजेश कुमार निवासी रामघाट, मनोज कुमार निवासी चितरा, संतोष कुमार निवासी भुरेड़ी भूरागढ़ थाना मटौंध बांदा को गिरफ्तार किया गया। जामा तलाशी से आरोपियों के कब्जे से 2,12,500 रुपये व 52 ताश के पत्ते तथा जामा तलाशी से 38,600 रुपये बरामद किये गये। आरोपियों के विरुद्ध थाना पहाड़ी में जुआ अधिनियम के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया।

गिरफ्तारी के दौरान उप निरीक्षक त्रिलोकीनाथ मिश्रा, अवध नारायण, मुख्य आरक्षी प्रेमनारायण, सुशील कुमार, आरक्षी शरद कुमार सिंह, आनन्द प्रताप सिंह, विनोद कुमार, गुड्डू यादव, सचिन कुमार, हरीशरण आदि मौजूद रहे।

### श्री महर्षि वाल्मीकि तपोस्थली के ट्रस्टी मंडल ने की जिलाधिकारी से मुलाकात

**चित्रकूट:** श्री महर्षि वाल्मीकि तपोस्थली चित्रकूट प्रमुख द्वार के ट्रस्टी मंडल के पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द से कार्यालय में मुलाकात करके आश्रम में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रस्तावित कार्यों को लेकर विस्तृत चर्चा की। जिसमे से प्रमुख कार्य रोपवे का निर्माण, परिक्रमा पथ का निर्माण, श्री महर्षि वाल्मीकि संग्रहालय, हेलीपैड द्वितीय तमसा नदी आरती स्थल का निर्माण कार्य आदि शीघ्र कराए जाने के लिए जिलाधिकारी को लिखित रूप में पत्र सौंपा। जिलाधिकारी ने आश्वासन देते हुए कहा कि जो भी कार्य प्रदेश सरकार द्वारा प्रस्तावित हैं, उनको शीघ्र ही पूर्ण कराए जाने के लिए सम्बन्धित एजेंसियों को लिखित आदेश भेजकर कार्यों की समीक्षा की जाएगी।

## चुनाव के समय सोशल मीडिया में गलत पोस्ट करने के मामले में आरोपी को अर्थदण्ड की सजा

चित्रकूटः विधानसभा चुनाव के समय सोशल मीडिया में गलत पोस्ट करने के मामले में दोष सिद्ध होने पर आरोपी को मुख्य न्यायिक मजिस्टेऊट ने 6500 रूपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया है। अभियोजन अधिकारी बृजमोहन ने बताया कि बीती 27 फरवरी 2022 को राजापुर थाने के पाण्डेय पुरवा निवासी रजनीश पाण्डेय ने सोशल मीडिया में आपत्तिजनक पोस्ट की थी। जिसमें तत्कालीन राजापुर थाना प्रभारी अवधेश मिश्रा ने लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम व 66 आई टी एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत किया था। साथ ही न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था। बचाव और अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीले सुनने के बाद मंगलवार को मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सूर्यकान्तधर दुबे ने निर्णय सुनाया।

# जनपद न्यायाधीश ने किया राजकीय सम्प्रेक्षण गृह का निरीक्षण



**चित्रकूट:** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष जनपद न्यायाधीश विकास कुमार प्रथम ने मंगलवार को राजकीय सम्प्रेक्षण गृह (किशोर) का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बाल अपचारियों से उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी की। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की प्रभारी सचिव अपर जिला जज नीलू मेनवाल ने बताया कि जनपद न्यायाधीश द्वारा सम्प्रेक्षण गृह (किशोर) में निरीक्षण के बाद कौशल विकास के अन्तर्गत चलाई गई प्रशिक्षण योजनाओं के अन्तर्गत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले बाल अपचारियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। इस मौके पर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सूर्यकान्त धर दुबे, किशोर न्याय बोर्ड की प्रधान मजिस्ट्रेट अंजलिका प्रियदर्शनी, उप जिलाधिकारी सदर सौरभ यादव आदि मौजूद रहे।

# पुलिस विभाग में अधिवर्षता आयु पूर्ण करने वाले उपनिरीक्षक को दी गई भावभीनी विदाई



**चित्रकूट:** पुलिस कार्यालय स्थित राघव प्रेक्षागार में पुलिस अधीक्षक अरूण कुमार सिंह की अध्यक्षता में पुलिस विभाग में अपनी सेवा पूर्ण करने वाले उप निरीक्षक की विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने सेवानिवृत्त हो रहे उप निरीक्षक संजीव कुमार शुक्ला को प्रशस्ति-पत्र एवं उपहार प्रदान कर भावभीनी विदाई दी। पुलिस अधीक्षक ने सेवानिवृत हो रहे उप निरीक्षक से कहा कि अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें एवं निरन्तर व्यायाम करते रहें। इस मौके पर प्रतिसार निरीक्षक शिवनारायण, प्रभारी निरीक्षक एएचटीयू दुर्गविजय सिंह, वाचक पारितोष दीक्षित, प्रभारी सोशल मीडिया साइबर सेल निशिकान्त राय, पीआरओ प्रदीप पाल आदि मौजूद रहे।

## नागा आश्रम में मां दुर्गा की प्रतिमा की हुई स्थापना

कड़ा, कौशाम्बी। नगर पंचायत दारानगर कड़ाधाम के देवीगंज से श्रद्धालु भक्तों ने श्रद्धा भाव के साथ मां दुर्गा की प्रतिमा का कड़ा के नागा आश्रम कुटी में स्थापना की।नगर क्षेत्र के देवीगंज निवासी होरीलाल अग्रहरि द्वारा मंगलवार को मां दुर्गा की प्रतिमा को आश्रम में स्थापित कराया गया।इसके पूर्व मां दुर्गा की प्रतिमा की पूरे विधिविधान के साथ पूजा-आराधना के पश्चात शोभा यात्रा निकाली गयी।देवीगंज कस्बे से निकली शोभा यात्रा कस्बे का भ्रमण कर कालेश्वर घाट स्थित नागा आश्रम पहुंची जहाँ श्रद्धालु भक्तों ने पूरी आस्था के साथ मां की प्रतिमा की स्थापना की।इस अवसर पर लल्लू अग्रहरि, नीरज साहू, मोनू मोदनवाल, बीरेन्द्र अग्रहरि, रोहित साहू, पलक अग्रहरि, यश अग्रहरि आदि लोग उपस्थित रहे।

# लीनेस क्लब ने चार्टर डे पर सेवा का संकल्प लिया



**लोकमित्र ब्यूरो**

**मीरजापुर-** लीनेस क्लब का चार्टर डे लायंस स्कूल के सभागार में विभिन्न कार्यक्रमों के साथ ही पूरे वर्ष भर चलने वाले सेवा कार्यक्रमों को अंतिम रूप देने के साथ संपन्न हुआ।सदस्यों को संबोधित करते हुए मल्टीपुल देवभूमि अध्यक्ष वीनू मिश्रा ने कहा कि क्लब के सभी नियमित कार्यक्रम जैसे महिला सशक्तिकरण, हंगर रिलीफ, सपोर्ट आवर हीरोज, पोषण आदि तभी सार्थक होंगे जबकि हम इनसे पूरी भावना के साथ निरंतर जुड़े रहें। इसी क्रम में उन्होंने वरिष्ठ सदस्य डा. आशा राय का उदाहरण दिया कि उनकी पहल पर 12 निर्धन कन्याओं का क्लब ने सामूहिक विवाह कराया और अभी भी वो निरंतर उन कन्याओं के संपर्क में रहती हैं कि वे अपना वैवाहिक जीवन स्वावलंबी होकर जिएं। नगर की प्रमुख शिक्षा साधिका जयश्री जैन ने बच्चों में शिक्षा, संस्कार और दायित्वबोध पर बल दिया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रही क्लब द्वारा गोद ली गई बालिका अर्चना प्रजापति जिसने अपने सुमधुर गीतों से खूब तालियां बटोरी।

कार्यक्रम का शुभारंभ क्लब की अध्यक्षा डा. पूर्णिमा त्रिपाठी के स्वागत भाषण से हुआ जिन्होंने सदस्यों का आवाहन किया कि क्लब की सभी गतिविधियों से पूरी निष्ठा से जुड़े रहें। संचालन संगीता अग्रवाल ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन क्लब की सचिव डा. आशा राय ने किया। माया मिश्रा, रेखा जायसवाल, रागिनी त्रिपाठी, अर्चना खंडेलवाल, रश्मि गुप्ता, रंजना अग्रवाल आदि ने बढ़ चढ़कर कार्यक्रम की सफलता हेतु अपना योगदान दिया। उक्त अवसर पर समाज में अपना विशेष योगदान करने वाले वरिष्ठजनों को सम्मानित भी किया गया।

## सूचना/बेदखली

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी दूसरी पत्नी हाजरा बेगम पत्नी मो0 शरीफ खाँ व उसका लड़का मो0 फारूख सुत मो0 शरीफ खाँ निवासी गड़वारी रामपुर थाना अन्तू, प्रतापगढ़ वारिद हाल ग्राम प्यारेपुर थाना जेठवारा जिला प्रतापगढ़ हमारे कहने सुनने में नही है। अराजक तत्वों के साथ मिलकर हमें व मेरे घर परिवार वालों से विवाद करते रहते है। मना करने पर अमादा फौजदारी हो जाते हैं। जिसके चलते मैंने अपनी पत्नी हाजरा बेगम व पुत्र मो0 फारूख उपरोक्त को अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। उनके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य के जिम्मेदार वे लोग स्वयं होंगे। हमसे अथवा हमारे परिवार आदि से कोई वास्ता सरोकार नहीं होगा।

मो0 शरीफ खाँ
सुत स्व0 मो0 फिराज
निवासी रामपुर रजवाड़े थाना अन्तू
जिला प्रतापगढ़

## सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा इकलौता पुत्र इरफान अहमद के क्रिया कलाप ठीक नही है। वह मेरे कहने सुनने में भी नही है। उनके द्वारा किए गए किसी भी वैद्य अथवा अवैद्य कार्यो का वह खुद जिम्मेदार होगें। उसके आचरण को देखते हुए अपनी सम्पूर्ण चल अचल संपत्ति से बेदखल कर रहा हूं ।

मकसूद हसन पुत्र महबूब हसन
निवासी- थोन, थाना मोहब्बतपुर पईसा
तहसील - सिराथू, जनपद-कौशाम्बी

(फार्म नं0 2 ए)

न्यायालय श्रीमान सिविल जज (जू0डि0) सदर महोदय प्रतापगढ़
मु0नं0 1597/22
अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0
नाम फरीकेन मोहम्मद सिराज बनाम मोहम्मद सिरताज आदि
बनाम
1. मोहम्मद सिरताज उम्र लगभग 58 वर्ष सुत मोहम्मद यासीन 2. मोहम्मद नईम उम्र लगभग 55 वर्ष 3. मोहम्मद मोईन उम्र लगभग 45 वर्ष 4. मोहम्मद कलीम उम्र लगभग 35 वर्ष सुतगण मो0 अमीन समस्त निवासीगण मकान नं0 पुराना 238/नया 270 वार्ड नं0 2 श्याम बिहारी गली मोहल्ला बेगम वार्ड पर0 व तह0 सदर जिला प्रतापगढ़ 5. मो0 अकरम उर्फ अरकम उम्र लगभग 25 वर्ष सुत मो0 यासीन निवासी 84 बेगमवार्ड पर0 व तह0 सदर जिला प्रतापगढ़ 6. मो0 इस्लाम उम्र लगभग 30 वर्ष सुत अब्दुल सलाम निवासी अजीत नगर ठकुरइया पर0 व तह0 सदर जिला प्रतापगढ़
तारीख पेशी 01.05.2024

यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 01.05.2024 को समय 07.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया ।

न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम

(फार्म नं0 2 ए)

न्यायालय श्रीमान अपर सिविल जज (जू0डि0) सदर महोदय प्रतापगढ़
इजराय वाद संख्या 41/1986
अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0
नाम फरीकेन गुरूदयाल आदि बनाम बुद्धू आदि
बनाम
1. बुद्धू सुत सियम्बर मृतक दौरान मुकदमा 1/1. लखराजी उम्र 63 वर्ष विधवा बुद्धू 1/2. राम आसरे उम्र 43 वर्ष 1/3. राम दुलार उम्र 35 वर्ष सुतगण बुद्धू नि0गण सदर बाजार त0 सदर प्रतापगढ़
तारीख पेशी 17.05.2024

यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 17.05.2024 को समय 07.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया ।

न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम

# कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव के आगमन को लेकर कार्यक्रम स्थल का हुआ निरीक्षण



**लोकमित्र ब्यूरो**

**चरवा, कौशाम्बी।** जिले के चरवा गांव में लोक सभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए इंडिया गठबंधन की समन्वयक बैठक लेने आ रहे हैं कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव प्रभारी प्रभारी 3 बार के सांसद अविनाश पाण्डेय के आगमन को लेकर जगह का निरीक्षण एवं तैयारी का जायजा लिया गया। जिसमें प्रमुख रूप से उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश उपाध्यक्ष मनीष मिश्रा, प्रदेश महासचिव रामकिशन पटेल, प्रदेश सचिव राजेश साहनी, एवं कौशांबी लोकसभा के कोऑर्डिनेटर राजेश राकेश जी, कौशांबी जिले के जिलाध्यक्ष गौरव पाण्डेय, कॉग्रेस छात्र इकाई जिलाध्यक्ष अमित द्विवेदी श्आजादश् , सेवादल के जिलाध्यक्ष सुरेंद्र शुक्ला, निक्की पाण्डेय उपस्थित रहे।

# लोकसभा सामान्य निर्वाचन के लिए तीसरे दिन लिए गए चार पर्चे

**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के लिए मंगलवार को कलेक्ट्रेट परिसर से नामांकन पत्र लिए गए हैं। जिसमें साकेत कुमार पिपुल्स पार्टी आफ इण्डिया डेमेक्रेटिक, दिनेश कुमार लोकजन शक्ति पार्टी, राम आसरे मानवतावादी समाज पाॅअी, रामेश्वर प्रसाद भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के नाम से पर्चा लिया गया।

### निरोधात्मक कार्यवाही मे नौ गिरफ्तार

कौशाम्बी। जनपद में अपराध के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में साधारण मारपीट व शांति भंग करने के आरोप में (थाना चरवा से 04, थाना सैनी से 05) कुल नौ आरोपियों को गिरफ्तार कर चालान किया गया।

## डीएम व एसपी ने जिला कारागार का निरीक्षण कर लिया व्यवस्थाओं का जायजा

**चित्रकूट:** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द, पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने मंगलवार को जिला कारागार का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जहां उन्होंने महिला बैरक में निरुद्ध महिला कैदियों, चिकित्सालय एवं पाकशाला (रसोई घर) का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने सर्वप्रथम सीसीटीवी कैमरा कन्ट्रोल रूम का निरीक्षण किया। उन्होंने जेल अधीक्षक को निर्देशित किए कि कैमरा संचालित रहना चाहिए। साथ ही जो कैमरा खराब है उसको रिपेयर कराएं। जिलाधिकारी ने महिला बैरक के निरीक्षण के दौरान निरुद्ध महिला कैदियों से खानपान व समस्याओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने जेल अधीक्षक को निर्देशित किया कि शासन की गाइड लाइन के अनुसार दूरभाष पर बात भी कराते रहें। उन्होंने निर्देशित किया कि बच्चों को झूला व कैरमबोर्ड की भी व्यवस्था सुनिश्चित कराएं। उन्होंने निरुद्ध कैदियों के लिए आरो पानी की सप्लाई का भी निरीक्षण किया। इसके बाद उन्होंने पाकशाला का निरीक्षण किया।

# मीरजापुर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के लिये 7 मई से प्रारम्भ होगी नामांकन प्रक्रिया

**लोकमित्र ब्यूरो**

**मीरजापुर-** लोकसभा सामान्य निर्वाचन के सातवें चरण हेतु मीरजापुर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के लिये प्रारंभ होने वाली नामांकन प्रक्रिया के दृष्टिगत नामांकन प्रक्रिया को शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने हेतु उप जिला निर्वाचन अधिकारी शिव प्रताप शुक्ल, अपर पुलिस अधीक्षक नगर नितेश सिंह एवं अपर पुलिस अधीक्षक ओम प्रकाश सिंह ने प्रशासनिक अधिकारियों व पुलिस दल बल के साथ कलेक्ट्रेट परिसर, नामाकंन स्थल, सम्बन्धित मार्गो का भ्रमण कर निरीक्षण किया तथा पर्याप्त मात्रा में आवश्यकतानुसार बैरीकेडिंग कराने व सुरक्षा व्यवस्था हेतु पुलिस बल लगाये जाने पर विस्तृत विचार विमर्श किया। निरीक्षणोपरान्त लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को बैरीकेडिंग कार्य समय रहते पूर्ण कराने का निर्देश दिया गया। जनपद में नामांकन प्रक्रिया 7 मई से 14 मई तक चलेगी, नाम निर्देशनों की समीक्षा दिनांक 15 मई एवं नाम वापसी के लिये अन्तिम तिथि 17 मई निर्धारित की गई है। जनपद में मतदान 1 जून 2024 दिन शनिवार तथा मतगणना दिनांक 4 जून को निर्वाचन आयोग के निर्देश के क्रम में जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा निश्चित की गई है। निरीक्षण के समय उप जिलाधिकारी सदर आसाराम राम वर्मा, डिप्टी कलेक्टर भरत लाल सरोज, जिला कमांडेड होमगार्ड बी0के0 सिंह, क्षेत्राधिकारी नगर मनोज गुप्त, क्षेत्राधिकारी सदर मंजरी राव, सहायक निर्वाचन अधिकारी, सहायक अभियन्ता लोक निर्माण विभाग सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी भी उपस्थित रहे।

प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वत्वाधिकारी संतोष भगवन द्वारा रामा मुद्राणालय विवेक नगर, प्रतापगढ़ से मुद्रित व लोकमित्र कार्यालय आजाद नगर(निकट बड़ा शिवाला), मंझनपुर कौशाम्बी से प्रकाशित

सम्पादकः कृष्णानन्द त्रिपाठी

# श्री बालाजी की व श्री खाटू श्याम जी के जागरण में झूमें भक्तगण

**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** श्री रामदूत बालाजी परिवार द्वारा विगत 14 वर्षों की भांति इस वर्ष भी चौत्रसुदी पूर्णिमा श्री हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में श्री बालाजी महाराज (मेहंदीपुर) को दिव्य ज्योति की शोभा यात्रा व श्री खाटू श्याम जी की निशान की भव्य शोभा यात्रा गाजे बाजे ढ़ोल नगाड़े के 29 अप्रैल 2024 को श्री बालाजी महाराज के जागरण में भक्ती मय गीतों में भक्त जमकर झुमते नजर आए जागरण की भगवान श्री गणेश की पूजन आरती से प्रारम्भ हुआ। जय गणेश जय गणेश जय गणेश माता जी की पार्वती पिता महादेवा व गणपति राखो मेरी लाज पूरण कारिओ मेरे काज के बाद बाला जी महाराज की आरती कीजे हनुमान लला दुष्ट दलन रघुनाथ कला की समा बंधने लगा। सबसे पहले कोलकाता की रिंकी गुप्ता ने बालाजी के भजन से



शुरुआत की वीर हनुमाना अति बलवान आराम नाम रसीयो ओरे प्रभु मन वासियों व माता रानी के भजन अम्बे तू है जगदम्बे काली के भजनों से सब का मन मोह लिया। दूसरे गायक संजू पागल हापुड़ ने बाला जी के कथा सुनाई और हनुमान जी और लंका काण्ड का विस्तार से भजन के माध्यम पुरा व्रतांत सुनाया तीसरी कलाकार कानपुर की रूचि किंकार हनुमान जी के बाल रूप मे और माता अंजनी के बाल लीलाओं पर व्याख्यान किया बताए कि हनुमान जी सूरज को खा लिया जिससे तीनो लोक मे त्राहि त्राहि मच गई व बजरंग बाला फेरू तेरी माला संकट हरियो की प्रभु मन बसियो के गाने भक्त जमकर झूमने लगे। जागरण के बीच में बाहर से आए कलाकारों नई भक्ति में गीत पर झाकियों प्रस्तुत की जैसे बाबा भोलेनाथ की मसान वह महाकाल के झांकियों में दर्शाया गया उसी क्रम में बजरंगबली की झांकियों की पर श्रद्धालु झुमते रहे सुबह 7 बजे जागरण मे आरती पूजन 56 भोग का प्रसाद हजारों भक्तों ने ग्रहण किए।अध्यक्ष पवन गुप्त व भोला गुप्ता, अंशु चौरसिया व शैलेंद्र अग्निहोत्री, हरिओम सोनकर, ज्ञानेंद्र चौरसिया, गंगेश कुमार, विजय चौरसिया, मनोज कुमार, घनश्याम गुप्ता, राजू जायसवाल, राजेश सोनकर, गंगेश, आंसू, अमित गुप्ता, पल्लू मिश्रा, आशीष दिक्षित, रवि कुमार व बब्बी शुक्ला अरविंद श्रीवास्तव व श्रीरामदूत बाला जी परिवार के सदस्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

# ग्राम प्रधान ने हाई स्कूल इंटर के मेधावी बच्चों को किया सम्मानित

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लालगंज रायबरेली।** ग्राम प्रधान नरसवा रचना पटेल और प्रधान प्रतिनिधि भाजपा नेता जितेंद्र पटेल के द्वारा ग्राम सभा के मेधावी बच्चों को सम्मानित किया गया।साथ में वरुण पटेल और जगन्नाथ सोनी के द्वारा भी बच्चों को पुरस्कृत किया गया। मेधावी सम्मान कार्यक्रम में बोलते हुए ग्राम प्रधान प्रतिनिधि जितेंद्र पटेल ने कहा कि वह प्रत्येक वर्ष क्षेत्र के मेधावी बच्चों को पुरस्कृत करते हैं। ग्राम प्रधान रचना पटेल ने कहा कि मेधावी बच्चों को पुरस्कृत करने से उनमें पढ़ने लिखने की और अधिक क्षमता का विकास होता है पुरस्कृत होने पर साथ वाले बच्चे भी अच्छा प्रदर्शन करने का प्रयास करते हैं। उल्लेखनीय है कि ग्राम प्रधान और भाजपा नेता जितेंद्र पटेल के द्वारा प्रत्येक वर्ष मेधावी बच्चों को प्रस्तुत किया जाता है । समाज सेवा में अग्रणी भूमिका निभाने वाले भाजपा



नेता जेपी सिंह ने कहा कि लोकसभा चुनाव में इस बार भाजपा अच्छा प्रदर्शन करेगी।

पुरस्कार पाने वाले बच्चों में इंटर के मयंक साहू पुत्र कमलेश ,आर्यन पटेल पुत्र अरविंद ,दीपेश पटेल पुत्र संग्राम और हाई स्कूल के दीपांशु निर्मल पुत्र छत्रपाल, जयकुमार पुत्र राजेश ,शिवांक साहू पुत्र संतोष कुमार शामिल रहे।इस अवसर पर भाजपा नेता जेपी सिंह ,रविंद्र सिंह ,पूर्व ब्लाक प्रमुख कौशलेंद्र सिंह आदि ग्राम सभा के सैकड़ो गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# एसजेएस में हुआ शिक्षक अभिभावक गोष्ठी का आयोजन

**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली लालगंज।** नगर के सर्वोत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम शिक्षण संस्थान एस.जे.एस. पब्लिक स्कूल लालगंज में शैक्षिक सत्र 2024 - 25 की प्रथम शिक्षक अभिभावक गोष्ठी का आयोजन किया गया। विद्यालय प्रत्येक शैक्षिक सत्र में हर माह के अंतिम दिवस पर हमेशा से इस गोष्ठी का आयोजन करता रहा है। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक अग्रज सिंह भी उपस्थित रहे। विद्यालय के प्रबंधक अग्रज सिंह व प्रधानाचार्या श्रीमती अंजू सिंह ने विद्यालय में आए हुए समस्त अभिभावकों से विद्यालय के शिक्षण संबंधी अनेक विषयों पर चर्चा की। विद्यालय के प्रबंधक श्री सिंह ने कहा कि शिक्षा ही व्यक्ति के चरित्र और उसके व्यक्तित्व को निखारती है। शिक्षा से ही आदर्श समाज का निर्माण होता है। अध्यापक ही बच्चों में संस्कार डालते हैं, लेकिन घर में अभिभावक



बच्चों के गृह कार्य पर ध्यान दें तो उसे आगे बढ़ने में कोई परेशानी नहीं होगी। माता पिता एवं अभिभावक को समय-समय पर विद्यालय में चल रहे बेहतर प्रयासों को जानना व बच्चों की शिक्षण क्षमता के स्तर के विषय पर शिक्षकों से चर्चा करना बेहद जरूरी होता है। उन्होंने यह भी कहा कि छात्रों के समग्र व सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षक-अभिभावक तथा विद्यालय के बीच आपसी सामंजस्य होना बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि हालांकि विद्यालय बच्चों को आधुनिक शिक्षा देने के लिए निरंतर कटिबद्ध है लेकिन अगर समय-समय पर अभिभावकों का सहयोग मिलता रहे तो बच्चों का शैक्षिक स्तर बहुत ही उच्च कोटि का बनाया जा सकता है। इसी कड़ी में कक्षा तीन के विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न विषयों पर आधारित ज्ञानवर्धक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। विद्यालय में आए हुए अभिभावकों ने छात्रों द्वारा प्रदर्शित किए गए मॉडलों की भूरि - भूरि प्रशंसा की। विद्यालय में शिक्षक अभिभावक गोष्ठी की अवधि 3 घंटे की रखी गई।

बताते चले की एसजेएस पब्लिक स्कूल लालगंज तहसील क्षेत्र का उत्कृष्ट सीबीएसई बोर्ड से इंटरमीडिएट स्कूल है जहां बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए एसजेएस परिवार हर संभव प्रयास करता है। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षक व शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

# समाजवादी लोहियावाहिनी की कार्यकारिणी गठित

**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर एवं समाजवादी लोहियावाहिनी के प्रदेश अध्यक्ष रामकरन निर्मल एवं समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष इं. वीरेन्द्र यादव की संस्तुति से समाजवादी लोहियावाहिनी के जिलाध्यक्ष फहीम अहमद के द्वारा लोहियावाहिनी रायबरेली की जिला कमेटी विधान सभा अध्यक्ष एवं नगर अध्यक्षों की घोषणा की गई, जिसमें जिला उपाध्यक्ष के पद पर अमरेश मौर्या, विकास श्रीवास्तव, सौरभ यादव राही, शानू तौसीफ, सुनील यादव, धर्मेन्द्र वर्मा को बनाया गया। जिला महासचिव के पद पर अमरजीत यादव एवं जिला सचिव पद पर रिजवानुल हक, अंकुर बाजपेयी, समरेन्द्र बहादुर सिंह, शवाब कफील, अजय कुमार टिंकु, राहुल यादव, अनुपम यादव, आशीष मिश्रा, अनिल यादव, आशीष कुमार सोनी, राजेन्द्र यादव 'गुरू जी',



अर्पित यादव, धर्मेन्द्र कुमार, सुशील यादव, रियाज खान, संगम यादव, विकास यादव, जिला कोषाध्यक्ष राकेश पासवान एवं जिला कार्यकारिणी सदस्य पद पर क्रमशः सुभाष यादव, अशफाक उल्ला, आर.के. भारती, अमन नाई, सूरज यादव, आमिर खान बाबी, गौरव यादव, सचिन यादव को मनोनीत किया गया। इसी क्रम में विधान सभा अध्यक्षों की भी घोषण की गयी, जिसमें सदर विधान सभा अध्यक्ष पद पर मो0 कैफ खान, बछरावाँ आशीष पटेल, सरेनी में शिवरनेश पंकज, हरचन्दपुर में पुष्पेन्द्र, ऊँचाहार मे रंजीत यादव, सलोन में दीपचन्द्र यादव सहित, नगर अध्यक्ष रायबरेली पद पर सचिन , सलोन नगर में अजमत दाऊद, ऊँचाहार नगर में परवेज खान को जिम्मेदारी दी गई है। जिलाध्यक्ष फहीम अहमद ने सभी नवनियुक्त पदधिकारियों को शुभकामनायें देते हुए उनसे अपेक्षा की है कि वे 10 दिन के अन्दर अपनी-अपनी कमेटी बनाकर प्रस्तुत करें और लोकसभा चुनाव में इण्डिया गठबन्धन के प्रत्याशी को जिताने के लिए पूरी मेहनत से काम करें।

# लालगंज मंडी समिति की समस्याओं को लेकर मंडी निदेशक से मिला लालगंज उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल

**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली लालगंज।** लालगंज मंडी समिति में चबूतरे पर बनने वाली 20 नग दुकानों से फुटकर दुकानदारों का व्यापार चौपट हो जाने के बाबत उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के प्रदेश अध्यक्ष पूर्व सांसद बनवारी लाल कंछल के नेतृत्व में लालगंज व्यापार मंडल ने प्रदेश मंडी निदेशक अंजनी कुमार सिंह को संबोधित ज्ञापन अपर निदेशक चंदन पटेल को सौपा और अध्यक्ष विवेक शर्मा ने कहा कि चबूतरे पर दुकानें बनने से करीब एक सैकड़ा लाइसेंस धारी करदाता दुकानदारों की रोजी-रोटी चली जाएगी और वह भुखमरी के कगार पर पहुंच जाएंगे। नई दुकाने को मंडी समिति परिसर में खाली पड़ी जगह गेट नंबर




2 के बगल में बने जिससे चबूतरे में व्यापारियों को व्यापार करने में राहत हो। चबूतरे पर नई दुकाने ना बनवाकर मंडी समिति में खाली पड़ी अन्य जगहों पर दुकानों का निर्माण कराया जाए जिससे छोटे दुकानदारों की भी रोजी-रोटी चलती रहे । जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष मृत्युंजय बाजपेई ने कहा कि दुकानें बनाने को लेकर ठेकेदार ने मंडी परिसर में व्यापारियों की जगह पर सीमांकन के लिए मटेरियल गिरा दिया है जिससे व्यापारियों में अपनी रोजी-रोटी जाने का संकट एवं भय का माहौल बना हुआ है डिप्टी डायरेक्टर चंदन पटेल ने व्यापार मंडल के पदाधिकारियों को आश्वासन देते हुए कहा कि अगर व्यापारियों की समस्या है तो जल्द ही मंडी परिषद का निरीक्षण कर व्यापारियों के साथ बैठकर उस पर विचार कर ही निर्णय लिया जाएगा ।इस अवसर पर जिला महामंत्री विशाल शर्मा अप्पू, मंडी समिति अध्यक्ष सुरेश सोनकर ,महामंत्री श्रवण कुमार मौर्य ,संगठन मंत्री राम सजीवन सोनकर ,कार्यकारिणी सदस्य रामनरेश लोधी आदि व्यापारी मौजूद रहे।

# युवक को तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने मारी जोरदार टक्कर, युवक गंभीर रूप से घायल

**लोकमित्र ब्यूरो**

**महराजगंज रायबरेली।** महराजगंज बछरावां रोड पर सरकारी अस्पताल के पास साइकिल से घर जा रहे एक युवक को तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची डायल 108 की मदद से उसे सीएचसी पहुंचाया गया जहां हालत गंभीर देख डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार कर जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया है।गांव महापतगंज मजरे बावन बुजुर्ग बल्ला का रहने वाला बुद्धू पासी 30 पुत्र पंचम किसी काम से कस्बा महराजगंज आया हुआ था जहां से वापस घर लौट रहा था तभी बछरावां रोड पर स्थित सरकारी अस्पताल के पास पीछे से




एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने उसे जोरदार टक्कर मार दी

जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया स्थानीय लोगों की मदद से उसे डायल 108 एंबुलेंस से सीएचसी पहुंचाया गया जहां हालत गंभीर देख डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार कर जिला अस्पताल रेफर कर दिया है, वहीं पुलिस ने ट्रैक्टर तथा चालक को हिरासत में ले लिया है।

# बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए अभिभावक और शिक्षकों के बीच का सेतु है पेरेंट्स ओरिएंटेशन कार्यक्रम: शिवलखन




**रायबरेली।** न्यू स्टैण्डर्ड पब्लिक स्कूल सीनियर सेकेन्ड्री स्कूल त्रिपुला में एक सप्ताह से लगातार चल रहा पेरेंट्स ओरिएंटेशन (अभिभावक उन्मुखीकरण) कार्यक्रम सुखद वातावरण के बीच सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में शिक्षकों और विद्यार्थियों के परिजनों के बीच संवाद स्थापित किया गया जिसमे शिक्षकों द्वारा इस संबंध में वार्तालाप किया गया कि वह कैसे बच्चों के पठन पाठन में सहयोग करे जिससे कि उनके भविष्य को उज्ज्वल बनाया जा सके और उनके अन्दर छिपी प्रतिभा को बाहर निकाला जा सके, साथ ही अभिभावकों से स्कूल के दृटिकोण, मूल्यों और शिक्षण पद्धतियों के बारे में जानकारी भी साझा की गई। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य शिवलखन प्रजापति ने अभिभावकों को सम्बोधित करते हुए कहा कि विद्यालय परिवार और आपके बीच बेहतर सम्बंध ही हमारे बच्चों का भविष्य तय करेगा।यह कार्यक्रम हमारे और आपके बीच एक सेतु है जिसके माध्यम से हम अपने विद्यार्थियों के बेहतर कल का निर्माण करेंगे। आपको अपने बच्चों की भलाई के लिए विद्यार्थियों के प्रति स्कूल की प्रतिबद्धता में विश्वास करना पड़ेगा। कार्यक्रम में सहभागिता कर रहे अभिवावकों ने खुले मन से कार्यक्रम की सराहना की और अपने बच्चों की शिक्षा और संस्कार के संबंध में खुलकर अपनी राय व्यक्त की। इस अवसर पर विद्यालय के उप-प्रधानाचार्य मो. फैज़ान खान और संयोजिका संचिता त्रिवेदी ने भी अपने विचार व्यक्त किये।कार्यक्रम में सभी शिक्षक/शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं।

# चुनावी दृष्टिकोण से भाजपा की संगठनात्मक बैठक संपन्न

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लालगंज रायबरेली।** भारतीय जनता पार्टी के शक्ति केंद्र संयोजक, शक्ति केंद्र प्रभारी और बूथ अध्यक्षों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई ।बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष महेंद्र पटेल के द्वारा की गई। बैठक में नगर पंचायत अध्यक्ष बृजेश दत्त गौड़ और विधानसभा संयोजक सुशील शुक्ला ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए बताया कि 20 मई को होने वाले चुनाव में प्रत्येक मतदाता का वोट पड़ना बहुत ही आवश्यक है ।भारतीय जनता पार्टी को तभी प्रत्येक बूथ पर 370 वोट से अधिक मिल पाएंगे जब मतदान का प्रतिशत बढ़ेगा। विधानसभा संयोजक सुशील शुक्ला ने कार्यकर्ताओं को बूथ पर पन्ना प्रमुखों और बूथ समिति के साथ बैठक कर हर हाल में मतदाताओं को जागरूक और भाजपा के पक्ष में मतदान करने



के लिए संपर्क अभियान तेजी से शुरू करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि हिंदुस्तान के विकास ,सनातन धर्म की रक्षा और गांव गरीब का जीवन स्तर मजबूत बनाने के लिए केंद्र में मोदी सरकार का तीसरी बार भी बनना बहुत ही जरूरी है। विजय अभियान में रायबरेली की सीट जीतना भी नितांत आवश्यक है। बैठक में डलमऊ नगर के पदाधिकारी और वरिष्ठ कार्यकर्ता मौजूद रहे।

शक्ति केंद्र प्रभारी शुभम गौड़ ने कहा कि इस बार हम डलमऊ नगर में भारी मतों से भाजपा को जितायेगे। बैठक में दिनेश त्रिपाठी, शैलेंद्र ,घनश्याम जायसवाल ,दीपू जायसवाल, चंद्रप्रकाश तिवारी, अंकित पांडे, आदित्य कौशल ,आशीष श्रीवास्तव, अंकिल दीक्षित, गंगा प्रसाद मौर्य ,शिवप्रसाद ,प्रेमनाथ सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# डायट प्रशासनिक अधिकारी हुए सेवानिवृत विदाई कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** शिक्षा विभाग में लगभग चार दशक से कर्तव्य निष्ठा से कार्य करने वाले श्याम सुंदर सिंह राठौर प्रशासनिक अधिकारी, डायट रायबरेली सेवानिवृत हो गए। इस अवसर पर डायट के सभागार में उनके विदाई के कार्यक्रम का भव्य आयोजन हुआ। इस अवसर पर उनके पूर्व साथी कर्मचारी जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय, जिला बेसिक शिक्षा कार्यालय, डायट के अधिकारी, प्रवक्ता और कर्मचारी सम्मिलित हुए। जिसमें प्रमुख रूप से धर्मेन्द्र सिंह सुशील सिंह जयेंदु मिश्र त्रिभुवन अब्बास आर के उपाध्याय शिव चंद बाजपेई मीना अवस्थी हरीशानंद मिश्र (नोडल



संस्कृत) आदि उपस्थित रहे। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता उप शिक्षा निदेशक/प्राचार्य डा0 चंद्रशेखर मालवीय ने किया। कार्यक्रम का संचालन डायट प्रवक्ता धर्मेंद्र सिंह बघेल ने किया। इस अवसर पर उप शिक्षा निदेशक डा चंद्रशेखर मालवीय ने श्री श्याम सुंदर सिंह राठौर के बहुमुखी व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए उनके सेवा काल से संबंधित विभिन्न प्रसंगो का उल्लेख करते हुए कहा कि वर्तमान में कार्यरत कर्मचारियों को श्री राठौर जी के कार्यकाल से प्रेरणा एवं मार्गदर्शन लेने की आवश्यकता है।

इस अवसर पर के पी सिंह, मनोज यादव, आशुतोष पांडे, संतोष कुमार यादव, निधि सिंह, पंकज सिंह, किरण कुशवाहा आदि ने अपने सस्मरण सुनाते हुए राठौर के कार्य व्यवहार की भूरि भूरि प्रशंसा की।कार्यालय स्टाफ संजय सावंत, संतोष यादव, विकास मिश्र, संदीप यादव आदि ने विदाई समारोह के भव्य और सफल आयोजन में विशेष सहयोग प्रदान किया।

# अधिवक्ता के बेटे पर हुआ जान लेवा हमला

**सलोन रायबरेली।** जमीनी रंजिस को लेकर विपक्षी बाप बेटे समेत चार लोगों ने हनुमान मंदिर से पूजा करके निकल रहे अधिवक्ता के बेटे पर प्राण घातक हमला कर दिया। योजनाबद्ध तरीके से आये हमलावरों ने लोहे की रॉड और कुल्हाड़ी से सिर पर हमला कर युवक को मरणासन्न कर दिया।वही घटना की सूचना के आधे घण्टे बाद पहुची पुलिस उल्टे पाव वापस लौट आई।घायल अवस्था मे युवक का सीएचसी में इलाज चल रहा है।सलोन कोतवाली अंतर्गत ग्राम सभा ममुनी गांव निवासी अधिवक्ता विनय त्रिपाठी का विपक्षी कुश त्रिपाठी, लव त्रिपाठी समेत उनके बेटों अनुपम और अनुभव से जमीनी विवाद चल रहा है।उक्त



प्रकरण में अधिवक्ता विनय त्रिपाठी ने सिविल कोर्ट रायबरेली में वाद दायर कर रखा है।सोमवार को रायबरेली से विपक्षियो का सम्मन आया हुआ था।इसी मामले से खुन्नस खाये विपक्षियों ने मंगलवार को सुबह नौ बजे अधिवक्ता का बड़ा लड़का अमित गांव के महावीरन हनुमान मंदिर में पूजा करने गया था।ग्रामीणों के मुताबिक पहले से घात लगाए बैठे लव व कुश एवम उसके दोनों लड़को ने कुल्हाड़ी और लोहे की रॉड से युवक पर प्राणघातक हमला बोल दिया।चीख सुनकर उसे बचाने दौड़े अधिवक्ता विनय त्रिपाठी के ऊपर भी हमला किया। इस दौरान गांव के लोगो ने पुलिस को घटना की सूचना दे दी।करीब आधे घण्टे तक दबंगो ने जमकर तांड़व मचाया।वही अन्य ग्रामीणों के पहुँचते ही आरोपी पिता पुत्र मौके से भाग निकले।करीब आधे घण्टे पर पुलिस घटना स्थल पर बगैर छानबीन किये बैरंग लौट आई।कोतवाल जीतेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि विनय त्रिपाठी की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया है।जांच के लिये सिपाहियों को भेजा गया है।

# 'देश की मातृशक्ति के साथ है भाजपा', रेवन्ना मामले में शाह ने साफ किया पार्टी का रुख



**गुवाहटी।** तीसरे चरण के मतदान से पहले केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने असम की राजधानी गुवाहाटी में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान उन्होंने कई मुद्दों पर बात करते हुए कांग्रेस को घेरा। अमित शाह ने मीडिया को बताया कि लोकसभा चुनाव के दो चरणों के बाद उनकी पार्टी के आंतरिक मूल्यांकन के अनुसार भाजपा और साथी पार्टी मिलकर 100 सीटों से अधिक जीत चुके हैं। उन्होंने आगे कहा कि जनता के आशीर्वाद से उनकी पार्टी 400 के लक्ष्य को पार कर लेगी। इसी के साथ जेडीएस नेता प्रज्ज्वल रेवन्ना मामले में भी उन्होंने पार्टी के रुख को स्पष्ट किया और बताया कि भाजपा देश की मातृशक्ति के साथ है।

जेडीएस नेता प्रज्ज्वल रेवन्ना से जुड़े मामले में अमित शाह ने कर्नाटक सरकार (कांग्रेस) को घेरा। उन्होंने कहा, 'इस मामले में भाजपा का रुख स्पष्ट है। हमारी पार्टी देश की मातृशक्ति के साथ है। मैं कांग्रेस से पूछना चाहता हूं कि वहां किसकी सरकार है? वहां कांग्रेस की सरकार है। उन्होंने इस मामले में अबतक कोई कार्रवाई क्यों नहीं की? राज्य सरकार को इस मामले में कार्रवाई करनी चाहिए थी। हम इस मामले में कार्रवाई के समर्थन में हैं और हमारी साथी पार्टी जेडीएस भी इसका समर्थन करती है। आज उनकी कोर कमेटी की बैठक है, जिसमें उचित कदम उठाए जाएंगे।'

### कांग्रेस पर झूठी खबर फैलाने का आरोप

अपने फेक वीडियो मामले में भी अमित शाह ने प्रतिक्रिया दी है। इसके लिए भी उन्होंने कांग्रेस को जिम्मेदार ठहराया है। अमित शाह ने कहा, 'उनकी (कांग्रेस) हताशा इस स्तर पर पहुंच गई है कि उन्होंने मेरे और अन्य भाजपा नेताओं के फर्जी वीडियो फैलाए। मुख्यमंत्री, प्रदेश अध्यक्ष और अन्य नेताओं ने भी इस फर्जी वीडियो को फैलाने का काम किया। आज कांग्रेस पार्टी के एक बड़े नेता पर आपराधिक मामला चल रहा है। जब से राहुल गांधी ने कांग्रेस की कमान संभाली है, तब से वह राजनीति के स्तर को नए निचले स्तर पर ले जाने का काम कर रहे हैं। मुझे लगता है कि जनता का समर्थन पाने के लिए किसी का फर्जी वीडियो नहीं फैलाना चाहिए।' विपक्ष पर झूठी खबर फैलाने का आरोप लगाते हुए अमित शाह ने आगे कहा, 'कांग्रेस हमेशा से ही झूठी खबर फैला रही है कि 400 का आंकड़ा पार करने के बाद भाजपा देश से आरक्षण को खत्म करने वाली है। ये बातें बेबुनियाद और तथ्यहीन हैं। मैं एक बात स्पष्ट करना चाहता हूं कि भाजपा एससी, एसटी और ओबीसी के लिए आरक्षण का समर्थन करती है।'

## अमित शाह के फर्जी वीडियो की जांच तेज, सात राज्यों तक पहुंची दिल्ली पुलिस, दे रही नोटिस

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के फर्जी वीडियो मामले में दिल्ली पुलिस की जांच सात राज्यों तक फैल चुकी है। पुलिस की टीमें सभी जगह नोटिस देने पहुंच रही है। गृह मंत्री अमित शाह की डॉक्टर्ड वीडियो को सर्कुलेट करने के मामले में दिल्ली पुलिस की आईएफएसओ यूनिट ने 7-8 राज्यो में 16 लोगों को सीआरपीसी 91, 160 के तहत पूछताछ में शामिल होने के लिए सम्मन दिया है।

सीआरपीसी 160 का मतलब होता है किसी केस की जांच के लिए पुलिस के पास अधिकार होता है कि वो किसी को जांच में शामिल होने के लिए नोटिस दे साथ ही सीआरपीसी 91 के तहत कोई दस्तावेज या गजेट्स पेश करने के लिए कहा जाता है।

तेलंगाना के सीएम रेवन्त रेडी समेत तेलंगाना कांग्रेस के छह लोग और इनके अलावा कुछ और राज्यो में भी कुछ लोगों को नोटिस देकर पूछताछ में शामिल होने के लिए एक मई को कहा गया है। अब देखना है कि एक मई को कौन-कौन दिल्ली के द्वारका में आईएफएसओ यूनिट में आकर इन्वेस्टिगेशन ज्वाइन करता है। कौन अपना जवाब ईमेल के जरिए भेजता है। उसी के बाद जांच आगे बढ़ेगी। सभी को अपने साथ अपना मोबाइल, लैपटॉप लाने के लिए कहा गया है। साथ ही सूत्रों के मुताबिक, असम पुलिस ने असम से जिस रितम सिंह को गिरफ्तार किया है। उसे अभी दिल्ली पुलिस अपनी कस्टडी में नहीं लेगी। दरअसल, सोशल मीडिया पर केंद्रीय मंत्री का एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें छेड़छाड़ की गई है। वीडियो में शाह एससी-एसटी और ओबीसी आरक्षण खत्म करने की बात करते दिख रहे हैं। एक दिन पहले रविवार को शाह का फर्जी वीडियो सोशल मीडिया पर पोस्ट करने वाले लोगों को खिलाफ दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने एफआईआर दर्ज की है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, गृह मंत्रालय ने मामले को गंभीरता से लिया है। स्पेशल सेल उन एक्स अकाउंट पर नजर रख रही है, जो इस वीडियो को पोस्ट कर रहे हैं। वीडियो डिलीट करने वाले भी जांच एजेंसियों के रडार पर हैं।

### एक्स और फेसबुक से मांगी जानकारी

जानकारी के लिए बता दें कि दिल्ली पुलिस ने एक्स और अन्य सोशल मीडिया प्लेटफार्मों को पत्र लिखकर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के छेड़छाड़ किए गए वीडियो के स्रोत के बारे में जानकारी मांगी थी। जिसे ऑनलाइन साझा किया गया था। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने बीते रविवार को भारतीय साइबर क्राइम कोऑर्डिनेशन सेंटर (I4C) द्वारा शाह के छेड़छाड़ किए गए वीडियो के बारे में शिकायत दर्ज करने के बाद एक एफआईआर दर्ज की थी, जहां उनके बयान कोटा खत्म करने की प्रतिबद्धता का संकेत दे रहे थे।

## जेल में भी केजरीवाल को महिलाओं की चिंता : आतिशी संग भेजा मैसेज




**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार की मंत्री आतिशी ने सोमवार को तिहाड़ जेल में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से मुलाकात की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने सरकार के कामकाज का जायजा लिया। मुलाकात के बाद आतिशी ने कहा कि जेल में भी केजरीवाल को दिल्लीवासियों की चिंता है।

उन्होंने कहा कि जेल में मुलाकात के दौरान पूरे समय केजरीवाल ने सरकारी के स्कूलों में पढ़ रहे बच्चों की पढ़ाई, मोहल्ला क्लीनिकों के बारे में जानकारी ली। केजरीवाल ने आतिशी को निर्देश दिया कि ये सुनिश्चित किया जाए कि गर्मियों में दिल्ली में पानी की कमी न हो।

आगे कहा कि लोगों को किसी समस्या का सामना न करना पड़े। साथ ही, केजरीवाल का दिल्ली की महिलाओं के लिए संदेश भेजा कि वो जल्द जेल से बाहर आएंगे और महिलाओं को प्रतिमाह एक हजार रुपये देने का वादा पूरा करेंगे।

### सभी विधायकों को सीएम केजरीवाल का निर्देश

आतिशी ने कहा कि केजरीवाल ने ये सुनिश्चित करने के लिए कहा है कि गर्मियों का समय आ रहा है। इस समय में दिल्ली वालों को पानी की बिलकुल समस्या नहीं होनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने इस पर खास ध्यान रखने को कहा है। केजरीवाल ने विधायकों के लिए भी निर्देश दिए और कहा कि सभी विधायक लगातार अपने विधानसभा क्षेत्रों में निरीक्षण करें, लोगों से मिले और उनकी समस्याएं सुलझाएं।

## नासिक में ट्रक को ओवरटेक करने की कोशिश में बस चालक ने वाहन से खो दिया नियंत्रण, चार की मौत

**मुंबई।** महाराष्ट्र के नासिक जिले में मंगलवार को एक बस और ट्रक की टक्कर में चार यात्रियों की मौत हो गई। इस हादसे में अन्य नौ लोग घायल भी हुए हैं। यह घटना सुबह साढ़े नौ बजे घटी, जब बस 45 यात्रियों को लेकर चांदवड शहर से नासिक की तरफ जा रही थी। ट्रक को ओवरटेक करने की कोशिश में बस चालक ने वाहन से नियंत्रण खो दिया और दोनों वाहन आपस में टकरा गए।

इस टक्कर में बस में सवार दो यात्रियों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि अन्य यात्रियों ने अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। घायलों की हालत भी गंभीर बताई जा रही है। एक अधिकारी ने बताया कि घायलों का इलाज नासिक के सरकारी और प्राइवेट अस्पताल में जारी है।

## चुनाव आयोग को जवाब देने के लिए भाजपा-कांग्रेस ने मांगा समय, ईसी ने इनके खिलाफ जारी किया था नोटिस




**चुनाव आयोग ने जारी किया था नोटिस**

एक प्रधानमंत्री के खिलाफ देश में पहली बार चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन का संज्ञान लिया गया है। चुनाव आयोग ने गुरुवार को विपक्ष के आरोपों के आधार पर पीएम मोदी के खिलाफ उनके राजस्थान के बांसवाड़ा के भाषण के विरोध में भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा को नोटिस जारी किया था। चुनाव आयोग ने अलग से एक नोटिस खरगे को भी जारी किया है।

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, कांग्रेस नेता राहुल गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के खिलाफ आचार संहिता उल्लंघन के आरोप में दोनों दलों के पार्टी अध्यक्षों को दिए गए चुनाव आयोग के नोटिस का जवाब देने के लिए दोनों दलों ने और समय मांगा है। चुनाव आयोग से भाजपा ने एक हफ्ते से अधिक का समय और कांग्रेस ने 14 दिन से अधिक का समय मांगा है।

सूत्रों ने सोमवार को बताया कि भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा और कांग्रेस अध्यक्ष खरगे से गुरुवार को चुनाव आयोग ने नोटिस का जवाब सोमवार को सुबह 11 बजे तक देने को कहा था। चुनाव आयोग के सूत्रों के अनुसार, जवाब देने के लिए भाजपा ने एक हफ्ते की छूट मांगी है, जबकि कांग्रेस ने पहले सोमवार को ही शाम पांच बजे तक का समय मांगा था, लेकिन बाद में उसने नोटिस का जवाब 14 दिनों के बाद देने को कहा है। हालांकि अभी तक यह स्पष्ट नहीं है कि चुनाव आयोग ने कांग्रेस और भाजपा की इस अपील को स्वीकार किया है या नहीं।

### आयरलैंड राजदूत को पत्र मामले में कांग्रेस पहुंची चुनाव आयोग

कांग्रेस ने आयरलैंड में भारतीय राजदूत अखिलेश मिश्रा के आयरिश टाइम्स में प्रकाशित एक लेख को राजनीतिक प्रकृति का पाया है। इस लेख का शीर्षक था कि मोदी को मिल रही अपार लोकप्रियता। कांग्रेस ने इसी आधार पर उसने चुनाव आयोग में इसकी शिकायत की है। कांग्रेस नेता जयराम रमेश का कहना है कि किसी राजनयिक को तटस्थ होकर काम करना चाहिए और सरकार की शान में कसीदे नहीं पढ़ने चाहिए। इसके अलावा, कांग्रेस ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के खिलाफ भी यह कहते हुए शिकायत की है कि उन्होंने कांग्रेस के घोषणापत्र को लेकर झूठ बोला है। उन्होंने कहा कि योगी का कहना है कि कांग्रेस घोषणा पत्र में देश में शरिया कानून लागू करने की बात कही गई है।

## कन्नूर में कार-लॉरी की टक्कर में एक ही परिवार के पांच सदस्यों की मौत, मरने वालों में बच्चा भी शामिल



**नई दिल्ली।** केरल के कन्नूर में भीषण सड़क हादसे की खबर सामने आई है। यहां एक कार और लॉरी की टक्कर में एक ही परिवार के पांच सदस्यों की मौत हो गई। पुलिस ने इस हादसे के बारे में जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि यह घटना सोमवार की रात को कन्नापुरम इलाके में घटी। मरने वालों में एक बच्चा भी शामिल है। मृतकों की पहचान कालीचनदुक्कम निवासी 59 वर्षीय केएन पद्मकुमार, भीमनदी निवासी चुरीक्कट्ट सुधाकरन, 35 वर्षीय अजीता, 65 वर्षीय कोझुम्मल कृष्णन और नौ वर्षीय आकाश के तौर पर की गई है।

पुलिस के अनुसार, यह घटना सोमवार की रात 10:15 बजे कन्नापुरम इलाके में घटी। एक ही परिवार के पांच सदस्य कार में सवार होकर थालास्सेरी से कासरगोड की तरफ जा रहे थे। वहीं दूसरी तरफ से गैस सिलेंडर लेकर एक लॉरी मंगलूरू से आ रही थी। पुलिस ने बताया कि चार लोगों की मौत मौके पर ही मौत हो गई थी, जबकि नौ वर्षीय बच्चे को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया था, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस हादसे में लॉरी चालक भी घायल हुआ है।

एक अधिकारी ने कहा कि परिवार अपने बेटे सौरभ को हॉस्टल में छोड़कर वापस घर की तरफ जा रहा था। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कार से बाहर निकाला मोटर वाहन विभाग के अधिकारी भी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने लॉरी चालक को हिरासत में ले लिया है।

## पालघर में 17 साल की लड़की के साथ दुष्कर्म, मां-बाप समेत 16 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज

**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र के पालघर जिले की 17 वर्षीय लड़की के साथ दो लोगों ने शादी के बहाने अलग-अलग जगहों पर दुष्कर्म किया। जिससे वह गर्भवती हुई, उसके दो बच्चे भी हुए। लड़की के शिकायत पर दो दुष्कर्मियों समेत, पीडिता के मां-बाप, दो डॉक्टर समेत 16 लोगों पर मामला दर्ज किया गया है। महाराष्ट्र में नवी मुंबई के एक 42 वर्षीय व्यवसायी से खुद के साथ दो करोड़ रुपये की ठगी होने की शिकायत दर्ज कराई है। पीड़ित ने बताया एक व्यक्ति ने उसको सरकारी अधिकारी बताकर उसके साथ धोखाधड़ी की है।

अचोले पुलिस स्टेशन में नालासोपारा इलाके की रहने वाली लड़की द्वारा दर्ज की। लड़की ने शिकायत की कि दो लोगों ने उसे शादी के वादे पर 2021 से फुसलाया अलग-अलग मौकों पर उसके साथ बार-बार दुष्कर्म किया। जब वह लड़की गर्भवती हो गई। इसके बाद दोनों में से एक दुष्कर्मी उसे अमरावती ले गया और उसकी पहचान छुपाकर उसकी डिलीवरी करवाई। उसके बाद वह बच्चे और उसे छोड़कर भाग गया।

उन्होंने बताया कि लड़की की शिकायत के आधार पर पुलिस ने रविवार को दो दुष्कर्मियों, पीड़िता के माता-पिता और दो डॉक्टरों समेत 16 लोगों के खिलाफ विभिन्न आरोपों में मामला दर्ज किया। पुलिस अधिकारी ने बताया कि लड़की के मां-बाप, चाचा समेत आठ आरोपियों ने एक परिचित के माध्यम से दुष्कर्मियों में से एक से 4 लाख रुपये लिए थे। लड़की को एक व्यक्ति को बेच दिया था। मामले में दो महिला डॉक्टर भी हैं, साथ ही एक वकील भी आरोप में शामिल है। इन 16 आरोपियों पर भारतीय दंड संहिता की धारा 376 (बलात्कार), 376 (2) (एन) (गंभीर यौन उत्पीड़न), 317 (12 साल से कम उम्र के बच्चे को माता-पिता या उसकी देखभाल करने वाले व्यक्ति द्वारा छोड़ देना) के तहत मामला दर्ज किया गया है। ), 363 (अपहरण), 372 (वेश्यावृत्ति के प्रयोजनों के लिए नाबालिग को बेचना) और 34 (सामान्य इरादा)। पुलिस ने कहा कि उन पर यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पास्को) अधिनियम और किशोर न्याय अधिनियम के प्रासंगिक प्रावधानों के तहत भी मामला दर्ज किया गया है।

### सरकारी अधिकारी बताकर व्यवसायी से 2 करोड रुपये की ठगी

महाराष्ट्र में नवी मुंबई के एक 42 वर्षीय व्यवसायी से खुद के साथ दो करोड़ रुपये की ठगी होने की शिकायत दर्ज कराई है। पीड़ित ने बताया एक व्यक्ति ने उसको सरकारी अधिकारी बताकर उसके साथ धोखाधड़ी की है। पीड़ित व्यक्ति ने सरकारी अधिकारी बताने वाले ठग की शिकायत दर्ज कराई। उसने बताया कि जनवरी 2021 में वह अपने पड़ोसी मुंबई के परेल निवासी के संपर्क में आया। पीड़ित को उसने अपना परिचय केंद्र सरकार के स्वास्थ्य मंत्रालय में एक उच्च अधिकारी के तौर पर दिया। इसके बाद उसने पीड़ित को ऋण दिलाने का वादा किया, उसने बताया कि वह बैंक के सीईओ को अच्छे से जानता है। लेकिन ऋण के लिए उसे अपनी संपत्ति गिरवी रखनी पड़ेगी। पीड़ित ने कोई संपत्ति न होने की बात कही। इसके बाद उस पड़ोसी जो कि आरोपी है उसने पीड़ित को एक अन्य व्यक्ति के बारे में बताया, जो कि ऋण मांग रहा था। उसने दावा किया कि वह उसकी संपत्ति गिरवी रख सकता है, ऋण की राशि दोनों में बराबर बांटी जा सकती है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि ऑफर के लालच में आकर पीड़ित ने पुणे मेट्रो परियोजना के लिए तेलंगाना के एक ठेकेदार से मिले 2 करोड़ रुपये धोखेबाज को दे दिए। जब पीड़ित ने ऋण चाहने वाले दूसरे व्यक्ति और बैंक अधिकारी से मिलने का अनुरोध किया, तो धोखेबाज ने उसे टाल दिया।


## पन्नू मामले में अमेरिकी मीडिया की रिपोर्ट पर भड़का विदेश मंत्रालय, कहा- इससे मदद नहीं मिलेगी

**नई दिल्ली।** भारतीय विदेश मंत्रालय ने अमेरिकी मीडिया की उन रिपोर्ट्स को खारिज कर दिया है, जिनमें दावा किया गया है कि खालिस्तानी आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की साजिश में भारतीय खुफिया एजेंसी रॉ का अधिकारी शामिल है। दरअसल अमेरिकी मीडिया की एक रिपोर्ट में अज्ञात सूत्रों के हवाले से एक रॉ अधिकारी के नाम का खुलासा किया गया है। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि पन्नू की हत्या की साजिश में यही अधिकारी संलिप्त था। अमेरिकी मीडिया की रिपोर्ट के अनुसार, कथित रॉ अधिकारी ने ही गुरपतवंत सिंह पन्नू के न्यूयॉर्क स्थित घर का पता और अन्य जरूरी जानकारी मुहैया कराई थी। मंगलवार को भारतीय विदेश मंत्रालय ने इन रिपोर्ट्स को बेबुनियाद बताकर खारिज कर दिया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि 'रिपोर्ट में एक गंभीर मामले पर बेबुनियाद और अनुचित आरोप लगाए गए हैं। अमेरिकी सरकार ने संगठित अपराध, आतंकवाद और अन्य को लेकर जो सुरक्षा चिंताएं साझा की हैं, उनकी भारत सरकार द्वारा उच्च स्तरीय जांच की जा रही है।' जायसवाल ने कहा कि गैरजिम्मेदाराना और सिर्फ अनुमानों के आधार पर टिप्पणी करने से कोई मदद नहीं मिलेगी।

बीते साल नवंबर में अमेरिका के संघीय अभियोजक ने आरोप लगाए थे कि भारतीय नागरिक निखिल गुप्ता ने भारत सरकार के एक कर्मचारी के साथ मिलकर सिख कट्टरपंथी नेता गुरपतवंत सिंह पन्नू को अमेरिका में ही मारने की योजना बनाई थी। इस मामले में निखिल गुप्ता को चेक गणराज्य में गिरफ्तार किया गया था। गुरपतवंत सिंह पन्नू के पास अमेरिका और कनाडा की दोहरी नागरिकता है। आरोपों को बाद भारत सरकार भी मामले की उच्च स्तरीय जांच कर रही है।

## हम महिलाओं को बनाएंगे लखपति, महालक्ष्मी योजना में हर महीने मिलेंगे 8500 रुपये: राहुल गांधी

**युवाओं को कराएंगे अप्रेंटिसशिप, नौकरी देंगे**



**भोपाल, (हि.स.)।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि हमने मनरेगा लागू की तो कहा गया कि गरीबों की आदत बिगाड़ रहे हैं। मोदी जी अरबपतियों को पैसा देते हैं तो कहते हैं विकास हो रहा है। जितना उन्होंने 10 साल में उनको दिया, हम आपको देने जा रहे हैं। महालक्ष्मी योजना के तहत हर गरीब परिवार की लिस्ट बनेगी। हर परिवार से एक महिला का नाम चुना जाएगा। साल में एक लाख रुपये दिए जाएंगे। हर महीने 8500 रुपये एक तारीख को सरकार आपके खाते में डालेगी।राहुल गांधी मंगलवार को मध्य प्रदेश के भिंड लोकसभा क्षेत्र में कांग्रेस उम्मीदवार फूल सिंह बरैया के समर्थन में एमजेएस मैदान पर चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि 21वीं सदी में आप बाहर जाते काम करते हो, हिंदुस्तान में महिलाएं भी मजदूरी करती हैं, जॉब करती हैं। महिलाएं आठ घंटे बाहर तो आठ घंटे घर में भी काम करती हैं। इंडिया गठबंधन की सरकार घर में काम करने वाली इन महिलाओं को पैसा देने जा रही है।उन्होंने कहा कि 30 लाख सरकारी पद खाली पड़े हैं। हम छह महीने में आपके हवाले कर देंगे। अरबपतियों के बेटे अपने पिता की कंपनियों में अप्रेंटिसशिप करते हैं, उनको पैसा मिलता है। ये उनको कंपनी में डालने का मौका होता है। हमारी सरकार दुनिया की पहली सरकार होगी जो हर ग्रेजुएट को ये अधिकार देने जा रही है। आप सरकार से एक साल की गारंटी की नौकरी मांग सकते हो।उन्होंने कहा कि सेना में सबसे ज्यादा भिंड से जाते हैं। मोदी जी ने दो तरह के जवान बना दिए। एक को कैंटीन और अच्छी सैलरी मिलेगी। दूसरे जवान को अग्निवीर कहते हैं। आप सोचिए दो लोगों को युद्ध में भेज रहे हो, एक से कह रहे हो कि आपको कुछ हुआ तो हम आपके परिवार की रक्षा करेंगे और दूसरे जवान से कह रहे हैं, आपको कुछ हुआ तो कोई पेंशन और मदद नहीं मिलेगी। शहीद का दर्जा भी नहीं मिलेगा। मोदी जी ने सेना का अपमान किया है।

उन्होंने कहा कि भाजपा के 22 लोग मित्र हैं। राम मंदिर के उद्घाटन में सारे वहां बैठे थे। आपने वहां किसी गरीब को देखा। वहां हजारों करोड़ वाले लोग थे। वहां, बॉलीवुड वाले थे, क्रिकेट टीम थी, मगर एक किसान नहीं दिखा। संसद का उद्घाटन हुआ। आदिवासी राष्ट्रपति को बुलाया ही नहीं जाता। उनसे कहा जाता है कि न तुम संसद के उद्घाटन में आओगे, न राम मंदिर के।राहुल गांधी ने कहा कि मीडिया किसानों और महंगाई की बात क्यों नहीं करती। गरीबों की बात नहीं करती। कहीं नहीं है। मैंने इनको आपका मित्र कहा लेकिन ये आपके मित्र नहीं हैं। 24 घंटे मोदी जी का चेहरा दिखेगा। मैं आपसे बात करूंगा, मीडिया नहीं दिखाएगा। उन्होंने कहा कि दो-तीन अरबपतियों को सारा का सारा धन दिया जाता है। किसान जानता है, हमारे जेब से पैसा निकालने की कोशिश हो रही है। मोदी कहते हैं आतंकवादी है। ये हालत है देश की। नोटबंदी की, गलत जीएसटी लागू की। आज हिंदुस्तान में 45 साल से सबसे ज्यादा बेरोजगारी है। हर युवा ये बात जानता है। सबसे ज्यादा महंगाई आज है।उन्होंने हाथ में संविधान लेकर कहा कि यह मामूली किताब नहीं है। आजादी के पास किसानों, गरीबों, मजदूरों, पिछड़ों, आदिवासियों को जो भी कुछ मिला है, इस किताब के कारण मिला है। अब प्रधानमंत्री, अमित शाह और उनके सांसदों ने मन बना लिया है कि वो चुनाव जीतेंगे तो इस किताब को फाड़कर फेंक देंगे। कांग्रेस पार्टी, आईएनडीआईए गठबंधन संविधान को बचाने का काम कर रहा है।

## आउटर मणिपुर के छह मतदान केंद्रों में दोबारा मतदान जारी, सुबह नौ बजे तक 16 .68 प्रतिशत वोटिंग दर्ज



**इंफाल।** मणिपुर में पिछले एक साल से जारी जातीय हिंसा के बीच राज्य में लोकसभा चुनाव के लिए मतदान कराए जा रहे हैं। मंगलवार को आउटर मणिपुर के छह मतदान केंद्रों पर दोबारा मतदान जारी है। सुबह के नौ बजे तक यहां 16.68 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया है। अभी तक किसी भी मतदान केंद्र में हिंसा या झड़प के मामले सामने नहीं आए हैं। मतदान सुबह के सात बजे से शुरू हो गया था। मतदान केंद्रों में कड़ी सुरक्षा में मतदान कराए जा रहे हैं।

दूसरे चरण के मतदान के दौरान 26 अप्रैल को कुछ अज्ञात लोगों ने छह में से चार मतदान केंद्रों में ईवीएम और वीवीपैट को क्षतिग्रस्त कर दिया था। वहीं एक अन्य मतदान केंद्र में ईवीएम मशीन में खराबी और दूसरे में कुछ अज्ञात लोगों की धमकी के कारण मतदान पूरा नहीं हो पाया था। उखरुल विधानसभा क्षेत्र के चार मतदान केंद्रों पर मतदान, और उखरुल में चिंगाई विधानसभा सीट और सेनापति में करोंग के एक-एक मतदान केंद्र पर मतदान को अमान्य घोषित कर दिया गया था। उखरूल जिले के मतदान केंद्रों में कुल 4,156 मतदाता हैं।

बता दें कि इससे पहले इनर मणिपुर के 11 मतदान केंद्रों में भी दोबारा मतदान कराया गया था। 19 अप्रैल को पहले चरण के मतदान के दौरान धांधली के आरोपों के कारण इन केंद्रों में पुनर्मतदान कराने का फैसला लिया गया था।

सोमवार को कर्नाटक के चामराजनगर में दोबारा मतदान कराया गया था। चामराजनगर लोकसभा क्षेत्र में 26 अप्रैल को मतदान कराया गया था, लेकिन दो गुटों के बीच झड़प के कारण मतदान केंद्र में ईवीएम मशीन के साथ तोड़फोड़ की गई थी। इसके अलावा अरुणाचल प्रदेश में लोकसभा चुनाव और विधानसभा चुनाव के शुरुआती चरण में 19 अप्रैल को आठ मतदान केंद्रों में हिंसा की घटनाएं देखने को मिली थीं। हिंसा की घटनाओं को देखते हुए इन मतदान केंद्रों में 24 अप्रैल को पुनर्मतदान कराए गए थे।

# मतदान कराने में अधिकारियों की भूमिका अहम: डा. रोशन जैकब

## निष्पक्ष,भयरहित निर्वाचन सम्पन्न कराने की कमिश्नर-आईजी ने परखी तैयारियां

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लखीमपुर-खीरी।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन को निष्पक्ष व भयरहित सम्पन्न कराने के उद्देश्य से मंगलवार को मण्डलायुक्त डा. रोशन जैकब और आईजी तरुण गाबा ने कलेक्ट्रेट सभागार में जनपदीय अधिकारियो की बैठक ली, निर्वाचन को निष्पक्ष, भयरहित सम्पन्न कराने की सभी तैयारियां करने के निर्देश दिए। कहा कि कानून एवं शांति व्यवस्था, संवेदनशील एवं अतिसंवेदनशील क्षेत्रो को एसडीएम-सीओ और संबंधित टीमें संयुक्त रूप से भ्रमणकर कमियों को दूर कर ले।

बैठक की शुरुआत में डीएम महेंद्र बहादुर सिंह, सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने पूरी टीम की ओर से आयुक्त-आईजी का स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस दौरान सभी अधिकारियोंसे उनका परिचय और



चुनाव में उनकी भूमिका जानी।

आयुक्त ने कहा कि उप जिला मजिस्ट्रेट व पुलिस क्षेत्राधिकारी अपने क्षेत्रो में भ्रमण कर निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशो का कड़ाई से अनुपालन के साथ सभी मतदेय स्थलों पर विद्युत, शौचालय, पानी की व्यवस्था पूरी तरह से दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। थाना स्तर पर चुनाव रजिस्टर, हालचाल रजिस्टर आदि के साथ ही निर्वाचन शिकायत रजिस्टर भी बना ले। सेक्ट्रर मजिस्ट्रेट, पीठासीन अधिकारी, उड़नदस्ता टीम, वीडियो निगरानी टीम आदि पूरी तरह समय से क्रियाशील रहे।

आयुक्त ने कहा कि पोलिंग पर्सन्स को प्रशिक्षण में विभिन्न परिस्थितियों से निपटने के लिए सक्षम और दक्ष बनाए। सेक्टर मजिस्ट्रेट पोलिंग पार्टी और पुलिस पार्टी को टैग करते हुए समय से रवानगी और वापसी को सुनिश्चित कराएंगे। मतदान दिवस पर जहां पोलिंग पार्टी सुस्त हो वहां समय से पोलिंग पर्सन का रिप्लेसमेंट एवं उन्हें बढ़ाने की कार्यवाही तत्परता से हो। मतदान केंद्र पर लगी पंक्ति में बुजुर्ग और गर्भवती महिलाओं को मतदान करने में पंक्ति से इतर प्राथमिकता पर मतदान कराया जाए। पोल-डे से एक दिन पूर्व मतदेय स्थलों पर पोलिंग पार्टी पहुंचने के बाद सभी एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, एमओआईसी मतदाता स्थलों पर एक राउंड पहुंचकर पोल वेलफेयर की व्यवस्था सुनिश्चित कराएंगे।

आईजी तरुण गाबा ने कहा कि चुनाव एक महायज्ञ है जिसमें सभी अधिकारी, कर्मचारी टीम भावना से कार्य करें। फील्ड में एमसीसी उल्लंघन के मामलों में निष्पक्ष एवं प्रभावी कार्यवाही की जाए। पुलिस ड्यूटी का रेंडमाइजेशन प्रॉपर हो। सीएपीएफ की फील्ड में तैनाती आयोग की गाइडलाइन के अनुरूप हो। ईवीएम सिक्योरिटी प्लान प्रॉपर हो। इसमें किसी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं होगी। चुनाव के दौरान वीआईपी भ्रमण के दौरान सारे सुरक्षा मापदंडों का विशेष ध्यान रखा जाए।

जिला निर्वाचन अधिकारी, डीएम महेंद्र बहादुर सिंह तथा एसपी गणेश प्रसाद साहा, सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने भी निर्वाचन सम्बंधी सभी तैयारियों की जानकारी पीपीटी के जरिए मण्डलायुक्त तथा आईजी को देते हुए बताया कि जनपद में आदर्श आचार संहिता, धारा 144 तथा निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशो का कड़ाई से अनुपालन कराया जा रहा है। डीएम-एसपी ने बताया कि कानून एवं शांति व्यवस्था व अन्य तैयारियां पूरी तरह दुरूस्त है। असामाजिक तत्वों के विरूद्ध 107, 116, 110 तथा गुण्डा एक्ट आदि की निरोधात्मक कार्यवाही भी गुणवत्ता के आधार पर की जा रही है। चिन्हित अपराधियों पर कार्यवाही भी की जा रही है। निर्वाचन आयोग के निर्देशों का उल्लंघन करने वालों के विरूद्ध नोटिस देने के साथ ही प्रथम सूचना रिपोर्ट भी दर्ज करवाने के निर्देश दिये गये है। एसपी ने हिस्ट्रीशीटर, गैंगस्टर, गुंडा, जिला बदर, शस्त्र बरामदगी, मादक द्रव्य और कैश बरामदगी आदि निरोधात्मक कार्यवाहियों की जानकारी दी। भारत नेपाल सीमा पर 16 कवच आउटपोस्ट एवं 23 बैरियर नाका क्रियाशील है। सीएपीएफ के ठहरने के माकूल प्रबंध किए गए।

### मंडलायुक्त और आईजी ने स्ट्रांग रूम का किया निरीक्षण

मण्डलायुक्त और आईजी ने सीडीओ संग कृषि उत्पादन मंडी समिति राजापुर में बने स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया। यहां पर उन्होंने पानी, बिजली,शौचालय व सुरक्षा व्यवस्था को देखा। निर्देश दिया कि मतदान वाले दिन पोलिंग पार्टियों की रवानगी समय से की जाए। सुरक्षा व्यवस्था का पूरा ख्याल रखा जाए। सीसीटीवी कैमरे 24 घंटे क्रियाशील रहे हैं।

### कमिश्नर-आईजी ने देखा खीरी थाना और मतदेय स्थल

कमिश्नर और आईजी ने थाना खीरी का डीएम, एसपी, सीडीओ संग निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत चुनाव रजिस्टर, अपराध रजिस्टर, निरोधात्मक कार्रवाई रजिस्टर, हिस्ट्रीशीटर, सक्रिय अपराधी रजिस्टर के अलावा अन्य अभिलेखों की जांच की गई। इसके बाद तहसील सदर और थाना खीरी के अंतर्गत जिला पंचायत इंटर कॉलेज खीरी टाउन, पूर्व माध्यमिक विद्यालय खीरी टाउन के बूथों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पेयजल की उपलब्धता, शौचालय, विद्युत आपूर्ति, रैंप सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं को देखा। आयुक्त ने बताया कि निष्पक्ष व पारदर्शी चुनाव कराने के लिए प्रशासन संकल्पित है। चुनाव को लेकर जरूरी व्यवस्थाओं की जांच की जा रही है। जहां कोई कमी मिल रही है उसे दुरुस्त करने के निर्देश दिए जा रहे हैं।

# डीएम-एसपी ने किया जिला कारागार का औचक निरीक्षण



**लोकमित्र ब्यूरो**

**लखीमपुर-खीरी।** कारागार प्रशासन द्वारा बन्दियों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं, कारागार की साफ-सफाई तथा अन्य व्यवस्थाओं का जायज़ा लेने के लिए मंगलवार को डीएम महेंद्र बहादुर सिंह व एसपी गणेश प्रसाद साहा ने संयुक्त रुप से जिला कारागार का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की पड़ताल की।

डीएम-एसपी ने बंदी ग्रह में जाकर बंदियों का हालचाल जाना एवं खाने-पीने के बारे में जानकारी प्राप्त की। साथ ही जेल प्रशासन को जरूरी दिशा निर्देश दिए। उन्होंने विभिन्न बैरिकों में जाकर बंदियों से मूलभूत सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं की जानकारी ली। कारागार में साफ-सफाई व्यवस्था मिलने पर संतोष व्यक्त किया। निर्देश दिए कि इसी प्रकार प्रतिदिन जेल में साफ-सफाई बनाए रखी जाए।

इस दौरान डीएम, एसपी ने जेल बैरक, अस्पताल, आदि का निरीक्षण किया। पुरुष बंदियों से वार्ता कर स्थिति का जायजा लिया। उनकी समस्याओं की जानकारी लेकर उनके निस्तारण के लिए जेल अधिकारियों को निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान चिकित्साधिकारी डॉ शिवपूजन व डॉ दीपांकर ने कारागार चिकित्सालय में भर्ती मरीजो के बारे में विस्तृत जानकारी दी। निरीक्षण के दौरान कारागार अधीक्षक पीडी सलोनिया, जेलर हरिवंश कुमार पांडेय, डिप्टी जेलर धीरेंद्र प्रताप सिंह राठौर, भोजराज सिंह, रीता राजभर, सुनील कुमार, चिकित्सक डॉ. दीपांकर रावत, डॉ शिवपूजन मौजूद रहे।

# शादी का झांसा देकर युवती के साथ किया शारीरिक शोषण, क्षुब्ध होकर युवती ने पिया तेजाब

**गोला गोकर्णनाथ-खीरी।** शहर के एक मोहल्ले में एक युवती को अपने प्रेमजाल में फंसाकर महोलिया निवासी युवक ने शादी का झांसा देकर उससे शारीरिक संबंध बनाए और फिर शादी से इंकार कर दिया। परेशान युवती ने तेजाब पी लिया। जिससे उसकी हालत बिगड़ गई तो उसे अस्पताल ले जाया गया जहां उसका इलाज चल रहा है।

ज्ञात हो की मोहल्ले की एक युवती को ग्राम महोलिया निवासी युवक ने अपने प्रेम जाल में फंसा लिया और फिर दो सालों तक उसे शादी का झांसा देकर शोषण करता रहा। जब शादी की बात कही तो मुकर गया। परेशान युवती ने युवक को वीडियो कॉल की और शादी के लिए बात की मगर युवक ने शादी से मना कर दिया। जिससे युवती ने तेजाब पी लिया। परिजन उसे तत्काल अस्पताल ले गए जहां उसका इलाज चल रहा है। युवती के पिता का

# शराब पीने के लिए पुत्र ने मांगे पिता से पैसे मना करने पर की हत्या

**लोकमित्र, शिवम मिश्रा**

**मझगई-खीरी।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत अटल कुमार पुत्र सतनू निवासी बल्लीपुर खुर्द को पुलिस ने पिता की हत्या करने के अपराध में गिरफ्तार किया साथ ही विधिक कार्यवाही करते हुए जेल भेजा गया चलिए आपको बता दें कि अभियुक्त अटल कुमार रात के तकरीबन नौ बजे पिता सतनू के पास गया और कहा कि मुझे शराब पीने के लिए पैसे चाहिए जो कि अभियुक्त पहले से ही नशे में था उसके पिता ने पैसा देने के लिए मना कर दिया मना करने पर अभियुक्त बोला जमीन बेच करके मुझे पैसा दो लेकिन सतनू ने मना कर दिया तब अभियुक्त आवेश में आकर बोला कि तुम्हारे मरने के बाद सारी जायदाद मेरी हो जाएगी साथ ही गाली गलौज करने लगा बात इतनी बढ़ गई की पास में पड़ी लोहे की सरिया से अपने पिता के सिर पर मार दिया वार इतना जोरदार था की सतनू की हालत गंभीर हो गई आनन फानन में सीएससी पलिया ले जाया गया



जहां डॉक्टरों ने जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया वहां हालत ज्यादा नाजुक देखते हुए लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया तब अभियुक्त की बहन ज्योति लखनऊ ट्रामा सेंटर ले गई लेकिन पैसों की व्यवस्था करने हेतु अपने घर वापस आई कुछ देर बाद दूरभाष के माध्यम से सूचना मिली की सतनू की मृत्यु हो चुकी है मृतक सतनू के शव को परिजनों द्वारा घर लाया गया जहां प्रभारी निरीक्षक मय फोर्स के साथ मृतक के घर पहुंचे पुलिस ने पंचायतनामा भर विधिक कार्यवाही

अभियुक्त अटल कुमार निवासी बल्लीपुर खुर्द ने शराब पीने के लिए पिता से पैसे मांगे मना करने पर अभियुक्त ने पास में रखी लोहे की सरिया से सिर पर वार कर दिया जिससे पिता की मृत्यु हो गई पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल।

की साथ ही मेडिकल प्रपत्र प्राप्त होने पर पुलिस ने वादिनी लज्जावती पत्नी सतनू निवासी बल्लीपुर की लिखित तहरीरी सूचना के अनुसार पुत्र अटल कुमार ने गाली गलौज करते हुए लोहे की सरिया से मारपीट करने व जान से मारने नियत से घातक हमला कर देने के सम्बन्ध में स्थानीय थाना में पंजीकृत मुकदमा धारा 307,323,504,506 के तहत बनाम अभियुक्त अटल कुमार पुत्र सतनू निवासी बल्लीपुर खुर्द को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया कार्यवाही करने वाली पुलिस टीम उप निरीक्षक प्रमोद कुमार मिश्रा, आरक्षी रोबिन सिंह थाना मझगई आदि मौजूद रहे।

# अधिशासी अभियंता के संरक्षण में मिटाया जा रहा नलकूपों का अस्तित्व

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लखीमपुर-खीरी।** ब्लाक बेहजम तहसील मितौली के ग्राम पंचायत टेडवा में 37 बिजी नलकूप लगा हुआ था जो कि किसानों को कुछ समय पहले सिंचाई का लाभ प्राप्त होता था लेकिन जिले पर बैठे भ्रष्ट अधिकारियों की कार्य शैली के चलते और गांव में विकास दुबे से ज्यादा दबंग राकेश कुमार ने अपने खेत में बने सरकारी टैंक को तोड़कर उसकी ईट अपने निजी कार्य में ले लिया जब इसकी शिकायत अधिशासी अभियंता से की गई तो उन्होंने उसे पर कोई कार्रवाई नहीं की फिर मुख्यमंत्री पोर्टल पर उसकी शिकायत की गई तो झूठी आख्या लगाकर दिखा दिया कोई भी टैंक नहीं तोड़ा गया है जबकि जहां पर टैंक बना था उसको तोड़कर वहां पर राकेश कुमार ने अपना खुद का समरसेबल लगाकर खुद की सिंचाई करते हैं और किसानों से पैसे वसूलते हैं। गांव में राकेश कुमार के 60 से 70 रिश्तेदार होने से कोई भी उनके खिलाफ आवाज उठाने की हिम्मत नहीं करता जिसके चलते वह नाजायज काम करते जा रहे ग्राम प्रधान भी उनके रिश्तेदार होने की वजह से उनकी ही फितरत में लगे रहते हैं। जिसकी शिकायत कई बार मुख्यमंत्री पोर्टल पर की गई पर अधिशासी अभियंता के द्वारा बराबर झूठी व्याख्या लगाकर रिपोर्ट ऊपर अधिकारियों को भेज दी जाती है। आख्याओ में उन्हीं लोगों के साइन किए जाते हैं जो राकेश कुमार के भांजे और उनके बहनोई हैं बार-बार उन्हें लोगों के हस्ताक्षर कर कृषक बनाकर उनको ही दिखा दिया जाता जहां एक तरफ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भू माफियाओं को खत्म करने का आदेश दे रहे हैं और दबंग पर सख्त कार्रवाई करने का आदेश दे रहे हैं पर दूसरी तरफ जिले पर बैठे कुछ भ्रष्ट अधिकारी ऐसे दबंग को बढ़ावा दे रहे हैं चाहे जिले पर मंडल आयुक्त हो चाहे जिले बैठे अधिकारियों के द्वारा झूठी आख्या लगाने का सिलसिला जारी है।

# चुनाव को लेकर नेताओं में जोश, लेकिन वोटर खामोश, राजनीतिक दलों की बढ़ी बेचैनी

## बड़ा उलटफेर कर सकती है मतदाताओं की खामोशी

**» माननीय भी नहीं बना पाए एकतरफा माहौल किस करवट बैठेगा उंट,सभी असमंजस में**

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लखीमपुर-खीरी।** जैसे-जैसे मतदान की तारीख नजदीक आ रही है, चुनाव मैदान में उतरे राजनैतिक सूरमाओं की दौड़ भी तेज हो गई है। अमूमन आठ से दस घंटे चैन की नींद लेने वाले राजनेताओं का इन दिनों नींद से वास्ता ही टूट गया है। ऐसे में एक गांव से दूसरे गांव के सफर के दौरान गाड़ी में बैठे-बैठे जो वक्त मिलता है, उसी का उपयोग कुछ पल की झपकी लेने में हो जाता है। बाकी वक्त तो पंचायती आंगन में चौपाल लगाकर जनता का पैर छूकर आशीर्वाद लेने में



गुजर जाता है।

धौरहरा लोकसभा सीट पर इस बार वर्ष 2019 के मुकाबले उत्साह की कमी नजर आ रही है। इस चुनाव में सपा प्रत्याशी प्रीतम आन्नद भदौरिया, भाजपा प्रत्याशी रेखा वर्मा, बसपा प्रत्याशी श्याम किशोर अवस्थी, आशुतोष पाठक, कासिम अली पीस पार्टी, जनार्दन मिश्रा कम्युनिस्ट पार्टी, राजेश कुमार व अन्य समेत 12 प्रत्याशी मैदान में है।

लेकिन हरगांव, कस्ता, धौरहरा, मोहम्मदी, महोली के ग्रामीण अंचल में मतदाताओं की खामोशी इन सियासी सूरमाओं के माथों पर बल डाल रही है। ऐसी स्थिति में वोटर के मन की थाह लेने के लिए उन्हें गांव-गांव में चौपाल लगाने को मजबूर होना पड़ रहा है।

उम्मीदवार नाते-रिश्ते व पुरानी दोस्ती का हवाला देकर मतदाता की मान-मनुहार कर रहे हैं। मीलों दूर बसे गांवों की पगडंडियों को पैदल चल रहे हैं। आराम तो उनके लिए पूरी तरह हराम हो रखा है। ऐसे में माना जा रहा कि चुनाव में निर्णायक भूमिका निभाने वाले ग्रामीण अंचल के वोटर की यह खामोशी इस बार कोई बड़ा उलटफेर कर सकती है हालांकि बीजेपी प्रार्टी ने तीसरी बार रेखा वर्मा पर भरोसा जताया है वही आन्नद भदौरिया समाजवादी पार्टी ने दूसरी बार अपना उम्मीदवार बनाया है वही सांसद के बेहद करीबी श्याम किशोर अवस्थी बीजेपी का दामन छोड़कर हाथी पर सवार होकर सभी राजनीतिक दलों की वोट बैंक में जबरदस्त सेंधमारी करते हुए सभी के समीकरण बिगाड़ दिए हैं।

आने वाले दिनों में स्थिति क्या रहती है, यह तो समय ही बताएगा, लेकिन फिलहाल तो ग्रामीण मतदाताओं के चुप्पी साधने से राजनेता भारी मुश्किलों में हैं।

# 77 केन्द्रों पर आयोजित हुआ सास बहू ननद सम्मेलन, प्रतिभागियों ने कहा हम पहले मतदान करेंगे बाद में जलपान करेंगे



**लोकमित्र ब्यूरो**

**बाराबंकी।** जिला निर्वाचन अधिकारी जिला मजिस्ट्रेट के निर्देशन में मतदाताओं को अधिक से अधिक मतदान हेतु प्रेरित करने के लिए 30 अप्रैल 24 में जनपद के 77 केन्द्रों पर सास बहू ननद सम्मेलन कराया गया, जिसमें 3585 प्रतिभागियों के द्वारा प्रतिभाग किया गया। सम्मेलन में उपस्थित परिवार की सभी सास बहुओं और ननद को मतदान के मूल्य से अवगत कराया गया। सम्मेलन में उपस्थित सीडीपीओ, आंगनबाड़ी कार्यकत्री के द्वारा सभी को मतदान की शपथ दिलायी गयी। कार्यक्रम में सच्चे नागरिक की है पहचान, मतदान-मतदान, मतदान करने हम सबको जाना है। सारे काम छोड़ दो सबसे पहले वोट दो, वोट बहुमूल्य है, हम वोट डालने जाएंगे, मतदान हमारा अधिकारी है आदि स्लोगन के माध्यम से उपस्थित ग्रामीणों को मतदान के प्रति जागरूक किया गया।कि मतदान से हमारा लोकतन्त्र मजबूत होता है इसलिये मतदान अवश्य करें जिसके लिए प्रतिभागियों ने शपथ ली और आस-पडोस को भी मतदान हेतु प्रेरित करने एवं मतदान स्थल तक ले जाने का निर्णय किया।

# मुंडन कार्यक्रम की खुशी में दागे गये पटाखे की निकली चिंगारी ने धारण किया विकराल रूप, कई घर जलकर हुए राख



**लोकमित्र ब्यूरो**

**लखीमपुर-खीरी।** कोतवाली निघासन अन्तर्गत ग्राम - मदना पुर निवासी बुद्धा के घर में मुंडन संस्कार का कार्यक्रम था। मुंडन में खुशी के लिए आतिशबाजी की गई,पटाखे जलाए गये। जलाए गए पटाखों से निकली चिंगारी निकट में रहने वाले जगदीश प्रसाद के घर पर गिर गई । इस समय तेज धूप के कारण फूस की बनी झोपड़ी पर चिंगारी पड़ने से घर तुरन्त धू - धू कर जलने लगा । कुछ ही क्षणों में आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और लगभग दर्जनों घर जलकर हुए राख। गांव में अफरा-तफरी मच गई।

भगवती प्रसाद ' श्रवण कुमार ' रामविलास ' दयाराम ' बुद्धा आदि के घरों के गृहस्थी का सारा सामान जलकर राख हो गया। ग्रामीणों ने इसकी सूचना फायर ब्रिगेड के टीम को दी। फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंचने से पहले सामान जलकर खाक हो चुका था । टीम ने बाद में आग बुझाया।

मौके पर पहुंचे इंस्पेक्टर सुरेश मिश्रा ने बताया कि गांव में लगी आग से कई घर जले ।गृहस्थी का सारा सामान जल कर राख हो गया। ईश्वर की कृपा से कोई पशु तथा जनहानि नहीं हुई है। घरों के जलने से बूढ़े बच्चे एवं महिलाएं खुले आसमान के नीचे रहने को हुए मजबूर। प्रशासन क्या मदद मुहैय्या करायेगा। पीड़ित लोग इसका इन्तजार कर रहे हैं।

# इंडस टावर में चोरी की घटना का सफल अनावरण, 05 अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

**लोकमित्र ब्यूरो**

**बाराबंकी।** सर्विलांस व थाना सतरिख पुलिस टीम द्वारा इंडस टावर में हुई चोरी की घटना का सफल अनावरण कर 05 अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार, कब्जे/निशांदेही पर चोरी का सामान (अनुमानित कीमत 25 लाख रुपये) बरामद। प्राप्त जानकारी से सिक्योरिटी फील्ड आफिसर (सिक्योरिटी प्राइवेट लिमिटेड कम्पनी)/ वादी क मूल निवासी अमरादेवी थाना बदोसराय जनपद बाराबंकी, हाल पता लखपेड़ाबाग थाना कोतवाली नगर जनपद बाराबंकी द्वारा थाना सतरिख पर सूचना दी गई कि दिनांक 09 अप्रैल 24 की रात्रि में सरायमिही स्थित इंडस टावर में अज्ञात चोरों द्वारा अजना माड्यूल, बीटीएस कार्ड, फ्रीक्वेंसी प्लेट व अन्य सामान चोरी कर लिया गया है। उक्त सूचना के आधार पर थाना सतरिख पर मु0अ0सं0 203/2024 धारा 379 भादवि बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया। पुलिस अधीक्षक बाराबंकी द्वारा उक्त चोरी की घटना से सम्बन्धित समस्त पहलुओं की जांच कर घटना का अनावरण एवं संलिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी करने हेतु पुलिस टीम का गठन किया गया तथा आवश्यक निर्देश दिए गये। इसी क्रम में दिनांक 30 अप्रैल 24 को सर्विलांस सेल व थाना सतरिख पुलिस टीम द्वारा मैनुअल इंटेलीजेंस एवं डिजिटल डेटा की मदद से घटना का सफल अनावरण करते हुए 05 अभियुक्तों को बीजेमऊ नहर पुलिया के पास से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण के कब्जे/निशांदेही पर इंडस टावर से चोरी किया गया सामान (अनुमानित कीमत 25 लाख रुपये) बरामद किया गया। उक्त के सम्बन्ध में थाना सतरिख पर मु0अ0सं0 204/2024 धारा 41 सीआरपीसी व धारा 411/413 भादवि पंजीकृत किया गया।

# हम वोट उसी को देंगे जो पत्रकार सुरक्षा की बात करेगा : राष्ट्रीय अध्यक्ष एस एन विश्वकर्मा

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लखीमपुर-खीरी।** इंडियन कौंसिल आफ प्रेस पत्रकार संगठन देश के 14 राज्यों में उत्तर प्रदेश के 45 जनपदों में सुचारू रूप से संचालित होकर पत्रकार एवं समाजसेवियों के हित न्याय दिलाने में बढ़-चढ़कर कार्य कर रहा है। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एस एन विश्वकर्मा ने संगठन के सभी प्रकोष्ठों के सभी प्रदेशाध्यक्ष से कान्फ्रेंस में कहा कि आज तक पत्रकारों के सुरक्षा एवं रहन सहन पर कोई भी सरकार ध्यान नहीं दिया है। जबकि पत्रकार हर समस्याओं से जूझकर वोट प्रतिशत बढ़ाने का हमेशा कार्य करते हैं हो रहे लोकसभा चुनाव में जो पत्रकार सुरक्षा व्यवस्था की आवाज उठाकर पत्रकार सुरक्षा कानून पारित करवायेगा वोट उसी को देने की अपील किया है। सभी प्रदेशाध्यक्ष से कान्फ्रेस के समय संगठन के राष्ट्रीय सचिव आनंद वर्मा, राष्ट्रीय सचिव आलोक उपाध्याय, राष्ट्रीय सचिव मुकेश विश्वकर्मा,



राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष रमेश विश्वकर्मा, राष्ट्रीय उपसचिव कुलदीप वर्मा, राष्ट्रीय संयुक्त मंत्री रविन्द्र चौधरी तथा राष्ट्रीय संगठन मंत्री कमलेश तिवारी आदि शामिल रहे। विधि प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष के के यादव, उपाध्यक्ष मंजू संगठन मंत्री अनिल यादव उत्तर प्रदेश अध्यक्ष एड सउद खान प्रदेश सचिव एड संतोष यादव, एड शशांक मिश्र, एड संदीप यादव तथा एड नेहाल वेग ने विधि प्रकोष्ठ के सभी जिला अध्यक्षों से अपील किया। पत्रकार प्रकोष्ठ उत्तर प्रदेश कार्यकारिणी के प्रदेश अध्यक्ष मनोज शुक्ला ने भी कहा कि आज तक हम पत्रकारों को कोई सरकार ध्यान नहीं दिया जबकि पत्रकार शासन और प्रशासन के सिक्के के दो पहलू हैं। उत्तर प्रदेश कार्यकारिणी के पदाधिकारी प्रदेश उपाध्यक्ष रामेश्वर सिंह भदौरिया, प्रदेश सचिव अरुणेंद्र प्रताप सिंह,मो आरिफ, उमेश अवस्थी, अमरेश तिवारी, प्रदेश मीडिया प्रभारी कमलेश शुक्ला, पुष्पेंद्र सिंह, विवेक शुक्ला, अजीत सिंह, विजय देव, प्रदेश उपसचिव रामेंद्र विश्वकर्मा, संजय कनौजिया,धनीराम तथा शंताक नारायण सिंह आदि पदाधिकारी कान्फ्रेस के जरिए सभी जिला अध्यक्षों को पत्रकारों के उत्थान के लिए जो कार्य करें मत उसी को देने की अपील किया।

# मरीजों के पैरों में बेड़ियां: मानसिक इलाज के नाम पर देते थे गैस की दवा, दम घुटने से मौत मामले में बड़ा खुलासा



**लोकमित्र ब्यूरो**

**गाजीपुर।** गाजीपुर की जमानिया कोतवाली क्षेत्र के मदनपुरा रोड के किनारे अवैध तरीके से संचालित सहारा जन कल्याण मेंटल हॉस्पिटल (मानसिक चिकित्सालय) में मरीजों को बंदियों से भी कड़ी सजा दी जाती थी। भर्ती करने के साथ पैर में लोहे की मोटी बेड़ी डालते थे। उन्हें एक शटर के अंदर कमरों में बंद रखा जाता था। इलाज के नाम पर गैस की दवा देते थे। यह खुलासा यहां बंद मिले लोगों ने किया है। एक दशक से चल रहे इस अवैध अस्पताल के बारे में स्वास्थ्य विभाग अनजान था।

विभाग का दावा है जमानिया क्या पूरे जिले में मेंटल हॉस्पिटल नहीं है, जबकि यह अस्पताल जमानिया सीएचसी से करीब तीन और पीएचसी से छह किमी दूर पर संचालित है। इसके बारे में आसपास के जिलों के अलावा बिहार तक के लोगों को जानकारी थी।

### 78 हजार में इलाज, 6 हजार खाने का

इस अस्पताल में बंद सभी छह मरीज खुद को स्वस्थ्य बता रहे हैं। ये भी बताया कि यहां हमें दवा और खाना मिलता है। कुछ भी गलत करने पर डंडे से पीटा जाता है। एक माह से भर्ती और दोनों पैर में बेड़ियों से जकड़े विक्की कुमार (21) को देखने बिहार से आए पिता बिगाहूं राम ने बताया कि नशे की तल छुड़ाने के लिए बेटे को यहां भर्ती कराया है। पूरा इलाज के लिए 78 हजार में बात हुई थी। छह हजार हर महीने खाने का अलग देता हूं।

### अस्पताल संचालक और उसका बेटा गिरफ्तार

सहारा जन कल्याण मेंटल हॉस्पिटल में हाथ में बेड़ी पहनाते समय गर्दन दब जाने से मरीज विकास कुमार की हुई मौत के मामले में उपनिरीक्षक सुरेश कुमार मौर्या के नेतृत्व में पुलिस ने सोमवार को मुख्य आरोपी विजय नारायण पाठक और उसके पुत्र सुनील पाठक को जमानिया रेलवे स्टेशन के पास से गिरफ्तार कर लिया।

# कैसरगंज से भाजपा ने बृजभूषण को टिकट दिया तो सपा इन पर खेल सकती है दांव, सिर्फ इस बात का है इंतजार

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी कैसरगंज से एक आंदोलनकारी महिला पहलवान को उतारने की तैयारी कर रही है। यह पहलवान भाजपा के सांसद बृजभूषण सिंह पर यौन उत्पीड़न के आरोप लगाने वालों में शामिल रही हैं। हालांकि, सपा नेतृत्व को इस सीट पर अभी भाजपा के पत्ते खुलने का इंतजार है। बसपा ने भी कैसरगंज से अपना प्रत्याशी अभी तक नहीं दिया है।

कैसरगंज में चुनाव पांचवें चरण में है। यहां नामांकन की अंतिम तिथि 3 मई है। यहां से चर्चित सांसद बृजभूषण शरण सिंह के चलते इस सीट पर सभी पार्टियों की नजर है। बहरहाल बृजभूषण चुनाव लड़ने पर अड़े हुए हैं, पर भाजपा उनको टिकट देकर कोई खतरा मोल नहीं लेना चाहती है।

उन पर देश की जानी-मानी महिला पहलवानों ने गंभीर आरोप लगाए हैं, जिसके चलते बृजभूषण को कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष पद से इस्तीफा भी देना पड़ा था। इस मामले में उनके खिलाफ केस भी चल रहा है। बृजभूषण ने दिल्ली की अदालत में मामले की नए सिरे से जांच कराने के लिए याचिका दायर की थी, जो खारिज हो चुकी है। ऐसे

में उन पर यौन उत्पीड़न केस के आरोप तय करने का रास्ता साफ हो गया है। बताते हैं कि इन्हीं सब स्थितियों के चलते भाजपा अब तक इस सीट पर अपने प्रत्याशी के बारे में निर्णय नहीं ले पाई है। सपा सूत्रों का कहना है कि अगर भाजपा ने बृजभूषण शरण सिंह को टिकट दिया, तो उनकी पार्टी आंदोलनकारी पहलवान को यहां के 'रण' में उतारेगी। इसके लिए रणनीति तैयार कर ली गई है। सपा का टिकट घोषित होने में देरी का कारण भी यही है कि पहले भाजपा का प्रत्याशी घोषित हो जाए।

# राजनीति में कुछ यूं हुई नुसरत की एंट्री, अखिलेश की इस सलाह पर पिता अफजाल की विरासत संभालेंगी बेटी




**लोकमित्र ब्यूरो**

**गाजीपुर।** लोकसभा चुनाव को लेकर सभी दल चुनाव प्रचार में जोर-शोर से जुटे हैं। सोमवार को सोशल साइट पर वायरल ऊपर लगी यह तस्वीर गाजीपुर के सांसद अफजाल अंसारी की बेटी नुसरत की है। अपने पिता के लिए चुनाव प्रचार के दौरान उन्हें गाजीपुर के एक शिव मंदिर में जल चढ़ाते और मंदिर में कीर्तिन करते देखा गया।

चर्चा है कि नुसरत पिता की सीट से इस चुनाव में नामांकन की तैयारी में हैं। राजनीति में उनकी एंट्री पहले ही दिन सुर्खियों में आ गई। नुसरत अंसारी परिवार की पहली महिला हैं, जो राजनीति में आ रही हैं।

मुख्तार अंसारी की मौत के बाद उनके घर मातमपुर्सी को पहुंचे सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने नुसरत समेत अंसारी परिवार के हरेक सदस्य से मुलाकात की थी। चर्चा है कि अखिलेश यादव की पहल पर ही नुसरत अपने पिता की राजनीतिक विरासत को संभालने को तैयार हुई हैं।

लोकसभा चुनाव का मतदान भले ही अंतिम चरण में है, लेकिन राजनीतिक पार्टियों के प्रत्याशी पूरी दमखम से जनसंपर्क अभियान में जुटे हुए हैं। पार्टी के नेता व कार्यकर्ता तो मतदाताओं से मिलकर उनका मन-मिजाज टटौलने के साथ पक्ष में लाने की जी तोड़ मेहनत कर रहे हैं, वहीं प्रत्याशी के परिवार के लोग भी मैदान में उतर गए हैं।

कुछ इसी तरह का वाक्या तब देखने को मिला जब सपा प्रत्याशी अफजाल अंसारी की पुत्री नुसरत सपा महिला विंग के साथ पिता के पक्ष में महिलाओं से मिल वोट देने की अपील करती दिखाई पड़ी। जबकि मंदिरों में मत्था टेक और कीर्तन करते दिखाई दी।

सातवें चरण में गाजीपुर सीट पर एक जून को मतदान होगा। इसके लिए सात मई से 14 मई तक नामांकन होगा। 2936 बूथों पर 20 लाख से अधिक मतदाताओं को वोट करने का मौका मिलेगा। इस सीट सपा ने अफजाल अंसारी, भाजपा ने पारस नाथ राय तो बसपा ने डा. उमेश सिंह को मैदान में उतारा है।

# जिनकी हत्या का दर्ज था केस, वो दोनों बहनें मिलीं जिंदा... हैं एक-एक बच्चे की मां, प्रेमियों से की लव मैरिज

**लोकमित्र ब्यूरो**

**गोरखपुर।** दिल्ली में रह रहे बेलघाट क्षेत्र के एक परिवार की दो युवतियां एक साल पहले लापता हो गईं। भाई ने गांव के एक युवक और उसके परिवार के लोगों पर हत्या करने के बाद शव गायब करने का आरोप लगाते हुए केस दर्ज कराया।

पुलिस ने जांच शुरू की तो पता चला कि दोनों युवतियां जिंदा हैं और उन्होंने हरियाणा और उत्तराखंड के रहने वाले अपने प्रेमियों से शादी कर ली है। दोनों के एक-एक बच्चे भी हैं। सोमवार को दोनों बहनें बयान देने के लिए बेलघाट थाने पहुंचीं तो इस मामले में आरोपी बना परिवार भी अब राहत की सांस ले रहा है।

जानकारी के मुताबिक, बेलघाट के त्रिलोकपुर गांव निवासी अजय प्रजापति परिवार के साथ रोजगार के सिलसिले में प्रेमनगर, नई दिल्ली में रहता था। अजय ने पुलिस को दी तहरीर में लिखा है कि तीन जनवरी



### कोर्ट के आदेश पर दर्ज हुआ केस

अजय प्रजापति, जनवरी 2023 से ही जयनाथ के खिलाफ केस दर्ज कराने के लिए दौड़ रहा था, लेकिन साक्ष्य के अभाव में पुलिस केस नहीं दर्ज कर रही थी। फिर जयनाथ कोर्ट पहुंचा। कोर्ट के आदेश पर बेलघाट थाने में आठ जनवरी 2024 को केस दर्ज किया गया।

2023 को उसकी दो बहनें सीता (20) और गीता (21) लापता हो गईं। दोनों की गुमशुदगी दिल्ली में दर्ज कराई गई।

इसी बीच पता चला कि गांव के जयनाथ मौर्या का प्रेम संबंध बहनों से है। यह जानकर अजय गांव में स्थित आरोपी के घर पहुंचा। अजय का आरोप था कि जयनाथ और उसके परिवार वालों ने उसे धमकी देते हुए कहा-जो हाल तुम्हारी बहनों का हुआ है, वही हाल तुम्हारा भी होगा।

### पुलिस की पड़ताल में खुला राज

केस दर्ज करने के बाद पुलिस ने जांच शुरू की तो चार माह बाद पता चला कि दोनों युवतियां जीवित हैं। पुलिस ने दोनों से मोबाइल फोन पर बात की। तब दोनों ने बताया उनका प्रेम संबंध उत्तराखंड और हरियाणा के युवकों से हो गया था। इसलिए दोनों ने घर से भागकर उनसे शादी कर ली थीं। पुलिस के बुलाने पर दोनों युवतियां बच्चों के साथ सोमवार को बेलघाट थाने पहुंचीं।

### सीता और गीता ने दिया बयान

पुलिस को दिए बयान में सीता ने बताया- हरियाणा के भैइनी ठाकरान थाना भवानी खेड़ा निवासी विजेंदर से शादी कर उसके साथ रह रही हूं। मेरी पांच महीने की एक बेटी है। मैं यहां खुशी-खुशी रह रही हूं। गीता ने बताया-उत्तराखंड के अल्मोड़ा जिले के ग्राम द्रमोली निवासी सुरेश राम से मेरी दोस्ती थी, घर से भागकर उससे शादी कर ली। तभी से उनके साथ रह रही हूं।

मेरी छह माह की एक बेटी है। सीता और गीता ने बताया कि उन्हें जब पता चला कि उनके भाई ने बहनों की हत्या करके लाश गायब कर देने का केस दर्ज कराया है, तब उन्होंने बेलघाट थाने पहुंचकर जीवित होने का प्रमाण दिया, ताकि कोई निर्दोष न फंसे।

# प्रेमियों के चक्कर में मां बाप का साथ छोड़ रहीं लड़कियां

## कानपुर से हर माह प्रेमियों के साथ भाग रहीं, एक दर्जन लड़कियां

**» गर्भवती होकर भी लौटने वाली अधिकांश लड़कियों में कई नाबालिक भी शामिल**

**सुनील बाजपेई**

**कानपुर।** यहां जिले की लड़कियां कथित प्रेमियों के चक्कर में अपने मां बाप का साथ छोड़ने में अव्वल चल रहीं है। - -और इसमें भी खास बात यह कि शहर से प्रतिमाह लगभग भागने वाली एक दर्जन लड़कियों में से अधिकांश अपने कथित प्रेमी से न केवल शादी करके बल्कि उनसे गर्भवती होने के बाद ही वापस लौट रही है। इनमें नौबस्ता, बर्रा, गोविंद नगर ,कल्याणपुर, सचेंडी, चकेरी ,घाटमपुर, बिधनू ,बिल्हौर महाराजपुर और पनकी थाना क्षेत्र से भागने वाली लड़कियों की संख्या सर्वाधिक बताई जाती है।

यही नहीं पाल पोस कर बड़ा करने वाले अपने जन्मदाता माता-पिता का भी साथ हमेशा के लिए छोड़ चुकी बहुत सी लड़कियां ऐसी भी हैं जो अपने मां-बाप के खिलाफ अपने कथित प्रेमियों के पक्ष में बयान देने से भी नहीं चूकी।

इस बारे में सूत्रों से मिली जानकारी पर यकीन करें तो कई लड़कियों के प्रेमी उन्हें बिन ब्याही मां बनाने के बाद रफूचक्कर भी हो गए। साथ ही बहुत सी ऐसी भी लड़कियां हैं, प्रेमी के साथ भागने के बाद जिनके बारे में इस आशय की जानकारी आज तक नहीं मिल पाई कि वह किस हालत में और कहां है ??जिंदा भी हैं अथवा नहीं?

यही नहीं विभिन्न थानों की पुलिस भी लड़कियों के भागने की घटनाओं से बहुत परेशान है। जब तक वह किसी एक लड़की को बरामद कर पाती है ,तब तक दूसरी के अपने प्रेमी के साथ रफू चक्कर हो जाती है।

यही नहीं अक्सर ऐसे भी हालात पैदा हो जाते हैं, जिसके चलते पुलिस उनकी शादी थानों और चौकियों में ही करवाने को भी मजबूर हो रही है। कई मामलों में बिल्हौर थाने के अंतर्गत अरोल चौकी क्षेत्र का प्रकरण भी काफी चर्चा में रहा। यहां बहुत गुजारिश करने के बाद भी जन्मदाता अपने मां बाप को ठुकरा कर युवती ने प्रेमी के साथ पुलिस चौकी में शादी की और फिर मां-बाप से मिले बगैर उसके साथ चली भी गई।

घटना के बारे में प्राप्त विवरण के मुताबिक क्षेत्र के गूजेपुर गांव निवासी चंद्रभान की 19 वर्षीय पुत्री नेहा का कन्नौज के तहसीपुर बरौली गांव निवासी रिश्तेदार सेतराम के पुत्र योगेंद्र से प्रेम प्रसंग चल रहा था। कुछ दिन पहले वह घर में बिना बताए युवक के पास चली गई थी। इस पर युवती के स्वजन ने पुलिस से शिकायत की। पुलिस द्वारा मोबाइल से संपर्क करने पर प्रेमी युगल अरौल पुलिस चौकी पहुंच गए ।

यहां पर नेहा नाम की इस युवती ने बालिग होने की बात कहते हुए स्वेच्छा से शादी करने की बात कही, जिससे परेशान होकर उसके मां-बाप ने उसे बहुत समझाया बुझाया लेकिन इसके बाद भी वह मां बाप को छोड़ने को तो राजी हो गई लेकिन प्रेमी का साथ छोड़ना मंजूर ना हुआ। और इसी मजबूरी के चलते उन्हें पुलिस चौकी में ही अपनी बेटी की शादी उसके प्रेमी से करवाने के लिए मजबूर होना पड़ा।

इसी तरह से शहर की और भी न जाने कितनी लड़कियां अपने कथित प्रेमियों के चक्कर में अपने जन्मदाता मां-बाप का साथ छोड़ चुकीं हैं। और यह सिलसिला बंद नहीं बल्कि लगातार जारी है। कानपुर में लड़कियों के भागने का हाल यह है कि पुलिस भागी हुई एक लड़की बरामद कर नहीं पाती। तब तक दूसरी अपने कथित प्रेमी के साथ भाग जाती है। मतलब यह सिलसिला यहां लगातार जारी है ।

# सेंट्रल पब्लिक स्कूल के छात्रों ने प्रतियोगिता में जीत दर्ज कर विद्यालय का नाम किया रोशन

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के शारदा नगर रजनी खंड में सेंट्रल पब्लिक स्कूल के छात्रों ने प्रतियोगिता में जीत दर्ज कर विद्यालय का नाम किया रोशन आपको बता दे की इम्यूनोलॉजी दिवस के अवसर पर बाबा साहब भीमराव अंबेडकर यूनिवर्सिटी प्रतियोगिता में विजेता रहे आयुष बाजपेई को प्रथम स्थान वेदांत को द्वितीय स्थान अतुल चौरसिया को तीसरा स्थान मिला है मॉडल प्रथम प्रतियोगिता में अखंड तेज पांडे को प्रथम पुरस्कार आकाश दीक्षित को द्वितीय पुरस्कार मॉडल तृतीय पुरस्कार मे अनामिका अवस्थी को प्रथम पुरस्कार मिला है श्रेष्ठ को द्वितीय पुरस्कार मिला है रंगोली प्रतियोगिता में आदित्य कुमार सिंह को प्रथम पुरस्कार रिया सिंह को द्वितीय पुरस्कार शालू चौरसिया को तृतीय पुरस्कार काजल वाजपेई को चतुर्थ पुरस्कार प्रश्नोत्तरी द्वितीय प्रतियोगिता में ऋषि यादव को प्रथम पुरस्कार लवली बरनवाल को द्वितीय पुरस्कार निकिता कुमारी को तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

# देवर को पांच जूते मारने की सजा : भाभी से गंदी हरकत करने पर पंचायत का फैसला

**लोकमित्र ब्यूरो**

**एटा।** एटा के थाना कोतवाली देहात के एक गांव में एक महिला ने रविवार शाम फंदा लगाकर जान दे दी। उसके पति व भाई ने चचेरे देवर पर छेड़छाड़ करने का आरोप लगाया। बताया कि इसी छेड़छाड़ से परेशान होकर उसने यह कदम उठा लिया। एक दिन पहले पुलिस से भी शिकायत की गई, कोई कार्रवाई नहीं हुई। गांव में पंचायत हुई, इसमें आरोपी को पांच जूते मारने का फरमान सुनाया गया, लेकिन वह भाग गया।

पति ने बताया कि वह मेहनत-मजदूरी करके घर चलाता है। शनिवार की देर शाम गांव में ही रहने वाला चचेरा भाई पत्नी को घर में अकेला देख कमरे में घुस गया और छेड़छाड़ करने लगा। जिसका विरोध करते हुए वह कमरे से निकल आई और बाहर से कुंडी लगाकर उसको अंदर बंद कर दिया। उसके बाद सास को बुलाकर लाई। उन्होंने जैसे ही कमरा खोला, देवर दोनों को धक्का



मारकर वहां से भाग गया। महिला ने सारी जानकारी मुझको दी। मैंने रविवार की सुबह मरथरा चौकी पर पहुंचकर तहरीर दी।

### सजा सुनते ही भाग गया देवर

मामले की जांच करने के लिए पुलिस गांव में पहुंची तो पूर्व प्रधान व अन्य लोगों ने समझा-बुझाकर मामला शांत करा दिया। पति ने बताया कि पंचायत बुलाई गई, जिसमें तय किया गया कि महिला देवर के सिर पर पांच जूते मारेगी। अगर आगे से यह हरकत बंद नहीं करता है तो पुलिस में शिकायत कर उसे जेल भेजा जाएगा। यह सुनकर देवर वहां से भाग गया।

### आहत भाभी ने उठाया खौफनाक कदम

महिला इस पूरे घटनाक्रम से अपमानित और आहत थी। रोती हुई घर चली गई। शाम को जब घर पर कोई नहीं था तो उसने खुद को कमरे में बंद कर लिया और साड़ी का फंदा बनाकर पंखे से लटक गई। मैंने दरवाजा खोला तो सांसें चल रही थीं। उसे लेकर निजी चिकित्सक के यहां पहुंचा। जहां उसको मृत घोषित कर दिया गया।

# गढ़मुक्तेश्वर विधानसभा क्षेत्र में सबसे कम मतदान, 370 में से 157 बूथों पर 60 फीसदी से कम वोट पड़े




**लोकमित्र ब्यूरो**

**अमरोहा।** अमरोहा संसदीय सीट की पांचों विधानसभाओं में से गढ़मुक्तेश्वर क्षेत्र के मतदाता वोटिंग करने में फिसड्डी रहे हैं। यही हाल वहां के बूथों का भी है। यहां के मतदाताओं ने वोट करने में दिलचस्पी नहीं दिखाई। यही वजह है कि ओवरऑल 370 बूथों में से एक पर भी 80 फीसदी मतदान नहीं हुआ है। जबकि छह बूथ ऐसे हैं जिन पर 40 प्रतिशत से कम वोट पड़े हैं।

गढ़मुक्तेश्वर विधानसभा क्षेत्र के आंकड़ों की बात करें तो यहां पर कुल 353153 मतदाता हैं। जिसमें 189817 पुरुष और 163330 महिलाएं शामिल हैं। इस पूरी विधानसभा क्षेत्र में 59.41 प्रतिशत वोटिंग हुई है। स्थिति ये है कि 145 बूथों पर 60 से लेकर 69.09 प्रतिशत मतदान हुआ है।

33 बूथ ऐसे हैं जिन पर 70 से 79.82 प्रतिशत लोगों ने वोट डाले हैं, जबकि 157 बूथों पर 50 से 59.41 फीसदी मतदान हुआ है। वहीं, 27 बूथ ऐसे हैं जहां पर 50 प्रतिशत मतदाता भी वोट नहीं कर पाए। इन बूथों पर केवल 40 से 49 फीसदी मतदान हुआ है।

### गढ़ ब्लाक के बूथ नंबर 5 पर हुई सबसे कम वोटिंग

गढ़ विधानसभा क्षेत्र के गढ़ नगर के मोहल्ला राजीव नगर और आदर्श नगर के लोगों ने सबसे कम मतदान किया है। आंकड़ों के अनुसार गढ़ ब्लाक में बनाया गया बूथ नंबर 305 पर महज 32.96 फीसदी वोट डाले गए। जिसमें 801 मतदाताओं में से 264 मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग किया। 427 पुरुष में से 145 और 374 में से 119 महिलाओं ने अपने मत का प्रयोग किया है। गढ़ ब्लाक के 5 नंबर बूथ वोटिंग के मामले में सबसे पिछड़ा बूथ है। वहीं सिंभावली ब्लाक के गांव रझैटी में 1068 मतदाताओं में से 363 मतदाताओं ने मतदान किया है। यहां केवल 33.99 फीसदी मतदान हुआ है।

# अकबरपुर लोकसभा : भाजपा और गठबंधन में जारी संघर्ष के बीच मतदाताओं के रुख से बसपा को जीत का यकीन

**लोकमित्र ब्यूरो**

**कानपुर।** यहां आगामी 13 मई को होने वाले अकबरपुर लोक सभा के चुनाव में मतदाताओं के रुख को लेकर भाजपा और इंडी गठबंधन के प्रत्याशी और उनके समर्थक मतदाता परेशान नजर हैं ,जिससे यह भी प्रतीत होता है कि जिन भी लोकसभा क्षेत्र से नए चेहरे वाले प्रत्याशी नहीं उतारे गए हैं ,वहां जीतने की आशा पराजय में बदल सकती है। वह चाहे भाजपा की बात हो या गठबंधन की अथवा बसपा की। मतलब जिन - जिन लोकसभा क्षेत्र में नए चेहरों को मौका दिया गया है। वह पुराने चेहरों के मुकाबले जीत के मामले में सर्वाधिक संख्या में बाजी मार सकते हैं। खासकर उन लोकसभा क्षेत्र में ,जहां बिरादरी के साथ ही बिरादरी वालों के साथ ही विभिन्न कारणों से अन्य जातियों के मतदाता भी दोबारा मैदान में उतारे गए प्रत्याशी से नाराज हैं। इसके दायरे में लगभग 20 लाख से अधिक मतदाता संख्या वाली अकबरपुर लोकसभा सीट भी आती है। जहां इडी गठबंधन से राजा रामपाल और भारतीय जनता पार्टी से देवेंद्र सिंह भोले तीसरी बार फिर मैदान में उतारे गए हैं। लेकिन इस बारे में मतदाताओं के बीच जिस आशय की चर्चा पूर्ण खुसर फुसर हो रही है। उसके मुताबिक पुराने को तो देख लिया अब नए को भी देख लो। यहां नए चेहरे से मतलब बसपा से प्रत्याशी बनाए गए राजेश कुमार द्विवेदी से है।

पार्टी सूत्रों और समर्थकों का भी दावा है कि नए चेहरे की वजह से प्रखर समाज सेवी होने के साथ ही गौ सेवक के रूप में भी चर्चित बसपा प्रत्याशी राजेश कुमार द्विवेदी बिरादरी ब्राह्मणों के साथ ही अन्य जातियों के भी वोट अन्य प्रत्याशियों के मुकाबले ज्यादा संख्या में हासिल करके भाजपा और गठबंधन के प्रत्याशी की जीत की राह में रोड़ा बन सकते हैं। बसपा से टिकट के सवाल पर प्रत्याशी राजेश द्विवेदी के समर्थक यह भी कहते हैं कि यह महत्वपूर्ण नहीं है कि कौन किस पार्टी से लड़ रहा है। जनहित में महत्वपूर्ण होता है कि कौन प्रत्याशी किस स्वभाव का, किस तरह के व्यवहार वाला और जनता के हित में किस तरह की सोच और विचार वाला है। क्योंकि क्षेत्र या किसी के भी हित में जो कुछ भी करना होता है। वह बनने वाले जनप्रतिनिधि सांसद को ही करना होता है। इसीलिए पार्टी नहीं बल्कि प्रत्याशी के आचरण व्यवहार ,कार्य और उसकी जनता के हित के बारे में सोच के हिसाब से ही वोट देने के रूप में चुनाव जिताना चाहिए। फिलहाल अकबरपुर लोकसभा क्षेत्र की जनता के हित में बहुत कुछ करने का भरोसा दे रहे प्रत्याशी राजेश कुमार द्विवेदी के समर्थन में रमईपुर में 10 मई को जनसभा करने के लिए बसपा प्रमुख मायावती भी आ रही हैं, जिसमें महासचिव सतीश मिश्रा भी शामिल हो सकते है।

वहीं विरोधी भी मतदाताओं को यह बताने से नहीं चूकते कि अधिसंख्य ठाकुर मतदाता भी भाजपा प्रत्याशी देवेंद्र सिंह भोले से किस तरह से और क्यों नाराज हैं ? और उन्हें क्या करना चाहिए था ? क्या किया ? काफी कुछ खिलाफ रुख के मामले में यही हाल बसपा प्रत्याशी राजा रामपाल का भी है। इनके भी विरोधी लोकसभा से जुड़ा घूसखोरी वाला प्रकरण उदाहरण के रूप में सुनाते हैं।

अकबरपुर लोकसभा के ब्राह्मण और ठाकुर बाहुल्य मतदाता क्षेत्रों में ना केवल भाजपा बल्कि इंडी गठबंधन प्रत्याशी की हालत खराब मानी जा रही है, जिसकी असली वजह है मतदाताओं की बेरुखी और इसकी भी वजह बताई जा रही है, पुराने चेहरों का होना। जबकि अकबरपुर लोकसभा क्षेत्र के अधिक संख्य मतदाताओं को इस बार देवेंद्र सिंह भोले की जगह किसी नए चेहरे को मैदान में उतारे जाने की उम्मीद थी। जिनमें जीत प्रताप सिंह और बिठूर के विधायक अभिजीत सिंह सांगा के साथ और भी कई लोगों के नाम दावेदारों के रूप में शामिल थे। कुछ ऐसी ही आशा ईडी गठबंधन से की जा रही थी लेकिन उसने भी कोई नया चेहरा मैदान में उतारने के बजाय राजाराम पाल को अपना प्रत्याशी बना दिया।

मतलब बसपा के अलावा किसी भी पार्टी ने प्रत्याशी के रूप में नया चेहरा नहीं दिया। हार जीत के गुणा भाग में दक्ष विशेषज्ञों के मुताबिक जनहित के कार्यों और व्यवहार की वजह से अगर कई बार चुनाव जीत चुके बड़े नेताओं को छोड़ दें तो बाकी लोकसभा क्षेत्र में पुराने चेहरों को ही मैदान में उतारा जाना कई कारणों से जीत के मामले में लाभदायक साबित होता दिखाई नहीं पड़ता। शायद यही वजह है कि बसपा अपनी जीत की राह बहुत कठिन नहीं मान रही है। जबकि भाजपा को अपनी जीत होने का यकीन है।

## संक्षेप

### शालीमार गार्डन में देर रात लगी आग, बिजली विभाग की लापरवाही आई सामने

साहिबाबाद। थाना क्षेत्र साहिबाबाद के शालीमार गार्डन सी–ब्लॉक में सोमवार देर रात 3 बजे ट्रांसफार्मर में आग लग गई। आग इतनी भयंकर थी कि पास में खड़ी कार भी जल गई। आरडब्लूए ने अग्निशमन विभाग को फोन कर सूचना दी। जिसके बाद काबू पाया गया। आरडब्लूए अध्यक्ष जुगल किशोर ने बताया कि बिजली विभाग के सीनियर अधिकारियों को ट्रांसफार्मर को लोहे की फैंसिग जाल लगाने का निवेदन हम कई बार कर चुके हैं। लेकिन बिजली विभाग ने कुछ ट्रांसफार्मर में लगाए भी हैं। अभी काफी–कुछ होना बाकी है। जिसे लेकर पत्र लिखा जाएगा।

### गुरूकुल द स्कूल की जूडो कोच चिल्ड्रन ऑफ एशिया इंटरनेशनल गेम्स में रेफरी के रूप में भाग लेंगी

गाजियाबाद । गुरूकुल द स्कूल की जूडो व कुराश कोच मंजू नायाल ने एक बार फिर अपने स्कूल, जनपद, प्रदेश व देश का गौरव बढाया। उन्हें रूस के याकूत्स्क शहर में 30 जून से 8 जुलाई तक होने वाली 8 वें चिल्ड्रन ऑफ एशिया इंटरनेशनल गेम्स के लिए भारत का प्रतिनिधित्व करने का मौका मिला है। वे 8 वें चिल्ड्रन ऑफ एशिया इंटरनेशनल गेम्स में रेफरी के रूप में भाग लेंगी। इंटरनेशनल कुराश एसोसिएशन के टेक्निकल डायरेक्टर रवि कपूर ने उनका गेम्स के लिए रेफरी के लिए चयन किया। मंजू नायाल इससे पहले चाइना ताइपे में आयोजित कुराश चैंपियनशिप में भारत का कोच के रूप में प्रतिनिधित्व कर चुकी है। इस चैंपियनशिन में गुरूकुल द स्कूल की शालिनी ने कांस्य पदक जीता था। मंजू नायाल द्वारा प्रशिक्षित कई अन्य जूडो व कुराश खिलाडी भी नेशनल व इंटरनेशनल प्रतियोगिताओं में पदक जीत चुके हैं। मंजू नायाल के 8 वें चिल्ड्रन ऑफ एशिया इंटरनेशनल गेम्स में रेफरी के रूप में चयन होने पर स्कूल के डायरेक्टर सचिन वत्स ने मंजू नायाल को बधाई दी। उन्होंने कहा कि उनकी इस उपलब्धि से स्कूल व जनपद का ही नहीं उत्तर प्रदेश व देश का गौरव भी बढा है।

### आम जनमानस के लिए खुला अल्ट्रासाउंड केंद्र

अयोध्याधाम। इनायतनगर में आरडी पैथोलॉजी और अल्ट्रासाउंड का भव्य उद्घाटन हुआ जिस मौके पर चीफ गेस्ट के रूप में डॉक्टर अमित शुक्ला एम्स पटना तथा अयोध्या के प्रसिद्ध डॉक्टर जसप्रीत सिंह उपस्थित रहे उनके बीच डॉक्टर सुनील पांडेय डॉक्टर एस के यादव डॉक्टर बी एन यादव डॉक्टर आरके सिंह क्षेत्र के सम्मानित लोग भी उपस्थित रहे , डॉक्टर साहब ने सबको पैथोलॉजी के बारे में बताया कि समय–समय पर जांच कराने से हमें बड़ी से बड़ी बीमारियों से सतर्क किया जा सकता इसमें ओ एन एकेडमी विद्यालय प्रबंधक धर्मपाल पांडेय विजय तिवारी सुधांशु मिश्रा दीपेंद्र तिवारी भीम तिवारी आदि लोगों उपस्थित रहे।

### कुलपति के निर्देश पर कुलसचिव व प्रवेश समन्वयक ने पीएचडी प्रवेश परीक्षा का लिया जायजा

अयोध्या। डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की पीएचडी प्रवेश परीक्षा पर्यवेक्षकों एवं केन्द्राध्यक्षों की कड़ी निगरानी में सकुशल सम्पन्न हुई। 28 विषयों की इस परीक्षा में मंगलवार को 1498 पंजीकृत परीक्षार्थियों के सापेक्ष 955 की उपस्थिति रही। इसके अलावा लगभग 350 परीक्षार्थियों को यूजीसी पीएचडी गाइड लाइंस के अनुरूप परीक्षा से औपबंधित छूट प्रदान की गई है। पीएचडी प्रवेश परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए मंगलवार को कुलपति प्रो0 प्रतिभा गोयल के निर्देश पर कुलसचिव डॉ0 अंजनी कुमार मिश्र व पीएचडी प्रवेश समन्वयक प्रो0 फर्रूख जमाल द्वारा केन्द्रों का औचक निरीक्षण कर परीक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। विवि के मीडिया प्रभारी डॉ0 विजयेन्दु चतुर्वेदी ने बताया कि विश्वविद्यालय की पीएचडी प्रवेश परीक्षा शुचिता के साथ सकुशल सम्पन्न हो गई। इस परीक्षा के लिए आवासीय परिसर के अर्थशास्त्र एवं ग्रामीण विकास विभाग, भौतिकी एवं इलेक्ट्रानिक्स विभाग, गणित एवं सांख्यिकी विभाग, प्रचेता भवन व दीक्षा भवन को केन्द्र बनाया गया। केन्द्रों की परीक्षा केन्द्राध्यक्षों एवं पर्यवेक्षकों की कड़ी निगरानी में सम्पन्न कराई गई। परीक्षा की शुचिता के लिए परीक्षार्थियों की सघन तलाशी कराई गई। इसके उपरांत ही केन्द्र पर प्रवेश दिया गया।

### यूको बैंक ने वार्षिक वित्तीय परिणाम के बारे में दी जानकारी

अयोध्या। देवकली स्थित यूको बैंक अचंल कार्यालय में प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। प्रेस वार्ता को बैंक के प्रबंध निदेशक व सीईओ अश्वनी कुमार ने वर्चुअली सम्बोधित किया। इस दौरान उन्होंने बैंक के वार्षिक वित्तीय परिणाम के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष बैंक का व्यवसाय 9.50 प्रतिशत बढ़ा है। बैंक के एनपीए में कमी आई है। ऋण जमा अनुपात बढ़ा है। जमा राशि 5.33 प्रतिशत बढ़ा है। उन्होंने बताया कि प्रति कर्मचारी व्यवसाय में वृद्धि हुई है। पिछले वर्ष यह 18.90 करोड़ था जो बढ़ कर 20.93 करोड़ हो गया है। पिछले वित्तीय वर्ष में परिचालन लाभ 5.43 प्रतिशत बढ़ा है। इसके साथ ही अंचल प्रमुख सुश्री मिलन दुबे जी ने बताया कि हमारे बैंक में ग्राहकों को हर तरह की सुविधा दी जा रही है, बैंक से मिलने वाले विभिन्न लाभो के प्रति ग्राहकों को जागरूक किया जा रहा है। शहर में हमारी कई शाखा खुल चुकी है, और कुछ शाखा भी जल्द ही खुलने वाली है। इस अवसर पर अंचल प्रमुख सुश्री मिलन दुबे, नीरज सचांन, विक्रांत त्यागी, मनोज सिंह सहित बैंक के और भी अफसर मौजूद रहे।

### हनुमतनगर वार्ड के लोगों ने नाली और गंदगी की समस्या को लेकर किया प्रदर्शन

अयोध्याधाम। अयोध्या नगर निगम के हनुमतनगर वार्ड के लोगों ने मंगलवार को नाली और गंदगी की समस्या को लेकर प्रदर्शन किया। वार्ड के लोगों ने नाले के गंदे पानी में घुसकर प्रदर्शन किया। नाली नहीं तो वोट नही, नाली की समस्या हल नहीं, तो मतदान नहीं के नारे लगाए। कॉलोनी वासियों ने आगामी 20 मई को लोकसभा चुनाव में वोट डालने का बहिष्कार किया है। स्थानीय लोगों ने जनप्रतिनिधियों और नगर निगम के ऊपर कई आरोप भी लगाए। लोगों का कहना है कि शिकायतों के बावजूद भी समस्याओं का समाधान नहीं हो रहा है।शिवनगर पहाड़गंज के हनुमतनगर वार्ड में करीब 30 हजार की आबादी नाली समस्या से प्रभावित है। पांच वर्षों से यहां बना नाला पूरी तरह से बंद हो गया है। इससे नाली का गंदा पानी लोगों के घरों में जा रहा है। जिससे लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है।लोगों ने बताया कि जब तक नाली का समाधान नहीं हो जाता किसी को भी वोट मांगने के लिए आने नहीं दिया जाएगा। इसके लिए वार्ड के लोगों की ड्यूटी लगाई जा रही है। आनंद मौर्य, महेश कौशल ने बताया कि मंगलवार शाम वार्ड की बैठक में समिति का गठन किया जाएगा।

# गर्भवती महिला के गले से मंगलसूत्र व चैन लूटकर ले गए लुटेरे



**लोकमित्र ब्यूरो**

**एटा।** जनपद में लूट छीनैती की घटनाओं के मामलों में लगातार बढ़ोत्तरी होती नजर आ रही है ऐसे में यह बदमाश लगातार पुलिस के लिए सर दर्द बने हुए हैं। बाइक पर सवार होकर पति व बहन के साथ अल्ट्रासाउंड कराकर घर वापस जा रही गर्भवती के गले से लुटेरों ने मंगलसूत्र व चेन लूट ली। इस दौरान बदमाशों द्वारा मारे गए झपट्टे से बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर रपट गई जिससे गर्भवती महिला व उसका पति घायल हो गया, घायलों को उपचार के लिऐ जिला मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। बता दे पूरा मामला कोतवाली देहात क्षेत्र के अंतर्गत अलीगंज रोड स्थित पमास नहर के समीप का है। जहां शैलेंद्र निवासी केसरपुर थाना जैथरा अपनी गर्भवती पत्नी रुचि व साली पुष्पा को लेकर अल्ट्रासाउंड कराने बाइक से सवार होकर एटा से वापस अपने गांव जा रहा था कि जैसे ही वह पमास नहर के समीप पहुंचा कि तभी पीछे से सफेद रंग की अपाचे बाइक सवार दो बदमाशों ने मौका पाते ही रुचि के गले में पड़े मंगलसूत्र व चैन को लूटने का प्रयास किया इस दौरान चैन व मंगलसूत्र सड़क पर ही गिर गये तथा शैलेंद्र की बाइक भी अनियंत्रित होकर होकर रोड पर पलट गई। जिससे वह तथा उसकी पत्नी दोनों घायल हो गए। इस दौरान बदमाशों ने चैन व मंगलसूत्र लेकर भागने का प्रयास किया तो गर्भवती रुचि ने उन्हें रोका तो मारपीट करते हुए बदमाश चैन, मंगलसूत्र लेकर मौके से फरार हो गए। सूचना पर कोतवाली देहात थाना अध्यक्ष निर्दोष सिंह सेंगर ने मेडिकल कॉलेज पहुंचकर घायलों का हाल-चाल जाना तथा पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की वारिकता से जांच पड़ताल भी की।

# दीदी बनाम दीदी, प्रियंका लड़ेंगी अमेठी से चुनाव

**लोकमित्र ब्यूरो**

**अमेठी।** लोकसभा सीट से उम्मीदवार के रूप में गांधी परिवार के सदस्य के नाम की घोषणा न होने से नाराज कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने गौरीगंज में केंद्रीय कार्यालय पर मंगलवार को धरना शुरू कर दिया। धरने में कांग्रेस जिला अध्यक्ष प्रदीप सिंघल, पूर्व जिलाध्यक्ष योगेन्द्र मिश्रा भी शामिल हुए। कांग्रेस के जिला प्रवक्ता अनिल सिंह ने बताया कि अब नामांकन के लिए केवल तीन दिन का समय शेष रह गया है, लेकिन अब तक अमेठी लोकसभा सीट से उम्मीदवार की घोषणा नहीं हुई है।

उन्होंने कहा कि अमेठी में कांग्रेस कार्यकर्ता और अमेठी की जनता गांधी परिवार को चाहती है। हम सब यह चाहते हैं कि राहुल गांधी अमेठी से चुनाव लड़ें और अमेठी का खोया हुआ सम्मान वापस दिलाएं। पार्टी कार्यकर्ता हाथों में पर्चे लिए हुए हैं, जिन पर लिखा है कि अमेठी मांगे राहुल गांधी, अमेठी मांगे प्रियंका गांधी। कांग्रेस प्रवक्ता ने बताया कि इस धरने में कांग्रेस के जिला अध्यक्ष प्रदीप सिंघल सहित पूर्व एवं वर्तमान सभी पदाधिकारी, कार्यकर्ता, ब्लॉक कमेटी के पदाधिकारी वरिष्ठ कांग्रेस जन, युवा कांग्रेस, छात्र संगठन, महिला कांग्रेस, सेवा दल के पदाधिकारी शामिल हैं।

कांग्रेस हाईकमान से मांग है कि वह तत्काल गांधी परिवार के किसी सदस्य को अमेठी से उम्मीदवार घोषित करे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता चाहते हैं कि अमेठी से गांधी परिवार का ही कोई सदस्य चुनाव लड़े , चाहे वह राहुल गांधी हों या प्रियंका गांधी प्रदेश प्रवक्ता एवं जिला मीडिया संयोजक, प्रांजल तिवारी ने कहा कि प्रियंका दीदी अमेठी से चुनाव लड़ेंगी और उन्हें विश्वास है कि अमेठी की जनता दीदी को भारी मतों से विजई बनाएगी 1

# जेल में फंदे लटका मिला कैदी का शव मचा हड़कंप

**लोकमित्र ब्यूरो**

**एटा।** सोमवार रात को जिला कारागार में उसे समय हड़कंप मच गया जब गिनती के दौरान एक कैदी को कम पाया गया। जेल प्रशासन द्वारा कैदी को ढूंढा गया जो कि फंदे से लटका मिला। परिजनों को सूचना दी गई मौके पर पहुंचे परिजनों के सामने शव को फंदे से उतारकर जिला मेडिकल कॉलेज पोस्टमार्टम एक भेजा। पूरा मामला कोतवाली नगर क्षेत्र के अंतर्गत सिविल लाइन स्थित जिला कारागार का है जहां जेल में निरुद्ध साजिद पुत्र शेरवानी निवासी हिंदू नगर अभियोग 376 में 10 साल की सजा तथा पोक्सो एक्ट में 20 साल की सजा 2021 से सजायाफ्ता था। जेल अधीक्षक अमित चौधरी ने बताया कि जेल लॉकिंग के दौरान पाकशाला के समय जब काउंटिंग की गई तो एक बंदी को कम पाया गया। इसके बाद साजिद को ढूंढा गया जो कि गमछे से पंखे से लटका मिला। सूचना तत्काल परिजनों को दी गई मौके पर पहुंचे परिजनों ने जमकर हंगामा काटा और जेल प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाते हुए मिली भगत कर जेल प्रशासन पर ही हत्या का आरोप लगा दिया। उन्होंने कहा 2021 से साजिद जिला कारागार में निरुद्ध है, ईद पर सभी लोग उससे मिलने गए थे जिससे ऐसा प्रतीत ही नहीं हो रहा था कि वह आत्महत्या कर सकता है। जब जेल में ही लोगों की मौत होने लगेगी तो यह कानून के लिए बहुत बड़ा प्रश्न चिन्ह है। घटना के बाद मुस्लिम नेता शराफत काले तथा जहीर अहमद ने पूरे मामले की न्यायिक जांच की मांग की है उन्होंने कहा की जेल प्रशासन इतना लापरवाह कैसे हो सकता है। फिलहाल मौके पर पहुंचे अपर पुलिस अधीक्षक धनंजय कुशवाहा क्षेत्राधिकार नगर विक्रांत द्विवेदी कोतवाली नगर प्रभारी अरुण पवार सहित तमाम थानों के फोर्स में परिजनों को समझा बजाकर शांत किया और मामले की गहनता से जांच करने का आश्वासन भी दिया।

### झूठे भाषण से नहीं मोहित होगी अमेठी की जनता: प्रांजल तिवारी

**अमेठी।** भारतीय युवा कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता एवं लोकसभा अमेठी के मीडिया संयोजक प्रांजल तिवारी ने अमेठी दौरे पर आए मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव पर कटाक्ष करते हुए कहा कि भाजपा की ही तरह मोहन यादव भी वादाखिलाफी जैसे भाषणों वादों से अमेठी की जनता को बहला फुसला नही पाएंगे अमेठी के लोग बहुत ही समझदार ईमानदार स्वाभिमानी लोग है जवाबी हमला करते हुए श्री तिवारी ने कहा कि हमारे यहां के यादव बंधु के साथ साथ समस्त जनमानस मौजूद सांसद स्मृति ईरानी को उनके द्वारा किए गए वादाखिलाफी के लिए पूरा मन बनाकर तैयार बैठी है इस चुनाव में जवाब देने के लिए और अपना वोट रोजगार मददगार किसान हितैसी युवा हितैसी वाली इंडिया गठबंधन को देने के लिए आगे के संबोधन में प्रांजल तिवारी ने कहा की अब बरगलाने वाला समय चला गया अब जनता अपने हक और अधिकार की लड़ाई के लिए स्वयं आगे आकर इस सरकार से लड़ रही है।

# नुक्कड़ सभाओं का आयोजन कर मांगे वोट



**लोकमित्र ब्यूरो**

**अलीगंज/एटा।** लोकसभा चुनाव का बिगुल बजने के बाद भाजपा कार्यकर्ता सहित देश व प्रदेश स्तर पर नुक्कड़ सभाएं आयोजित करके सरकार की योजनाओं के बारे में बताकर पार्टी के पक्ष में वोट करने की अपील कर रहे हैं। इसी क्रम में विकासखंड अलीगंज में नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान भाजपा को ज्यादा से ज्यादा मतों से जीतने के लिए अपील की गई। विकासखंड अलीगंज में विधायक पुत्र सूरज राठौड़ की नेतृत्व में नुक्कड़ सभाओं का आयोजन किया गया जिसमें नुक्कड़ सभाओं का आयोजन खरसुलिया, बड़ी खरसुलिया, प्रतापपुर, पहाड़पुर और मेहमदपुर मे नुक्कड़ सभाओं का आयोजन किया गया। नुक्कड़ सभा के दौरान भाजपाइयों ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार ने हर वर्ग का ध्यान रखा है। आज किसान हो या महिला या कोई गरीब हो या युवा सबको विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिल रहा है साथ ही बताया कि मोदी सरकार पिछले 10 सालों में सीमा सुरक्षा, आंतरिक सुरक्षा, वित्त व्यवस्था सहित विकास कार्यों के मामले में जन आकांक्षाओं पर पूरी तरह से खरी उतरी है। जनता को उनके वोट की ताकत बताते हुए कहा आपका एक वोट की वजह से देश में आतंकवाद खत्म हो पाया, आपके वोट से धारा 370 हट पाई, आपके वोट से राम मंदिर निर्माण का मार्ग प्रशस्त हो पाया। सभी लोगों से अपील करते हुए कहा कि 13 मई को ज्यादा से ज्यादा संख्या में निकलकर मोदी जी के कमल को खिलाकर फिर से भाजपा को जिताएं। इस अवसर परपिंटू राठौर , गुड्डू राठौर , विमल राठौर प्रधान, अनिल राठौर प्रधान, आशीष तोमर, आशीष राठौर, सुखविंदर राठौर, निलेश राजपूत कोटा डीलर, मुकेश राजपूत डीलर, अर्जुन राठौड़ सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

### विधिक जागरूकता एवं साक्षरता शिविर का आयोजन सम्पन्न

**एटा।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ द्वारा प्राप्त एक्शन प्लान के अनुसार माननीय अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एंव जनपद न्यायाधीश, एटा के निर्देशानुसार एवं कमालुद्दीन अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, एटा द्वारा मंगलवार को वृद्धाश्रम कासगंज रोड, एटा विधिक जागरूकता एवं साक्षरता शिविर का आयोजन किया। सचिव द्वारा उपस्थित समस्त वृद्धजनों की समस्याओं के समाधान हेतु उपलब्ध तंत्र एवं विभिन्न संस्थाओं एवं भारतीय दण्ड सहिता 1860, देहज प्रतिषेध अधिनियम 1961 , घरेलू हिंसा निवारण अधिनियम-2005 इत्यादि के विषय में विस्तृत जानकारी दी गयी है। इस अवसर पर पराविधिक स्वयं सेवकगण श्रीमती रिचा यादव द्वारा महिलाओं से सम्बन्धित योजनाओं के बारे में जानकारी दी गयी। सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, एटा के द्वारा वृद्धजनों के अधिकारों से सम्बन्धित कानून तथा उनसे सम्बन्धित शासन द्वारा चलायी जा रही।

# प्रत्याशी को 03 बार निर्वाचन व्यय लेखा करना होगा प्रस्तुत

**लोकमित्र ब्यूरो**

**अमेठी।** जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी निशा अनंत ने बताया कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 में भारत निर्वाचन आयोग के निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण पर आदेशों का सार संग्रह के अनुलग्नक-ग 15 के अनुपालन में निर्वाचन लड़ने वाले समस्त अभ्यर्थियों के व्यय लेखे निर्वाचन अवधि के दौरान 03 बार निरीक्षण किये जायेंगे। इस सम्बन्ध में उन्होंने बताया कि उपरोक्त निरीक्षण कार्यक्रम पूर्वान्ह 10 बजे से अपरान्ह 5 बजे तक क्रमशः 10 मई 2024 को प्रथम एवं 14 मई 2024 को द्वितीय तथा 17 मई 2024 को तृतीय चरण निर्धारित किया गया है। उन्होंने बताया कि 37-निर्वाचन क्षेत्र अमेठी के समस्त अभ्यर्थी जो लोकसभा निर्वाचन सामन्य निर्वाचन-2024 के तहत प्रत्याशी उक्त तिथियों में स्वयं अथवा उनके निर्वाचन व्यय अभिकर्ता कलेक्ट्रेट सभागार अमेठी में मा0 व्यय प्रेक्षक के सम्मुख उपस्थित होकर अपना व्यय लेखा निर्धारित समय पर निरीक्षण हेतु प्रस्तुत करेंगे एवं निर्वाचन व्यय लेखा प्रस्तुत करने हेतु रिटर्निंग अधिकारी द्वारा नामांकन के समय दिये गये निर्धारित रजिस्टर पर प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। इस क्रम में उन्होंने बताया कि दैनिक व्यय से सम्बन्धित नियमानुसार वाउचर, बैंक स्टेटमेन्ट की छायाप्रतियॉ तीन सेट में एवं लेखा प्रस्तुत करने की तिथि के एक दिन पूर्व तक का व्यय विरण प्रस्तुत करना होगा तथा निर्धारित तिथियों में व्यय लेखा प्रस्तुत न करने की स्थिति में सम्बन्धित अभ्यर्थी के विरूद्ध भारतीय निर्वाचन आयोग में उल्लिखित प्रक्रिया के अनुसार नियमानुसार कार्यवाही करते हुए सम्बन्धित प्रत्याशी की जनसभा/जुलूस तथा वाहन की परमिशन पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाने सम्बन्धी कार्यवाही भी की जायेगी।

### बसपा प्रत्याशी सच्चिदानंद पाण्डेय ने भी किया नामांकन

**अयोध्या।** फैजाबाद लोकसभा से बसपा प्रत्याशी सच्चिदानंद पाण्डेय ने भी किया नामांकन, नामांकन के दौरान प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल भी रहे मौजूद।नामांकन के बाद बोले सच्चिदानंद पांडेय कहा, मेरे मुद्दे बिलकुल साफ, अयोध्या की जनता अब तक सबका शासन देख चुकी है, इस शासन में आम जनता जो एक मिडिल क्लास वर्किंग क्लास जनता है वो भाजपा सरकार से खुश नहीं है, उसको लाभ नहीं मिल पाया है, जो बेसिक मूलभूत सुविधाएं हैं उसमें लोग अपने आप को ठगा महसूस कर रहे हैं, जो यहां का नवयुवक है जो छात्र हैं कहीं ना कहीं वह अपने आप को ठगा महसूस कर रहे हैं, एक अच्छी शिक्षा प्रणाली भी यहां नहीं है, शिक्षा सुरक्षा और स्वास्थ्य तीनों में यह सरकार फेल हुई है,बसपा के प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल ने कहा बहुजन समाज पार्टी का मुद्दा गरीबों की पढ़ाई, बहन जी ने मुफ्त दे रखी थी, वे शिक्षा दे रही थी, रोजगार दे रही थी, नौकरी दे रही थी, आम जनमानस के लिए बीएसपी ने हमेशा काम किया।

# आइटीबीपी के जवान की एक्सीडेंट में मौत, राजकीय सम्मान के साथ हुआ अंतिम संस्कार



**लोकमित्र ब्यूरो**

**एटा।** जनपद की तहसील जलेसर क्षेत्र निवासी 55 वर्षीय भीकम सिंह का 29 अप्रैल को गुवाहटी में परेड में शामिल होने के लिए जाते समय एक प्राइवेटट्रक की टक्कर लगने से घटना स्थल पर ही मौत हो गई थी। घटना के बाद नियमानुसार सेना के अधिकारियों ने, मृतक जवान के शव को उनके पैत्रिक गांव भेज दिया।सेना के जवान लेकर उसके गांव पहुंचे। गांव में शव पहुचने के बाद लोगों में मातम छा गया।मृतक आइटीबीपी में वाहन चालक के पद पर असम के गुवाहटी में तैनात था ।क्षेत्राधिकार जलेसर कृष्ण मुरारी ने बताया कि थाना जलेसर क्षेत्र गांव मंडी बिचपुरी निवास 55 वर्षीय भीकम सिंह पुत्र भरत सिंह आइटीबीपी में वाहन चालक के पद पर तैनात था।29 अप्रैल को जब वह परेड में शामिल होने जा रहे थे तभी एक प्राइवेट ट्रक ने टक्कर मार दी। जिससे उनकी घटना स्थल पर ही मौत हो गई।मंगलवार को सुबह मृतक जवान भीकम सिंह का पार्थिव शरीर सेना के जवान लेकर उनके पत्रिक गांव पहुंचा। शव को देख कर परिवार के लोगों में मातम का माहौल है।मृतक का शव गांव में पहुंचने पर सैकड़ों की संख्या में भीड़ एकत्रित हो गई।परिवारजन, रिश्तेदारों और क्षेत्रीय लोगों ने उन्हें अश्रुपूर्ण नेत्रों से अंतिम विदाई दी।भीकम सिंह को आइटीबीपी के जवानों ने राजकीय सम्मान के साथ गॉड ऑफ़ ऑनर देकर अंतिम विदाई दी गई।

# भगवती इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस में तीन दिवसीय एनुअल फेस्ट "गूंज–2k24" का हुआ भव्य आयोजन

**लोकमित्र ब्यूरो**

**गाजियाबाद।** भगवती इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस के तत्वावधान में तीन दिवसीय एनुअल फेस्ट गूंज-2k24 का 27 से 29 अप्रैल के मध्य आयोजन किया गया। विद्यार्थियों के संपूर्ण विकास के अपने उद्देश्य के अनुरूप, संस्थान में तीन दिवसीय एनुअल फेस्ट का यादगार अवार्ड सेरेमनी के साथ समापन हुआ। तीसरे दिन संस्थान के उपाध्यक्ष श्री राकेश सिंहल बतौर मुख्य अतिथि, सेक्रेटरी डॉ हिमांशु सिंहल, कोषाध्यक्ष डॉ रोहन सिंहल, सहसचिव डॉ आयुष सिंहल, जे एम एस ग्रुप के महानिदेशक प्रो. (डॉ) सुभाष गौतम, निदेशक प्रो. (डॉ) अनिरुद्ध विश्वास, आदि गणमान्य अतिथियों ने माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

इस तीन दिवसिये एनुअल फेस्ट में खेलों को समर्पित प्रथम दिन शौर्य मशाल के साथ पथ संचलन हुआ। स्पोर्ट्स मीट की कमान संस्था के स्पोर्ट्स क्लब मृदक्ष के प्रमुख अस्स. प्रो. अंकुर चौधरी ने सँभाली। कड़े खेल मुकाबलों में कबड्डी में नमन की टीम; टेबल टेनिस में अभिषेक, खो-खो में भावना की टीम, बैडमिंटन में अभिषेक; रस्सा कसी व वॉलीबाल में अभिषेक की टीम; जेवलिन थ्रो में दिव्यज्योति; डिस्कस थ्रो में दिव्यज्योति; 100 मी. दौड़ में ऋतिक; कैरम बॉयज में नमन तथा कैरम गर्ल्स में सुरुचि; टेबल टेनिस में अभिषेक; बैडमिंटन बॉयज में अभिषेक; बैडमिंटन गर्ल्स में अनुपमा; स्पून रेस में ईशा; व शतरंज में आदित्य प्रथम स्थान पर रहे।

एनुअल फेस्ट में तकनीकी व प्रबंधन प्रतियोगिताओं को समर्पित दूसरे दिन टेक्नो मैनेजेंट मीट का आयोजन संस्था के टेक्निकल क्लब निसर्ग की प्रमुख आसो. प्रो. रूबी श्रीवास्तव व मैनेजमेंट क्लब प्रतिधि की प्रमुख अस्स. प्रो. आरती चौधरी द्वारा किया गया। आयोजित कंपीटीशंश के कड़े मुकाबले में, वर्किंग मॉडल कंपीटीशन में डेविड व आर्यन का एडवांस स्मार्ट अटेंडेंस मॉडल प्रथम; आर्यन, अनस और प्रिंस का मॉडल द्वितीय; हर्ष, हर्ष वर्धन और सादिक का मॉडल तृतीय तथा अनिल पटेल का मॉडल चतुर्थ स्थान पर रहा। क्विज कंपटीशन में दीपांशु, निखिल व अमन की टीम, डम शराड्ज में ध्रुव, सचिन, मुस्कान, कुमकुम, रोबिन की टीम; ट्रेजर हंट में सचिन की टीम; पोस्टर मेकिंग में प्रतिभा व विष्णु कुमार प्रथम रहे। कोडिंग कंपीटीशन में प्रथम कदम प्रथम व निशांत द्वितीय रहे। पीपीटी प्रेजेंटेशन में शिवम कुमार, भावना, शिवम चौहान प्रथम व प्रीतम मान द्वितीय रहे। गेम कोडिंग में निशांत सिंह प्रथम, पंकज कुमार द्वितीय व प्रीतम मान तृतीय रहे। वेबसाइट डेवलपमेंट कॉम्पीटीशन में प्रीतम मान प्रथम, निशांत व अंकित द्वितीय तथा रोहित, शिवा, मोनिका तृतीय स्थान पर रहे।

एनुअल फेस्ट के तीसरे दिन की भाग दौड़ संस्था के कैंपस मैनेजर डॉ. गौरव शर्मा व कल्चरल क्लब अन्तरागिनी की प्रमुख अस्स. प्रो. अनमोल कालरा द्वारा सँभाली गई।आयोजित समापन कार्यक्रम में आज जजेस ने बहुत कड़े मुकाबले के बीच, सोलो सिंगिंग में सिमरन, सोलो डांस में आर्यन, ग्रुप डांस में स्पोर्ट्स क्लब के शिव तांडव, और नाट्यमंचन में स्पोर्ट्स क्लब द्वारा पीवी सिंधु के संघर्ष व सफलता के मंचन को प्रथम घोषित किया। सभी विजेता प्रतिभागीयों के चेहरे पदक व प्रमाण पत्र प्राप्त कर खिल उठे। संस्था के सचिव डॉ. हिमांशु सिंहल ने सभी विजेताओं को उनके अभूतपूर्व प्रदर्शन के लिए हार्दिक बधाई दी और अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए सभी प्रतिभागियों की सराहना भी की। इसके अतिरिक्त, उन्होंने सभी विजेताओं को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

दिल्ली से आये प्रमुख बैंड ने लाइव परफ़ॉर्मेंस प्रस्तुत किया। सभी छात्रों ने संगीत का भरपूर आनंद लिया। अपने पसंदीदा गीतों पे सभी छात्र मंत्रमुग्ध होकर थिरने नहीं समाये। परिसर सज्जा, आतिशबाजी, सेल्फी पॉइंट आदि ने अद्भुत समा बांधा। संस्था की छात्रा रश्मि बिष्ट व छात्र ऋतिक शर्मा और वंश भारद्वाज ने सराहनीय एंकरिंग कर पूरे कार्यक्रम को सूत्रधार की तरह बांधे रखा।

# जिले के 45 मेधावी विद्यार्थियों को किया सम्मानित




**लोकमित्र ब्यूरो**

**एटा।** जिलाधिकारी प्रेम रंजन सिंह की अध्यक्षता में कलक्ट्रेट सभागार में जनपद के मेधावी विद्यार्थियों के सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान वर्ष 2024 के उ0प्र0 माध्यमिक शिक्षा परिषद प्रयागराज के प्रदेश स्तर पर स्थान प्राप्त करने वाले एवं जिला स्तर पर टॉप टेन हाईस्कूल के 20, इण्टर के 25 विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र, मेडल देकर सम्मानित करते हुए हुए सभी 45 मेधावी विद्यार्थियों के आगामी भविष्य हेतु उज्ज्वल कामना की गई। लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के अन्तर्गत माध्यमिक विद्यालयों में आयोजित की गई मतदाता जागरूकता प्रतियोगिताएं यथा रंगोली प्रतियोगिता, पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को भी प्रशस्ती पत्र देकर सम्मानित किया गया। जिलाधिकारी ने कार्यक्रम के दौरान मेधावी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि अच्छे मार्क्स लाने के लिए मेहनत करना बहुत जरूरी है। इण्टर करने के बाद बच्चे अपने आगामी कैरियर को लेकर चुनाव अवश्य कर लें, जिससे आगामी समय में वे मेहनत कर अपने भविष्य को उज्ज्वल बना सकें। प्रोफेशन कोर्स करने से नौकरी के अच्छे अवसर मिल सकते हैं, इजीनियरिंग, मेडीकल एवं सिविल सर्विसेज जहां भी बच्चों को जाना है, अभी से कैरियर का चुनाव करें और मेहनत करके आगे बढ़ें। जनपद में बालिकाओं ने अच्छी मेहनत की हैं, इसे आगामी समय में भी कायम रखा जाए। अभिभावकों द्वारा बालिकाओं को भी कैरियर बनाने के लिए अच्छे अवसर देने चाहिए। इस अवसर पर सीडीओ डा0 एके बाजपेयी, डीआईओएस चन्द्रकेश सिंह, हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट विद्यालयों के प्रबंधकगण, मेधावी छात्र, छात्राएं, अभिभावकगण आदि मौजूद रहे।

# राम मंदिर को बचाने, काशी और मथुरा संवारने के लिए कमल का बटन दबाए- गणेश केसरवानी

## कांग्रेस फिर से धारा 370 लागू करने की मंसूबे लेकर चुनाव लड़ रही है- राजेश केसरवानी



**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** इलाहाबाद लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी के समर्थन में दक्षिणी विधानसभा में आयोजित कीटगंज चौखंडी की नुक्कड़ सभा में उपस्थित जनता को संबोधित करते हुए महापौर गणेश केसरवानी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 10 वर्षों के कार्यकाल में भारत का सर्वांगीण विकास हुआ। देश में स्थित सनातन संस्कृति के ऊर्जा के केंद्र हमारे प्राचीन मंदिरों का कायाकल्प किया गया और 500 वर्षों के संघर्षों के बाद अयोध्या में भगवान श्री राम का दिव्य और भव्य मंदिर का निर्माण किया गया लेकिन कांग्रेस और सपा को यह राश नहीं आ रहा है। उन्हें लगता है कि हमारा मुस्लिम वोट बैंक खिसक जाएगा और यही कारण रहा उन्होंने राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह से अपने आप को दूर रखा।

इस अवसर पर भाजपा प्रवक्ता राजेश केसरवानी ने संबोधित कहा कि कांग्रेस धारा 370 फिर से लागू करने की मंसूबे को लेकर लोकसभा के चुनाव में उतरी है। उन मंसूबो को हमें धारा 370 की तरह ध्वस्त करना है।

मीडिया प्रभारी राजेश केसरवानी ने बताया कि इसके अलावा ललित नगर, मोहित्सिम गंज में नुक्कड़ सभा आयोजित किया गया। जिसमें डॉक्टर सुशील सिन्हा, पूर्व विधायक प्रभा शंकर पांडे ने नुक्कड़ सभा को संबोधित किया।अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष राघवेंद्र मिश्रा ने की एवं संचालन आभा द्विवेदी ने किया। इस अवसर पर विधानसभा संयोजक ज्ञानेश्वर शुक्ला, पार्षद किरन जायसवाल, पार्षद रूद्र सेन जायसवाल, मनोज मिश्रा, पार्षद रितेश मिश्रा, गोपाल जी मालवीय, परमानंद वर्मा, क्षमा दुबे, जितेंद्र सिंह, गोविंद जी, विवेक अग्रवाल, प्रमोद जायसवाल आदि सैकड़ो कार्यकर्ता रहे।

## केएस स्पोर्ट्स क्रिकेट में वर्मा क्लब जीता

**प्रयागराज।** वर्मा क्लब ने फोर्ड स्कूल क्लब को दो विकेट से हराकर केएस स्पोर्ट्स अंडर-14 क्रिकेट प्रतियोगिता में पूरे अंक प्राप्त किये।



चक हरिहरवन झूंसी स्थित बीपीएससी मैदान मंगलवार को खेले गए मैच में फोर्ड स्कूल क्लब ने 28.5 ओवर में 118 रन (शिवांश मिश्र 36, अनुराग शुक्ला 25, बिपिन पाल 3/18, अमोघ कुमार पाण्डेय 2/12) बनाये। जवाब में फरहत अली क्लब ने 20.5 ओवर में 8 विकेट पर 119 रन (अमोघ कुमार पाण्डेय 32, बिपिन पाल 21, अजीत सोनकर 19, राहुल यादव 3/16, सौरव तिवारी 2/34) बना लिए। अमोघ कुमार पाण्डेय को मैन ऑफ द मैच चुना गया।

# गाड़ी और असलहों के शौक़ीन नहीं है उज्जवल रमण

### 1.20 करोड़ का है बैंक लोन

**प्रयागराज।** इलाहाबाद लोकसभा सीट पर इंडी गठबंधन के कांग्रेस पार्टी से टिकट पाने वाले विधायक उज्जवल रमण सिंह गाडी और असलहों के शौक़ीन नहीं है। इसका खुलासा चुनाव अधिकारी को दिये गये हलफनामे से साफ हुआ है। उज्वल रमण सिंह ने सोमवार को ही अपना नामांकन पत्र दाखिल कर दिया। उन्होंने चुनाव अधिकारी को अपना हलफनामा भी दे दिया है। जिसमें विधायक उज्जवल रमण सिंह ने दर्शाया है कि उनके पास ना ही गाड़ी है और ना ही कोई असलहा। उज्जवल के मुताबिक वह गाड़ी और असलहों के शौकीन नहीं है। एक बात और है कि उज्जवल के ऊपर 1.20 करोड़ रुपए का बैंक लोन भी चल रहा है।



दिल्ली से स्नातक की पढ़ाई करने के बाद उज्जवल रमण सिंह ने सपा का दामन थामा था। जिसके बाद से वह लगातार दो बार करछना से विधायक रहे। एक बार सपा सरकार में चुनाव हारने के बाद भी बीज विक्सा निगम के अध्यक्ष बनाये गये थे। उज्जवल के पिता रेवती रमण सिंह समाजवादी पार्टी के कद्दावर नेता होने के साथ-साथ स्व. मुलायम सिंह यादव के परिवार से गहरा नाता रखने वालों में से एक है।

रेवती रमण सिंह कई बार सांसद, विधायक और राज्यसभा सांसद भी रह चुके हैं। सपा और कांग्रेस के गठबंधन होने और इलाहाबाद सीट कांग्रेस की झोली में आने के बाद उज्जवल ने कांग्रेस का दामन थाम लिया और कांग्रेस की सीट पर इलाहाबाद लोकसभा सीट के प्रत्याशी चुने गए हैं। उज्जवल रमण सिंह के पास उनकी पत्नी से ज्यादा जेवरात हैं। चुनाव अधिकारी को दिए गए हलफनामे में दर्शाया गया है कि उज्जवल रमण के 40 लाख के जेवरात और पत्नी के पास 26 लाख के जेवरात है। इनके पास चार फ्लैट कुल 21.58 करोड़ की संपत्ति है।जबकि उज्जवल के दोनों बच्चों के नाम से भी 26 करोड़ की अचल संपत्ति है।

## पूर्व प्रधानाचार्य के निधन पर शोक

**कौंधियारा (प्रयागराज)।** क्षेत्र के सिटकहिया अकोढ़ा निवासी घटवा इण्टर कॉलेज के सेवानिवृत्त( भूगोल प्रवक्ता)72 वर्षीय जोखू राम पटेल का निधन सुबह हृदयगति रूक जाने से हो गया।उनके निधन की खबर सुनकर क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई।उनके दरवाजे पर शोक संवेदना व्यक्त करने वालों का तांता दिन भर लगा रहा।बाबू लाल पटेल पूर्व प्रधानाचार्य,अमित पाण्डेय प्रधानाचार्य अकोढ़ा,समर बहादुर सिंह,पूर्व ब्लॉक प्रमुख मो हसनैन,ग्राम प्रधान अकोढ़ा मनोज कुशवाहा आदि ने निधन पर शोक व्यक्त किया।

# साम्प्रदायिक ताकतों को सत्ता से हटाने मे करें सहयोग- अमरनाथ



**प्रयागराज।** फूलपुर लोकसभा से गठबंधन के उम्मीदवार अमरनाथ सिंह मौर्य ने आज शहर उत्तरी के विभिन्न मोहल्लों मे जनसम्पर्क कर समर्थन की अपील की।उन्होंने कहा कि देश की सत्ता पर असीन जन विरोधी, संविधान विरोधी और सांप्रदायिक ताकतों को हटाने के लिए गठबंधन को सहयोग दे। दारागंज निवासी कैटोनमेंट बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष प्रताप बहादुर यादव, पूर्व विधायक विजय प्रकाश, पूर्व मंत्री लल्लन राय एवं पार्षद सोनू पटेल, फहद, पूर्व सभासद रमेश यादव, माशूक खां के आवास पर भी गए। महानगर अध्यक्ष सैयद इफ़्तेख़ार हुसैन ने कहा कि देश मे अमन चैन और भाईचारा को बनाये रखने के लिए सांप्रदायिक ताकतों को हटाना होगा।

जनसम्पर्क के दौरान महानगर अध्यक्ष सैयद इफ़्तेख़ार हुसैन, लल्लन राय, रविन्द्र यादव, प्रताप बहादुर, ओ. पी. यादव, रमेश यादव, मो हामिद, कुलदीप यादव, मेजर दिनेश यादव, सुरेश यादव, आसुतोष तिवारी आदि मौजूद रहे।

# हमारा लक्ष्य प्रयागराज का विकास और जनता की सेवा- नीरज त्रिपाठी



**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** भारतीय जनता पार्टी इलाहाबाद लोकसभा के प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी ने कीडगंज क्षेत्र में जनसंपर्क करते हुए कहा कि शहर दक्षिणी से हमारा पैतृक नाता है और मेरे पिता स्वर्गीय केसरी नाथ त्रिपाठी की कर्मभूमि रही है। इसलिए इस क्षेत्र के विकास के लिए कोई कसर नहीं छोड़ूंगा। उन्होंने कहा कि हमारा अब एक ही लक्ष्य है प्रयागराज का विकास और जनता की सेवा करना। मीडिया प्रभारी राजेश केसरवानी ने बताया कि अवसर पर कार्यकर्ताओं को 1 मई को नामांकन हेतु सुबह 10ः00 चंद्रशेखर आजाद पार्क गेट नंबर 3 पर आमंत्रित किया गया।जनसंपर्क के दौरान पदुम जायसवाल, पार्षद किरन जायसवाल, विवेक अग्रवाल, राजेश केसरवानी,पार्षद रूद्र सेन जायसवाल ,पार्षद मुकेश कसेरा, पार्षद रितेश मिश्रा, मनोज मिश्रा, राघवेंद्र मिश्रा, आभा द्विवेदी, क्षमा दुबे ,सीमा सागर, चंद्रशेखर वैश्य, नरेंद्र जायसवाल, सर्वेश पांडे, टीपी मिश्रा, लकी साहू, सतीश जायसवाल, आदि कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे।

## भाजपा प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी का नामांकन आज

**प्रयागराज।** लोकसभा इलाहाबाद - 52 से भाजपा प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी पुत्र स्व. पंडित केशरीनाथ त्रिपाठी जी का नामांकन पत्र कल 1 मई को दाखिल होगी।

यह जानकारी देते हुए भाजपा मीडिया प्रभारी गोपाल जी ने बताया कि भाजपा लोकसभा प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी प्रयागराज महानगर और यमुनापार प्रयागराज के भाजपा




महानगर, मण्डल, मोर्चों, प्रकोष्ठो, विभागों के समस्त पदाधिकारीगण और क्षेत्रवासीगण नामांकन यात्रा में शामिल होंगे।

उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य की उपस्थिति में नामांकन यात्रा समय सुबह 10ः00 बजे अमर शहीद चन्द्रशेखर आजाद उद्यान गेट नं0 3 से निर्वाचन कार्यालय को प्रस्थान करेगी।

# संविधान बदलने वालों को जनता बदल देगी-आनंद भदौरिया

## मोहम्मदी क्षेत्र में जनसभाओं का हुआ आयोजन



**लोकमित्र ब्यूरो**

**सीतापुर।** धौरहरा संसदीय क्षेत्र की मोहम्मदी विधान सभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों में आयोजित नुक्कड़ सभाओं और जन संपर्क के दौरान सपा प्रत्याशी आनदं भदौरिया ने भाजपा जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि भाजपा के गारंटी की घंटी व 400 का झुनझुना अब गायब हो गया है। उन्होंने कहा कि भाजपा की भाषा बदल गई है। अब भाजपा जो 400 पार का झुनझुना लिए घूम रहे थे और गारंटी की घंटी बजा रहे थे, दोनों ही गायब हो गई हैं।

सपा प्रत्याशी ने कहा कि भाजपा संविधान खत्म करना चाह रही है, संविधान मंथन हो रहा है। इससे लोकतंत्र खत्म हो जाएगा। भाजपा बार-बार संविधान बदलने की बात कह रही है, इस बार जनता उन्हें ही बदल देगी। हम समाजवादी लोग संविधान के रक्षक हैं। उन्होंने लोगों से कहा कि आपका उत्साह बता रहा कि इस बार भाजपा की विदाई होना तय है। यह 10 साल की अपनी उपलब्धियां बता रहे हैं। भाजपा वालों को 17 साल यानी 10 साल दिल्ली और सात साल यूपी सरकार के समय का हिसाब देना है। इस सरकार में किसान परेशान है। उनकी आय दोगुनी करने का वादा पूरा नहीं किया। खाद बीज के दाम बढ़ गए। उन्होंने कहा कि वह भाजपा वालों का कहना चाहते हैं कि जिस दिन किसान समृद्ध हो जाएगा, उसी दिन भारत विश्व गुरु बन जाएगा। जन सभाओं का आयोजन मोहम्मदी विधान सभा क्षेत्र के पलिया, पिपरिया धनी, छेड़ीपुर, कंजरिया, कुरिगंवा, रामपुर मदारी, दिलवालपुर, मोहम्मदी सराय आदि गांवों में किया गया।

जन सभाओं को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री आरएस उस्मानी ने कहा कि भाजपा ने किसानों को भरोसा दिलाया था कि उनकी आय दोगुनी होगी। लेकिन केंद्र और राज्य सरकार ने उनकी फसल का सही दाम आज तक नहीं दिलवा पाई है। खाद, बीज, बिजली, डीजल, पेट्रोल सभी कुछ महंगा हो गया है। भाजपा सरकार ने देश के बड़े उद्योगपतियों का कर्ज माफ किया। लेकिन किसान के लिए कुछ नहीं किया। सपा प्रत्याशी ने कहा कि विकसित भारत के नाम पर प्रधानों से पैसा वसूला गया। गठबंधन की सरकार आएगी तो एमएसपी कानून होने के साथ किसानों का कर्ज माफ किया जाएगा। जन सभाओं को सपा अध्यक्ष सुरेश पाल यादव, वरिष्ठ नेता मोहन बाजपेयी, क्रांति सिंह, डॉ. जुबेर आदि ने संबांधित किया। जन सभाओं को सफल बनाने में अशफाक उल्ला खां, राजेश यादव, दिलीप यादव, सत्यवधू गौड़, बलराम वरूण, प्रवीण पटेल, अली सहबाज, अब्दुल मुईद, कार्तिक तिवारी, जसकरन बाजपेयी, रोहित गुप्ता, सलमान, प्रवीण यादव, विनय मिश्रा, विशांक सिंह, अनुज सिंह का विशेष योगदान रहा।

## वकील के खिलाफ फर्जी मुकदमा होने से अधिवक्ताओं में आक्रोश

**लोकमित्र ब्यूरो**

**फूलपुर।** फूलपुर तहसील के एक अधिवक्ता के खिलाफ झूंसी थाने में फर्जी मुकदमा दर्ज होने से नाराज अधिवक्ताओं ने फूलपुर तहसील सभागार में बैठक कर आक्रोश जताते हुए उक्त फर्जी मुकदमा को वापस किए जाने की मांग की है। फूलपुर तहसील सभागार में मंगलवार को बार एसोसिएशन के अध्यक्ष शिव पूजन तिवारी की अध्यक्षता में अधिवक्ताओं की एक बैठक आयोजित की गई जिसमे फूलपुर के अधिवक्ता अजय कुमार भारतीय द्वारा एक फरियादी के हस्ताक्षर को प्रमाणित करने के आरोप में झूंसी थाने में फर्जी मुकदमा दर्ज करने की निंदा करते हुए तत्काल उक्त मुकदमे को वापस कराए जाने की मांग करते हुए आंदोलन की चेतावनी दी है। अधिवक्ताओं का आरोप है की झूंसी पुलिस बिना जांच पड़ताल किए ही विपक्षियों से पैसा लेकर अधिवक्ता को फर्जी मुकदमे में फंसा रही है जिसे बर्दास्त नही किया जाएगा।

# गठबंधन प्रत्याशी को जिताने से ही जिले का होगा विकास-नरेंद्र सिंह



**महमूदाबाद,सीतापुर।** नगर पालिका में स्थित समाजवादी पार्टी के पूर्व मंत्री / विधायक नरेंद्र सिंह वर्मा की आवास पर समाजवादी पार्टी का कार्यकर्ता और कांग्रेस कार्यकर्ताओं की एक बैठक आयोजित की गई जिसमे मुख्य रूप से अनुपम राठौर प्रतिनिधि प्रत्याशी के रूप में उपस्थित हुए समाजवादी पार्टी के पूर्व मंत्री नरेंद्र सिंह वर्मा ने सरकार की योजनाओं और सरकार के कार्यो पर सवाल उठाए सरकार ने व्यापार खत्म कर दिया गया

युवाओं के लिए कोई रोजगार के अवसर नहीं प्रदान किए गए काला धन वापस लाने की बात कह कर चुनाव जीते गए थे लेकिन कोई काला धन वापस नहीं आया जीएसटी गुंडा सर्विस टैक्स लगाकर व्यापारियों का उत्पीड़न किया गया,सर्व समाज के उतथान को रोका गया, बाबा साहब अम्बेडकर के संविधान को ना मानने वाले भाजपाई बताए की देश मे नफरत का माहौल क्यों बनाया जा रहा है, देश मे युवाओं को रोज़गार के अवसर प्रदान करने मे गठबंधन सरकार कामयाब होंगी इसलिए आप लोग गठबंधन को ही जीताकर, राकेश राठौर को सांसद बनाने का काम करें सपा नेता नदीम अहमद राइन ने अपने सम्बोधन मे देश मे बदलाव करने की बात की उन्होंने देश की एकता अखंडता को मज़बूत करने के लिए गठबंधन को जितने की अपील की, सपा नगर अध्यक्ष इश्तीयाक शाद, आमिर अराफात अध्यक्ष प्रतिनिधि, शिवेंद्र यादव, अनुपम राठौर, राहुल रस्तोगी, ने भी सम्बोधित किया मीटिंग मे सरताज अहमद, आफताब अहमद,सालाहुद्दीन सलमानी, ज़ीशान अहमद खान,आफ़ताब,संजय शुक्ला, रमेश वर्मा, अब्बास हैदर, तबरेज़ खान, अय्यूब अहमद डम्पी, नीलम बहेलिया, परिक्रमा बहेलिया,आज़ाद राइन, उमेश वर्मा, सकेंद्र यादव लवकुश यादव, पंकज गुप्ता समेत सैकड़ो लोग मौजूद रहे

# चार सौ पार करने का दावा राजेश वर्मा के समर्थन में भाजपा को जिताने का कर रहे दावा



**महमूदाबाद,,सीतापुर।** तहसील महमूदाबाद ब्लाक रामपुर मथुरा क्षेत्र की ग्राम पंचायत जयरामपुर में लोकसभा चुनाव सीतापुर 30 से भाजपा प्रत्याशी राजेश वर्मा के समर्थन में क्षेत्रीय विधायक ज्ञान तिवारी लगातार ग्राम पंचायत में हर बूथ पर जाकर जनसंपर्क सरकार की योजनाओं को गिनते हुए लोगों से अपील की साथ ही चार सौ पार करने के दावे किए बताया भाजपा जीती हुई है विपक्ष को तो प्रत्याशी ही नही मिल रहे फिर से प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी को बनाना है जनता को सब पता है विकास बोलता है भाजपा सरकार ने जो कार्य किए है इससे जनता काफी खुश है सरकार की बहुत सी योजनाओं को गिनाया फिर से एक बार भाजपा सरकार बनेगी विपक्ष चलता रहे इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कांग्रेस समाजवादी पार्टी गठबंधन पर हल्ला बोल करते हुए बीएसपी पर भी भड़के जो लोग कह रहे हैं सांसद राजेश वर्मा ने कुछ नहीं किया तो आकर रामपुर मथुरा ब्लॉक के सामने पोस्ट ऑफिस व गोडैचा से जाने वाला मार्ग रामपुर मथुरा पूरी जनपद सीतापुर में ही नहीं पूरे देश में विकास बोलता है चाहे महिला सुरक्षा हो चाहे किसानों को किसान सम्मान निधि हो जनता जाग चुकी है और तय कर चुकी है फिर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जितना है फिर से भाजपा सरकार बनाना है कार्यक्रम के आयोजक ग्राम पंचायत जयरामपुर प्रधान विमल कुमार वर्मा व चांदपुर फरीदपुर प्रदीप कुमार वर्मा प्रधान प्रतिनिधि ग्राम पंचायत जारवान प्रधान अखिलेश रावत भाजपा कार्यकर्ता धीरेन्द्र मिश्रा,मंडल अध्यक्ष मनोज सिंह, भाजपा प्रतिनिधि लक्ष्मी नारायण मौर्य , वह सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# सचिव भर रहे अपनी जेब, बीडीओ ने कहा करुँगा जांच दोषियों पर होगी सख्त कार्यवाही

**बिसवां,सीतापुर।** लोकसभा चुनाव के चलते जिलाधिकारी सहित प्रसाशनिक तबके की व्यस्तता के बीच पंचायती राज विभाग से जुड़े जिम्मेदारों की दोहरी निगाहेँ काम कर रही है। जहां चुनाव के चलते आदर्श अचार संहिता लगी होने के चलते अन्य कामों पर रोक है वही मनरेगा योजना मजदूरों से जुड़ी होने के चलते उक्त संहिता से बाहर है । जिसके चलते जिम्मेदार अपनी तिजोरी का वजन बढ़ाने के लिए नियम कानून से इतर काम कर आँखो मे धूल झोकने के साथ मजदूरों के हको पर डाका डाल रहे है। पंचायत विभाग से जुड़े करिंदे मनरेगा योजना मे लाखो की लूट कर रहे है। मिली जानकारी के अनुसार बिसवां ब्लाक की ग्राम पंचायत भिनैनी मे आर आर सेंटर से बिसवां सदरपुर संपर्क मार्ग तक लगभग 300 मीटर नाले का निर्माण होना था। बीते रविवार को मनरेगा योजना से बनने वाले इस नाले को रात्रि 11 बजे जेसीबी मशीन से खुदाई कराई जा रही थी ।जागरूक ग्रमीणों ने रात्रि मे जेसीबी से हो रही नाले की खुदाई देखी तो उन्हे अंदाजा हुआ कि मनरेगा मे मजदूरों से काम का नियम है जबकि जेसीबी मशीन से काम पर प्रतिबंध है। उसके बावजूद रात्रि के समय जेसीबी से नाला खुदाया गया। उक्त के सम्बन्ध मे ग्राम पंचायत मे तैनात पंचायत सचिव चन्दन सिंह विस्ट कहते है कि ग्राम पंचायत भिनैनी मे कोई काम नही हो रहा है। जब रविवार रात्रि मे ही नाले की खुदाई कर रही जेसीबी के वीडियो फोटो शोशल मीडिया पर वायरल हुए। खंड विकास अधिकारी ने फोन नही उठाया तो पंचायत सचिव चन्दन सिंह बिस्ट की खुली आँखो मे धुल झोकने मजदूरों के हक पर डाका डालने की नियत से रात्रि के समय जेसीबी से खुदाये जा रहे नाले के सम्बन्ध मे सहायक विकास अधिकारी पंचायत राजेश श्रीवास्तव को फोन पर अवगत कराया गया तब जाकर जेसीबी से खुदाई का काम रुक सका।यही नही सोमवार सुबह सुनील गुप्ता टी ए के द्वारा ग्राम पंचायत मे जाकर जेसीबी से खुदे नाले को मजदूरों से पटवाया गया जेसीबी से खुदाई के निशान मिटाये गये और अब मनरेगा मजदूरों के माध्यम से खुदाई कराकर नाले का निर्माण कराया जा रहा है। सूत्र बताते है नाले निर्माण को ठेके पर कराया जा रहा जिसमे सभी मानको को दरकिनार कर नाला निर्माण हो रहा है। भ्रस्टाचार मे लिप्त पंचायत सचिव किसी भी तरह की जानकारी एवं काम होने की बात से आज भी इंकार किया जा रहा है।

**बोले जिम्मेदार-**

सुमित सिंह,खंड विकास अधिकारी बिसवां से सीयूजी नम्बर पर बात की गई तो उन्होंने कहा यदि ऐसा कृत्य हुआ है तो मै इस पूरे प्रकरण की जांच कराऊगा जो दोषी होगा उसके खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी।

# खंड शिक्षा अधिकारी ने परिषदीय विद्यालयों के प्रधानाचार्ययों के साथ की मासिक समीक्षा बैठक

**लोकमित्र ब्यूरो**

**रामपुर मथुरा,सीतापुर।** रानी सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज रामपुर मथुरा में खण्ड शिक्षा अधिकारी ने परिषदीय विद्यालयों के प्रधानाचार्यो की मासिक समीक्षा बैठक की गई। बैठक खण्ड शिक्षा अधिकारी उदयमणि पटेल ने चुनाव,शिक्षा,नामांकन,सफाई,उपस्थिति समेत विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई।विद्यालय के प्रधानाचार्य मनोज कुमार सिंह ने खण्ड शिक्षा अधिकारी का माल्यार्पण कर अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

खण्ड शिक्षा अधिकारी उदयमणि पटेल ने बताया कि 187 परिषदीय विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों के साथ मासिक बैठक की गई जिसमें बच्चों की उपस्थिति, शिक्षकों की उपस्थिति,नामांकन संख्या में वृद्धि, मतदाता जागरूकता, साफ-सफाई समेत अन्य विषयों पर चर्चा करके दिशा निर्देश जारी किये।



# मणिपुर,महिला पहलवानों के बाद कर्नाटक सेक्स स्कैंडल पर मोदी की चुप्पी क्यों- शिव प्रकाश सिंह

**सीतापुर।** यह कैसी विडम्बना है कि खुद को विश्व गुरु की उपाधि से नवाज रहे प्रधानमंत्री मोदी अपने अब तक के दस वर्षों के कार्यकाल में मां बहन और देवियों की उपाधि से सम्मानित समाज में 50त्र की हिस्सेदार महिलाओं के शोषण पर मौन क्यों धारण कर लेते हैं !यह बात राष्ट्रीय सचिव/प्रदेश प्रभारी किसान मंच शिव प्रकाश सिंह ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में कही है !उन्होंने कहा कि हम सभी देशवासियों का दुर्भाग्य है कि देश के सर्वोच्च पद पर एक ऐसे जिम्मेदार को बिठा रखा है जो सत्ता सुख और निजी स्वार्थो के अलावा जनहित के सभी मुद्दों पर न सिर्फ नकारा सिद्ध हुआ है, बल्कि अपने क्रियाकलापों से समूचे विश्व में भारत की किरकिरी कराने में लगा है!



मणिपुर में महिलाओं के साथ हुए दुर्व्यवहार के अलावा उन्हें सड़कों पर नंगा घुमाने वाले लोगों के विरुद्ध कोई कार्यवाही न होने की बात तो अलग है महोदय ने वहां पहुंच कर संवेदना व्यक्त करना भी उचित नहीं समझा !अपने पराक्रम से देश का नाम रोशन कर पदक हासिल करने वाली महिला पहलवानों द्वारा अपने शोषण के विरुद्ध उठाई गई आवाज और आंदोलन में उन सभी को धरना स्थल से किस तरह प्रमाणित कर खदेड़ा गया था यह सभी देशवासियों के अलावा समूचे संसार को पता है!और अब कर्नाटक में देश के सर्वोच्च प्रधानमंत्री पद का दायित्व निभा चुके देवगौड़ा के पौत्र का उजागर हुआ काला कारनामा जो खुद सांसद हैं,हजारों महिलाओं के यौन शौषण का वीडियो बनाकर उन्हें ब्लैकमेल कर रहा था,खुलासा होने पर मा0 मोदी जी के संरक्षण में वर्तमान लोकसभा चुनाव प्रत्याशी तौर पर स्वयं प्रधानमंत्री महोदय उसके चुनाव प्रचार में अपने नाम पर उसे वोट देने की गुहार लगा रहे हैं!मोदी जी में नैतिकता की जरा सी भी जगह है तो चुल्लू भर पानी में डूब मरना चाहिए या फ़िर उस दोषी को विदेश से वापस लाकर खुलेआम उसे उसके कर्मो की सजा दिलवानी चाहिए!अन्यथा देश की आधी आबादी प्रताड़ित महिलाएं, किसान,बेरोजगार,गरीब मजबूर,जनता जनार्दन चल रहे लोकसभा चुनाव में अब तक के सभी झूठे वादों के साथ अपने उत्पीड़न का वह हिसाब लेगी जिसके अब वह खुद जिम्मेदार है!